इ-त्सिंग का भारत-यात्रा

१९४

राजपूताने के जैनवीर

(सचित्र, ऐतिहासिक)

लेखक—

अयोध्याप्रसाद गोयलीय "दास"

भूमिका लेखक—

रायबहादुर महामहोपाध्याय प० गौरीशंकर हीराचन्द ओझा

प्रकाशक—

हिन्दी विद्या मन्दिर

पहाड़ी-धीरज, देहली.

प्रथमावृत्ति } चैत्र १९९० विक्रम
वीर नि० स० २४५९
अप्रैल १९३३ ई० } मूल्य दो रुपया

मुद्रक—गयादत्त प्रेस, क्लीथ मार्केट देहली।


लेखक की रचनायें

१	सगठन का बिगुल	पृ० ३२	मूल्य एक आना
२	दास पुष्पाञ्जली	,, ६४	,, चार आना
३	दास कुसमाञ्जली	,, १६	,, एक आना
४	उजलेपोश बदमाश	,, ३२	,, एक आना
५	अबलाओं के आँसू	,, ८०	,, चार आना
६	विश्वप्रेम और सेवा धर्म	,, ३२	,, एक आना
७	जैनवीरोंकाइतिहास और हमारापतन	१६०	,, चार आना
८	मौर्य साम्राज्य के जैन-वीर	पृ० १७६	,, छह आना
९	राजपूताने के जैन-वीर		,, दो रुपया
१०	गुजरात के जैन-वीर	अप्रकाशित	
११	दक्षिण के वीर	,,	
१२	सम्राट् खारवेल	,,	
१३	अहिंसा और कायरता	,,	
१४	हमारा उत्थान और पतन	,,	
१५	अग्रवाल जाति का विशाल इतिहास	,,	

उक्त रचनाओं का सर्वाधिकार लेखक के आधीन है

हिन्दी विद्या मन्दिर

पहाड़ी-धीरज, देहली।



गुरु यति ज्ञानचन्दजी

और

उनके शिष्य राजस्थान के अमर लेखक कर्नल जेम्स टॉड

समर्पण

महात्मा टॉड ने राजस्थान का इतिहास लिखकर भारत का उपकार किया है। उनको सब जानते हैं, पर जो वास्तव मे उसके मूल हैं, जिन्हें कर्नल टॉड ने स्पष्ट रूप में अपना ऐतिहासिक गुरु स्वीकार किया है, जिनके पाण्डित्य की उसने भूरि-भूरि प्रशसा की है, पर जिन्होंने स्वयं अपने को परिचित और प्रसिद्ध बनाने की कभी चिन्ता नहीं की, जो अद्यावधि हम सब के निकट अज्ञात हैं। और जिनका वास्तव में इतना उपकार हम सब पर है कि उनकी स्मृति मे ग्रन्थमाला निकाल कर, पुरातत्त्व विभाग आदि खोल कर भी हम उऋण न हो सकें, जिनका स्मारक हम खडा कर सके तो भी थोडा है, और जिनको भूलकर ही हम, उलूक-वाहन लक्ष्मी के उपासकों ने अपनी कृतज्ञता का परिचय दिया है? जो लेखक के इस श्रम के स्रोत और इस पुस्तिका के यथार्थ जनक हैं, उन स्वर्गीय राजस्थानीय यती श्री ज्ञानचन्दजी जैन की पवित्र स्मृति मे एक भक्त "दास" द्वारा समर्पित।

धन्यवाद

हिन्दी विद्या मन्दिर के स्थापन में धर्मनिष्ठ प०महावीरप्रसादजी जैन और आयुर्वेदाचार्य भाई मामनचन्द प्रेमी ने अत्यन्त परिश्रम किया है। और निम्न दानी महानुभावो ने इस सस्था के प्रकाशन विभाग मे द्रव्य की सहायता दी है, इस कृपा के लिये हम उनके अत्यन्त कृतज्ञ हैं। —व्यवस्थापक

५०) श्री० लाला काँशीराम हसराज ओसवाल, सदर देहली।
५०) " " घमण्डीलाल नन्हेमल कसेरे " ।
५०) " " कुंजीलाल कुन्दनलाल आढती, नयाबाजार।
५०) श्री० बाबू गिरधरलाल रिटायर्ड पोष्टमास्टर देहली।
५०) श्री० लाला भुन्नूमल साहब जौहरी देहली।
५०) जैनसमाज पानीपत मा० ला० रूपचन्द गार्गीय।
३६) श्री० लाला जैनीलाल कागजी चावड़ी बाजार देहली।
३६) " " चौधरी बलदेवसिंह सर्राफ दरीबाकला-देहली।
२१) " बाबू नेमिदास शिमलेवाले
१५) " लाला अमानतराय निरंजनसिंह कटरा धूलिया।
११) " " कबूलसिंह मंगतराय पहाडी धीरज-देहली।
११) " " मालीराम साँवलदास घण्टेवाले हलवाई ,,।
१०) " " रतनलाल सुलतानसिंह जौहरी देहली।
१०) " " कुडियामल बनारसीदास सूतवाले सदर "।
१०) " " नाहरसिंह
१०) " " दौलतराम गार्गीय कटरा धूलिया-देहली।
१०) " " देशराज करोड़ीमल " " ।
१०) " " गंगाराम गूगनमल " " ।
७) " " चन्दुलाल देहली।
५) " " शिवनाथराय पहाड़ीधीरज-देहली
५) " बाबू रामचन्द्र जैन बी०ए० " "
५) " " उमरावसिंह कटरा धूलिया देहली
५) जैनसमाज छपरौली जि० मेरठ मा० ला० मंगतरायजैन।

१७ मेहता चीलजी ,, १४८
१८ मेहता जालजी ,, १४८
१९ मेहता नाथजी ,, १४९
२० मेहता लक्ष्मीचन्दजी ,, १५०
२१ मेहता जोरावरसिंहजी ,, १५०
२२ मेहता जवानसिंहजी ,, १५०
२३ मेहता चत्रसिंहजी ,, १५२-१५३
२४ सरूपरया वश १५४-१५६
२५ मेहता सरवणजी. १५७
(ढ्योढीवाला खान्दान)
२६ मेहता सरीपतजी ,, १५८
२७ मेहता मेघराजजी ,, १५८
२८ मेहता मालदासजी ,, १५८-१६०
२९ मेहता सोमचद गाधी १६१-१६४
३० सतीदास गाधी १६४
राणाओं के समकालीन जैन मन्त्री १६५-१६८

२. मारवाड़ १६९-२३८

मारवाड-परिचय १७१-१८२
१ भिनमाल १७३
२ माडोर १७४
३ नाडोल १७४
४ मागलोद १७५

११ देलवाडा के जैनमन्दिर ५७-५८
१२ केरड़ा ,, ५९-६०
मेवाड-गौरव ६१-६५
मेवाड़ के वीर ६६-१६८
१ राणी जयतल्लदेवी ६६-६८
२ कर्माशाह ६८-७४
३ आशाशाह की वीरमाता ७४-७९
४ भारमल (भामाशाह का घराना) ८०
५ ताराचन्द ,, ८१-८३
६. भामाशाह ,, ८३-१००
७ जीवाशाह ,, १००
८ अक्षयराज ,, १०१
९ सघवी दयालदास १०२-११७
१० कोठारी भीमसी ११८-१२२
११ मेहता अगरचन्द १२३-१२६
(भामाशाह की पुत्री का वंश)
सेवक का कर्त्तव्य (कहानी) १२७-१३५
१२ मेहता देवीचन्द ,, १३६-१३७
१३ मेहता शेरसिंह ,, १३७-१४३
१४. मेहता गोकुलचन्द ,, १४३-१४४
१५ मेहता पन्नालाल ,, १४४-१४७
१६. मेहताथिरूशाह(नाथजीकावश)१४८

१७ मेहता चीलजी ,, १४८
१८ मेहता जालजी ,, १४८
१९ मेहता नाथजी ,, १४९
२० मेहता लक्ष्मीचन्दजी ,, १५०
२१ मेहता जोरावरसिंहजी ,, १५०
२२ मेहता जवानसिंहजी ,, १५०
२३ मेहता चत्रसिंहजी ,, १५२-१५३
२४ सरूपरया वश १५४-१५६
२५ मेहता सरवणजी १५७
(ढ्योढीवाला खान्दान)
२६ मेहता सरीपतजी ,, १५८
२७ मेहता मेघराजजी ,, १५८
२८ मेहता मालदासजी ,, १५८-१६०
२९ मेहता सोभचद गाधी १६१-१६४
३० सतीदास गाधी १६४
राणाओं के समकालीन जैन मन्त्री १६५-१६८
२. मारवाड़ १६९-२३८
मारवाड-परिचय १७१-१८२
१ भिनमाल १७३
२ माडोर १७४
३ नाडोल १७४
४. मागलोद १७५

५. पोकरन १७५
६ राणपुर-रेनपुर १७५
७. सादड़ी नगर १७६
८ कापरदा १७६
९ वरलई १७६
१०. जसवन्तपुरा १७६
११. ओसिया १७७
१२. वाड़मेर १७७
१३ पालीनगर १७८
१४ साचारे १७८
१५ नाणा १७९
१६. वेलार १७९
१७ सेवाड़ी १७९
१८ घाणेराव १७९
१९ वरकाना १७९
२० सॉडिराय १८०
२१ कोरटा १८०
२२. जालौर १८०
२३ केकिद १८०
२४ वाड़लू १८०
२५. ऊनोतरा २८१
२६. सुरपुरा १८१

२७ नदसर १८१
२८ जसोल १८१
२९ नगर १८१
३० खेड १८१
३१ तिवरी १८१
३२ फलौदी १८२
मारवाड के वीर १८३-१९०
१ हरिश्चन्द्र (मण्डोरके प्रतिहारराजा) १८४
२ रज्जिल ,, १८४
३ नरभट ,, १८४
४ नागभट , १८५
५ तात ,, १८५
६ भोज , १८५
७ यशोवर्द्धन ,, १८५
८ चन्दुक ,, १८५
९ शीलुक , १८५
१० झोट ,, १८६
११ भिलादित्य ,, १८६
१२ कक्क ,, १८६
१३ वाउक ,, १८७
१४ ककुक ,, १८७-१९०
१५ हरिवर्मन (राठौड राजा) १९१
१६ विदग्धराज ,, १९१
१७ मम्मट ,, १९२
१८ धवल ,, १९३

१९ वालाप्रसाद ,, १९४
२० मेहता महाराज (जोधपुर राज-
वंश के जैन-वीर) १९५
२१ ,, रायचन्द ,, १९६
२२ ,, वृद्धभान ,, १९७
२३ ,, कृष्णदास ,, १९७
२४ ,, आसकरण ,, १९८
२५ ,, देवीचन्द ,, १९८
२६ ,, चैनसिंह ,, १९८
२७ ,, अचलोजी ,, १९९
२८ ,, जयमल्ल ,, १९९
२९ ,, नेणसी ,, २००-२०९
३० ,, सुन्दरदास ,, २०९
३१ ,,करमसी('क्षत्राणी का आदर्श'कहानी)२०९
३२ ,, वैरसी ,, २१०
३३ ,, संग्रामसिंह ,, २११
३४ ,, सावन्तसिंह ,, २१२
३५ राव सुरतराम ,, २१३
३६ मेहता सवाईराम ,, २१६
३७ ,, सरदारमल ,, २१६
३८. ,, ज्ञानमल ,, २१६
३९ ,, नवमल ,, २१७-२१८
४० भाना भण्डारी
(चौहान वंशीय जैन-वीर) २१९-२२२
४१ रघुनाथ ,, २२२

४२ खिमसी ,, २२३
४३ विजय ,, २२३
४४ अनूपसिंह ,, २२३
४५ पोमसिंह ,, २२४
४६ सूरतराम ,, २२४
४७ गगाराम ,, २२४
४८ रतनसिह ,, २२५
४९ लक्ष्मीचन्द ,, २२५
५० पृथ्वीराज ,, २२६
५१ वहादुरमल ,, २२६
५२ किशनमल ,, २२६-२२७
५३ इन्द्रराज सिंघवी २२८-२३८
३. जॉगल-वीकानेर २३९-२७०
वीकानेर-परिचय २४१
वन्छावतो का उत्थान और पतन २४२-२६९
१ सगर २४२
२ वोहित्थ २४४
३. श्रीकरण २४४
४ समधर २४५
५ तेजपाल २४६
६ वील्हा २४६
७ कडूवा २४६
८ जैसल २४८
९ वच्छराज २४८
१० करमसिंह २४९
११ वरसिंह २४९

१९ बालाप्रसाद ,, १९४
२० मेहता महाराज (जोधपुर राज-
वंश के जैन-वीर) १९५
२१ ,, रायचन्द ,, १९६
२२ ,, वृद्धभान ,, १९७
२३ ,, कृष्णदास , १९७
२४. ,, आसकरण ,, १९८
२५ ,, देवीचन्द ,, १९८
२६. ,, चैनसिंह ,, १९८
२७ ,, अचलोजी ,, १९९
२८ ,, जयमल्ल ,, १९९
२९ ,, नेणसी ,, २००-२०५
३० ,, सुन्दरदास ,, २०५
३१.,,करमसी('क्षत्राणीका आदर्श'कहानी)२०५
३२ ,, वैरसी ,, २१०
३३ ,, संग्रामसिंह ,, २११
३४. ,, सावन्तसिंह , २१२
३५ राव सुरतराम ,, २१३
३६ मेहता सवाईराम ,, २१६
३७ ,, सरदारमल ,, २१६
३८ ,, ज्ञानमल ,, २१६
३९ ,, नवमल ,, २१७-२१८
४० भाना भण्डारी
(चौहान वंशीय जैन-वीर) २१९-२२२
४१ रघुनाथ ,, २२२

४२ खिमसी ,, २२३
४३ विजय ,, २२३
४४ अनूपसिंह ,, २२३
४५ पोमसिंह ,, २२४
४६ सूरतराम ,, २२४
४७ गंगाराम ,, २२४
४८ रतनसिंह ,, २२५
४९ लक्ष्मीचन्द ,, २२५
५० पृथ्वीराज ,, २२६
५१ बहादुरमल ,, २२६
५२ किशनमल ,, २२६-२२७
५३ इन्द्रराज सिंघवी २२८-२३८
३. जाँगल-बीकानेर २३९-२७०
बीकानेर-परिचय २४१
बन्नावतो का उत्थान और पतन २४२-२६९
१ सगर २४२
२ बोहित्थ २४४
३ श्रीकरण २४४
४ समधर २४५
५ तेजपाल २४६
६ बील्हा २४६
७ कडूवा २४६
८ जैसल २४८
९ बच्छराज २४८
१० करमसिंह २४९
११ वरसिंह २४९

१२ नगराज २५०
१३ संग्रामसिंह २५०
१४ कर्मचन्द २५१
१५ भागचन्द २६०
१६ लक्ष्मीचन्द २६०
वीर नारी (कहानी) २६४-२६९
१७ अमरचन्द सुराना २७०
४. जैसलमेर २७१-२८७
जैसलमेर-परिचय २७३
साहित्य भण्डार २७४-२७८
जैसलमेर के वीर २७९-२८७
१ मेहता स्वरूपसिंह २७९-२८०
२ मेहता सालिमसिंह २८१-२८२
५. मरवाड़ा-अजमेर २८३-३१०
अजमेर-परिचय २८५-२८७
अजमेर के वीर २८८-३१०
१ धनराज सिंघवी २८८-२८९
२ आभू (मंत्री मंडन का वीर वंश) २९०
३ अभयद २९१
४ ऑवड २९२
५ सहणपाल २९३
६ नेणा २९४
७ दुसाजु २९४
८ बीका २९५
९ मंमड २९६

१० चाहड २९९
११ वाहड २९९
१२ देहड़ २९९
१३ पद्मसिंह ३००
१४ आहलू ३००
१५ पाहू ३०१
१६ मंडन और उसके ग्रन्थ ३०१-३१०
६ आबू ३११-३३१
आबू-परिचय ३१३
आबू पर्वत के प्रसिद्ध जैन मन्दिर ३१४-३३१
राजस्थान की जैन जन-संख्या ३३२
सिंहावलोकन ३३३-३४४
सहायक ग्रन्थ-सूची ३४५-३४६
लोकमम ३४७-३५५

चित्र-सूची

चित्र पृ०
१ यति ज्ञानचन्दजी और कर्नल टॉड ३
२ जैन कीर्तिस्तम्भ ४१
३ राणा प्रताप और भामाशाह (तिरंगा) ८९
४ भामाशाह का मृत्यु स्मारक ९७
५ दयालदास का जैनमन्दिर १४४
६ हीरविजयसूरि और अकबर बादशाह २५८
७ जैसलमेर-शान्तिनाथ-मन्दिर २७३
८ आबू देलवाडा मन्दिर ३१३
९ आबू-देलवाड़ा मन्दिर का एक दृश्य ३२९



प्रत्येक सभ्य जाति मे वीर पुरुषो का सदा से सम्मान होता चल
आता है और आगे भी होता रहेगा। वीरता किसी जा
विशेष की सम्पत्ति नही है। भारत मे प्रत्येक जाति मे वीर पुरु
हुए हैं, परन्तु इतिहास के अभाव मे उनमें से अधिकाँश के ना
तक लोग भूल गये हैं। राजपूताना सदा से वीरस्थल रहा है, उ
के प्रत्येक भाग मे वहाँ की वीर संतानों ने अपने देश व स्वाधीनत
की रक्षा के लिये तथा परोपकार की वृत्तिसे प्रेरित हो अनेको बा
अपना रक्त बहाया है, जिसकी स्मारक शिलाएँ जगह जगह प
खडी हुई हैं, जो उनकी वीर गाथाओ को प्रकट कर रही है। जैन
धर्म मे दया प्रधान होते हुए भी वे लोग अन्य जातियों से पी
नहीं रहे हैं। शताब्दियो मे राजस्थान में मन्त्री आदि उच्च पदों प
बहुधा जैनी रहे हैं और उन्होंने अपने दायित्वपूर्ण पद को निभा
हुए अनेकों कार्य ऐसे किये हैं, जिनसे इस देश की प्राचीन तक्षण
कला की उत्तमता की रक्षा हुई है। उन्होंने देश की आपत्ति के
समय महान् सेवाएँ की हैं, जिनका वर्णन इतिहास में मिलता है
उनमें से अनेको के चरित्र तो अब तक मिले ही नहीं हैं और जो
मिलते हैं वे भी अपूर्ण, जिनका इतिहास पर विशेष प्रभाव नहीं
पड सकता। इस अवस्था में जो कुछ सामग्री प्राप्त है, उस ही के
आधार पर निर्भर रहना पड़ता है, क्योंकि अब तक
बोध का अनुराग बहुत कम उत्पन्न हुआ है।

जिस प्रकार गुजरात के प्रसिद्ध जैन वीर

मंत्री वस्तुपाल के कई चरित्र ग्रन्थ संस्कृत में मिलते है, वैसे राजपूताने के जैन-वीरों के नहीं मिलते, यदि मिलते हैं तो नाममात्र के। राजपूताने में यह नियम प्राचीन काल से ही चला आता है कि राजकर्मचारी चाहे जैन हो चाहे ब्राह्मण, तो भी उसको यथा अवसर युद्ध में भाग लेना पड़ता था। इसी से राजपूताने के कई जैन-वीरों ने युद्धके अवसरों पर यथासाध्य अपने प्राणों का उत्सर्ग किया है यह निर्विवाद है। उनके चरित्रों को एक ही स्थल पर संग्रह करना साधारण कार्य नहीं है। इसके लिये पुरातन शिलालेखों एव प्राचीन पुस्तको को पढकर उनका आशय जानना भी श्रम साध्य कार्य है, जिसका महत्त्व वे ही लोग जानते हैं, जिनको यह कार्य करना पड़ता है।

श्री० अयोध्याप्रसादजी गोयलीय ने कतिपय छपी हुई पुस्तकें और कुछ इधर उधर जाकर अप्रकाशित पुस्तकों के आधार पर राजपूताने के कई जैन वीरों के चरित्रों को बटोर कर यह पुस्तक तैयार की है। सामग्री का अभाव होने के कारण कई प्रसिद्ध जैन वीरों का उल्लेख ही नहीं हुआ है। तो भी गोयलीयजी का परिश्रम सराहनीय है। उन्होंने राजपूताने में जितने भी प्रसिद्ध जिनालय हैं, उनका यथासाध्य वर्णन किया है, जिससे जैन यात्री भी लाभ उठा सकेंगे। राजपूताना के लिये गोयलीयजी का यह प्रारभिक कार्य है। कार्य साधारण नहीं है, परन्तु इसमे सदेह नहीं कि उन को परिश्रम भी बहुत करना पडा है। यह सग्रह आगे बढने पर शिक्षाप्रद होकर जैन जगत् मे स्फूर्ति पैदा करेगा और इसमें कई अज्ञात् जैन वीरो के चरित्र प्रकाश मे आवेंगे।

प्रारभिक कार्य त्रुटियो से खाली नहीं होता। गोयलीयजी से भी कई स्थलों पर त्रुटियें होना स्वाभाविक है। जिनमे से कुछ का हम यहाँ पर उल्लेख करना आवश्यक समझते हैं। ये त्रुटियें दोष

दृष्टि से नहीं दिखलाई जातीं, प्रत्युत् इस भाव से कि आगामी संस्करण में ऐसी त्रुटियें न रहें ।

(क) पृ० ८० में भारमल कावडिया को महाराणा सांगा ने वि० सं० १६१० (ई० स० १५५३) में अलवर से बुलवा कर रणथंभोर का किलेदार नियत करना लिखा है। परन्तु महाराणा साँगा का देहात वि० सं० १५८४ (ई० स० १५२८) में हो चुका था। ऐसी दशा में भारमल को वि० सं० १६१० में महाराणा सांगा का अलवर से बुलाकर रणथंभोर का किलेदार बनाना इतिहास से विरुद्ध है।

(ख) पृ० १९५ में लिखा है कि राठोड राव सीहाजी के पुत्र आस्थानजी ने स० १२३७ में मारवाड आकर परगने मालानी के गाव के खेड़ में अपना राज्य स्थापित किया। प्रथम तो संवत् में ही भूल है। राव सीहाजी का देहात वि० स० १३३० में होना उनके मृत्यु स्मारक लेख से सिद्ध है, जो छप चुका है। फिर उनके पुत्र का वि० सं० १२३७ में राज्य पाना क्यों कर सभव हो सकता है ? दूसरा आस्थानजी के लिये परगने मालानी के गांव के खेड में राज्य स्थापित करना लिखा। इसका कुछ भी अभिप्राय समझ में नहीं आता। यदि इस जगह खेड गांव या प्रदेश लिखा जाता तो ठीक होता और वास्तविक अभिप्राय भी निकल आता।

इस ही प्रकार कहीं कहीं उदधृत किये हुए सस्कृत के शिलालेखों में भी असावधानी हुई है, जो खटकती हुई है। लेखक ने कहीं कहीं धार्मिक प्रवाह में बहकर खींचतान भी की है। इतना होते हुए भी पुस्तक उपादेय है। आशा है प्रत्येक जैनधर्मावलबी इस पुस्तक को अपने पुस्तकालय में स्थान देकर लेखक के उत्साह को बढावेंगे, ताकि इसके आगे के भाग भी प्रकाशित हो सकें।

अजमेर, १२-८-३३] गौरीशकर हीराचद ओझा

वक्तव्य ।

नहीं मिन्नतकशे ताबे शुनीदन दास्ताँ मेरी ।
खमोशी गुफ्तगू है, बेजबानी है ज़बा मेरी ॥
मेरा रोना नहीं, रोना है यह सारे गुलिस्ता का ।
वह गुल हूँ मैं, खिजा हर गुलकी है गोया खिजा मेरी ॥

—"इकबाल"

अल्पवयस्क और अनुभवहीन होने के नाते मुझे इतिहास के सम्बन्ध मे अपनी सम्मति प्रकट करने का अधिकार नहीं, तो भी मैं मान्य रवीन्द्रनाथ के शब्दो मे कहूँगा कि, "सब देशों के इतिहास एक ही ढङ्ग के होने चाहिये—यह कुसस्कार है । इस कुसस्कार को छोडे बिना काम नहीं चल सकता । जो आदमी 'रथ चाइल्ड' का जीवन-चरित्र पढ चुका है, वह ईसा की जीवनी पढते समय ईसा के हिसाब-किताब का खाता और डायरी तलब कर सकता है और यदि ईसा की जीवनी मे उनके हिसाब-किताब का खाता तथा डायरी वह न पावेगा तो, उसे ईसा के प्रति अश्रद्धा होगी । वह कहेगा कि जिसके पास एक पैसे का भी सुभीता न था, उसकी जीवनी कैसी ? ठीक इसी तरह भारतवर्ष के राष्ट्रीय दफ्तर से उसके राजाओं की वशमाला और जय-पराजय के कागज पत्र न पाकर लोग निराश हो जाते हैं और कहने लगते हैं कि—

"जहाँ राजनीति नहीं, वहाँ इतिहास का क्या जिक्र ?" वे सचमुच ही धान के खेत में बैंगन ढूंढने जाते हैं और वहाँ बैंगन न पाकर धान की गिनती अन्न में ही नहीं करते । सब खेतों में एक ही चीज नहीं होती, यह समझकर जो लोग स्थान के अनुसार उपयुक्त खेत से उपयुक्त अन्न की आशा करते हैं, वे ही समझदार समझे जाते हैं † "।

"यह सर्वथा ठीक है कि आज कल इतिहास का जो अर्थ किया जाता है (अर्थात् दूसरों के साथ मुक़ाबिला तथा संग्रामों का वर्णन आदि) उस अर्थ में भारतवर्ष का इतिहास नहीं पाया जाता। प्राचीन काल में आर्यावर्त कभी इस प्रकार का देश न था, जो दूसरों से युद्ध करके अपनी उन्नति करता। भारतीयों की उन्नति की अपनी विशेष रेखा थी। यह निश्चय करने के पूर्व कि भारतवर्ष का कोई इतिहास है या नहीं, हमें यह जानना चाहिये कि भारतवर्ष के इतिहास की कौनसी रेखा है ? उस रेखा का निश्चय करके उस के अनुसार इतिहास लिखा जा सकता है " +।

भारतवासी सदा से अध्यात्म-प्रेमी रहे हैं, यही कारण है कि उनके सम्बन्ध में मार-काट, खून-खराबे का वर्णन नहीं मिलता। उन्होंने इस रक्तरञ्जित पृष्ठ के लिखने में आवश्यकता से अधिक उपेक्षा रक्खी है। भारत में युद्ध न हुए हों, अथवा भारतवासी इस ढंग का इतिहास लिखना ही नहीं जानते थे, यह बात नहीं। भारत

† स्वदेश पृष्ठ ३३ ।

+ भारतवर्ष का इतिहास पृ० २१ ।

मे महाभारत जैसे ससार प्रसिद्ध युद्ध और व्यास, वाल्मीकि, तुलसी, जिनसेनाचार्य जैसे इतिहासकार हुये हैं। पर, भारत के युद्धो और विदेशो के युद्धों मे पृथ्वी-आकाश का अन्तर रहा है। राज्य-लिप्सा के लिये सैकडो माताओं को पुत्रहीना कर देना, बालक बालिकाओ को अनाथ बना देना, सती नारियो को भरी जवानी में वैधव्य का दु ख देना, देशभर मे घोर भय फैला देना, भारतवासियो ने पाप समझा है। हाँ आत्म-रक्षा के लिये, सतीत्व रक्षा के लिये और धर्म-रक्षा के लिये युद्ध अवश्य किये हैं, वह भी उस समय जबकि युद्ध करने के सिवाय और कोई दूसरा उपाय ही नही था। भारतवासियो ने युद्ध शान्ति-भग के लिये नही, अपितु शान्ति-रक्षा के लिये किये हैं। जो जाति सुख मे शान्ति की गोद मे निद्रा लेती रही हो, उसे भारतवासियों ने कभी छेडा हो—निश्चिन्त हृदयों मे आतङ्क पहुँचाया हो—ऐसा उदाहरण एक भी नही मिलता। इसी प्रकार भारतीय उक्त इतिहासकारो और विदेशीय इतिहासकारो के दृष्टिकोण में भी पर्याप्त अन्तर रहा है। भारतीय ग्रन्थकारो ने कभी अपने साहित्य से किसी देश व जाति को पराधीन एव प्रतिभा और साहसहीन बनाने की दुरेच्छा नही की, अपितु जो भी लिखा वह प्राणीमात्र की कल्याण-कामना को लेकर लिखा। यही कारण है कि आज अनेक भारतीय ग्रथ ससार की प्रत्येक भाषा मे अनुवादित होकर पूर्वकालीन भारतीयो की प्रखर प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं।

जैनधर्म पूर्ण रूपेण आत्मा का धर्म है, इसीलिये जैनधर्मानु-

याई भी अध्यात्म-प्रेमी रहे हैं । इनके यहाँ षट् द्रव्य (१ जीव, २ पुद्गल, ३ धर्म, ४ अधर्म, ५ आकाश और ६ काल) का विषद् विवेचन मिलता है। जैन-आचार्यों ने जिस विषय पर भी लिखा है वह अपने ढंग का अनूठा और बेजोड है, पर अध्यात्म पर सबसे अधिक लिखा है। जैनाचार्यों ने युद्ध आदि रागात्मक विषयों के वर्णन में हिन्दू-ग्रन्थकारो की अपेक्षा और भी अधिक उदासीनता रक्खी है। पौराणिक काल को जाने दीजिये, अशोक का प्रतिद्वन्दी सम्राट् खारवेल जो कि प्रसिद्ध जैनधर्मी हुआ है, उसके सम्बन्ध मे जैनग्रन्थों में एक शब्द भी नहीं मिलता। इसी प्रकार मान्यखेट का राठौड-वंशी राजा अमोघवर्ष भी जैनी हुआ है और यह प्रसिद्ध ग्रन्थकार जिनसेनाचार्य का शिष्य था, फिर भी स्वयं जिनसेनाचार्य ने अथवा और किसी ने इसके विषय में कुछ नहीं लिखा । ऐसे अनेक उदाहरण दिये जा सकते हैं। यदि इन राजाओ के सम्बन्ध के शिलालेख आदि न मिलते तो आज इतिहास के पृष्ठों मे इनका अस्तित्व तक न होता।

फिर भी जैनधर्म के शिलालेखो, स्थविरावलियो, पट्टावलियो और ग्रन्थो † में भारतवर्ष के इतिहास की सामग्री बिखरी हुई

---

† द्वाश्रयकाव्य, परिशिष्टपर्व, कीर्तिकौमुदी, वसन्तविलास, धर्माभ्युदय, वस्तुपाल-तेजपाल प्रशस्ति, सुकृतसंकीर्तन, हम्मीरमद मर्दन, कुमार विहार प्रशस्ति, कुमारपाल चरित्र, प्रभावक-चरित्र, प्रबन्धचिन्तामणि, श्रीतीर्थकल्प, विचारश्रेणी, स्थविरावली, मल्लप्रबन्ध, महामोहपराजय नाटक, कुमुदचन्द्रप्रकरण, प्रबन्धकोष, तीर्थमालाप्रकरण उपदेशसप्ततिका, गुर्वावलि, महावीर प्रशस्ति, पञ्चाशतिप्रबोध सम्बन्ध, सोमसौभाग्यकाव्य, गुणगणरत्नाकरकाव्य, प्रवचनपरीक्षा, जगद्गुरुकाव्य,

पडी है। पर आज हमें इससे सन्तोष नहीं हो सकता। अध्यात्म-वाद की जगह अब आधिभौतिकवाद (पुद्गलवाद) ने लेली है। अतएव आधिभौतिक वाद का मुकाबिला करने के लिए अथवा आधिभौतिक ससार में इज्जत-आबरू से जीनेके लिए हमें आधि-भौतिकवादियों जैसा इतिहास निर्माण करना ही होगा। यही समय का तकाजा है।

प्रस्तुत पुस्तक में अधिकाश खून-खराबे और मार-काट का ही वर्णन पढ कर पाठक मुझे अशान्त, क्रूर-हृदय, युद्ध-प्रेमी सम-झेंगे, पर बात इससे बिल्कुल भिन्न है। मैं पूर्णतया शान्ति, अहिंसा और विश्वप्रेम का उपासक हूँ। मै युद्ध से होने वाले कुपरिणामो से अनभिज्ञ नहीं, युद्ध सभ्य जाति और सभ्य देशों के लिये कलक है, मैं कभी देश के होनहार बालको के मस्तिष्क में युद्ध सम्बन्धी सस्कार नहीं भरना चाहता। मेरी अभिलाषा है कि ससार से शस्त्रवाद का नाम ही उठजाय, आत्मिक-बल के आगे शारीरिक बल का प्रयोग करना ही लोग भूल जाँय ! पर, यह तभी हो सकता है, जब सबल राष्ट्र—बलवती जातियाँ—निर्बल राष्ट्रों—अल्प सख्यक जातियो—को हडप जाने की दुरेच्छा का अन्त करदें।

उपदेश तरगिणी, हरिभद्राभ्युदय काव्य, श्रीविजयप्रशस्ति काव्य, श्रीभानुचन्द्रचरित्र, विजयदेवमहात्म्य, दिग्विजय महाकाव्य, देवानन्दाभ्युदयकाव्य, भरतेश्वरचरित्र, सुकृतसागर, भरतबाहुचरित्र आदि इन सस्कृत-प्राकृत ग्रन्थोंके अतिरिक्त भाषा के रास भी बहुतसे मिलते है जो ऐतिहासिक वृत्तान्तों से भर पडे है। जैसे —विमलमत्री का रास, यशोभद्रसूरि रास कुमारपाल रास हरिविक्रम का रास आदि।

हमारा धर्म शेर बनकर दूसरों को हडप जाने की आज्ञा नहीं देता, परन्तु वह भेड बने रहने की शिक्षा का भी विरोधी है। शेर और भेड का कभी मेल हो ही नहीं सकता। भेड कितनी ही दया समानाधिकार, विश्वप्रेम आदि का रोना रोये, उसका जीवन सुरक्षित रह नहीं सकता। भेड जब तक भेड बनी रहेगीं उसे खाने के लिये ससार मे शेर पैदा होते ही रहेंगे। अत दूसरो को हडप जाने के लिये नही, अपितु अपनी आत्म-रक्षा के लिये सभी को सजग रहना चाहिये।

जैनियों पर उनके अहिंसा-प्रेमी होने के कारण, अनेक महा पुरुषो (?) ने कायरता का दोष लगाया है और अब वह (जैनी) कायर कहलाते कहलाते वास्तव मे कायर भी हो गये हैं ‡। उसी कायरता को हटाने के लिये मैंने "जैन-वीर-चरितावलि" के सकलन करने का प्रयत्न किया है। ताकि जैन समझ सकें कि हमारे पुरखा चुपचाप भेडो की तरह वध-स्थल मे नहीं चले जाते थे,

---

‡-दूसरा के द्वारा अपनी निन्दा निरन्तर सुनते रहने मे जातीय इतिहास में अनेक बीभत्स घटनाएँ उपस्थित होती देखी गई हैं। 'महाभारत की कथा म वर्णित है कि, कर्ण को बलहीन करने के लिये उसके सारथी पाण्डव हितैषी, मद्र-नरेश शल्य ने उसकी बहुत निन्दा की थी। दूसरों के मुँह से रात दिन अपनी निन्दा सुनते रहने से साधारणत सब को आत्मग्लानि उपस्थित होती है, लोगों के मन में भ्रान्ति उत्पन्न हो जाती है कि हम अधमण्य और हीनशक्ति हैं। ऐसी भ्रान्ति बहुत दिनों तक न्यायी रहने से उन लोगों की बुद्धि नष्ट होने और चरित्र बल घटने लगता है। इसी से अपनी जाति की निन्दा सुनना पाप अर्थात् अवनति जनक कहा जाता है।

बल्कि उन्हें भी आत्म-रक्षा करना आता था। वह भी धर्म और जाति की प्रतिष्ठा बनाये रखने के लिये प्राणों का तुच्छ मोह छोड़ कर जूझ मरते थे।

जो बन्धु मेरे स्वतन्त्र और धार्मिक विचारों से परिचित हैं, सभव है वे मेरी इस "वीर-चरितावलि" में जैन शब्द लगा हुआ देख कर चौंके और कहे कि "यह मजहबी दीवानगी कैसी?" ऐसे महानुभावों से निवेदन है कि जैनी भी संसार के एक अग हैं, उनका अग भी यहीं की मिट्टी-पानी से बना है। इनके पुरखाओं ने भी अनेक लोक-हित कार्य किये हैं। पर, दुर्भाग्य से वर्तमान जैन अपने स्वरूप से परिचित नहीं, तभी वह कर्तव्य-विमुख हो बैठे हैं। उनका भी इस समय कुछ कर्तव्य है, वह भी देश के एक अग हैं। कोई शरीर कितना ही बलशाली क्यों न हो, जबतक उसका एक भी अग दूषित रहेगा तब तक वह पूर्ण रूपेण सुखी नहीं बन सकता। इसी बात को लक्ष करके यह सब लिखा गया है। पर जहाँ तक मैं समझता हूँ मैंने इन निबन्धों में मजहबी दीवानगी को फटकने तक नहीं दिया है। जैन और जैनेतर दोनों ही इसका यथार्थ उपयोग कर सकते हैं। बकौल "इकबाल" साहब के मैंने इस बात का पूरा ध्यान रक्खा है —

मेरी जबाने कलम से किसी का दिल न दुखे।

बौद्धों की सत्ता भारत से उठ गई है, बौद्ध भारत में नहीं होने के बराबर हैं; फिर भी उनके सम्बन्ध में थियेटरों, सिनेमाओं समाचार-पत्रों और पुस्तकों द्वारा काफी प्रकाश पड़ता है, किन्तु

जैनी भारत मे रहते हुये भी उनके सम्बन्ध में कोई कुछ नहीं लिखता; उनके गौरव-प्रतिष्ठा आदि को जाने दीजिये, उनके अस्तित्व से भी बहुत कम परिचत हैं। इसके कई कारण हैं। बौद्ध ससार मे सब से अधिक हैं, बलशाली भी खूब हैं और राज्य-सत्ता भी उनके हाथ मे हैं, इस लिये उनकी ओर ससार का ध्यान आकर्षित होना जरूरी है। इसके विपरीत जैनसमाज राज्य-सत्ता खो बैठी है, अपने सहयोगियो—अनुयाइयो—को निरन्तर निकालते रहने के कारण अल्प सख्या में अपने जीवन के शेष दिन पूरे कर रही है‡। उसका स्वय बाह्य आडम्बरो के सिवा इस ओर ध्यान ही नहीं है, तब ऐसी मरणोन्मुख साथही चिडचिडी समाज के सम्बन्ध में कोई क्यों और कैसे लिख सकता है। अपने पास इतिहास के अनेक साधन रहते हुये भी उन्हें कजूस के धन की तरह अनुपयोगी बना रक्खा है। जैन-समाज के श्रीमान् स्वर्गों के प्रलोभन और ज़रासी वाह-वाही के लिये करोडो रुपया प्रतिवर्ष रथयात्रा, बिम्बप्रतिष्ठा, दीक्षा-महोत्सवों मे व्यय करते हैं और साहित्य-निर्माण मे इस लिये कुछ उत्साह नहीं रखते क्योंकि वह समझते हैं कि इस से परलोक मे कोई लाभ नहीं। परलोक और पुण्य के प्रलोभन से किसी भी कार्य के करने का जैनधर्म मे निषेध है और गीता मे भी निष्काम—फल की इच्छा न रखते हुये—कार्य करने का उल्लेख है।

---

‡ फिरका बन्दी हैं कई और कद जाते हैं।
क्या ज़माने में पनपने की यही बातें हैं॥
—"इक़बाल"

इबादत करते हैं जो लोग जन्नत की तमन्ना में।
इबादत तो नहीं है, इक तरह की वह तिजारत है॥

—'अनात'

प्रतिष्ठा अथवा पुण्य-बन्ध के लालच को लेकर किसी कार्य के करने में समुचित फल की प्राप्ति नहीं होती। तो भी जो व्यक्ति तिजारत को ध्यान में रखते हुये धर्म कार्य करते हैं, उन्हे ध्यान रखना चाहिये कि साहित्य के प्रचार का जैनधर्म ने सब से अधिक महत्व माना है। जैनधर्म में कथित आहारदान, औषधिदान, अभयदान का फल भोगने के लिये यह आत्मा किसी भी योनि मे रहता हुआ अपने किये हुये दानों का फल प्राप्त कर सकता है, पर "ज्ञानदान" का फल पाने के लिये उसे नियम से मनुष्ययोनि मे ही आना होगा, क्योंकि मनुष्य के सिवा और कोई जीव इसका उपयोग नहीं कर पाता। अतएव जैन-समाज के श्रीमानों! यदि तुम्हे सदैव मनुष्य बनना है—नारकी-पशु नहीं बनना है—तो सब आडम्बरों को छोड कर ज्ञान-दान करना सीखो, भविष्य सुधारने के लिये उत्तम साहित्य निर्माण करो, अन्यथा बकौल "चकबस्त" साहब—

मिटेगा दीन भी और आबरू भी जायेगी।
तुम्हारे नाम से दुनिया को शर्म आयेगी॥

मै मन्दिर आदि बनवाने को बुरा नहीं समझता, मने स्वय प्रस्तुत निबन्ध में प्राचीन मन्दिरों का बड़े गर्व से वर्णन किया है, पर इस समय उनकी और अधिक आवश्यकता नहीं। आज

कितने ही प्राचीन मन्दिर धराशायी हो रहे हैं, अनेक जगह मूर्ति की पूजन प्रचालन करने वाले मनुष्यों की जगह चूहे और नौल रह गये हैं, अनेक विशाल मन्दिर अपने सच्चे उपासकों का अभाव देखकर दहाड मारकर रो रहे हैं फिर भी, उनके करुणा क्रन्दन को सुनते हुये अनावश्यक नये नये मन्दिर बनवाने, प्रतिमायें स्थापित करवाने मे क्या लाभ है ? यह हमारे श्रीमानों के अंतरंग की बात सिवाय सर्वज्ञदेव के और कौन जान सकता है ?

इतिहास से नीच और कमीन लोगो को मुहब्बत नहीं होती—जिनके पुरखाओं ने कभी कोई आदर्श उपस्थित नहीं किये, वे कभी अपने पुरखाओं को याद नहीं करते। ऐसे ही लोग इतिहास से घृणा करते हैं। पर आश्चर्य तो यह है कि जिनके पुरखाओं—बाप दादों—ने अनेक लोकोत्तर कार्य किये वह भी आज इस ओर से उदासीन हैं।

लोग कहते हैं, भूतकालीन बातों—गढे मुर्दों—को उखाड़ने से क्या लाभ ? भूत को छोड कर वर्तमान की सुध लेना चाहिये। पर, मेरा विश्वास है कि हरएक कौम और देश का, वर्तमान और भविष्य भूत पर ही निर्भर है। जिसका भूत अन्धकार में है उसका वर्तमान और भविष्य कभी उज्ज्वल हो ही नहीं सकता। जिस मकान की नींव दृढ नहीं, वह बहुत दिनों तक गगन से बात नहीं कर सकता। इसीलिये भूतकालीन बातें सभी सुनना चाहते हैं। बालक बालिकायें, युवा-युवतियाँ, वृद्ध और वृद्धाएँ सभी फुर्सत के वक्त कहानी कहते और सुनते हैं। भूतकालीन बातें

सुनना मनुष्य की कुदरती फ़ितरत है। अत जिसके पास अपने यहाँ की भूतकालीन बातें नहीं होतीं वे दूसरो की सुनकर अपना शौक़ पूरा करते हैं। इसी लिये संसार की प्रत्येक जाति अपना भूतकालीन इतिहास निर्माण करती हैं, ताकि उसके पुत्रों को दूसरो का मुँह देखना न पड़े। क्या ही अच्छा हो यदि हमारी समाज भी अपने घर की चीज को टटोलने का प्रयास प्रारम्भ करदे। महात्मा गान्धी भी भूतकालीन हरिश्चन्द्र जैसी कहानियों से ही प्रभावित होकर मिस्टर से महात्मा हुये हैं।

किस्सये अज़मते माज़ी को न मुद्दत्तों समझो।
कौमें जाग उठती हैं अक्सर इन्हीं अफ़साने से॥
—"रवाँ"

यह मैं मानता हूँ कि प्रस्तुत पुस्तक को कोई भी समझदार व्यक्ति महत्व नहीं दे सकता और वास्तव में महत्व देने योग्य है भी नहीं इतिहास और साहित्य की दृष्टि से भी इसमें अनेक भद्दी और मोटी भूलो का रहना सम्भव है। इसे एक प्रकार से समस्त राजपूताने के जैन-वीरो का इतिहास भी नहीं कह सकते। इसमें कोटा, बूंदी, जयपुर आदि कई राजपूतानान्तरगत स्थानों का उल्लेख नहीं किया जा सका है। पर, इसमें मेरा तनिक भी दोष नहीं है। रात-दिन परिश्रम करके जितना भी मैं उपलब्ध साहित्य प्राप्त कर सका और गुणियो के जूतो में बैठकर जो भी मैं जान सका, वह सब मैंने प्रस्तुत पृष्ठों में बखेर देने की चेष्टा की है। साधनाभाव और अनुभवहीनता के कारण जो पुस्तक में त्रुटियाँ रह गई हैं उनका मैं जिम्मेदार नहीं। हाँ, प्रमाद और पक्षपात को

मैंने पास तक नहीं फटकने दिया है जो भी कुछ लिखा है सत्य को लेकर लिखा है। संभव है मेरा यह प्रयास असफल रहा हो, फिर भी मैं इतना अवश्य कहूँगा कि—

मैंने लिखा है इसे खूने जिगर से अपने।

इसके सकलन करने में जो दुर्दिन देखने पडे हैं, भगवान् करे मेरे सिवा वह दिन कोई और न देखे। दिल एक प्रकारसे टूट सा गया है †। अपने वचनानुसार ज्यों त्यों करके आज यह कृति मुझे पाठको के कर कमलों में भेट करते हुए हर्ष होता है। यद्यपि इसमे अनेक त्रुटियाँ हैं, मैं इसे जैसा चाहता था, वैसा न लिख सका। यदि विद्वान पाठको ने पुस्तक में रही हुई त्रुटियो की ओर मेरा ध्यान आकर्षित किया और इसके लिये साहित्य सम्बन्धी साधन जुटाने की उदारता दिखाई तो सभवतया उनके सुधार का प्रयत्न किया जायगा।

अन्त मे भावना है कि —

हर दर्दमन्द दिल को रोना मेरा रुलादे।
बेहोश जो पडे हैं शायद उन्हें जगादे॥

"इकबाल"

राष्ट्रीय औषधालय
गली बरना, सदर-देहली।
२४-२-३२

दास—
अ प्र गोयलीय

---

† कैफियत ऐसी है नाकामी की इस तसवीर में।
जो उतर सकती नहीं आईनये तहरीर में॥
—"इकबाल"

राजपूताने के जैन-वीर

राजस्थान

जहाँ वीरता मूर्तिमन्त हो हरती थी भूतल का भार।
जहाँ धीरता हो पाती थी धर्म-धुरीण कण्ठ का हार॥
जहाँ जाति-हित बलि-वेदी पर सदा वीर होते बलिदान।
जहाँ देश का प्रेम बना था सुरपुर का सुखमय-सोपान॥
जिस अवनी के बाल-वृन्द ने काटे बलवानों के कान।
चमकी जहाँ वीर-बालाएँ रण-भू में करवाल समान॥
किए जहाँ के नृप-कुल-मण्डल ने कितने लोकोत्तर काम।
जिस लीलामय रङ्ग-अवनि में उपजे नाना लोक-ललाम॥
जिस के एक-एक रज-कण पर लगी राजपूती की छाप।
जिस का वातावरण सममता रण में पीठ दिखाना पाप॥
जिसके पत्ते मर्मर रव कर, रहे पढाते प्रभुता-पाठ।
जिसके जीवन-सचारण से हरित हुआ था उकठा काठ॥

—"हरिऔध'

पढ़ के देखो दोस्तो ! इस राजपूती शान को ।
मिटते मिटते मिट गये, लेकिन न छोड़ी आन को ॥

—अज्ञात्

"राजपूताने में कोई छोटा सा राज्य भी ऐसा नहीं है, जिस में थर्मोपली जैसी रण-भूमि नहीं और शायद ही कोई ऐसा नगर मिले, जहाँ लियोनिडास जैसी वीर-पुरुष उत्पन्न न हुआ हो।"

—टॉड

यूँ तो इस रत्न-प्रभा भारतभूमि का चप्पा-चप्पा धर्म-वीरों के पवित्र बलिदान से देदीप्यमान है †; यहाँ का प्रत्येक परमाणु अपने सीने में स्वतन्त्रता की आग सुलगाये हुये पड़ा है, फिर भी राजपूताने का निर्माण तो खास कर शहीदों की हड्डियों और रक्त से मिलकर हुआ है। भारत के उन दुर्दिनों में—जब कि वह परतन्त्रता के बन्धन में जकड़ा जा चुका था, उसकी चोटी-बेटीन की रक्षा का कोई उपाय नहीं था, तब—यहाँ की आन पर मर मिटने के लिये राजपूताने ने जो आत्मोत्सर्ग किया था, वह चित्तौड़ के

† चमकता है शहीदों का लहू परदे में कुदरत के।
शफ़क़ का हुस्न क्या है, शोखिये रंगे हिना क्या है॥

—"चकबस्त"

बने कागज़ पर लिखने की चीज नहीं। आज इस परतन्त्रता युग में भी, जब राजपूताने की अभूतपूर्व वीरता, धीरता, त्याग और शौर्य का वर्णन पढ़ते हैं तो आँखें मस्ती में नाचने लगती हैं, हृदय मारे स्वाभिमान के उछलने लगता है, छाती फूल उठती है, रोमाँच हो आते हैं और ऐसा भान होने लगता है कि हम भी सीना तान कर निकलने का अधिकार रखते हैं।

वर्तमान में इस इतिहास-प्रसिद्ध राजपूताने में १९ देशी रियासतें, लावा और कुशलगढ नामक दो खुदमुख्तियार ठिकाने तथा ब्रिटिश इलाका-अजमेर (मेरवाडा) और आबू पहाड सम्मलित हैं। इसका क्षेत्रफल १, ३१, ६९८ वर्गमील है और इसमें क़रीब १॥ करोड लोग बसते हैं। निम्न लिखित तालिका में राजपूताने की सब रियासतों के नाम उनके क्षेत्रफल और वर्तमान शासकों की जाति का विवरण दिया जाता है।

संख्या	नाम रियासत	राजा की जाति	क्षेत्रफल
१	जोधपुर (मारवाड़)	राठौड राजपत	३५,०१६ वर्गमील
२	बीकानेर (जागल)	,,	२३,३१५ ,,
३	जैसलमेर (माड)	भाटी यादव	१६,०६१ ,,
४	जयपुर (ढूढाड)	कछवाहा	१५,५१९ ,,
५	उदयपर (मेवाड)	गहलोत	१२,७५६ ,,
६	कोटा (हाड़ोती)	हाडा चौहान	५,६८४ ,,

ल्या नाम रियासत	राजा की जाति	क्षेत्रफल
अलवर	कछवाहा	३,१४१ वर्गमील
टोंक	पठान मुसलमान	२,५५३ ,,
बून्दी (हाड़ोती)	हाडा चौहान	२,२२० ,,
भरतपुर	जाट	१,९८२ ,,
सिरोही	देवडा चौहान	१,९५८ ,,
बाँसवाडा	गहलोत	१,६०६ ,,
डूगरपूर	,,	१,४४७ ,,
करौली	यादव	१,२४२ ,,
धौलपुर	जाट	१,१५५ ,,
प्रतापगढ	गहलोत	८८६ ,,
किशनगढ	राठौड	८५८ ,,
झालावाड	झाला	८१० ,,
शाहपुरा	गहलौत	४०५ ,,
कुशलगढ (खुद मु०)	राठौड	३४० ,,
लावा (,, ,,)	कछवाहा	१९ ,,
अजमेर (मेरवाड़ा)	अङ्गरेज	२,७११ ,,
आबू पहाड	,,	६ ,,

क्त २३ रियासतों में से प्रस्तुत पुस्तक मे उन्हीं रियासतो का किया जायगा जिनमें कि जैन-वीरोंकी की गई सेवाओं का तक थोडा बहुत विवरण उपलब्ध हो सका है। राजपूतानेके

सम्पूर्ण इतिहास में मेवाड (उदयपुर रियासत) का इतिहास सब से अधिक गौरवपूर्ण और प्रतिभाशाली है। अतएव प्रस्तुत पुस्तक का श्रीगणेश इसी रियासत से प्रारम्भ किया जाता है।

१५ नवम्बर सन् ३२



मेवाड़

"Mewar with all faults, I love thee still"

मेवाड़ ! तुझमें हजार दोष होने पर भी मैं तुझे स्नेह करता हूं।"

—जेम्सटॉड

पवित्र-तीर्थ

अरे, फिरत कत, बावरे ! भटकत तीरथ भूरि ।
अज्यौं न धारत सीस पै सहज सूर-पग-धूरि ॥
बसत सदा ता भूमि पै, तीरथ लाख करोर ।
लरत मरत जहँ बाकुँरे, बिरझि बीर बर जोर ॥
जगी जोति जहँ जूझ की, लगी खड्ग खुलि झूमि ।
रँगा रुधिर सौं धूरि सो, धन्य धन्य रण-भूमि ॥
तहँ पुष्कर, तहँ सुरसरी, तहँ तीरथ, तप, याग ।
उठ्यौ सुबीर-कबन्ध जहँ तहँई पुण्य, प्रयाग ॥
सगर-सोहैं सूरि जहँ, भये भिरत चक-चूरि ।
बड़-भागन तैं मिलति वा रण-आँगन की धूरि ॥

—श्री वियोगीहरि

मेवाड़-परिचय

उदयपुर रेजिडसी या मेवाड में ४ राज्य हैं। उदयपुर, बाँसवाडा डूगरपुर और परतापगढ। इसकी चौहद्दी—उत्तर में अजमेर मेरवाडा और शाहपुर, उत्तर-पूर्व में जैपुर और बून्दी। पूर्व में कोटा, और टोक, दक्षिण में मध्यभारत, पश्चिम में अरावली पहाड। सन् १९०१ में यहाँ जैनी ६ फी सदी थे †।

❀ उदयपुर-राज्य ❀

"राजपूताने के दक्षिणी विभाग में २३°४९′ से २५°२८′ उत्तर अक्षांश और ७०°१′ से ७५°४९′ पूर्व देशान्तरके बीच फैला हुआ है। उसका क्षेत्रफल १२६९१ वर्गमील है। उदयपुर-राज्य के उत्तर में अजमेर मेरवाडा और शाहपुरे (फूलिये) का इलाक़ा, पश्चिम में जोधपुर और सिरोही राज्य, नैऋत्य कोण मे ईडर, दक्षिण मे डगरपुर, बाँसवाडा और प्रतापगढ राज्य, पूर्व मे सिंधियो का परगना नीमच, टोंकका परगना, नींवाहेडा और बून्दी तथा कोटा राज्य हैं, और ईशानकोण मे देवली के निकट जयपुर का इलाका आ गया है। इस राज्य के भीतर ग्वालियर का परगना गगापुर, जिसमें १० गाँव हैं और आगे पूर्व में इन्दौर का परगना नंदवास (नदवाय) आ गय है, जिसमे २९ गाँव हैं।" ‡

---

† राजपूताने के प्राचीन जैन स्मारक पृ० १२८।

‡ राजपूताने का इतिहास पृ० ३०६।

मुसलमानों के अधीन भी रहा था—गुहिलवंशियों (सीसोदियों) के ही अधिकार में चला आता है ‡।

"चित्तौडगढ जंकशन से क़िले के ऊपर तक पक्की सडक बनी हुई है। स्टेशन से रवाना होकर अनुमान सवा मील जाने पर गम्भीरी नदी आती है। जिस पर अलाउद्दीनखिलजी के शाहज़ादे ख़िज़रखाँ का बनवाया हुआ पाषाण का एक सुदृढ पुल है। पुल से थोड़ी दूर जाने पर कोट से घिरा हुआ चित्तौड का क़स्बा आता है। जिसको तलहटी कहते है †।"

यहाँ की मनुष्य-सख्या सन् १९३१ में ८०४१ थी। दिगम्बर जैनियों का एक शिखरबन्द मन्दिर एक चैत्यालय और श्वेताम्बर जैनों के दो मन्दिर यहाँ बने हुये हैं। कस्बे में ज़िले की कचहरी है जिसके पास से किले की चढाई आरम्भ होती है। यहीं से क़िले पर जाने के लिये पास मिलता है।

"चित्तौड़का दुर्ग समुद्र की सतह से १८५० फुट ऊँचाई वाली सवा तीन मील लम्बी और अनुमान आध मील चौडी उत्तर-दक्षिण-स्थित एक पहाडी पर बना हुआ है और तलहटी से क़िले की ऊँचाई ५०० फुट है। पहाडी के ऊपरी भाग मे समान भूमि आ जाने के कारण वहाँ कई एक कुंड, तालाब, मन्दिर, महल आदि बने हुए हैं। और कुछ जलाशय तो दुष्काल में भी नहीं सूखते। पहले इस दुर्ग पर आबादी बहुत थी, परन्तु अब तो

---

‡ राजपूताने का इ० पहली जि० पृ० ३४९-५०।

† राजपूताने का इ० प० जि० पृ० ३५०।

पहाडी के पश्चिमी सिरे के पास अनुमान २०० घरों की ही बस्ती रह गई है और शेष सब मकानों के गिर जाने से इस समय वहाँ खेती हुआ करती है" ‡। इस किले में कितनी ही प्राचीन इमारतें आज भी उस गौरवमयी अतीत काल की पवित्र स्मृति में खडी हुई हैं। यहाँ स्थानाभाव के कारण श्री ओझाजी कृत राजपूताने के इतिहास पहिली जिल्द से केवल जैन-स्थानों का परिचय दिया जाता है —

३–जैनकीर्तिस्तम्भ—"चित्तौड-दुर्ग पर सात मंजिल वाला जैन-कीर्तिस्तम्भ है। जिसको दिगम्बर सम्प्रदाय के बघेरवाल महाजन नें सा (साह सेठ) नाम के पुत्र जीजा ने वि०स० की चौदहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में बनवाया था। यह कीर्तिस्तम्भ आदिनाथ का स्मारक है। इसके चारों पार्श्व पर आदिनाथ की एक-एक विशाल दिगम्बर (जैन) मूर्तियाँ खुदी हुई हैं। इस कीर्तिस्तम्भ के ऊपर की छत्री बिजली गिरने से टूट गई और स्तम्भ को बड़ी हानि पहुँची थी, परन्तु महाराणा फतह-सिंह ने अनुमान ८०००० रुपये लगाकर ठीक वैसी ही छत्री पीछे बनवादी जिससे स्तम्भ की भी मरम्मत हो गई है।

(पृ०३५२)

२–महावीर स्वामी का मन्दिर—जैन कीर्तिस्तम्भ के पास ही महा-वीर स्वामी का मन्दिर है, जिसका जीर्णोद्धार महाराणा कुम्भा के समय वि० स० १४९५ (ई० स० १४३८) में ओसवाल

‡ राजपूताने का इ० प० जि० पृ० ३५७।



चित्तौड़दुर्ग

पहाडी के पश्चिमी सिरे के पास अनुमान २०० घरो की ही बस्ती रह गई है और शेष सब मकानों के गिर जाने से इस समय वहाँ खेती हुआ करती है" †। इस किले में कितनी ही प्राचीन इमारतें आज भी उस गौरवमयी अतीत काल की पवित्र स्मृति में खडी हुई हैं। यहाँ स्थानाभाव के कारण श्री ओझाजी कृत राजपूताने के इतिहास पहिली जिल्द से केवल जैन-स्थानों का परिचय दिया जाता है —

१–जैनकीर्तिस्तम्भ—" चित्तौड-दुर्ग पर सात मंजिल वाला जैन-कीर्तिस्तम्भ है। जिसको दिगम्बर सम्प्रदाय के बघेरवाल महाजन ने सा (साह सेठ) नाम के पुत्र जीजा ने वि०स० की चौदहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध मे बनवाया था। यह कीर्तिस्तम्भ आदिनाथ का स्मारक है। इसके चारों पार्श्व पर आदिनाथ की एक-एक विशाल दिगम्बर (जैन) मूर्तियाँ खुदी हुई हैं। इस कीर्तिस्तम्भ के ऊपर की छत्री बिजली गिरने से टूट गई और स्तम्भ को बडी हानि पहुँची थी, परन्तु महाराणा फतह-सिंह ने अनुमान ८०००० रुपये लगाकर ठीक वैसी ही छत्री पीछे बनवादी जिससे स्तम्भ की भी मरम्मत हो गई है।

(पृ०३५२)

२–महावीर स्वामी का मन्दिर—जैन कीर्तिस्तम्भ के पास ही महा-वीर स्वामी का मन्दिर है, जिसका जीर्णोद्धार महाराणा कुम्भा के समय वि० सं० १४९५ (ई० स० १४३८) में ओसवाल

† राजपूताने का इ० प० जि० पृ० ३५७।

महाजन गुणराज ने कराया था, इस समय यह मन्दिर टूटी-फूटी दशा में पडा हुआ है।" (पृ० ३५२)

३–जैनमन्दिर—चित्तौडदुर्ग पर 'गोमुख' नाम का प्रसिद्ध तीर्थ है, जहाँ दो दालानों में तीन जगह गोमुखों से शिव-लिंगों पर पानी गिरता है। इन दालानों के सामने ही 'गोमुख' नामक जल का सुविशाल कुँट है जहाँ लोग स्नान करते हैं। गोमुख के निकट महाराणा रायमल के समय का बना हुआ एक छोटा सा जैनमन्दिर है; जिसकी मूर्ति दक्षिण से यहाँ लाई गई थी, क्योंकि उस मूर्ति के ऊपर प्राचीन कनडी लिपि का लेख है और नीचे के भाग में उस मूर्ति की यहाँ प्रतिष्ठा किये जाने के सम्बन्ध में वि० स० १५४३ का लेख पीछे से नागरी लिपि मे खोदा गया है। (पृ० ३५४)

४–सतबीस देवलां—चित्तौड़दुर्ग पर पुराने महलों का 'वडीपोल' नामक द्वार आता है। इस द्वार से पूर्व में कई एक जैनमन्दिर टूटी फूटी दशा में खडे हैं और उनमें से 'सतबीस देवला' (सत्ताईस मन्दिर) नामक जिनालय में खुदाई का काम बड़ा ही सुन्दर हुआ है। इसी के पास आज कल महाराणा फतहसिंह के नये महल बने हुए हैं। (पृ०३५६)

५–शान्तिनाथ का मन्दिर—चित्तौड दुर्ग पर पुराने राजमहलों के निकट उत्तर की तरफ सुन्दर खुदाई के कामवाला एक छोटा सा मन्दिर है, जिसको अगारचँवरी कहते हैं। इसके मध्य में एक छोटी सी वेदी पर चार स्तम्भ वाली छत्री बनी हुई है।

लोग कहते हैं कि यहाँ पर राणा कुम्भा को राजकुमारी का विवाह हुआ था, जिसकी यह चँवरी है। वास्तव में इतिहास के अन्धकार में इसकी कल्पना की सृष्टि हुई है, क्योंकि एक स्तम्भ पर खुदे हुए वि० स० १५०५ (ई० स० १४४८) के शिला लेखों से ज्ञात होता है कि राणा कुम्भा के भंडारी (कोषाध्यक्ष) वेलाक ने जो शाह केल्हा का पुत्र था, शान्ति-नाथ का यह जैनमन्दिर बनवाया और उसकी प्रतिष्ठा खरतर गच्छ के आचार्य जिनसेनसूरि ने की थी। जिस स्थान को लोग चँवरी बतलाते हैं वह वास्तव मे उक्त मूर्ति की वेदी है और सभव है कि मूर्ति चौमुख (जिसके चारों ओर एक एक मूर्ति होती है) हो। (पृ०३५६)

यह इतिहास-प्रसिद्ध दुर्ग भारत के ही नहीं वरन् समस्त ससार के किलो में शिरमौर है। इसी किले के लिये यह कहावत प्रसिद्ध है कि—"गढ तो चित्तौडगढ और सब गढैया हैं"। यह दुर्ग अपनी सुन्दरता अथवा मजबूती के कारण विख्यात नहीं है। सुन्दरता और मजबूती में तो यह किला शायद ससार के किलों की श्रेणी में भी न रखा जा सके, और अब तो यह खण्डहर हो गया है। रसिक यात्रियों के मनोरजन के लिये यहाँ कुछ भी शेष नहीं है। पर जो स्वतन्त्रता के उपासक हैं, उनका यह महान् तीर्थ है, इसका प्रत्येक अणु उनका देवता है, इसकी रज को मस्तक पर लगाने से वह कृतकृत्य होजाते हैं और इसकी गौरव-गाथा सुनतेर उन्मत्त हो नाचने लगते हैं अथवा सर धुन कर रोने लगते हैं।

उदयपुर

"मेवाड़ की राजधानी पहिले चित्तौड़गढ़ थी, परन्तु वह गढ सुदृढ़ होने पर भी एक ऐसी लम्बी पहाडी पर बना हुआ है, जो अन्य पर्वत-श्रेणियो से पृथक् आगई है, अतएव शत्रु उसका घेरा डालकर किले वालों के पास बाहर से रसद आदि का पहुँचना सहज ही बन्द कर सकता है। यही कारण था कि यहाँ कई बार बडी-बडी लडाइयो में किले के लोगों को भोजनादि सामग्री खतम हो जाने पर, विवश दुर्ग के द्वार खोल कर शत्रु-सेना से युद्ध करने के लिये बाहर आना पडा। इसी असुविधा का अनुभव करके महाराणा उदयसिंह ने चारों तरफ पर्वतों से घिरे हुये सुरक्षित स्थान में उदयपुर नगर बसाकर उसे मेवाड की राजधानी बनाया। उदयपुर शहर पीछोला तालाब के पूर्वी किनारे की उत्तर दक्षिण-स्थित पहाडी के दोनों पार्श्व पर बसा हुआ है। इसके पूर्व तथा उत्तर में समान भूमि आगई है, जिधर नगर बढता जाता है। शहर पुराने ढग का बना हुआ है और एक बडी सडक को छोडकर बहुधा सब रास्ते व गलियाँ तंग हैं। इस की चारों तरफ शहर पनाह है, जिसमें स्थान-स्थान पर बुर्जे बनी हुई हैं। नगर के उत्तर तथा पूर्व में, जहाँ शहर पनाह पर्वतमाला से दूर है, एक चौडी खाई कोट के पास पास खुदी हुई है। शहर के दक्षिणी भाग में पहाडी की ऊँचाई पर पीछोले के किनारे पुराने राजमहल बडे ही सुन्दर और प्राचीन शैली के बने हुये हैं। पुराने महलो में

मुख्य छोटी चित्रशाली, सूरज चौपाड, पीतमनिवास, मानिक-महल, मोती महल, चीनी की चित्रशाली, दिलखुशाल, बाडीमहल (अमरविलास) मुख्य हैं। पुराने महलों के आगे अंग्रेजी तर्ज का शंभु-निवास नाम का नया महल और उसके निकट महाराणा फतहसिंह का बनवाया हुआ शिवनिवास नामक सुविशाल महल लाखों रुपयों की लागत से तैयार हुआ है। राजमहल शहर के सब से ऊँचे स्थान पर बनाये जाने के कारण और इनके नीचे ही विस्तीर्ण सरोवर होने से उनकी प्राकृतिक शोभा बहुत बढी चढी है" +।

शहर में अनेक देखने योग्य स्थान हैं जिन्हें यहाँ स्थानाभाव के कारण नहीं लिखा जा सकता। यहाँ की मनुष्य-संख्या सन् १९३१ में ४४०३५ के करीब थी। दिगम्बरों के ८ शिखरबन्द मंदिर तथा ५ चैत्यालय हैं और उन सबमें ६८५ के करीब धर्मशास्त्र हैं† श्वेताम्बरों के छोटे बड़े सब ३५ मन्दिर हैं ‡। इन में कितने ही मन्दिर अत्यन्त सुन्दर बने हुए हैं।

उदयपुर राज्य में अनेक प्राचीन स्थान देखने योग्य हैं किन्तु यहाँ स्थानाभाव के कारण मान्य ओझाजी कृत राजपूताने के इतिहास से केवल प्राचीन जैनमन्दिरों का उल्लेख किया जाता है–

+ राजपूताने का इ० पृ० ३२९।

† दि० जैन डिरेक्टरी पृ० ४६९।

‡ जैन तीर्थ गाइड पृ० १७९।

केशरियानाथ (ऋषभदेव)—

"उदयपुर से ३९ मील दक्षिण में खैरवाडे की सड़क के निकट कोट से घिरे हुये धूलदेव नामक कस्बे में ऋषभदेव का प्रसिद्ध जैनमन्दिर है। यहाँ की मूर्ति पर केशर बहुत चढ़ाई जाती है†। जिससे इनको केसरियाजी या केसरियानाथ भी कहते हैं। मूर्ति काले पत्थर की होने के कारण भील लोग इनको कालाजी कहते हैं। ऋषभदेव विष्णु के २४ अवतारों में से आठवे अवतार होने से हिन्दुओं का भी यह पवित्र तीर्थ माना जाता है। भारतवर्ष के श्वेताम्बर तथा दिगम्बर जैन एव मारवाड, मेवाड, डूगरपुर, बाँसवाड़ा, ईडर आदि राज्यों के शैव, वैष्णव आदि यहाँ यात्रार्थ आते हैं। भील लोग कालाजी को अपना इष्टदेव मानते हैं और उन लोगो में इनकी भक्ति यहो तक है कि केसरियानाथ पर चढे हुये केसर को जल में घोलकर पी लेने पर वे—चाहे जितनी विपत्ति उनको सहन करनी पडे—झूठ नहीं बोलते।"

"हिन्दुस्तान भर में यही एक ऐसा मन्दिर है, जहाँ दिगम्बर तथा श्वेताम्बर जैन और वैष्णव, शैव, भील एव तमाम सच्छूद्र स्नान कर समान रूप से मूर्ति का पूजन करते हैं। प्रथम द्वार से, जिस पर नक्कारखाना बना है, प्रवेश करते ही बाहरी परिक्रमा का

† यहाँ पूजन की मुख्य सामग्री केसरही है और प्रत्येक यात्री अपनी इच्छानुसार केसर चढाता है। कोई कोई जैन तो अपने बच्चा आदि को केसर से तोलकर वह सारी केसर चढा देते हैं। प्रात काल के पूजा में जल प्रक्षालन, दुग्ध प्रक्षालन, अत्तर लेपन आदि होने के पीछे केसर का चढाना प्रारम्भ होकर एक बजे तक चढती ही रहती है।

चौक आता है, वहाँ दूसरा द्वार है, जिस के बाहर दोनों ओर काले पत्थर का एक-एक हाथी खडा हुआ है। उत्तर की तरफ के हाथी के पास एक हवनकुंड बना है, जहाँ नवरात्रि के दिनों में दुर्गा का हवन होता है। उक्त द्वार के दोनों ओर के ताकों में से एक में ब्रह्मा की और दूसरे मे शिव की मूर्ति है, जो पीछे से बिठलाई गई हो, ऐसा जान पडता है। इस द्वार से दस सीढिया चढने पर मन्दिर मे पहुँचते हैं और उन सीढियों के ऊपर के मडप में मध्यम कद के हाथी पर बैठी हुई मरुदेवी (ऋषभनाथ की माता) की मूर्ति है। सीढ़ियों से आगे बाई ओर 'श्रीमद्भागवत' का चबूतरा बना है, जहाँ चातुर्मास में भागवत की कथा बँचती है। यहाँ से तीन सीढ़ियाँ चढने पर एक मडप आता है, जिसको ९ स्तम्भ होने के कारण 'नौचौकी' कहते हैं। यहाँ से तीसरे द्वार में प्रवेश किया जाता है। उक्त द्वार के बाहर उत्तर के ताक में शिव की और दक्षिण ताक में सरस्वती की मूर्ति स्थापित है। इन दोनों के आसनों पर वि० स० १६७६ के लेख खुदे हैं। तीसरे द्वार मे प्रवेश करने पर खेला मडप (अन्तराल) में पहुँचते हैं, वहाँ से आगे निज मन्दिर (गर्भगृह) ऋषभदेव की प्रतिमा स्थापित है। गर्भगृह के ऊपर ध्वजादड सहित विशाल शिखर है और खेला मडप, नौचौकी तथा मरुदेवी वाले मडप पर गुबज है। मन्दिरके उत्तरी, पश्चिमी और दक्षिणी पार्श्व में देवकुलिकाओ की पक्तियाँ हैं जिनमें से प्रत्येक के मध्य में मडप सहित एक-एक मदिर बना है। देवकुलिकाओं और मन्दिरो के बीच भीतरी परिक्रमा है।"

"इस मन्दिर के विषय मे यह प्रसिद्धि है कि पहिले यहाँ ईंटे का बना हुआ एक जिनालय था, जिसके टूट जाने पर उस के जीर्णोद्धार रूप पाषाण का यह नया मन्दिर बना। यहाँ के शिला लेखों से पाया जाता है कि इस मन्दिर के भिन्न-भिन्न विभाग अलग अलग समय के बने हुए हैं। खेल मडप की दीवारों में लगे हुये दो शिलालेखों में से एक वि०स० १४३१ वैशाख सुदी ३ बुधवार का है, जिसका आशय यह है कि दिगम्बर सम्प्रदाय के काष्टासघ के भट्टारक श्री धर्मकीर्ति के उपदेश से साह (सेठ) वीज के बेटे हरदान ने इस जिनालय का जीर्णोद्धार कराया। उसी मंडप में लगे हुये वि० स० १५७२ वैशाख सुदी ५ के शिलालेख से ज्ञात होता है कि काष्टासघ के अनुयाई काछलगोत्र के कडियापोइया और उसकी भरमी के पुत्र हॉसा ने धूलीव (धूलेव) गाँव में श्री ऋषभनाथ को प्रणाम् कर भट्टारक श्री जसकीर्ति (यशकीर्ति) के समय मडप तथा नौचौकी बनवाई। इन दोनों शिलालेखों से ज्ञात होता है कि गर्भगृह (निजमन्दिर) तथा उसके आगे का खेला मडप वि० स० १४३१ में और नौचौकी तथा एक और मडप वि० सं० १५७२ (ई०स० १५१५) में बने। देव कुलिकाएँ पीछे से बनी हैं क्योंकि दक्षिण की देव कुलिकाओं की पक्ति के मध्य में मडप सहित जो मन्दिर† है, उसके द्वार के समीप दीवार

† तीनों ओर की देवकुलिकाओं की पक्तियों के मध्य में बने हुये मडप वाले तीनों मन्दिरों को वहाँ के पुजारी लोग नेमिनाथ के मन्दिर कहते हैं, परन्तु इस मन्दिर के शिलालेख तथा इसके भीतर की मूर्ति के आसन पर के लेख से निश्चित है कि यह तो ऋषभदेव का ही मन्दिर है। बाकी के दो मन्दिर किन तीर्थंकरों के हैं, यह उनमें कोई लेख न होने से ज्ञात नहीं हुआ।

में लगे हुये शिलालेख से स्पष्ट है कि काष्ठासंघ के नदीतट गच्छ और विद्यागण के भट्टारक श्री सुरेन्द्रकीर्ति के समय में वघेरवाल जाति के गोवाल गोत्री संघवी (सघपति) आल्हा के पुत्र भोज के कुटुम्बियों ने यह मन्दिर बनवा कर प्रतिष्ठा महोत्सव किया ‡। इस मन्दिर से आगे की देवकुलिका की दीवार में भी एक शिलालेख लगा हुआ है, जिस का आशय यह है कि वि० सं० १७५४ पौष वदि ५ को काष्ठासघ के नदीतटगच्छ और विद्यागण के भट्टारक सुरेन्द्रकीर्ति के उपदेश से हूँवड जाति की वृद्ध शाखावाले विश्वेश्वर गोत्री साह आल्हा के वशज सेठ भूपत के वश वालों ने यह लघु प्रासाद बनवाया। इन चारो शिलालेखों से ज्ञात होता है कि ऋषभदेव के मन्दिर तथा कुलिकाओं का अधिकांश काष्ठासघ के भट्टारकों के उपदेश से उनके दिगम्बरी अनुयाइयों ने बनवाया था। शेष सब देवकुलिकाएँ किसने बनवाईं, इस विषय का कोई लेख नहीं मिला।"

"ऋषभदेव की वर्तमान् मूर्ति बहुत प्राचीन होने से उसमें कई जगह खड्डे पड गये थे, जिससे उनमें कुछ पदार्थ भर कर उनको ऐसा बना दिया है कि वे मालूम नहीं होते। यह प्रतिमा डूंगरपुर राज्य की प्राचीन राजधानी बडौदे (वटपद्रक) के जैन-मन्दिर से लाकर यहाँ पधराई गई है। बडौदे का पुराना मन्दिर गिर गया है और उसके पत्थर वहाँ वटवृक्ष के नीचे एक चबूतरे पर चुने हुये हैं। ऋषभदेव की प्रतिमा बडी भव्य और तेजस्वी है, इसके साथ

---

‡ यह शिलालेख प्राचीन जैन इतिहास के लिये बडे काम का है, क्योंकि इसमें नदी तट गच्छ की उत्पत्ति तथा उस गच्छ के आचार्यों की क्रम परम्परा दी हुई है।

के विशाल परिकर में इन्द्रादि देवता बने हैं और दोनों पार्श्व पर दो नग्न काउसगिये (कायोत्सर्ग स्थिति वाले पुरुष) खडे हुये हैं। मूर्ति के चरणो के नीचे छोटी छोटी ९ मूर्तियाँ हैं, जिनको लोग 'नवग्रह' या 'नवनाथ' बतलाते हैं। नवग्रहों के नीचे १६ स्वप्ने खुदे हुये हैं, जिनके नीचे के भाग में हाथी, सिंह, देवी आदि की मूर्तियाँ और उनके नीचे दो बैलों के बीच में देवी की एक मूर्ति बनी हुई है। निजमन्दिर की बाहरी पार्श्व के उत्तर और दक्षिण के ताकों तथा देव कुलिकाओं के पृष्ठ भागो में भी नग्न मूर्तियाँ विद्यमान हैं।

मूलसंघ के बलात्कार गणवाले कमलेश्वर गोत्री गाधी विजय चंद्र ने वि० स० १८८३ (ई० स० १८०६) मे इस मन्दिर के चौतरफ एक पक्का कोट बनवाया। वि०स०१८८९ (ई०स०१८३२) में जैसलमेर (उस समय उदयपुर के) निवासी ओसवाल जाति की वृद्ध शाखावाले बाफण गोत्री सेठ गुमानचन्द बहादुरमल के कुटुम्बियों ने प्रथम द्वार पर का नक्कारखाना बनवाकर वर्तमान ध्वजादड चढाया।

इस मन्दिर के खेला मंडप में तीर्थंकरों की २२ और देवकुलिकाओं मे ५४ मूर्तियाँ विराजमान हैं। देवकुलिकाओं मे वि स० १७५६ की बनी हुई विजयसागर सूरि की मूर्ति भी है औ पश्चिम की देवकुलिकाओमे से एक में अनुमान ६ फुट ऊँचा ठोस पत्थर का एक मन्दिर सा बना हुआ है, जिस पर तीर्थंकरों की बहुतसी छोटी छोटी मूर्तियाँ खुदी हुई हैं। इसको लोग गिरना

जी का विम्ब कहते हैं। उपर्युक्त ७६ मूर्तियों में से १४ पर लेख नहीं है। लेखवाली मूर्तियों में से ३८ दिगम्बर सम्प्रदाय की और ११ श्वेताम्बरों की हैं। शेष पर लेख अस्पष्ट होने या चूना लग जाने के कारण उनका ठीक २ निश्चय नहीं हो सका। लेख वाली मूर्तियाँ वि० सं० १६११ से १८६३ तक की हैं और उन पर खुदे हुये लेख जैनों के इतिहास के लिये बड़े उपयोगी हैं।

नौचौकी-मंडप के दक्षिणी किनारे पर पाषाण का एक छोटासा स्तम्भ खड़ा है, जिसके चारों ओर तथा ऊपर नीचे छोटे छोटे १० ताक खुदे हैं। मुसलमान लोग इस स्तम्भ को मसजिद का चिन्ह मानते हैं और उसके नीचे की परिक्रमा में खड़े रहकर वे लोबान जलाते, शीरनी (मिठाई) चढ़ाते और धोक देते हैं †।

उदयपुर-राज्य के अधिकार में जो विष्णु-मन्दिर हैं, उनके समान यहाँ भी विष्णु के जन्माष्टमी, जलझूलनी, आदि त्यौहार मन्दिर की तरफ से मनाये जाते हैं। चौमासे में इस मन्दिर में श्रीमद्भागवत की कथा होती है, जिस की भेंट के निमित्त राज्य की तरफ से ताम्रपत्र कर दिया गया है और ऋषभनाथजी के भोग के लिये एक गाँव भी भेंट हुआ था। मन्दिर के प्रथम द्वार के पास खड़े हुये महाराणा संग्रामसिंह (दूसरे) के शिलालेख में बेगार की मनाई करने, ऋषभदेवजी की रसोई का काम नाथजी

† मुसलमान लोग मन्दिरों को तोड़ देते थे, जिससे उनके समय के बने हुये बड़े मन्दिरों आदि में उनका कोई पवित्र चिन्ह इस अभिप्राय से बना दिया जाता था कि उसको देखकर वे उनको न तोड़ें।

के सुपुर्द करने तथा उस सम्बन्ध का ताम्रपत्र अखेहजी नाथजी (भंडारी) के पास होने का उल्लेख है। पहिले अन्य विष्णुमदिरों के समान यहाँ भी भोग लगता था और भोग तैयार होने के स्थान को 'रसोड़ा' कहते थे। अब तो इस मन्दिर में पहले की तरह भोग नहीं लगता और भोग के स्थान मे भंडार की तरफ से होने वाले पूजा प्रक्षाल मे फल और सूखे मेवे आदि के साथ कुछ मिठाई रखदी जाती है।

महाराणा साहब इस मन्दिर में द्वितीय द्वार से नहीं, किन्तु बाहरी परिक्रमा के पिछले भाग मे बने हुये एक छोटे द्वार से प्रवेश करते हैं, क्योंकि दूसरे द्वार के ऊपर की छत में पाँच शरीर और एक सिर वाली एक मूर्ति खुदी हुई है, जिसको लोग 'छत्र-भग' कहते हैं। इसी मूर्ति के कारण महाराणा साहब इसके नीचे होकर दूसरे द्वार से मन्दिर में प्रवेश नहीं करते।

मन्दिर का सारा काम पहले भडारियों के अधिकार मे था और इसकी सारी आमद उनकी इच्छानुसार खर्च की जाती थी, परन्तु पीछे से राज्य ने मन्दिर की आय में से कुछ हिस्सा उनके लिये नियत कर बाकी के रुपयों की व्यवस्था करने के लिये एक जैन कमेटी † बनादी है और देवस्थान के हाकिम का एक नायब मन्दिर के प्रबन्ध के लिये वहाँ रहता है।

मन्दिर में पूजन करने वाले यात्रियो के लिये नहाने-धोने का अच्छा प्रबन्ध है। पूजन करते समय स्त्री-पुरुषो के पहनने के

† इसके सदस्य श्वेताम्बरी और दिगम्बरी दोनों होते है।—गोयलीय।

लिये शुद्ध वस्त्र भी वहाँ हर वक्त तैयार रहते हैं और जिन को आवश्यकता हो उनको वे मिल सकते हैं। मन्दिर एव धनाढ्यों की तरफ से कई एक धर्मशालायें भी बन गई हैं। जिससे यात्रियो को धूलेव मे ठहरने का बडा सुभीता रहता है।†

उदयपुर मे ऋषभदेव तक का सारा मार्ग बहुधा भीलो ही की बस्ती वाले पहाडी प्रदेश में होकर निकलता है, परन्तु वहाँ पक्की सडक बनी हुई है और महाराणा साहब ने यात्रियों के आराम के लिये ऋषभदेव के मार्ग पर काया, वारापाल तथा टिड्डीगाँवों मे पक्की धर्मशालाएँ बनवा दी हैं। परसाद में भी पुरानी कच्ची धर्मशाला बनी हुई है। मार्ग निर्जन बन तथा पहाडियों के बीच होकर निकलता है तो भी रास्ते में स्थान स्थान पर भीलों की चौकियाँ बिठला देने से यात्रियों के लूट जाने का भय बिल्कुल नहीं रहा। प्रत्येक चौकी पर राज्य की तरफ से नियत किये हुये कुछ पैसे देने पड़ते हैं। ऋषभदेव जाने के लिये उदयपुर में बैल-गाडियाँ तथा ताँगे मिलते हैं और अब तो मोटरो का भी प्रबन्ध हो गया है। (पृ० ३४४-४९)

ऋषभदेव का मन्दिर—

माण्डलगढ़ किले में सागर और सागरी नाम के दो जलाशय हैं, जिनका जल दुष्काल मे सूख जाया करता था, इस लिये वहाँ के अध्यक्ष (हाकिम) महता अगरचन्द्र ने सागर में दो कुए

† सरकारी हस्पताल और औषधालय हैं जहाँ दवा मुफ्त दी जाती है। एक वाचनालय भी है।—गोयलीय।

खुदवा दिये, जिनमे जल कभी नही टूटता . यहाँ एक ऋषभदेव का जैनमन्दिर है। (पृ० ३६१)

बीजोल्यां में जैनमंदिर—

बीजोल्याँ के कस्बे से अग्निकोण मे अनुमान एक मील के अतर पर एक जैनमन्दिर है, जिसके चारों कोनों पर एक-एक छोटा मन्दिर और बना हुआ है। इन मन्दिरों को पचायतन कहते हैं और ये पाँचो मन्दिर कोट से घिरे हुये हैं। इनमें से मध्य का अर्थात् मुख्य मन्दिर पार्श्वनाथ का है। मन्दिर के बाहर दो चतुरस्र स्तम्भ बने हुये हैं, जो भट्टारकों की नसियाँ हैं। इन देवालयों से थोडी दूर पर जीर्ण-शीर्ण दशा मे 'रेवतीकुण्ड' हैं। पहले दिगम्बर सम्प्रदाय के पोरवाड महाजन लोलाक ने यहाँ पार्श्वनाथ का तथा सात अन्य मन्दिर बनवाये थे, जिनके टूट जाने पर ये पाँच मन्दिर बनाये गये हैं। यहाँ पर पुरातत्त्ववेत्ताओं का ध्यान विशेष आकर्षित करने वाली दो वस्तुएँ हैं, जिनमें से एक तो लोलाक का खुदवाया हुआ अपने निर्माण कराये हुये देवालयों के सम्बन्ध का शिलालेख और दूसरा 'उन्नतिशिखरपुराण' नामक दिगम्बर-जैनग्रन्थ है। बीजोल्या के निकिट भिन्न २ आकृति के चपटे कुदरती चट्टान अनेक जगह निकले हुए हैं। ऐसे ही कई चट्टान इन मन्दिरो के पास भी हैं, जिनमें से दो पर ये दोनो खुदवाये गये हैं। विक्रम सवत् १२२६ फाल्गुण वदि ३ का चौहान राजा सोमेश्वर के समय का लोलाक का खुदवाया हुआ शिलालेख इतिहास के लिये बडे महत्त्व का है, क्योंकि उसमे सामन्त

से लगाकर सोमेश्वर तक साभर और अजमेरके चौहान राजाओं की वशावली तथा उनमें से किसी किसी का कुछ विवरण भी दिया है। इस लेख में दी हुई चौहानों की वंशावली बहुत शुद्ध है क्योंकि इसमें खुदे हुए नाम शेखावाटी के हर्षनाथ के मन्दिर में लगी हुई वि० स० १०३० की चौहान राजा सिंहराज के पुत्र विग्रहराज के समय की प्रशस्ति, किनसरिया (जोधपुर राज्य में) से मिले हुए साभर के चौहान राजा दुर्लभराज के समय के वि० स० १०५६ के शिलालेख तथा 'पृथ्वीराजविजय' महाकाव्य मे मिलने वाले नामो से ठीक मिल जाते हैं। उक्त लेख में लोलाक के पूर्व पुरुषो का विस्तृत वर्णन और स्थान-स्थान पर बनवाये हुए उनके मन्दिरादि का उल्लेख है। अजमेरके चौहान राजा पृथ्वीराज (दूसरे) ने मोराकुरीगांव और सोमेश्वर ने रेवणागाव पार्श्वनाथ के उक्त मन्दिर के लिये भेट किया था। "उन्नतिशिखरपुराण" भी लोलाक ने उसी संवत् मे यहाँ खुदवाया था और इस समय इस पुराण की कोई लिखित प्रति कहीं विद्यमान नहीं है। बीजोल्या के राव कृष्णसिंह ने इन दोनों चट्टानों पर पक्के मकान बनवा कर उनकी रक्षा का प्रशसनीय कार्य किया है। (पृ० ३६२–६४)

देलवाड़ा के जैनमन्दिर

एकलिंगजी चार मील उत्तर मे देलवाडा (देवकुल पाटक) गाँव वहाँ के झाला सरदार की जागीर का मुख्य स्थान है। यहाँ पहले बहुत से श्वेताम्बर-जैनमन्दिर थे, उनमें से तीन अब तक विद्यमान हैं, जिनको वसही (वसति) कहते है। इनमे से एक

आदिनाथ का और दूसरा पार्श्वनाथ का है। इन मन्दिरों तथा इनके तहखानों में रक्खी हुई भिन्न२ तीर्थंकरों, आचार्यों एवं उपाध्यायों की मूर्तियों के आसनों तथा पाषाण के भिन्न २ पट्टों आदि पर खुदे हुये लेख वि० स० १४६४ से १६८९ तक के हैं। पहले यहाँ अच्छे धनाढ्य जैनों की आबादी थी और प्रसिद्ध सोमसुन्दरिसूरि का जिनको 'वाचक' पदवी वि० स० १४५० (ई० स० १३९३) में मिली थी, कई बार यहाँ आगमन हुआ, उनका यहाँ बहुत कुछ सम्मान हुआ और उनके यहां आने के प्रसंग पर उत्सव भी मनाये गये थे, ऐसा 'सोमसौभाग्य' काव्य से पाया जाता है। कुछ वर्ष पूर्व यहाँ के एक मन्दिर का जीर्णोद्धार करते समय मन्दिर के कोट के पीछे के खेत में से १२२ जिन प्रतिमाएँ तथा दो एक पाषाण पट्ट निकले थे। ये प्रतिमाएँ मुसलमानों के चढ़ाइयों के समय मन्दिरों से उठाकर यहाँ गाढ दी गई हों, ऐसा अनुमान होता है। महाराणा लाखा के समय से पूर्व का यहाँ कोई शिलालेख नहीं मिलता। महाराणा मोकल और कुम्भा के समय यह स्थान अधिक सम्पन्न रहा हो, ऐसा उनके समय की बनी हुई कई मूर्तियों के लेखों से अनुमान होता है।' देलवाड़े के बाहर एक कलाल के मकान के सामने के खेत में कई विशाल मूर्तियाँ गढी हुई हैं, ऐसी खबर मिलने पर मैंने वहाँ खुदवाया तो चार बड़ी २ मूर्तियाँ निकलीं, जो खंडित थी और उनमें से, कोई भी महाराणा कुम्भा के समय से पूर्व की न थीं। (पृ०३६६-६७)।

केरड़ा का जैनमन्दिर—

उदयपुर-चित्तौड़गढ़-रेल्वे के करेडा स्टेशन के पास ही श्वेत पाषाण का बना हुआ पार्श्वनाथ का विशाल मन्दिर है । मन्दिर के मण्डप की दोनों तरफ छोटे २ मण्डप वाले दो और मन्दिर बने हुए हैं। उनमे से एक मडप में अरबी का एक लेख है, जो पीछे से मरम्मत कराने के समय वहाँ लगा दिया गया हो, ऐसा अनुमान होता है। मडप में जंजीर से लटकती हुई घंटियों की आकृतियाँ बनी हैं, जिस पर से लोगों ने यह प्रसिद्धि की है कि इस मन्दिर के बनाने में एक बनजारे ने सहायता दी थी, जिस से उसके बैलों के गले में बान्धी जाने वाली जजीर सहित घंटियों की आकृतियाँ यहाँ अकित की गई हैं, परन्तु यह भी कल्पना मात्र है, क्योंकि जैन, शैव, वैष्णवो के अनेक प्राचीन मन्दिरों के थंभो पर ऐसी आकृतियाँ बनी हुई मिलती हैं। जो एक प्रकार की सुन्दरता का चिन्ह मात्र था। मडपके ऊपरी भाग में एक ओर मसजिद की आकृति बनी हुई है जिसके विषय मे लोग यह प्रसिद्ध करते हैं कि जब बादशाह अकबर यहाँ आया था तब उसने इस मन्दिर में यह मसजिद की आकृति इस अभिप्राय से बनवादी थी कि भविष्य में मुसलमान इसे न तोडें, परन्तु वास्तव में मन्दिर के निर्माण कराने वालों ने मुसलमानों का यह पवित्र चिन्ह इसी विचार से बनवाया है कि इसको देखकर वे मन्दिर को न तोडें, जैसा कि मुसलमानों के समय के बने हुए अन्य मन्दिरादि के सम्बन्ध में ऊपर उल्लेख किया गया है। मन्दिर में श्याम वर्ण पाषाण की बनी

हुई पार्श्वनाथ की एक मूर्ति है, जिस पर खुदे हुए लेख से पाया जाता है कि वह वि० सं० १६५६ में बनी थी। लोग यह भी कहते हैं कि यहाँ मूर्ति के ठीक सामने के एक भाग में एक छिद्र था, जिसमें होकर पौष शुक्ला १० को सूर्य की किरणें इस प्रतिमा पर पड़ती थीं, उस समय यहाँ एक बड़ा भारी मेला भरता था, परन्तु महाराणा सरूपसिंह के समय से यह मेला बन्द हो गया। पीछे से जीर्णोद्धार कराते समय उधर की दीवार ऊँची बनाई गई, जिस से अब सूर्य की किरणें मूर्ति पर नहीं गिरतीं। थोड़े पूर्व इस मंदिर की फिर मरम्मत होकर सारे मन्दिर पर चूना पोत दिया गया जिससे इसके श्वेत पाषाण की शोभा नष्ट हो गई है। कई देशी एवं विदेशी श्वेताम्बर जैन यहाँ यात्रार्थ आते हैं और एक धर्मशाला भी यहाँ बन गई है।" (पृ० ३६७-६८)

२० नवम्बर सन् ३०

मेवाड़-गौरव

कुछ बात है जो हस्ती, मिटती नहीं हमारी।
सदियो रहा है दुश्मन, दौरे जहाँ हमारा॥

—"इकबाल"

विदेशीय—गुलाम, खिलजी, तुगलक, सैयद, पठान, और मुगल-वश के बादशाहों ने अपने अपने समय में भारत पर आक्रमण करके साम्राज्य स्थापित किये। वह आन्धी की तरह समस्त भारत में फैल गये, अच्छे अच्छे सत्ताधीश उखाड कर फेंक दिये गये किन्तु मेवाड़ चट्टान के समान अचल बना रहा, उसने अनेक आपत्ति के प्रलयकारी झोके सहन किये, तथापि वह अपनी मान-मर्यादा से तनिक भी विचलित नहीं हुआ। समस्त भारत में आतङ्क फैलाने वाले बादशाहों के साम्राज्य तो क्या, आज उनके वशजों के पास गज़ भर जमीन भी नहीं है, पर मेवाड़ अपनी उसी मर्यादा पर आज भी विद्यमान है, जो आज से १३०० वर्ष

हुई पार्श्वनाथ की एक मूर्ति है, जिस पर खुदे हुए लेख से पाया जाता है कि वह वि० सं० १६५६ में बनी थी। लोग यह भी कहते हैं कि यहाँ मूर्ति के ठीक सामने के एक भाग में एक छिद्र था, जिसमें होकर पौष शुक्ला १० को सूर्य की किरणें इस प्रतिमा पर पडती थीं, उस समय यहाँ एक बड़ा भारी मेला भरता था, परन्तु महाराणा सरूपसिंह के समय से यह मेला बन्द हो गया। पीछे से जीर्णोद्धार कराते समय उधर की दीवार ऊँची बनाई गई, जिस से अब सूर्य की किरणें मूर्ति पर नहीं गिरतीं। थोडे पूर्व इस मंदिर की फिर मरम्मत होकर सारे मन्दिर पर चूना पोत दिया गया जिससे इसके श्वेत पाषाण की शोभा नष्ट हो गई है। कई देशी एवं विदेशी श्वेताम्बर जैन यहाँ यात्रार्थ आते हैं और एक धर्म शाला भी यहाँ बन गई हैं।" (पृ० ३६७-६८)

२० नवम्बर सन् ३०

मेवाड़-गौरव

कुछ बात है जो हस्ती, मिटती नहीं हमारी।
सदियों रहा है दुश्मन, दौरे जहाँ हमारा॥

—"इकबाल"

विदेशीय—गुलाम, खिलजी, तुगलक, सैयद, पठान, और मुगल-वंश के बादशाहों ने अपने अपने समय में भारत पर आक्रमण करके साम्राज्य स्थापित किये। वह आन्धी की तरह समस्त भारत में फैल गये, अच्छे अच्छे सत्ताधीश उखाड कर फेंक दिये गये किन्तु मेवाड चट्टान के समान अचल बना रहा, उसने अनेक आपत्ति के प्रलयकारी झोंके सहन किये, तथापि वह अपनी मान-मर्यादा से तनिक भी विचलित नहीं हुआ। समस्त भारत में आतङ्क फैलाने वाले बादशाहों के साम्राज्य तो क्या, आज उनके वंशजो के पास गज़ भर जमीन भी नहीं है, पर मेवाड अपनी उसी मर्यादा पर आज भी विद्यमान है, जो आज से १३०० वर्ष

पूर्व था †। उसका एक एक अणु इस प्राचीन पद्य की साक्षी दे रहा है कि—

'जो दृढ़ राखै धर्म को, तिहि राखे कर्तार'

राजपूताने के आधुनिक प्रसिद्ध इतिहास-वेता श्री० ओझाजी लिखते हैं —

"इस छोटे से राज्य ने जितने वर्षों तक उस समय के सब से अधिक सम्पन्न साम्राज्य का वीरता पूर्वक मुक़ाबिला किया, वैसे उदाहरण सम्पूर्ण ससार के इतिहास में बहुत कम मिलेंगे।

केवल राजपूताने की रियासतो के ही नहीं, परन्तु संसार के अन्य राज्यों के राजवशों से भी उदयपुर का राजवश अधिक प्राचीन है। उदयपुर का राजवंश वि० सं० ६२५ (ई० स०५६८) के आसपास से लगाकर आज तक समय के अनेक हेर फेर सहते हुये भी उसी प्रदेश पर राज्य करता चला आ रहा है। १३५० से भी अधिक वर्ष तक एक ही प्रदेश पर राज्य करने वाला संसार

---

† उकाबी शान से झपटे थे, जो वे बालो-पर निकले।
सितारे शाम के खूने शफक में डूब कर निकले॥
हुये मदफून दरिया, पेर, दरिया तैरने वाले।
तमाचे मौज के खाते थे, जो बनकर गुहर निकले॥
गुबारे रहगुज़र हैं, कीमया पर नाज़ था जिनको।
जबीनें खाक पर रखते थे, जो अक्सीर गर निकले॥
हमारा नर्मरोकासिद पयामे जिन्दगी लाया।
खबर देती थी जिनको बिजलियाँवह बेखबर निकले॥

—"इक़बाल"

में शायद ही कोई दूसरा राजवंश होगा। प्रसिद्ध ऐतिहासिक-फरिश्ता ने इस वंश की प्राचीनता के विषय मे लिखा है — "राजा विक्रमादित्य (उज्जैन वाले) के बाद राजपूतों ने उन्नति की। मुसलमानों के भारतवर्ष में आगमन से पूर्व यहाँ पर बहुत से स्वतन्त्र राजा थे, परन्तु सुलतान महमूद गज़नवी तथा उसके वंशजों ने बहुतों को अपने आधीन किया। तदनन्तर शहाबुद्दीन गौरी ने अजमेर और दिल्ली के राजाओं को जीता। बाकी रहे सहे को तैमूर के वंशजों ने अपने आधीन किया। यहाँतक कि विक्रमादित्य के समय से जहाँगीर तक कोई पुराना राजवंश न रहा, परन्तु राणा ही ऐसे राजा हैं, जो मुसलमान धर्म की उत्पत्ति से पहले भी विद्यमान थे और आज तक राज्य करते हैं।' केवल प्राचीनता में ही नहीं, अन्य बहुत सी बातों के कारण मेवाड़ (उदयपुर) का इतिहास बहुत महत्वपूर्ण है। मेवाड का इतिहास अधिकांश में स्वतन्त्रता का इतिहास है। जब तत्कालीन सभी हिन्दू राजा मुग़ल-साम्राज्य की शासन-सत्ता के सामने अपनी स्वतन्त्रता स्थिर न रख सके और उन्होंने अपने सिर झुका लिये, तब भी नाना प्रकार के कष्ट और अनेक आपत्तियाँ सहते हुये भी मेवाड़ ने ही सांसारिक सुख-सम्पत्ति और ऐश्वर्य्य का त्याग करके भी अपनी स्वतन्त्रता और कुल-गौरव की रक्षा की। यही कारण है कि आज भी मेवाड़ (उदयपुर) के महाराणा 'हिन्दुआ सूरज' कहलाते हैं।" ‡

‡ उदयपुर राज्य का इतिहास भू० पृ० २।

अपनी आन और मान पर स्थिर रहने वाले जिस मेवाड ने लगातार ८०० वर्ष तक विदेशीय बादशाहों से युद्ध करके लोहा लिया और समस्त संसार में अपना आसन ऊँचा किया है। उसी मेवाड़ के मन्त्री, कोषाध्यक्ष दण्ड-नायक आदि जैसे जिम्मेदारी के पदों पर अनेक जैनधर्मावलम्बी प्रतिष्ठित होते रहे हैं। जब कि उस युद्ध-काल के समय में अच्छे २ कुलीन राजपूत नरेश, बादशाहों की ओर मिल रहे थे, विश्वासघात और षड्यन्त्रों का बाज़ार गर्म था। भाई को भाई निगल जाने की ताक में लगा हुआ था, सगे से सगे पर भी विश्वास करने के लिये दिल नहीं ठुकता था। तब ऐसी नाजुक परिस्थिति में ऐसे प्रतिष्ठित और जोखिमदारी के पदों पर पुश्त दर पुश्त आसीन होते रहना क्या कुछ कम गौरव और ईमानदारी का प्रमाण है?

राजपूताने में जहाँ आठसौ वर्ष तक प्रलयकारी युद्ध होता रहा, पल-पल में मान-मर्यादा के चले जाने का भय बना रहता था ज़रा से प्रलोभन में आजाने या दाव चूक जाने से सर्वस्व नष्ट हो जाने की सम्भावना बनी रहती थी, तब वहाँ इन नर-रत्नों ने कैसे२ आदर्श, वीरता, त्याग आदि के उदाहरण दिखाये, वह आज ससार-सागर में विलीन हैं। इसका कारण यही है कि आज से कुछ दिन पूर्व हमारे यहाँ केवल राजाओं और बादशाहो के जीवन-चरित्र लिखने की परिपाटी थी। सर्व साधारण में कोई कितना ही वीर, सदाचारी प्रतिष्ठित और महान् क्यों न होता, पर, उसके जीवन-सम्बन्धी घटनाओं के लिखने की कोई आवश्य-

करता महसूस ही नहीं करता था। यही कारण है कि आज तक भारत के अनेक नर-रत्नों के सम्बन्ध में ऐतिहासिक मतभेद चला आता है—जैसा चाहिये वैसा उनका परिचय ही नहीं मिलता। यही हाल राजपूताने के जैन-वीरों के सम्बन्ध में है। ये बिचारे प्रधान, मन्त्री, कोषाध्यक्ष, दण्डनायक आदि सब कुछ रहे, अनेक महान् कार्य किये, फिर भी इनके सम्बन्ध में कुछ लिखा नहीं मिलता। अस्तु

प्रसंगवश जहाँ कहीं थोडा बहुत उल्लेख मिलता है, उस से ही पूर्वापर सम्बन्ध मिलाकर पाठक जान सकेंगे कि उन्होंने क्या कुछ कार्य किये।

१ अक्टूबर सन् ३२

मेवाड के वीर

राणी जयतल्लदेवी

मेवाड का राज्यवश शैव है इस शिशोदयावंश में शिव की उपासना होती रही है किन्तु कुछ उल्लेख ऐसे भी मिले हैं जिन से प्रकट होता है कि इस राज्यवश मे जैनधर्म के प्रति भी आदर रहा है। यहाँ तक कि कुछ राणा और राणियाँ तो जैनधर्म के उपासक प्रकट रूप में भी रहे हैं। एक बार रा० रा० वासुदेव गोविन्द आपटे बी ए ने अपने व्याख्यान में कहा था—"कर्नल टॉड साहब के राजस्थानीय इतिहास में उदयपुर के घराने के विषय मे ऐसा लिखा गया है कि कोई भी जैनयति उक्त संस्थान मे जब शुभागमन करता है, तो रानी साहिबा उसे आदरपूर्वक लाकर योग्य सत्कार प्रबन्ध करती हैं, इस विनय प्रबन्ध की प्रथा वहाँ अब तक जारी है †।" उक्त विद्वान् का कथन सर्वथा सत्य है।

† जैनधर्म का महत्व प्र० भा० पृ० ३२।

इस गये गुजरे जमाने मे भी जब कि जैनियों का कोई विशेष प्रभाव नहीं है, महाराणा फतहसिंह (प्रताप के सुयोग्य वशधर जिनका दो वर्ष पूर्व स्वर्गवास हो गया है) ने श्रीकेशरिया के मदिर मे करीब ढाई लाख की भेट दी थी, उसी समयका श्री ऋषभनाथ को नमस्कार करते हुये युवराज भूपालसिंह (वर्तमान महाराणा) सहित चित्र भी मिलता है प्रसिद्ध वक्ता मुनि चौथमल के उपदेश से अपने यहाँ कुछ पशुवध पर प्रतिवन्ध भी लगाया था।

लिखने का तात्पर्य्य केवल इतना है कि शैवधर्म की इस वश मे मान्यता होते हुये भी जैन-धर्म को भी इस राज्यघराने मे काफी आदर मिला है। यही कारण है कि उक्त राज्य में प्राय जैनधर्मी ही मुख्यता से मंत्री और कोषाध्यक्ष रहे हैं, जैन यतियों ने प्रशस्तियाँ लिखी हैं और कितने ही इस घराने की ओर से जैन मन्दिर निर्माण हुये हैं।

जो प्रकटरूप से जैनधर्मी हुये हैं यहाँ उन्हीं का उल्लेख किया जायगा। राणी जयतल्लदेवी महाराणा तेजसिंह (वि०स० १३२२ ई० सन १२६५) की पटरानी और वीरकेसरी समरसिंहकी माता थी। इसकी जैनधर्म पर पूर्ण श्रद्धा थी। इसने अनेक जैन-मन्दिर वनवाये। श्री० ओझाजी लिखते हैं – "तेजसिंह की राणी जयतल्लदेवीने जो समरसिंह की माता थी, चित्तौड पर श्याम पार्श्वनाथ का मन्दिर वनवाया था।" ‡ "ऑचलगच्छ की पट्टावलि से पाया जाता है कि उक्त गच्छ के आचार्य अमितसिंह सूरी के उपदेश से

‡ राजपूताने का इ० पृ० ४७२।

रावल समरसिंह ने अपने राज्य में जीव-हिंसा रोक दी थी। समरसिंह की माता जयतल्लदेवी की जैनधर्म पर श्रद्धा थी, अत उसके आग्रह से या उक्त सूरी के उपदेश से उसने ऐसा किया हो, यह सम्भव है।" ‡

उक्त दो अवतरणों से प्रकट है कि राणी जयतल्लदेवी जैनधर्मावलम्बनी थी, उसने समरसिंह जैसे शूरवीर को प्रसव किया था, जो ऐतिहासिक क्षेत्र में अपनी वीरता के लिये काफी प्रसिद्ध हैं।

[२० अक्तूबर सन् ३२]

कर्माशाह

मेवाड-नरेश राणा सग्रामसिंह के पराक्रमकारी पुत्र रत्नसिंह के मंत्री कर्माशाह (कर्मसिंह) ने अपने जीवन में क्या क्या लोकोत्तर कार्य किये, इस का कोई विवरण उपलब्ध नहीं होता। केवल "एपिग्राफिआ इण्डिका"– २।४२–४७ में उस के सम्बन्ध का शत्रुञ्जयतीर्थ (काठियावाड में पालीताणा के पास) पर से मिला हुआ एक शिलालेख प्रकट हुआ था। जिसको कि मुनि जिनविजयजी ने अपने "प्राचीन जैन-लेख-सग्रह" (द्वितीय भाग) पृ० १–७ में अंकित किया है। यह लेख शत्रुञ्जय पर्वत के ऊपर बने हुये मुख्य मन्दिर के द्वार के बाईं ओर एक स्तम्भ पर मोटी शिला पर सस्कृत लिपि में खुदा हुआ है। इस लेख में

‡ राजपूताने का इ० पृ० ४७७

केवल ५४ पक्ति हैं और प्रत्येक पंक्ति में ४० से ५० अक्षर अंकित हैं। इस लेख में विक्रम संवत् १५८७ में चित्रकूट (चित्तौड) निवासी ओसवाल-कुल-मणि कर्माशाह द्वारा शत्रुजय का पुनरुद्धार तथा नवीन प्रतिष्ठा कराये जाने का वर्णन है।


प्रारम्भ में इस शिलालेख की गद्य पक्तियों मे लिखा है कि "संवत् १५५७ में जिस समय कर्माशाह ने प्रतिष्ठा कराई तब उस समय गुजरात में सुलतान वहादुरशाह राज्य करता था और वहादुरशाह की ओर से सौराष्ट्र (सोरठ-काठियावाड) का राज्य-कारोबार सूबेदार मक्कादरखान (अगरमुक्काहिंदरखान) चलाता था।

पद्य १ से ७ में मेदपाट (मेवाड़) की राजधानी चित्रकूट (चित्तौड) और उसके १ कुँभराज, २ राजमल्ल, ३ सग्रामसिंह, और ४ रत्नसिंह इन चार राजाओ का उल्लेख है। प्रतिष्ठा-समय राणा रत्नसिंह राज्य करता था। ८ से २२ तक के श्लोकोमें कर्मा-शाह के वश और कुटुम्ब का सक्षिप्त वर्णन है। यथा —गोपगिरि (वर्तमान ग्वालियर) मे श्री आमराज एक राजपूत निवास करते थे। वह वप्पभट्टिसूरि जैनाचार्य के उपदेश से प्रभावित हो कर जैनधर्म में दीक्षित हो गये। उनकी वैश्यकुलोत्पन्न सहधर्मिणी की कूख से एक पुत्र-रत्न हुआ, जो राजकोठारी (भण्डारी) प्रसिद्ध हुआ और वह ओसवाल जाति में सम्मलित किया गया।

इसी वंश में पीछे एक सारणदेव प्रसिद्ध पुरुष हुआ जिसकी ९वीं पीढी में इस तीर्थोद्धार के कर्ता कर्माशाह ने जन्म लिया।

वे पीढी निम्न प्रकार हैं —

* वंश वृक्ष *


सारणदेव
रामदेव
लक्ष्मीसिंह
भुवनपाल
श्रीभोजराज
ठक्करसिंह
खेता
नरसिंह
तोलाशाह
(स्त्री तारादे उपनाम लीलू)
रत्नाशाह पोमाशाह गणाशाह दशरथ भोजशाह कर्माशाह सूहवि(पुत्र
रजमलदे पद्मादे गउरादे देवलदे भावलदे कमलदे
स्त्री
पाटमदे गारवदे दूरमदे हर्षमदे कपूरदे
श्रीरंग माणिक,हीरा देवा कोल्हा मडन
भीखजी सोभावाई सोनावाई मनावाई पनावाई

कर्माशाह का पिता तोलाशाह महाराणा साँगा का परम मित्र था। महाराणा ने उसे अपना अमात्य बनाना चाहा परन्तु उसने आदर पूर्वक उसका निषेध कर केवल श्रेष्टी पद ही स्वीकार किया वह बड़ा न्यायी, विनयी, दाता, ज्ञाता, मानी और धनी था। याचकों को हाथी, घोड़े, वस्त्र, आभूषण आदि बहुमूल्य चीजें दे देकर कल्पवृक्ष की तरह उनका दारिद्र नष्ट कर देता था। जैनधर्म का पूर्ण अनुरागी था।

धर्मरत्नसूरि सघ के सहित यात्रा करते करते जब चित्रकूट में आये तब सूरिजी का आगमन सुनकर महाराणा साँगा अपने हाथी, घोडे, सैन्य और वादित्र वगैरह लेकर उनके सन्मुख गये। सूरिजी को प्रणाम कर उनका सदुपदेश श्रवण किया। बाद में बहुत आडम्बर के साथ सघ का प्रवेशोत्सव किया और यथायोग्य सब सघजनों को निवास करने के लिए वासस्थान दिये। तोला शाह भी अपने पुत्रों के साथ संघ की यथेष्ट भक्ति करता हुआ सूरिजी की निरन्तर धर्म देशना सुनने लगा। राणा भी सूरिजी के पास आते थे और धर्मोपदेश सुना करते थे। सूरिजी के उपदेश से सतुष्ट होकर राणा (साँगा) ने पाप के मूल भूत शिकार आदि दुर्व्यसनों को त्याग दिया।

वहाँ पर एक पुरुषोत्तम नामक ब्राह्मण था जो बड़ा गर्विष्ट विद्वान और दूसरों के प्रति असहिष्णुता रखने वाला था। सूरिजी ने उसके साथ राजसभा में सात दिन तक वादविवाद कर उसे

पराजित किया इस बात का उल्लेख एक दूसरी प्रशस्ति में भी किया हुआ है। यथा—

कीर्त्या च वादेन जितो महीपान द्विधा द्विजो पै रिह चित्रकूटे।
जितश्चित्रकूटे नृपतेः समक्ष महोभिरहयान तुरङ्ग सख्यैः॥

कर्माशाह मंत्री होने से पूर्व कपड़े का व्यापार करता था। बगाल और चीन वगैरह देशों से करोड़ों रुपयों का माल उस की दुकान पर आता जाता था। इस व्यापार मे उसने अपरिमित रूप में द्रव्य की प्राप्ति की थी। शाहजादा बहादुरखान ने भी कर्माशाह की दुकान से बहुतसा कपडा खरीदा था। जो पीछे से बहादुर शाह के नाम से प्रसिद्ध हुआ। शाहजादे की अवस्था में जब वह उधर आया तो आवश्यकता होने पर कर्माशाह ने एक लाख रुपये बिना किसी शर्त के दिये। इसी उपकार के बदले में उसने जब बादशाह हुआ शत्रुञ्जय के उद्धार करने की तथा मदिर बनाने की इजाजत दी। कर्माशाह ने करोडों रुपये इसमें खर्च किये जिसका वर्णन प्रशस्ति में मिलता है।

शिलालेखों एवं प्रशस्तियों में कर्माशाह का नाम कर्मसिंह भी मिलता है। इसके पूर्वजों के नाम भी सिंहान्तक हैं।

लिखने का अभिप्राय यह है कि जब से क्षत्रियों के नाम सिंहान्तक इतिहास में पाये जाते हैं तब ही से जैन क्षत्रियों (महाजनों) के भी मिलते हैं।

प० गौरीशकरजी ने कर्मसिंह को महाराणा रत्नसिंह का मंत्री लिखा है। वह समय लड़ाइयों का था, अतएव वह अवश्य वीर

होना चाहिये।

प्रशस्ति में लिखा है —

'श्री रत्नसिंह राज्ये राज्य व्यापार भार धौरेयः'

अर्थात् वह रत्नसिंह के राज्य में राज्य और व्यापार दोनों में धूरी था।

इसके पिता तोलाशाह सांगा के परम मित्र थे। साँगा जैसे वीर प्रकृति के पुरुष की मित्रता वीर ही से हो सकती है।

राणा रत्नसिंह के दरबार में कर्माशाह का अत्यधिक मान था। वह राज-काज में प्रवीण और राणा रत्नसिंह का प्रधान था।

२४ से ३२ पद्य में कहा है कि कर्माशाह ने सुगुरु के पास श्री शत्रुजयतीर्थ का माहात्म्य सुन कर उस के पुनरुद्धार करने की इच्छा प्रकट की और गुजरात के सुलतान बहादुरशाह के पास से उद्धार कराने के सम्बन्ध में स्फुरन्मान (फर्मान) लेकर कर्माशाह ने अगणित द्रव्य व्यय करके सिद्धाचल का शुभ उद्धार किया। १५८७ और शक स० १४५३ वैशाख कृष्ण ६ को अनेक श्रावक और अनेक मुनि आचार्यों के सम्मेलन में कल्याणकारी प्रतिष्ठा कराई।

पीछे के पद्यों में कर्माशाह के इस कार्य के करने के लिये उस की प्रशसा लिखी हुई है।

इस उद्धार के काम के लिये तीन सूत्रधार (सुथार) अहमदाबाद से और १९ चित्तौड से गये थे। मुसलमानों के समय में नवीन मन्दिर तो क्या प्राचीन मन्दिर ही नहीं रहने पाते थे। फिर

भी ऐसी विपरीत स्थिति में कर्माशाह ने शत्रुञ्जय का जीर्णोद्धा कराया, इससे उसकी निर्भयता, राज्यप्रतिष्ठा और जैनधर्म के प्रति अटूट श्रद्धा का परिचय मिलता है।

[१३ जनवरी सन् ३३]

आशाशाह की वीर-माता

जननी जन तो भक्त जन या दाता या सूर।
नहीं तो रहना बाझ ही वृथा गँवा मत नूर॥

—अज्ञात

आशाशाह की वीर-माता का नाम ऐतिहासिक विद्वानों क ज्ञात नहीं, वह कीमती मोती की भान्ति अन्तस्थल में छुपा हुआ है, फिर भी उसकी प्रखर आभा ससार को बला अपनी ओर आकर्षित कर रही है। अपने जीवन में उसने क्य क्या लोकोपयोगी और वीरोचित कार्य किये? उसका निर्म चरित्र और कोमल स्वभाव कितना बढ़ा चढा था? वह सब कु अन्धकार में विलीन हो गया है। तो भी उसके जीवन का केव एक कार्य ही ऐसा है जो हमारी आँखें खोलता है और उसक मनोवृत्ति पर काफी प्रकाश डालता है। पूर्व युग मे सर्व साधार के विषय में कुछ लिखा जाय, ऐसी भारत में प्रथा ही न थी केवल राजे महाराजों के गीत गाये जाते थे, यही कारण है कि ह इस वीर माता के लोकोत्तर कार्यों से अनभिज्ञ हैं, हमे अपनी इ अज्ञानता पर तरस आता है।

इस देवी ने हिन्दु-कुल-तिलक महाराणा प्रताप के पिता उदय-सिंह की—जब कि वह निरा बालक था—प्राण-रक्षा की थी, उस निराश्रय को अपने कुटुम्ब का मोह छोड कर आश्रय दिया था। यही कारण है कि राणा उदयसिंह के सम्बन्ध मे लिखते हुये टॉड् साहब को अपने राजस्थान में प्रसङ्ग वश इस देवी का उल्लेख भी दो लाइन में करना पडा है।

चित्तौड के राज्यासन पर बैठते ही दासी-पुत्र बनवीर का हृदय बदल गया, उसे वे पिये ही दो बोतल का नशा रहने लगा। स्वार्थ-परता कृतज्ञता को धर दबाती है, लोभ दया को स्थिर नहीं रहने देता। जो बनवीर विक्रमाजित को गद्दी से उतार कर राज्य-प्राप्त करना घोर पाप समझता था, वही बनवीर राज्यासन पर बैठते ही सदा निष्कटक राज्य करते रहने की कूट नीति सोचने लगा †। वह राज्य के यथार्थ उत्तराधिकारी बालक उदयसिंह को अपने पथ में काँटा समझ कर उसे मिटा देने के लिये क्रूर रात्रि की बाट जोहने लगा। धीरे २ रात्रि हो गई। कुमार उदयसिंह ने भोजनादि करके शयन किया। उनकी धाई बिस्तरे पर बैठ सेवा करने लगी। कुछ विलम्ब के पीछे रणवास मे घोर आर्तनाद और रोने का शब्द सुनाई आने लगा। इस शब्द को सुन कर

† यह बनवीर दासी पुत्र था और उदयसिंह का रिश्ते में चाचा लगता था। राणा सग्रामसिंह के स्वर्गासीन होने पर उसके पुत्र क्रमश रत्नसिंह और विक्रमाजित मेवाड के अधीश्वर हुये, किन्तु विक्रमाजित अयोग्य था इसलिये मेवाड हितैषी सरदारों ने विक्रमाजित को हटा कर बालक उदयसिंह के बालिग होने तक बनवीर को चित्तौड के राज्यासन पर अभिशिक्त कर दिया था।

आता, निरपराधियों और वेकसों को अत्याचारियो के चगुल से सामर्थ्य रहते हुये भी नही वचा सकता, निराश्रयो को आश्रय नहीं दे सकता, ऐसे अधम को ससार में जीने का अधिकार नहीं। आ, जिन हाथों से लोरियाँ गा-गा कर तुझे इतना वडा किया, आज उन्हीं हाथो से तेरा जीवन समाप्त करदूँ।"

इतना कहकर वह भूखी शेरनी की भांति आशाशाह पर झपट पडी और चाहती थी कि ऐसे नराधम, भीरु, कायर और अधर्मी पुत्र का गला घोट दूँ, कि आशाशाह अपनी वीर-माता के पावों मे गिर पडा, उसकी भीरुता हिरन होगई। वह घुटने टेक अश्रुविन्दुओ से अपनी वीर-माता के चरण-कमलों का अभिषेक करने लगा। वह मातृ-भक्त गद्-गद् कण्ठ से वोला— माँ! तुम्हारा पुत्र होकर भी मैं यह भीरुता कर सकता था? क्या सिंहनी-पुत्र शृगाल के भय से अपने धर्म से विमुख हो सकता है? क्या प्राणो के तुच्छ मोह मे पडकर मैं शरणागत की रक्षा न करके अपने धर्म से विमुख होसकता था? मेरी अच्छी अम्मा! क्या वास्तव में तुम्हें यह भ्रम होगया था?"

आशाशाह के वीरोचित शब्द सुनकर वीर-माता का हृदय उमड आया, वह उसके सिर पर प्यार से हाथ फेरने लगी। आशाशाह माता का यह व्यवहार देखकर मुस्करा कर वोला — "माँ यह क्या? कहाँ तो तुम मेरा जीवन समाप्त कर देना चाहती थीं और कहाँ "

वीर-माता वात काट कर वोली, वेटा क्षत्राणिओं का अद्भुत

स्वभाव होता है। वह कर्तव्य-विमुख पुत्र या पति का मुँह देखना नहीं चाहती, किन्तु कर्तव्य-परायण की वह बलैयाँ लेती हैं, उनके लिये मिट जाती हैं।"

वीर आशाशाह ने कुमार उदयसिंह को अपना भतीजा कहके प्रसिद्ध किया और युवा होने पर आशाशाह ने उदयसिंह को अन्य सामन्तों की सहायता से चित्तौड का सिंहासन दिला दिया। जबकि मेवाड के बडे-बड़े सामन्त, राज्य से बड़ी-बडी जागीर पाने वाले चित्तौडके यथार्थ उत्तराधिकारी कुमार उदयसिंह को शरण न दे सके, तब एक जैन-कुलोत्पन्न महिला ने जो कार्य किया वह अवश्य ही सराहने योग्य है। आज भी इस सभ्यता के युग मे जब कि हर-प्रकार की शिकायतों के लिये न्यायालय खुलेहुए हैं राजद्रोही को शरण देने वाला दण्डनीय होता है। तब उस ज़माने मे जब कि राजा ही सर्वे-सर्वा होता था, वह बिना किसी अदालत के अपनी इच्छानुसार मनुष्यों के प्राण हरण कर सकता था, तब ऐसे सकटके समयमे भी उस महिलारत्न ने जो कार्य कर दिखाया था, वह आदर्श है। यदि इसी प्रकार आज भी जैन-माताएँ अपने पुत्रों को सत्यासत्य कर्तव्य का बोध कराती रहें तो शीघ्र ही इस दुखिया भारत का बेडा पार हो जाये।

अभयदान पै वारिये; अमित यज्ञ को दान।

—श्रीवियोगिहरि

[२४ अक्टूबर सन् ३२]

नोट— यह लेख जैनप्रकाश दिसम्बर सन् २८ में प्रकाशित होचुका है अब कुछ परिवर्तन करके पुन लिखा गया है।

भामाशाह का घराना

भारमल

भारमल कावड़िया गोत्रोत्पन्न ओसवाल जाति का महाजन था। मेवाड़ के प्रसिद्ध शूरवीर महाराणा साँगा ने इसको वि० स० १६१० ई० स० १५५३ में अलवर से बुलाकर रणथम्भोर का किलेदार नियत किया था। पीछे से जब हाडा सूरजमल बून्दीवाला वहाँ का क़िलेदार नियत हुआ, उस समय भी रणथम्भोर का बहुत सा काम इसी के हाथ में था †। राणा उदयसिंह के शासन-काल में यह उनके प्रधान पद पर प्रतिष्ठित हुआ। इसके सम्बन्ध की युद्ध-घटनाओं का अभी तक कोई विवरण उपलब्ध नहीं हुआ है। फिर भी महाराणा संग्रामसिंह जैसे प्रसिद्ध-युद्ध-प्रिय व्यक्ति द्वारा इसका अलवर से बुलाया जाना, रणथम्भोर जैसे किले का किलेदार नियत होना और फिर किलेदार से एकदम राणा उदयसिंह का मन्त्री होना ही इसके वीरत्व और राज्य-नीतिज्ञ होने के काफी प्रमाण हैं। इसी को मेवाड़ोद्धारक भामाशाह और ताराचन्द्र के भाग्यशाली पिता होने का गौरव प्राप्त हुआ था।

सूर-सुतहिं जग जन्म-सग, सहज जग जागीर।
सँवर-मरण मे सब मिल्यौ, अरु खिताब रण-धीर॥

—वियोगिहरि

[२५ अक्टूबर सन् ३२]

† राजपूताने का इ० ती० स० पृ ७४३।

ताराचंद

खण्ड-खण्ड है जाय धरु, देतु न पाछे पैंड़।
लरत सूरमा खेत की मरत न छाडतु मेड़ ॥

—वियोगिहरि

वीर ताराचन्द राणा उदयसिंह के प्रधान भारमल का सुयोग्य पुत्र और मेवाडोद्धारक भामाशाह का भाई था। यह स्वभाव से ही वीर प्रकृति का मनुष्य था। हल्दी-घाटी का युद्ध कैसा भयानक हुआ? इसकी साक्षी इतिहास के पृष्ठ पुकार २ कर दे रहे हैं †। २१ हजार राजपूतों ने मेवाड की स्वतन्त्रता के

† इस इतिहास प्रसिद्ध हल्दीघाटी के प्रति श्री० सोहनलाल द्विवेदी ने लिखा है —

वैरागिनि-सी बीहड वन में, कहाँ छिपी बैठी एकान्त।
मात आज तुम्हारे दर्शन को, मैं हूँ व्याकुल उद्भ्रान्त॥
तपस्विनी, नीरव निर्जन में, कौन साधना में तल्लीन।
बीते दिन की मधुरस्मृति में क्या तुम रहती हो लवलीन॥
जगतीतल की समरभूमि में, तुम पावन हो लाखों में।
दर्शन दो, तव चरण-धूलि, ले लूँ मस्तक में, आँखों में॥
तुम मे ही हो गये वतन के लिए अनेकों वीर शहीद।
तुम-सा तीर्थस्थान कौन, हम मतवालों के लिए पुनीत॥
आजादी के दीवानों को, क्या जग के उपकरणों में।
मन्दिर मसजिद गिरजा सब तो, बसे तुम्हारे चरणों मे॥

मेवाड के इतिहास में पढा होगा † इसी युद्ध में राणा प्रताप की ओर से वीर भामाशाह और उसका भाई ताराचन्द भी लडा था ‡ २१ हजार राजपूतो ने असंख्य यवन-सेना के साथ युद्ध करके स्वतन्त्रता की वेदी पर अपने प्राणों की आहुति दे दी, किन्तु दुर्भाग्य कि वे मेवाड को यवनों द्वारा पदुदलित होने से न बचा सके। समस्त मेवाड पर यवनो का आतङ्क छा गया। युद्ध-परित्याग करने पर राणा प्रताप मेवाड़ का पुनरुद्धार करने की प्रबल आकाक्षा को लिये हुये वीरान जगलो में भटकते फिरते थे। उनके ऐशोआराम मे पलने योग्य बच्चे, भोजन के लिये उनके चारों तरफ रोते रहते थे। उनके रहने के लिये कोई सुरक्षित स्थान न था। अत्याचारी मुगलों के आक्रमणों के कारण बना बनाया भोजन राणाजी को पाँचवार छोड़ना पडा था। इतने पर भी आन पर मिटने वाले समर-केसरी प्रताप विचलित नहीं हुये। वह अपने पुत्रों और सम्बन्धियों को

† हल्दीघाटी का यह विख्यात युद्ध १८ जून सन् १५७६ ईस्वी को एक घडी दिन चढे आरम्भ हुआ था और उसी दिन सायकाल तक समाप्त होगया था। (चान्द वर्ष ११ पूर्ण सख्या १२२ पृ० ११८) और अब हर्ष है कि कुछ वर्षों से ज्यष्ठ शुक्ला ७ का इस स्वतन्त्रता बलिदान दिवस की पवित्र स्मृति में कुछ कर्म वीरों ने वहाँ मेले का आयोजन करके किसी कवि के निम्न उद्गारों की पूर्ति की है—

शहीदों के मजारों पर जुडेंगे हर बरस मेले।
वतनपर मरने वालों का यही बाकी निशा होगा॥

‡ राजपूताने का इतिहास तीसरा खण्ड पृ० ७४३।

प्रसन्नता पूर्वक रणक्षेत्र में अपने साथ रहते हुये देखकर यही कहा करते थे कि "राजपूतो का जन्म ही इसलिये होता है।" परन्तु उस पर्वत जैसे स्थिर मनुष्य को भी आपत्तियों के प्रलयकारी झोकों ने विचलित कर दिया। एक दफा जगली अन्न के आटे की रोटियाँ बनाई गई और प्रत्येक के भाग मे एक एक रोटी—आधी सुबह और आधी शाम के लिये—आई। राणा प्रताप राजनैतिक पेचीदा उलझनो के सुलझाने में व्यस्त थे, वे मातृ-भूमि की परतत्रता से दुखी होकर गर्म निश्वास छोड रहे थे कि, इतने में लडकी के हृदय-भेदी चीत्कार ने उन्हें चौंका दिया। बात यह हुई कि एक जगली बिल्ली छोटी लडकी के हाथ में से रोटी को छीन कर लेगई, जिससे कि वह मारे भूख के चिल्लाने लगी। ऐसी ऐसी अनेक आपत्तियो से घिरे हुये, शत्रु के प्रवाह को रोकने में असमर्थ होने के कारण, वीर चूडामणि प्रताप मेवाड छोडने को जब उद्यत हुए तब भामाशाह राणाजी के स्वदेश-निर्वासन के विचार को सुनकर रो उठा। इस करुण दृश्य को कविवर लोचनप्रसादजी पाण्डेय ने (खडवा से प्रकाशित ५ जून सन १९१३ की प्रभा मे) इस प्रकार चित्रित किया था —

(१)

"राणा मेवाड-स्वामी अहह! कर रहे आज हैं देश त्याग,
वश, ख्याति, प्रतिष्ठा-हित दुख बन के, ले रहे सानुराग।"
पाते ही वृद्ध मत्री वह वणिक, अहो! वृत्त ऐसा दुरन्त,
घोडे पै हो सवार प्रखर गति चला शाहभामा तुरन्त॥

(१२)

योद्धा थे साथ में, थे धन जन, न रहा साधनों का अभाव
मन्त्री ! मैंने दिखाये तब तक अपने क्षात्र-शक्ति प्रभाव।
हो कैसे, भोजनों का दुख जब हम को सालता रोज हाय!
रक्षा वंश-प्रतिष्ठा तब अब अपनी, है कहो, क्या उपाय ?

(१३)

रोते हैं राजपुत्र, क्षुधित दुखित हो, अम्ब की ओह देख!
छाती जाती फटी है तब इस शठ की हाय ! रे कर्म-रेख !!
ऐसी दीन दशा में कबतक रिपु से युद्ध हा हा ! करूँगा ?
क्या श्री स्वाधीनता को अकबर-कर में सौंप, स्वाहा करूँगा ?

(१४)

पीछे पीछे सदा ही अहह ! फिर रही शत्रु-सेना हमारे।
धीरे धीरे कुटुम्बी सुभट हत हुये युद्ध में हाय सारे !!
सामग्री एक भी है, समर-हित नहीं पास में और शेष,
भागी भागी प्रजा भी, समय फिर रही, भोगती घोर क्लेश !!

(१५)

हे मन्त्री ! सामना मैं कर अब सकता शत्रुओं का न और,
जाता हूँ मातृ-भू को तजकर, इस से दुःख में अन्य ठौर।
मेरी प्यारी प्रजा को अमित दुःख मिले नित्य मेरे निमित्त,
तौभी स्वातन्त्र्यरूपी, वह अहह नहीं पासकी श्रेष्ठ वित्त !!

(१६)

क्या ही निश्चिन्तता से भय तज रिपु का सिन्धु के पार जाके
हे हे मन्त्री ! रहूँगा सुख सहित नया रक्षित स्थान पाके।
मेवाडोद्धार हेतु प्रमुदित करके राज्य की स्थापना मैं,
भीलों की सैन्य लूंगा अगणित धन के साथ ही मैं बना मैं !!

(१७)

व्रीडा-पीडा निराशा भरित वचन ये, भूप के वृद्ध मन्त्री—
शोकार्त होगया हा ! श्रवण कर, गई टूटसी प्राण-तन्त्री
पैरों में वृद्ध मंत्री गिरकर नृप के वृक्ष छिन्न लता से,
श्री राणा से लगा यों तब, फिर करने प्रार्थना नम्रता से ॥

(१८)

स्वामी हो आप नामी इस अनचर की देह के अन्नदाता,
खाया है अन्न मैंने तव, अबतक हूँ आपका अन्न खाता,
है द्वारा देह की जो रुधिर, वह बना अन्न से आप ही के,
स्वामी हो आप मेरे, तन, धन, जन के भूमि सभी के ॥

(१९)

मेरा सर्वस्व ही है तन-सहित प्रभो ! भूपते ! आपका ही,
भागी हूँगा न दूँ जो तन धन नृप के हेतु, मैं पाप का ही ।
जूता मैं श्री पदों के हित यदि बनवा देह की चर्म से दूँ,
तो भी है हाय ! थोड़ा यदि तव ऋण को मूढ मैं घर्म से दूँ ॥

(२०)

है ही क्या शक्ति ऐसी प्रभूवर ! मुझमें दे सकूँ जो सहाय !
सिंहों की गीदड़ों से कब विपद घटी बोलिये, हाय ! हाय !!
तो भी है पास मेरे कुछ धन जिसको सौंपता आपको मैं,
पाके सो भूप ! जीते, नहीं सह सकता मातृ-भू-ताप को मैं ॥

(२१)

कीजे रक्षा प्रजा की इस धन-बल से देश की जाति की भी,
कीजे हे भूप ! रक्षा इस धन-बल से वंश की, ख्याति की भी।
होगी सर्वेश को जो अतुलित करुणा, बात सारी बनेगी,
जीतेंगे शत्रुओं को, विषम विपद में शीघ्र सारी कटेगी ॥



राणा प्रताप और भामाशाह

(१७)

ब्रीड़ा-पीड़ा निराशा भरित वचन ये, भूप के वृद्ध मन्त्री—
शोकार्त होगया हा ! श्रवण कर, गई टूटसी प्राण-तन्त्री
पैरों में वृद्ध मंत्री गिरकर नृप के वृक्ष छिन्न लता से,
श्री राणा से लगा यों तन, फिर करने प्रार्थना नम्रता से ॥

(१८)

स्वामी हो आप नामी इस अनचर की देह के अन्नदाता,
खाया है अन्न मैंने तव, अबतक हूँ आपका अन्न खाता,
है द्वारा देह की जो रुधिर, वह बना अन्न से आप ही के,
स्वामी हो आप मेरे, तन, धन, जन के भूमि सभी के ॥

(१९)

मेरा सर्वस्व ही है तन-सहित प्रभो ! भूपते ! आपका ही,
भागी हूँगा न दूँ जो तन धन नृप के हेतु, मैं पाप का ही ।
जूता मैं श्री पदों के हित यदि बनवा देह की चर्म से दूँ,
तो भी है हाय ! थोडा यदि तव ऋण को मूढ मैं धर्म से दूँ ॥

(२०)

है ही क्या शक्ति ऐसी प्रभुवर ! मुझमें दे सकूँ जो सहाय !
सिंहों की गीदडों से कब विपद घटी बोलिये, हाय ! हाय ॥
तो भी है पास मेरे कुछ धन जिसको सौंपता आपको मैं,
पाके सो भूप ! लौटे, नहीं सह सकता मातृ-भू-ताप को मैं ॥

(२१)

कीजे रक्षा प्रजा की इस धन-बल से देश की जाति की भी,
कीजे हे भूप ! रक्षा इस धन-बल से वंश की, ख्याति की भी।
होगी सर्वेश को जो अतुलित करुणा, बात सारी बनेगी,
जीतेंगे शत्रुओं को, विषम विपद में शीघ्र सारी कटेगी ॥

(२२)

जो आया काम स्वामी ! यह धन, अपने देश-रक्षा हितार्थ,
हो जाऊँगा सवंश, प्रभुवर ! ऋण से छूट के मैं कृतार्थ ॥
हूँ राणा ! वैश्य तौ भी यदि वल रहता वृद्ध होता नहीं मैं,
तो लेके खडग जाता समर-हित जहाँ शत्रु होते वहीं मैं ॥

(२३)

मन्त्री हूँ, वृद्ध हूँ मैं, अनहित न कभी मैं कहूँगा नरेश !
होगा कष्ट-प्रदाता, डरकर, रिपु से त्यागना व्यर्थ देश ।
हे स्वामी ! लौटियेगा पितरगण का सोचके स्वाभिमान,
जाने दूँगा हहा ! मैं प्रभुवर ! न कभी आपको अन्य स्थान ॥

(२४)

देखो तो, जन्म भू है रुदन कर रही, हा ! हत ज्ञान होके,
शक्ति, श्री, वृद्धि, विद्या, रहित वह हुई आपको आज खोके,
माता को दुख रूपी अगम जलधि मे मूर्छिता छोड जाना
जाना मैंने यही है ऋण इस युग मे पूर्णता से चुकाना ॥

(२५)

बोले यों बात कारी सुन सचिव की वीर श्रीमान् राणा,
हा ! मा मेवाड भूमे ! मृतक समझ के तू मुझे भूल जाना ।
जो नाना आपदाएँ नित नई तुझ पै एक से एक आईं,
मेरी ही मूर्खता से अहह ! सकल ही रे गई हैं बुलाईं ॥

(२६)

मन्त्री की स्वामी भक्ति प्रकट लख तथा देख के आत्म-त्याग,
बोले राणा प्रतापी, वचन नर पुन. तुष्ट हो सानुराग ।
'मन्त्री पा होगया मैं सुचतुर तुमसा आज भामा ! कृतार्थ,
भेजा क्या मातृ-भू ने रचकर तुमको देश-रक्षा हितार्थ ॥ [1]

---

[1]— श्री गोविन्दसिंह जी पचोली चित्तौड़गढ की कृपा से प्राप्त ।

हल्दीघाटी के युद्ध के बाद भामाशाह कुम्भलमेरु की प्रजा को लेकर मालवे में रामपुरे की ओर चला गया था, वहाँ भामाशाह और उसके भाई ताराचन्द ने मालवे पर चढ़ाई करके २५ लाख रुपये तथा २० हजार अशर्फियाँ दण्ड स्वरूप वसूल कीं इस सकटावस्था में उस वीर ने देश-भक्ति तथा स्वामिभक्ति से प्रेरित होकर, कर्नल जेम्सटॉड के कथनानुसार, राणा प्रताप को जो धन भेट किया था, वह इतना था कि २५ हजार सैनिकों का १२ वर्ष तक निर्वाह हो सकता था। इस महान उपकार करने के कारण महात्मा भामाशाह मेवाडके उद्धारकर्ता कहलाये गये †। भामाशाह के इस अपूर्व त्याग के सम्बन्ध मे भारतेन्दु बाबू हरिश्चन्द्रजी ने लिखा है —

जा धन के हित नारि तजै पति,
पूत तजै पितु शीलहि सोई ।
भाई सो भाई लरै रिपु से पुनि,
मित्रता मित्र तजै दुख जोई ।
ता धन को बनिया ह्वै गिन्यो न,
दियो दुख देश के आरत होई ।
स्वारथ अर्प्य तुम्हारोई है,
तुमरे सम और न या जग कोई ॥

देशभक्त भामाशाह का यह कैसा अपूर्व स्वार्थ-त्याग है ?

†—देखो टाड राजस्थान जि० १ पृ० ३४९ ।

वीर भामाशाह ! तुम धन्य हो !! आज प्राय साढ़े तीनसौ वर्ष से तुम इस संसार में नहीं हो परन्तु यहाँ के बच्चे २ की जबान पर तुम्हारे पवित्र नाम की छाप लगी हुई है †। जिस देश के लिये तुमने इतना बड़ा आत्म-त्याग किया था, वह मेवाड़ पुन अपनी स्वाधीनता प्राय खो बैठा है। परन्तु फिर भी वहाँ तुम्हारा गुण गान होता रहता है। तुमने अपनी अक्षयकीर्ति से स्वयं को ही नहीं किन्तु समस्त जैन-जातिका मस्तक ऊँचा कर दिया है।

---

† मेवाड़ का अमूल्य और अप्राप्य ऐतिहासिक ग्रन्थरत्न "वीरविनोद" में जिसको कि मुझे सौभाग्य से मान्य ओझाजी के यहाँ देखने का ज़रा सा अवसर मिल गया था पृ० २५१ पर लिखा है कि —

भामाशाह बड़ी जुरअत का आदमी था। यह महाराणा प्रतापसिंह के शुरू समय से महाराणा अमरसिंह के राज्य के २॥ तथा ३ वर्ष तक प्रधान रहा। इसने ऊपर लिखी हुई बड़ी बड़ी लड़ाइयों में हज़ारों आदमियों का ख़र्च चलाया। यह नामी प्रधान सवत् १६५६ माघ शुक्ल ११ (हि० १००९। सा० ९ रजब ई० १६०० ता० २७ जनवरी) को ५१ वर्ष और ७ महीने की उमर में परलोक को सिधारा। इसका जन्म सवत् १६०४ आषाढ शुक्ल १० (हि० ९५८ ता० ९ जमादि युल अवल ई० १५४७ ता० २८ जून) सोमवार को हुआ था। इसने मरनेके एक दिन पहले अपनी स्त्री को एक बही अपने हाथ की लिखी हुई दी और कहा कि इसमें मेवाड के खजाने का पुरा हाल लिखा हुआ है। जिस वक्त तकलीफ हो यह बही उन महाराणा की नज्र करना। यह क़ैरवाड़ प्रधान इस बही के लिखे पुरा खजाने से महाराणा अमरसिंह का कई वर्षों तक ख़र्च चलाता रहा। मरने पर इसके बेटे जीवाशाह को महाराणा अमरसिंह ने प्रधान पद दिया था। वह भी क़ैरवाड़ आदमी था। लेकिन भामाशाह की सानी का होना कठिन था।



मेवाडोद्धारक भामाशाह का मृत्यु-स्मारक

नि सन्देह वह दिन धन्य होगा, जिस दिन भारतवर्ष की स्वतन्त्रता के लिये जैन-समाज के धन-कुबेरो मे भामाशाह जैसे सद्भावो का उदय होगा।

× × ×

जिस नररत्न का ऊपर उल्लेख किया गया है, उसके चरित्र, दान आदि के सम्बन्ध मे ऐतिहासिको की चिरकाल से यही धारणा रही है। किन्तु हाल में रायबहादुर महामहोपाध्याय प० गौरीशकर हीराचंदजी ओझा ने अपने राजपूताने के इतिहास तीसरे खण्ड मे "महाराणा प्रताप की सम्पत्ति शीर्षक के नीचे महाराणा के निराश होकर मेवाड छोडने और भामाशाह के रुपये दे देने पर फिर लडाई के लिये तैयारी करने की प्रसिद्ध घटना को असत्य ठहराया है।

इस विषय में आपकी युक्ति का सार 'त्यागभूमि' के शब्दो मे इस प्रकार है —

"महाराणा कुम्भा और सांगा आदि द्वारा उपार्जित अतुल सम्पत्ति अभी तक मौजूद थी, बादशाह अकबर इसे अभी तक न ले पाया था। यदि यह सम्पत्ति न होती तो जहाँगीर से सन्धि होने के बाद महाराणा अमरसिंह उसे इतने अनूलय रत्न कैसे देता? आगे आने वाले महाराणा जगतसिंह तथा राजसिंह अनेक महादान किस तरह देते और राजसमुद्रादि अनेक बृहत-व्यय-साध्य कार्य किस तरह सम्पन्न होते? इस लिये उस समय भामाशाह ने अपनी तरफ से न देकर भिन्न-भिन्न सुरक्षित राज-

कोषों से रुपया लाकर दिया।"

इस पर 'त्यागभूमि' के विद्वान् समालोचक श्रीहस जी ने लिखा है —

"निस्सन्देह इस युक्ति का उत्तर देना कठिन है, परन्तु मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप को भी अपने खजानों का ज्ञान नहो, यह मानने को स्वभावत' किसी का दिल तैयार न होगा। ऐसा मान लेना महाराणा प्रताप की शासन-कुशलता और साधारण नीति मत्ता से इङ्कार करना है। दूसरा सवाल यह है कि यदि भामाशाह ने अपनी उपार्जित सम्पत्ति न देकर केवल राजकोषों की ही सम्पत्ति दी होती, तो उसका और उसके वंश का इतना सम्मान, जिसका उल्लेख श्री ओझाजी ने पृ० ७८८ पर किया है ‡, हमें बहुत सभव नहीं दीखता। एक खजाची का यह तो साधारण सा कर्त्तव्य है कि वह आवश्यकता पडने पर कोष से रुपया लाकर दे। केवल इतने मात्र से उसके वशधरों की यह प्रतिष्ठा (महाजनो के जाति-भोज के अवसर पर पहले उसको तिलक किया जाय) प्रारभ हो जाय, यह कुछ बहुत अधिक युक्ति-संगत मालूम नहीं होता †।"

इस आलोचना मे श्रद्धेय ओझाजी की युक्तिके विरुद्ध जो कल्पना की गई है, वह बहुत कुछ ठीक जान पडती है। इसके सिवाय,

---

‡ सम्मान की यह बात इसी लेख में पृ० ९४–९५ में उक्त इतिहास से उद्धृत कर दी गई है।

† त्यागभूमि वर्ष १ अङ्क ४ पृ० ४४५।

मैं इतना और भी कहना चाहता हूँ कि यदि श्री० ओझाजी का यह लिखना ठीक भी मान लिया जाय कि 'महाराणा कुम्भा और सागा आदि द्वारा उपार्जित अतुल सम्पत्ति प्रताप के समय तक सुरक्षित थी—वह खर्च नहीं हुई थी, तो वह सम्पत्ति चित्तौड या उदयपुर के कुछ गुप्त खजानों में ही सुरक्षित रही होगी। भले ही अकबर को उन खजानो का पता न चल सका हो, परन्तु इन दोनो स्थानों पर अकबर का अधिकार तो पूरा होगया था। और ये स्थान अकबर की फौज से बराबर घिरे रहते थे, तब युद्ध के समय इन गुप्त खजानों से अतुल सपत्ति का बाहर निकाला जाना कैसे सभव हो सकता था? और इस लिये हल्दीघाटी के युद्ध के बाद जब प्रताप के पास पैसा नहीं रहा, तब भामाशाह ने देश-हित के लिये अपने पास से—खुदके उपार्जन किये हुये द्रव्य से—भारी सहायता देकर प्रताप का यह अर्थ-कष्ट दूर किया है, यही ठीक जँचता है। रही अमरसिंह और जगतसिंह द्वारा होने वाले खर्चों की बात, वे सब तो चित्तौड तथा उदयपुर के पुन हस्तगत करने के बाद ही हुये हैं और उनका उक्त गुप्त खजानो की सम्पत्ति से होना सभव है, तब उनके आधार पर भामाशाह की उस सामयिक विपुल सहायता तथा भारी स्वार्थ-त्याग पर कैसे आपत्ति की जा सकती है? अत इस विषय में ओझाजी का कथन कुछ अधिक युक्ति-युक्त प्रतीत नहीं होता। और यही ठीक जँचता है कि भामाशाह के इस अपूर्व-त्याग की बदौलत ही उस समय मेवाड का उद्धार हुआ था, और इसी लिये आज भी भामाशाह मेवाडोद्धारक के

नाम से प्रसिद्ध है।

पूजा के योग्य तू है, वणिक सजिव श्री शक्ति की मूर्ति तू है।
है 'आहा' धन्य तेरा, वह धन, जननी भक्ति की मूर्ति तू है॥
तुझ से स्वामी-भक्ति चतुर मंत्री वर आत्मा-त्यागी वीर।
भारत मे क्या दुर्लभ है इस वसुधा मे भी धार्मिक धीर।

—श्री लोचनप्रसाद पाण्डेय

[१ मार्च सन् ३०]

जीवाशाह

"महाराणा प्रतापसिंह का प्रधान मन्त्री भामाशाह था। महाराणा अमरसिंह के समय तीन वर्ष तक वही प्रधान बना रहा। वि० स० १६५६ माघ सुदी ११ (ई० स० १२०० ता० १६ जनवरी) को भामाशाह का देहान्त हुआ। उसके पीछे महाराणा ने उसके पुत्र जीवाशाह को अपना प्रधान बनाया। सुलह होने पर कुँवर कर्णसिंह जब बादशाह जहाँगीर के पास अजमेर गया, उस समय यह राजभक्त प्रधान जीवाशाह भी उसके साथ था।" †

२६ अक्टूबर सन् ३२

† — रा० पू० इ० ख० ती० पृ० ७८७

अक्षयराज

जीवाशाह के स्वर्गासीन होने पर उसका पुत्र अक्षयराज महाराणा कर्णसिंह का मंत्री नियत हुआ‡ और राणा कर्णसिंह के परलोकगत होने पर राणा जगतसिंह का प्रधान भी यही रहा। "राणा प्रताप के समय से ही डूंगरपुर बादशाही अधीनता मे चला गया था, जिससे वहाँ के रावल उदयपुर की अधीनता नहीं मानते थे। इसलिये महाराणा ने अपने मन्त्री, अक्षयराज को सेना देकर रावल पर (जो उस समय डूंगरपुर का स्वामी था) भेजा। उसके वहाँ पहुँचने पर रावल पहाडो मे चला गया।† ओझाजी लिखते हैं कि —

इस प्रकार चार पीढियो तक स्वामिभक्त भामाशाह के घराने मे प्रधान पद रहा। इस घराने के सभी पुरुष राज्य के शुभचिन्तक रहे। भामाशाह का नाम मेवाड मे वैसा ही प्रसिद्ध है, जैसा कि गुजरात मे वस्तुपाल तेजपाल का।" *

सन २६ अक्टूबर सन ३२

‡ रा० पू० इ० ख० ती० पृ० ७८७।
† रा० पू० का इ० ती० ख० पृ० ८३३।
* रा० पू० इ० ख० ती० पृ० ७८७।

संघवी दयालदास

तो देखत तुव भगिनि के, खैंचत पामर केस।
जानि परत, या बाहु मे, रह्यौ न बलकौ लेस॥
निज चोटी-बेटीन की सके राखि नहिं लाज।
धिक्-धिक् ठाढी मूँछ ए, धिक धिक डाढी आज॥
—वियोगीहरि

शान्ति और सब्र की भी कोई सीमा है। घर में अन्न नहीं अत करो, जेब में पैसा नही सन्तोष करो, हाथ में शक्ति नहीं, इस लिये क्षमा करो, कुछ कर नहीं सकते, इस लिये शान्त रहो यह आदर्श भीरु, अकर्मण्य कापुरुषो का होसकता है, किन्तु जिनके मुँह पर मूँछ और छाती पर बाल हैं अथवा जिनके पहलू में दिल और दिल मे तडप, मस्तक मे आँख और आँखों में गैरत का अश बाकी है, उनका यह आदर्श कभी नहीं हो सकता।

दण्ड देने की सामर्थ्य रखते हुए भी अपराधी के अपराध क्षमा करना, ऊँचा आदर्श है किन्तु नेत्रों के सामने होते हुये अत्याचार और अन्याय देख कर भी निश्चेष्ट बैठे रहना महान् दुष्कर्म है ‡। इसी लिये तो कहा है, कि क्षमा, शान्ति और सब्र की भी कोई सीमा है। दारुण दु ख जब शरीर मे प्रवेश कर हृदय

---

‡ जब तू देखे या सुने, होते अत्याचार।
जब तेरा चुप बैठना, है यह पापाचार॥

। जलाने लगता है, तब नेत्रों की राह से कोई चीज आँसू रूप निकल कर उसे बुझा देती है। सूर्य संसार को तप्त कर के उसे इपता हुआ देखकर जब हँसने लगता है, तब उसके इस गर्वीले ट्टहास को नष्ट करने के लिए पृथ्वी और आकाश साधन जुटा ो लेते हैं।

प्रकृति का कुछ नियम ही ऐसा है। अत्याचार के विरुद्ध क न एक रोज आवाज उठती है ‡ और अत्याचारी का गर्व र्व करने की कोई न कोई युक्ति निकल ही आती है। अत्याचार ब आवश्यकता से अधिक बढ़ जाते हैं, तब अत्याचार सहन रने वाला कैसा ही शान्त महात्मा क्यों न हो, उसके हृदय में ी प्रतिहिंसा की आग भड़क ही उठती है। यह बात पुराण और तिहास ढोल पीट कर कह रहे हैं। अत्याचारों से ही ऊब कर योगी कृष्ण ने अपने मामा कंस का वध कर डाला, अत्याचार से ही तो ऊब कर धर्मराज युधिष्ठिर जैसे शान्त-स्वभावी अपने सगे सम्बन्धियों से युद्ध करने को विवश हुये, अत्याचार से ही ऊब कर विभीषण ने अपने सगे भाई रावण का एक अपरिचित राम से वध करा डाला और इसी अत्याचार प्रतिहिंसा की प्यास

---

‡ जब धर्म की संसार में हो जाती है हानी।
बदकार किया करते हैं जब जुल्मोरसानी॥
फिरजाता है नेकों की भलाई पै जब पानी।
कुदरत के वहीं खिलतेहैं इसरार निहानी॥

—'नानी' जन

बुझाने के लिये भीम ने दुर्योधन का रक्त-पान किया—संसार में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं। यहाँ भी एक ऐसे ही प्रतिहिंसा से उन्मत्त वीर-वर दयालदास का उल्लेख करना है।

लगभग ३०० वर्ष की बात है। जब इस अभागे भारतवर्ष के वक्षस्थल पर यवनों के अनेक राक्षसी अत्याचार हो रहे थे। प्रजा की गाढ कमाई हम्माम, मकबरे और संगमरमर की नहरें बनवाने में खर्च की जा रही थी। शराब के दौर चलते थे, हूरें नाचती थीं, किसी के लिये यह भारत जन्नत और किसी के लिये यह दोजख बना हुआ था, तब औरंगजेब अपने भाइयों को कत्ल कर के और वृद्ध पिता शाहजहाँ को कैद कर उसी के बनवाये हुए तीन करोड़ के मयूर-सिंहासन पर बैठ कर निरीह प्रजा की किस्मत का फैसला करता था। वह धर्मान्ध मुसलमान था। उस के कठोर शासन और अनर्थकारी धर्मान्धता से हिन्दू त्राहि-त्राहि कर उठे थे। अबलाओं, मासूमों और बेकसों पर दिन दहाड़े अत्याचार होते थे, धार्मिक मन्दिर जमींदोज किये जाते थे, मस्तक पर लगा हुआ तिलक जबान से चाट लिया जाता था, बलपूर्वक चोटी काट ली जाती थी।

महात्मा टॉड् साहब लिखते हैं कि –"औरंगजेब ने अपने मित्रों को बुलाय इस भयकर आज्ञा का प्रचार करने के लिये कहा कि "हमारे राज्य के सम्पूर्ण हिन्दुओं को मुसलमान होना पड़ेगा जो लोग इस आज्ञा को नहीं मानेंगे उनको बलात्कार इस धर्म में चलाया जायगा।" इस महा भयकर दुःखदाई आज्ञा का प्रच

होते ही सारे राज्य में हा हा कार शब्द की ध्वनि सुनाई आने लगी, सहायता और आश्रय-हीन हिन्दुगण भय के मारे इधर-उधर भागने लगे। आज सनातन धर्म की रक्षा का कोई उपाय न रहा, बहुत हिन्दु लोग मुगल-राज्य को छोड़ व्याकुल हो अतिशीघ्र दक्षिण की ओर चले गये, अनेक हिन्दु सन्तान शाही अहलकारों के अत्याचारों से पीडित हो, वहाँ से भागने का कोई उपाय न देख कर उन्मत्त हो अपने हाथ से ही अपने हृदय को छेदन करने लगे, जो स्त्री पुत्र और परिवार अपने प्राणों से भी अधिक प्यारी वस्तु है, नि सहाय हिन्दुगण पहले अपने हाथ से उनको मारकर फिर उसी कटारी तथा छुरी से भयकर शोकानल मे अपनी आहुति देने लगे। सारा राज्य बिना राजा के समान हो गया, चारो ओर से हाहाकार शब्द सुनाई आने लगा, उन दु खित हुये हिन्दुओं का आर्तनाद, उन निरुपाय और नि सहाय हिन्दुओं के हृदय को विदीर्ण करने वाला शोक ही पल पल में सुनाई पडता था। हिन्दुओं का मान और मर्यादा जाती है, कुल-धर्म और जाति-गौरव पाताल को चला चाहता है, आज भारतवर्ष में प्रलय का समय आ पहुँचा है, कौन इस प्रलय के समय में इन अभागे हिन्दुओं को यमराज के हाथ से बचावेगा ? कौन इस कुबुद्धिमान दानव के हाथ से सहाय-हीन भारत-सन्तानों का उद्धार करेगा, कोई भी नहीं ? जो रक्षा करने वाला है, यदि वही भक्षण करने वाला हो जाय, जिसके ऊपर प्रजा की मान-मर्यादा है, जाति-धर्म का विचार स्थित है, यदि वही अपने पराये का विचार कर स्वजाति

और विजाति के मनुष्यों को अलग-अलग नेत्रों से देखकर अपने हृदय में पत्थर को बान्धे और अपनी प्रजा तथा आश्रितों को पीडित करे, तो वह नि सहाय प्रजा किसके सामनें खडी होगी ? किसके निकट जाकर सहारा लेगी ? अपना और पराया सजाति और विजाति को न विचार कर सब को बराबर नेत्रों से देखना राजा का आवश्यकीय कर्तव्य है और जो इन कार्यों के पालन करने से विमुख है वह राजा नाम के योग्य नहीं, राज सिंहासन उसके छूने से भी कलंकित होता है, राज-सिंहासन पर बैठकर जो हिताहित का विचार नहीं करता और गर्व, मोह, क्रोध तथा अहंकार जिसके हृदय में भरा हुआ है और जो अपनी विवेक शक्ति को खोकर क्रूर धर्म की बुद्धि से परिचालित होता है, वह राजा नहीं है वरन् राजा के नाम को लजाने वाला है, वह प्रजा के सुख रूपी सूर्य्य का हरण करनेवाला राहू है, देश के भाग्याकाश को घेरने वाला प्रचड धूमकेतु है। उसके असह्य पापों से उसका राज्य शीघ्र ही पाताल को चला जाता है. विधाता के सूक्ष्मदर्शन से उस अत्याचारी पापी के मस्तक पर कठोर यमराज का दण्ड गिरता है।"

"मुगल कुलपॉसन पाखडी औरगजेब के कठोर अत्याचार से सम्पूर्ण राज्य में अराजकता उत्पन्न होगई, पीडित हुये हिन्दुओं का भागना और आत्म हत्या करने से नगर. ग्राम और सम्पूर्ण बाजार एक साथ ही सूने होगये। तथा सब स्थान श्मशान के समान दिखाई देने लगे। बनियों के न होने से सब बाजार सूने

दिखाई देने लगे, किसानो के चले जाने से खेती वन के समान होगई, इस भयंकर उपद्रव के समय मे बादशाह ने देखा, राज्य अनेक प्रकार से हीन अवस्था युक्त होगया है, खजाना खाली हो गया अब राजकर्मचारी लोग कर दे नहीं सकते। जिसके पास जाकर माँगे जिसके पास जाँय उसी को अधमरा पावे,—तस्करों के अत्याचार से घर सूने हो गये। जब उस पापी ने धन-उपार्जन करने का कोई उपाय न देखा तो भारतवर्ष की सम्पूर्ण हिन्दू-प्रजा के ऊपर मुण्डकर (जज़िया) लगाने का विचार किया। इस भयंकर अत्याचार की सूचना होते ही सम्पूर्ण भारतवर्ष के ऊपर मानों वज्र टूट पडा, कौनसा उपाय करने से भयकर विपत्ति से छुटकारा मिलेगा, इसको कोई भी स्थिर न कर सका, सब ही हताश, निरुत्साह और चेष्टा रहित होकर हाहाकार करने लगे, उस हृदय को विदीर्ण करने वाले हाहाकार शब्दों से उस पापी बादशाह का हृदय किंचित भी भयवीत न हुआ, अभागे हिन्दुओं की शोचनीय अवस्था को वह अपने नेत्रों से देखता रहा। उसके कठोर हृदय मे किंचित भी दया का सचार न हुआ ‡।


ऐसे सकटके समय में मेवाड के सिंहासन पर राणा राजसिंह सिंहासनारूढ थे। इनमे अपने पूर्वजों के सभी गुण विद्यमान थे, भला ये प्रताप का वंशज अपने नेत्रों से ऐसे अत्याचार होते हुये कब देख सकता था, उसकी नसों मे पवित्र सूर्यवश का रक्त दौड रहा था, उसने बहुत कुछ सोच विचार के बाद औरगजेब को

---

‡ टाड् राजस्थान द्वि० स० अ० १२ पृ० ३६७-८।

राजसिंह की एक राणी ने जिससे कुँवर सरदारसिंह का जन्म हुआ था, ज्येष्ठ कुँवर सुलतानसिंह को मरवाने और अपने पुत्र को राज्य दिलाने का प्रपच रचा। उसके शक दिलाने पर महाराणा ने कुँवर सुलतानसिंह को मारडाला। फिर उसी राणी ने महाराणा को विष दिलाने के लिये, उसी पुरोहित को, जिस के यहाँ दयाल दास नौकर था, पत्र लिखा, जो उसने अपने कटार के खीसे में रख लिया। संयोग वश एक दिन किसी त्योहार के अवसर पर दयालदास ने अपने ससुराल देवाली नामक ग्राम में जाते समय रात्रि होजाने से पुरोहित से अपनी रक्षा के लिये कोई शस्त्र माँगा पुरोहित ने भूलकर वह कटार उसे दे दिया, जिसके खीसे में उपर्युक्त पत्र था। दयालदास कटार लेकर वहाँ से रवाना हुआ घर जाने पर उस कटार के खीसे में कोई कागज़ होना दीख पड़ा और आश्चर्य के साथ वह उस कागज़ को निकाल कर पढने लगा। जब उसे उस पत्र से महाराणा की जान का भय दीख पड़ा, तब उसने तत्काल महाराणा के पास पहुँच कर वह पत्र उसे बतलाया, इसपर उक्त महाराणा ने राणी और पुरोहित को मार डाला। जब इस घटना का हाल कुँवर सरदारसिंह ने सुना, तब उसने भी विष खाकर आत्मघात कर लिया।

दयालदास की उक्त सेवा से प्रसन्न होकर महाराणा ने उसे अपनी सेवा में रखा और बढते बढते वह उसका प्रधान (मंत्री) होगया। उसने राजसमन्द की पाल के समीप पर संगमर्मर का आदिनाथ का एक विशाल चतुर्मुख जैन-मन्दिर बड़ी लागत



वीरवर दयालदास का
बनवाया हुआ पर्वत के ऊपर किले नुमा जैन-मन्दिर

से बनवाया, जो उसकी कीर्ति का स्मारक है। उसका पुत्र सावल-दास हुआ, पीछे से इस वश में कोई प्रसिद्ध पुरुष हुआ हो ऐसा पाया नहीं जाता † ।

महात्मा टॉड साहब ने दयालदास के हस्ताक्षरों का राणा राजसिंह के एक आज्ञा-पत्र को अपने अंगरेजी राजस्थान जि० १ का अपडिक्स न ५ पृ० ६९६ और ६९७ में अंकित किया है जिसका हिन्दी अनुवाद बा० बनारसीदासजी एम ए. एल-एल बी एम आर ए एस. कृत जैन इतिहास सीरीज न० १ पृ० ६६ से उद्धृत किया जाता है —

आज्ञापत्र

महाराणा श्रीराजसिंह मेवाड के दश हजार ग्रामों के सरदार, मन्त्री और पटेलों को आज्ञा देता है, सब अपने २ पद के अनुसार पढें ।

(१) प्राचीन काल से जैनियों के मन्दिर और स्थानों को अधिकार मिला हुआ है, इस कारण कोई मनुष्य उनकी सीमा (हद) में जीववध न करे, यह उनका पुराना हक़ है ।

(२) जो जीव नर हो या मादा, वध होने के अभिप्राय से इनके स्थान से गुजरता है, वह अमर हो जाता है (अर्थात् उसका जीव बच जाता है)

† राजपूताने का इ० चौथा ज० पृ० १३०८-६ ।

(३) राजद्रोही, लुटेरे और काराग्रह से भागे हुये महापराधी को जो जैनियो के उपासरे मे शरण लें, राज-कर्मचारी नहीं पकडेंगे।

(४) फसल में कूँची (मुट्ठी), कराना की मुट्ठी, दान करी हुई भूमि धरती और अनेक नगरो में उनके वनाये हुये उपासरे कायम रहेंगे।

(५) यह फरमान यति मान की प्रार्थना करने पर जारी किया गया है, जिसको १५ वीघे धान की भूमि के और २५ मलेटी के दान किये गये हैं। नीमच और निम्बहीर के प्रत्येक परगने मे भी हरएक जाति को इतनी ही पृथ्वी दी गई है अर्थात तीनो परगनो मे धान के कुल ४५ बीघे और मलेटी के ७५ बीघे।

इस फरमान के देखते ही पृथ्वी नाप दी जाय और देदी जाय और कोई मनुष्य जातियो को दु ख नहीं दे, बल्कि उनके हकों की रक्षा करे। उस मनुष्य को धिक्कार है जो, उनके हकों को उलघन करता है। हिन्दु को गौ और मुसलमान को सूअर और मुदारी की क़सम है।

(आज्ञा से)

सवत १७४९ महा सुदी ५ वीं ईस्वी० सन १६९३

शाह दयाल (मंत्री)

समरकेशरी दयालदास ने कितने युद्ध किये और वह कब वीर-गति को प्राप्त हुआ, इसका कोई पता नहीं चलता। राणा राजसिंह जैसे समर-विशारद, जिनका कि समस्त जीवन क्रूर और सबल बादशाह औरगजेब से मोर्चा लेने मे व्यतीत हुआ हो, तब उनका मन्त्री दयालदास भी कैसा पराक्रमकारी नीतिनिपुण और युद्ध-प्रेय होगा, सहज मे ही अनुमान किया जा सकता है। महाराणा राजसिंह की मृत्यु के पश्चात् उनके पुत्र जयसिंह गद्दी पर बैठे। औरगजेब के पुत्र (अकबर द्वितीय) ने जब औरगजेब के प्रति बगावत की थी, तब अकबर का पक्ष उदयपुर वालों ने लिया था। उस समय भी मंत्री दयालदास ने एक भयकर युद्ध किया था †। ऐसे ही शूर-वीरो को लक्ष करके शायद वियोगीहरिजी ने लिखा है —

खल-खण्डन मण्डन-सुजन, सरल, सुहृद, सविवेक।
गुण-गभीर, रण-सूरमा, मिलतु लाख मे एक॥

३० अक्टूबर सन ३२

† राजपूताने का इ० ती० स० पृष्ट ८९५।

कोठारी भीमसी

जिनकी आखनतें रहे बरसत ओज अगार।
तिनके वंशज भेंपतें दृग फांपत सुकुमार॥
रहे रँगत रिपु रुधिर सो समर-फेस निखारि।
तिनके कुल अब हीजरे काढत मांग सँवारि॥

—वियोगीहरि

समय की गति बड़ी विचित्र है और प्रकृति के खेल भी बड़े अनूठे हैं। जो बात किसी के ध्यान में नहीं आती, जिस बात को लोग असम्भव समझते रहते हैं, वही समय पाकर सम्भव हो जाती है। संसार में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं। सिंहो के बच्चे भेड़ों का आचरण करें, हंसो के बालक चील-कौओं के साथ खेलें, चातक और हारिल-वंश अपनी आन छोड़े—यह असम्भव प्रतीत होता है, पर सब कुछ हो रहा है। उक्त पशु-पक्षियों की बात जाने दीजिये, उनमें विवेक नहीं, सम्भव है उन्हें अपने कुल की मान-मर्यादा याद न रहे, पर यहाँ तो उन महाजन-पुत्रों की ओर संकेत है जो विद्या-बुद्धि के ठेकेदार हैं।

वे अपनी मर्यादा को भूलकर महाजन की जगह बनिये कलाल कहलाने लगे हैं। उनकी आँखों का पानी मारा गया है, न उनमें गैरत है न स्वाभिमान, वे अपनी आँखों के सामने अपनी

बहन-बेटियों पर होते अत्याचार नित्यप्रति देखते हैं, किन्तु महसूस नहीं करते। वे स्वयं हर जगह और हर समय अपमानित होते हैं, पर वे इसकी तनिक भी पर्वाह नहीं करते †। उनके स्वाभिमान का नशा विलासिता-तुर्शी ने उतार दिया है।

न अब उनकी आँखों में गौरव का खुमार है और न मर्दानगी का लाल डोरा। वे जान बूझकर मर्द से शिखंडी बने हैं। सुर्ख निस्तेज आँखें अन्दर घुसी हुई, पेट आगे निकला हुआ, नाक पर पत्थर की लालटेन लगी हुई, दान्त आनड-खूनड़, पर पान से रंगीन, हाथ में पतली छड़ी, विदेशी वस्त्रों से ढके बने ठने महाजन पुत्रों की अब यही पहचान है‡। जिन युवकों की ओर देश और समाज सतृष्ण दृष्टि से देख रहे हैं, वे युवक सुरमा, मिस्सी, कंघी,

---

† जला जब तेल दीया बुझ गया है अब जलेगा क्या।
बना जब पेड़ उकठा काठ तब फूले फलेगा क्या ॥१॥
रहा जिसमें न दम जिसके लहू पर पड़ा गया पाला।
उसे पिटना पछड़ना ठीकरें खाना खलेगा क्या ॥२॥
भले ही बेटियां-बहनें लुटें बरबाद हो निगडें।
कलेजा जब कि पत्थर बन गया है तब गलेगा क्या॥३॥

‡ नफ़ासत भरी है तबियत में उनकी।
नज़ाकत सी दाख़िल है आदत में उनकी।
दवाओं में सुरक उनकी उठता है ढेरों।
वह पाशाक में इत्र मलते हैं सेरों ॥

—"हुक्की"

चोटी, चटक-मटक में तल्लीन हैं, इत्तहार वाज़ों से प्रमेह-उपदंश आदि की दवाएँ ले रहे हैं। वे क्या हैं ? देश के प्रति उनका क्या कर्तव्य है ? इसकी उन्हें चिन्ता नहीं। वे विलासिता के दास और जोरुओं के गुलाम बने हुये हैं। हर समय और हर घड़ी अपने सूखे और रूखे वदन को वेश्याओं की तरह सजाना, प्रेम कथा सुनना, हर वक्त किसी लैला पर मजनू बने रहना, यही उनका धर्म और यही उनके जीवन का ध्येय बना हुआ है। जब चटक मटक से ही अवकाश नहीं तब वे क्यों और कब वीरता का पाठ पढ़ें और मर्दों की सुहबत में बैठें—वे क्यों तलवार और लाठी के हाथ सीखें ? वे तो अपने जी बहलाव के लिये, तबले बजाएंगे, नाटकों में पार्ट करेंगे, जनखे से अदायें सीखेंगे। दुनियाँ हँसती है हँसने दीजिये, लोग थूकते हैं थूकने दीजिये, कोई बकता है बकने दीजिये, देश रसातल को जारहा है जाने दीजिये, क़ौम मिटी जा रही है मिटने दीजिये। वे अपने रंग में भंग क्यों डालें ? उनकी वही टेढी माँग और वही लचकीली चाल रहेगी, दुनियाँ इधर से उधर होजाय, पर वे न बदलेंगे। और बदलें भी क्यों ? काफी बदल लिये, मर्द से जनाने और जनाने से शिखंडी महाजन से वैश्य, वैश्य से बनिये और बनिये से बक्काल हुये, क्या अब भी सन्तोष नहीं होता ? बमुश्किल चैन मिला है, यह सुहावना लिबास अब उनसे न उतारा जायगा। उनके पूर्वज क्या थे ? उन्हें सब मालूम है, उनकी तारीफ मत करो। एकदम लम्बे तड़ंगे, छाती चौड़ी, आँखें सुर्ख कलाई लोहे जैसी कठोर, न नज़ाकत न कोई अदा बात चीत

ा शऊर नहीं, बज्मे अदब में बैठने का सलीका नहीं क्षमा नाम ात्र को नहीं, एक दम उजड्ड, जरा किसी ने अपमान किया कि बेगड बैठे, विचारे का माजना झाड दिया। अब वह जमाना नहीं, यह बीसवीं सदी है। आज कल की बज्मेअदब और इल्मेमज-लेसी मे जाने के लिये ही उन्होंने यह सब कुछ सीखा है।

यहाँ तो केवल इन छैल छबीले बने ठने महाजन पुत्रों के एक बुजुर्ग का—(जिन्हें यह उजड्ड और गँवार समझते हैं) उल्लेख किया जाता है सभव है भविष्य में इन मर्दनुमाँ औरतों का भी चरित्र-चित्रण इसी लेखनी को करना पडे।

मान्य ओझाजी लिखते हैं —"महाराणा सग्रामसिंह द्वितीय से युद्ध करने के लिये, जब मुगल-सेना लेकर रणबाजखा मेवाड पर आया, तब महाराणा की ओरसे भी देवीसिंह मेघावत (वेंगू का) वगैरह कितने ही सरदार युद्ध-क्षेत्र में भेजे गये। ऐसी प्रसिद्धि है कि वेंगू का रावत देवीसिंह किसी कारण से युद्ध में न जा सका, इस लिये उसने अपने कोठारी भीमसी महाजन को अध्यक्षता में अपनी सैन्य भेजी। राजपूत सरदारों ने उपहास के तौर पर उससे कहा —"कोठारीजी! यहाँ आटा नहीं तोलना है"। उत्तर मे कोठारीजी ने कहा —"मैं दोनों हाथों से आटा तोलूँ, उस वक्त देखना"। युद्ध के प्रारम्भ में ही उसने घोडे की लगाम कमर से बान्ध ली और दोनों हाथों मे तलवार लेकर कहा—"सरदारो! अब मेरा आटा तौलना देखो।" इतना कहते ही वह मेवातियो पर अपना घोडा दौडाकर दोनों हाथों से प्रहार करता हुआ आगे बढा

और बड़ी वीरता-पूर्वक लडकर मारा गया। उसके लडने के विष का हमें एक प्राचीन गीत मिला है, जिससे पाया जाता है कि उसने कई शत्रुओं को मार कर वीर-गति प्राप्त की और अपने तथा अपने स्वामी का नाम उज्वल किया †"। मालूम होता है ऐसे ही वीर-रत्नों से प्रभावित होकर श्री वियोगी हरि जी ने लिखा है —

धन्य वैश्य-वर वीर जे मेलि रुण्ड रण-कुण्ड।
खड्ग-तुला पै मत्त ह्वै, रखि तोले खल-मुण्ड॥
धन्य बनिक जो लै तुला, बैठ्यो समर-बजार।
अरि-मुण्डन कौ धर्म सों, कियौ बनिज व्योपार॥

३१ अक्टूबर सन् ३२

† रा पू का इ ती ख पृ० ९५२।

भामाशाह की पुत्री का घराना

अथवा

कर्मचन्द वच्छावत का वर्तमान वंश

हिता अगरचन्द

च्छावतों के उत्थान और पतन का शोकोत्पादक साथ ही गौरवास्पद वर्णन पाठकों को प्रस्तुत पुस्तक के जागल (बीकानेर-राज्य) नामक खण्ड में मिलेगा, जब कर्मचन्द च्छावत के पुत्र वीरता पूर्वक लडाई में मारे गये, तब कर्मचन्द ी स्त्री अपने पुत्र भाण सहित उदयपुर में थी जिससे उसका वही त्र बचने पाया। आगे मान्य ओझाजी लिखते हैं—

"भाण† का पुत्र जीवराज, उसका लालचन्द और उस (लाल-न्द) का प्रपौत्र पृथ्वीराज हुआ। उसके दो पुत्र अगरचन्द और सराज हुए, जो राज्य के बड़े पदों पर रहे। महाराणा अरिसिंह ने अगरचन्द को माँडलगढ का क़िलेदार तथा उक्त ज़िले का

† उदयपुर के महताओं की तवारीख में भाण को भोजराज का बेटा लिखा है। संभव है कि भोजराज या तो कर्मचन्द का तीसरा पुत्र हो या भागचन्द और लक्ष्मीचन्द में से किसी एक का पुत्र हो। यदि यह अनुमान ठीक हो तो, भामाशाह की पुत्री का विवाह भागचन्द या लक्ष्मीचन्द किसी एक के साथ होना मानना पड़ेगा।

मेवाड़ का वह टिमटिमाता हुआ दीपक शालुम्बा सरदार के आश्वासन रूपी तेल को पाकर फिर प्रज्वलित हो उठा। महाराणा प्रताप अपने शरीर की पूर्ण शक्ति लगाकर बड़े कष्ट से बोले—"प्यारे सखा! पूछते हो मुझ से, क्या कष्ट है? मेरे भोले सरदार इतने भोलेपन का प्रश्न! मेरी मातृ-भूमि चित्तौड़ जो मेरे पूर्वजों की क्रीडास्थली थी। जिसके लिये मुस्कराते हुये उन्होंने अपने प्राणों की आहुतियाँ दी। उसे मैं यवनों के चंगुल से नहीं छुड़ा सका, मैं अपने प्यारे देशवासियों को चितौड की पवित्र-भूमि पर स्वतंत्र विचरते हुये न देख सका, यह क्या कम कष्ट है। यही दारुण-वेदना मेरे प्राणों को रोके हुये है।"

शालुम्बा-सरदार मस्तक झुकाकर बोले—"श्रीमान् आपकी यह पवित्र अभिलाषा अवश्य पूर्ण होगी। आप किसी प्रकार की चिन्ता न करके एकाग्रचित्त से भगवान् का स्मर्ण करिये"

शालुम्बा-सरदार के वाक्य पूर्ण होने तक महाराणा प्रताप का विवाद पूर्ण पीला मुँह गम्भीर हो गया, वह बीच में ही बात काट कर बोले—

"ओह! शालुम्बा-सरदार मुझे वाक्य-पटुता में न फसाओ। मुझे इस समय धर्मोपदेश की आवश्यकता नहीं। देश परतन्त्र रहे और मैं इस अन्त समय मे भगवान् का स्मर्ण करके परलोक सुधारू? छि कैसी वाक्य-विडम्बना है। मेरे मित्र! याद रक्खो जो इस लोक में परतन्त्र हैं, वह परलोक में भी परतन्त्र रहेंगे। जो व्यक्ति अपने देशवासियों को दुख-सागर में विलखते देखकर अकेला

मोक्ष जाना चाहता है, वह न तो मोक्ष पहुँचता है न पहुंच ही सकता है। त्रिशंकु की तरह उसको बीच में ही लटकना पड़ता है। यदि मेरे नर्क में रहने से भी मेरा देश स्वतन्त्र हो सकता है, तो मैं नर्क की दु सह वेदना सहन करने को प्रस्तुत हूँ। बोलो, बोलो क्या कहते हो, शपथ करो कि इन विदेशियों का विध्वन्स करके मातृ-भूमि को स्वतन्त्र कर देंगे।"

सामन्त और सरदार व्यग्र हो उठे, राणाजी की यह अभिलाषा योंकर पूर्ण होगी ? जीवन भर लडते हुये भी जिसे अपना न कर सके, उसे अब कैसे स्वतंत्र कर सकेंगे ? तब भी सन्तोष के लिये आश्वासन देते हुये बोले—"भारत-सम्राट्! आपकी यह अभिलाषा वीरोचित है। आप विश्वास रखिये श्री बापजी राव (युवराज अमरसिंह) आपकी इस अंतिम कामना को श्री एकलिंग जी की कृपा से अवश्य पूर्ण करेंगे।"

वीर-शिरोमणि महाराणा प्रताप चुटीले साप की तरह फुफकार कर बोले —"अमर चितौड को तो क्या स्वतन्त्र करेगा ? वह रहे सहे मेवाड के गौरव को भी खो बैठेगा। उसके आगे मेवाड़ की पवित्र भूमि मलेच्छ के पाद-प्रहार से कुचली जायगी।"

समस्त सरदार एक स्वर से बोल उठे "अन्न दाता! ऐसा कभी न होगा।"

दीप निर्वाण होने के पूर्व एक बार प्रज्वलित हो उठता है। उसी प्रकार राणाजी शक्ति न रखते हुये भी आवेश मे कहने लगे—"मैं कहता हूँ ऐसा अवश्य होगा। युवराज अमरसिंह हमारे पितृ

पुरुषों के गौरव की रक्षा नहीं कर सकेगा। वह यवनों से युद्ध न करके मेवाड़ की कीर्ति रूपी स्वच्छ चादर पर, विलासिता का स्याह धब्बा लगा देगा "

कहते कहते उनका गला रुंध गया, सरदार के दो घूंट पानी पिलाने के पश्चात् वह क्षीण स्वर से बोले:—"एक समय कुंमार अमरसिंह उस नीची कुटी में प्रवेश करने के समय सिर की पगड़ी उतारना भूल गया था। इस कारण सिर की पगड़ी द्वार के निकले हुये बाँस में लगकर नीचे गिर पड़ी। अमरसिंह ने इसको बुरा भी न समझा और दूसरे दिन मुझ से कहा कि "यहाँ पर बड़े २ महल बनवा दीजिये।"

युवराज अमरसिंह की बाल्यकाल की गाथा कहते हुये राणाजी का पीत मुख और भी गम्भीर होगया उन्होंने फिर एक लम्बी सांस ली और कहा—"इन कुटियों के बदले यहाँ रमणीय महल बनेंगे। मेवाड की दुरावस्था भूलकर "अमर" यहाँ पर अनेक प्रकार के भोग-विलास करेगा। उससे इस कठोर व्रतका पालन नहीं होगा? हा! अमरसिंह के विलासी होने पर वह गौरव और मातृभूमि की वह स्वाधीनता भी जाती रहेगी, जिसके लिये मैंने बराबर २५ वर्ष तक वन और पर्वत पर घूमकर वनवासका कठोर व्रत धारण किया। जिसको अचल रखने के लिये सब भांति की सुख-सम्पत्ति को छोडा। शोकहै कि अमरसिंह से इस गौरव की रक्षा न होगी। वह अपने सुख के लिये उस स्वाधीनता के गौरवको छोड देगा और तुम लोग, सब उसके अनर्थकारी उदाहरण का अनुसरण करके

मेवाड के पवित्र और श्वेतयश मे कलक लगा दोगे।"

महाराणा का वाक्य पूरा होते ही समस्त सरदार मिलकर बोले – क्षमा-अन्नदाता, महाराज! हम लोग बप्पारावल के पवित्र सिंहासन की शपथ खाकर कहते हैं कि "जब तक हममे से एक भी जीवित रहेगा, उस दिन तक कोई तुरक मेवाड की भूमि पर अधिकार नहीं पा सकेगा। जब तक मेवाड-भूमि की स्वाधीनता पूर्ण भाव से प्राप्त न कर लेंगे, तब तक इन्ही कुटियों में हम लोग रहेंगे।"

सरदारों की वीरोचित शपथ सुनकर हिन्दु-कुल-भूषण वीर-चूड़ामणि राणा प्रताप के नयन झरोखों से आनदाश्रु झलकने लगे। वह नेत्र विस्फारित करके मुस्कराते हुये "भारत माता की जय" "मेवाड भूमि की जय" इतना ही कह पाये थे, कि उनकी आत्मा स्वर्गासीन हो गई। मेवाडवासी दहाड मारकर रोने लगे, मेवाड़ अनाथ हो गया।

× × ×

वीर-केसरी प्रताप के स्वर्गासीन होने पर युवराज अमरसिंह को राघववशीय सूर्यकुल-भूषण बप्पारावल के पवित्र सिंहासन पर बैठने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। महाराणा अमरसिंह मे असाधारण गुण थे। उन्होंने अपने शासन-काल में मेवाड मे कई आदर्श सुधार किये। किन्तु, स्वेच्छाचारिता और विलासिता दो ऐसे अवगुण हैं, जो मनुष्य के अन्य उत्तम गुणो पर भी पर्दा डाल देते हैं। दुर्भाग्य से राणा अमरसिंह भी प्लेग, हैजे के समान उडकर लगने वाली विलासिता रूपी बीमारी से न बच सके। वे

दिन-रात आमोद-प्रमोद मे रहने लगे। उनके पूर्वज क्या थे? इस समय मातृ-भूमि कैसे संकट में हैं, भारतीय आर्य ललनाओं की कैसी दुरावस्था है? इस बात की न तो उन्हें कुछ खबर ही थी, और न कुछ चिन्ता। वे दिन-रात महलोंमें पडे हुये चापलूसों के साथ अनेक क्रीडा किया करते। जो झूठ बोलने मे, बात बनाने मे, मायाचारी करने में जितना सिद्धहस्त होता, वही उनका प्रेम-पात्र बन सकता था। सच्चे देश-भक्त, वीर, और आन पर मर मिटने वाले उनके यहाँ घमण्डी और पागल समझे जाने लगे। संसार मे क्या हो रहा है, इसकी उनको तनिक भी पर्वाह नहीं थी। ऐसे ही दुर्दिनों में उचित अवसर जान जहाँगीर ने मेवाड पर आक्रमण कर दिया। मातृ-भूमि पर सकट आया देख, कुछ वीर-सैनिकों का हृदय धक-धक करने लगा। उनके नेत्रों के सामने भविष्य में आने वाले संकट बाइस्कोप के चित्र के समान मूर्ति बन कर नाचने लगे। ऐसे संकट के समय भी राणाजी विलासिता में डूबे हुये, अपने चापलूस मित्रों के साथ आमोद-प्रमोद में मस्त हैं, मेवाड-रक्षक आज भी कायरों की भाति जनाने मे घुसे हुये हैं। इन्हीं बातों को देखकर वह मुट्ठीभर राजपूत विकल हो उठे। उनकी हृदय-तन्त्री कर्तव्य-पालन करने के लिये बार२ प्रेरित करने लगी। शालुम्बा सरदार वीर चुण्डावत को राणा प्रताप की कही हुई बात इस समय बिल्कुल ठीक जँचने लगी। इसी समय उसे अकस्मात प्रताप के सामने की हुई प्रतिज्ञा याद हो आई। वह मेवाडके वीर-सैनिकोंकी एक टोली बनाकर राणाजी के महलो

में जा पहुँचे। चुण्डावत सरदार की उग्र मूर्ति देखकर राणाजी सहम गये, तब भी वे हँस कर बोले—"कहिये शालुम्बा सरदार! इस समय कैसे पधारे?" राणा अमरसिंह के इस व्यंग भरे प्रश्न मे चुण्डावत सरदार कुछ कट से गये, वह कडक कर बोले —

देश पर आपत्ति की घनघोर घटा छाई हुई है, यवनेश अपनी असख्य सेना लेकर मेवाड पर चढ आया है, फिर भी आप पूछते हैं कि "इस समय कैसे पधारे?" विजेताओ के अत्याचार से लाखों युवतियाँ विधवा हो जायँगी, उनका बलपूर्वक शील नष्ट किया जायगा। हमारे धार्मिक मन्दिर पृथ्वी में समतल कर दिये जाँयगें। मेवाड की कीर्ति लुप्त हो जायगी। सब कुछ जानते हुये भी मेवाड-नरेश! यह अनभिज्ञता कैसी"?

चुण्डावत-सरदार के यह मर्मान्तक वाक्य राणाजी के हृदय मे लगे तो, किन्तु व्यर्थ! उनकी काम-वासना ने, विद्वता, वीरता, स्वाभिमान, मनुष्यता सभी पर पर्दा डाल रक्खा था। वे सरदार को टालने की गरज से बोले —"तब मै क्या करूँ"?

"आप क्या करें! राणा संग्रामसिंह ने क्या किया था? राणा लक्ष्मणसिह के बारह पुत्रो ने क्या किया था? वीर जयमल और पत्ते ने क्या किया था? और आपके यशस्वी पिता ने क्या किया था? जो उन्होंने किया वही आप कीजिये। जिस पथ का अवलम्बन उन्होंने किया, उसी का अनुसरण आप भी कीजिये"।

"मैं व्यर्थ का रक्त-पात करके अपने हाथों को कलंकित नहीं करना चाहता"।

मेहता देवीचन्द

"अगरचन्द के पीछे उसका ज्येष्ठ पुत्र देवीचन्द मंत्री बना और जहाजपुर का क़िला उसके अधिकार में रखा गया। थोड़े ही दिनों पीछे देवीचन्द के स्थान पर मौजीराम प्रधान बनाया गया और उसके पीछे सतीदास। उन दिनों आंबाजी इंगलिया का भाई बालेराव शक्तावतों तथा सतीदास प्रधान से मिलगया और उसने महाराणा के भूतपूर्व मंत्री देवीचन्द को चूडावतों का तरफदार समझ कर क़ैद करलिया, परन्तु थोडेही दिनों में महाराणा ने उस को छुडा लिया। झाला ज़ालिमसिंह ने बालेराव आदि को महाराणा की क़ैद से छुड़ाने के लिये मेवाड पर चढ़ाई की, जिसके खर्च में उसने जहाजपुर का परगना अपने अधिकार में कर लिया और मेवाड का किला भी वह अपने हस्तगत करना चाहता था। महाराणा (भीमसिंह) ने उसके दबाव में आकर मांडलगढ़ का क़िला उसके नाम लिखा तो दिया, परन्तु तुरन्त ही एक सवार को ढाल तलवार देकर मेहता देवीचन्द के पास माडलगढ़ भेजदिया। देवीचन्द ने ढाल तलवार अपने पास भेजे जाने से अनुमान करलिया कि महाराणा ने ज़ालिमसिंह के दबाव में आकर माडलगढ का क़िला उस (ज़ालिमसिंह) को सौंपने की आज्ञा दी है, परन्तु ढाल और तलवार भेजकर मुझे लडाई करने का आदेश दिया है। इस पर उसने क़िले की रक्षा का प्रबन्ध कर लिया और वह लडने को सज्जित हो गया। जिससे जालिमसिंह की अभिलाषा पूरी न हो सकी। कर्नल टॉड ने उदयपुर जाकर राज्य-व्यवस्था ठीक की, उस

समय देवीचन्द पुन प्रधान वनाया गया, परन्तु उसने शीघ्र ही इस्तीफा दे दिया, क्योंकि उस दुहरी हुकूमत से प्रबन्ध में गडवडी होती थी ‡।"

मेहता शेरसिंह—

अगरचन्द के तीसरे पुत्र सीताराम का वेटा शेरसिंह हुआ। महाराणा जवानसिंह के समय सरकार इग्रेजी खिराज के रु० ७००००० चढ़ गये, जिससे महाराणा ने मेहता रामसिंह के स्थान पर मेहता शेरसिंह को अपना प्रधान वनाया। शेरसिंह इमानदार और सच्चा तो अवश्य वतलाया जाता था, परन्तु वैसा प्रबन्ध-कुशल नहीं था, जिससे थोडे ही दिनों में राज्य पर कर्जा पहले से अधिक हो गया, अतएव महाराणा ने एक ही वर्ष वाद उसे अलग कर रामसिंह को पीछे प्रधान वनाया। वि० स० १८८८ (ई० स० १८३१) में शेरसिंह को फिर दुवारा प्रधान वनाया। महाराणा सरदारसिंह ने गद्दी पर वैठते ही मेहता शेरसिंह को कैद कर मेहता रामसिंह को प्रधान वनाया। शेरसिंह पर यह दोपारोपण किया गया कि महाराणा जवानसिंह के पीछे वह (शेरसिंह) महाराणा सरदारसिंह के पुत्र के छोटे भाई शार्दूलसिंह को महाराणा वनाना चाहता था। कैद की हालत में शेरसिंह पर जव सख्ती होने लगी तो पोलिटिकिल एजेण्ट ने महाराणा से उसकी सिफारिश की, किन्तु उसके विरोधियो ने महाराणा को फिर वहकाया कि सरकार इग्रेजी की हिमायत से

‡ राजपूताने का इ० चो० भा० पृ० १२१५-१६।

वह आपको डराना चाहता है। अन्त मे दस लाख रुपये देने का वायदा कर वह (शेरसिंह) कैद से मुक्त हुआ, परन्तु उसके शत्रु उसे मरवा डालने के उद्योग मे लगे, जिस से अपने प्राणों का भय जानकर वह मारवाड की ओर भाग गया।

जब महाराणा सरूपसिंह को राज्य की आमद-खर्च का ठीक प्रबन्ध करने का विचार हुआ, और प्रीतिभाजन प्रधान रामसिंह पर अविश्वास हुआ, तब उसने मेहता शेरसिंह को मारवाड से बुलाकर वि० स० १९०१ (ई० स०१८४४) में उसको फिर अपना प्रधान बनाया। महाराणा अपने सरदारो की छटूद चाकरी का मामला तै करना चाहता था, इस लिये उसने मेवाड के पोलिटिकल एजेन्ट कर्नल ऐविन्सन से सवत् १९०१ में एक नया कौल-नामा तैयार करवाया, जिस पर कई उमरावो ने दस्तखत किये। महाराणा की आज्ञा से मेहता शेरसिंह ने भी उस पर हस्ताक्षर किये।

प्रधान का पद मिलते ही उसने महाराणा की इच्छानुसार राज्य-कार्य में सुव्यवस्था की और कर्जदारो के भी, महाराणा की मर्जी के मुआफिक फैसले कराने में उसने बड़ा प्रयत्न किया।

लावे (सरदारगढ) के दुर्ग पर महाराणा भीमसिंह के समय से शक्तावतो ने डोडियो से क़िला छीन कर उस पर अपना अधिकार जमा लिया था। महाराणा सरूपसिंह के समय वहाँ के शक्तावत रावत चतरसिंह के काका सालिमसिंह ने राठौड मानसिंह को मार डाला, तो उक्त महाराणा ने उसका कुदेई गाँव जब्त

कर, चतरसिंह को आज्ञा दी कि वह सालिमसिंह को गिरफ्तार करे। चतरसिंह ने महाराणा के हुक्म की तामील न कर सालिमसिंह को पनाह दी; इस पर महाराणा ने वि० स० १९०४ (ई० सन् १८४७) मे शेरसिंह के दूसरे पुत्र जालिमसिंह ‡ को ससैन्य लावे पर अधिकार करने को भेजा; उसने लावे के गढ़ पर हमला किया, किन्तु राज्य के ५८-६० सैनिक मारे जाने पर भी गढ की मजबूती के कारण वह टूट नहीं सका। तब महाराणा ने प्रधान शेरसिंह को वहाँ पर भेजा। उसने लावे पर अधिकार कर लिया और चतरसिंह को लाकर महाराणा के सम्मुख प्रस्तुत किया। महाराणा ने शेरसिंह की सेवा से प्रसन्न हो पुरस्कार मे क़ीमती खिलअत, सीख के वक्त बीडा देने और ताज़ीम की इज्जत प्रदान करना चाहा, परन्तु उस शेरसिंह ने खिलअत और बीडा लेना तो स्वीकार किया और ताज़ीम के लिये इन्कार किया।

जब महाराणा सरूपसिंह ने सरूपसाही रुपया बनाने का विचार किया, उस समय महाराणा की आज्ञानुसार शेरसिंह ने कर्नल ऐविन्सन से लिखा पढी कर गवर्नमेन्ट की स्वीकृति प्राप्त करली, जिससे सरूपसाही रुपया बनने लगा।

---

‡ जालिमसिंह मेहता अगरचन्द के दूसर पुत्र उदयराम के गोद रहा, परन्तु उसके भी कोई पुत्र न था, इस लिये उसने मेहता मंगलाल के तीसरे भाई तख्तसिंह को गोद लिया। तख्तसिंह गिवा व कवासनके प्रान्तों पर हाकिम रहा तथा महकमा देवस्थान का प्रबन्ध भी कई वर्षों तक उसके सुपुर्द रहा। महाराणा सज्जनसिंह ने उसे इजलास खास महद्राज सभा का सदस्य बनाया। वह सरल प्रकृति का कार्य-कुशल व्यक्ति था।

वि० सं० १९०७ (ई० स० १८५०) मे वीलख आदि की पालों के भीलों और वि० सं० १९१२ (ई० स० १८५५) में पश्चिमी प्रान्त के काली वास आदि के भीलों को सजा देने के लिये शेर-सिंह का ज्येष्ठ पुत्र मेहता सवाईसिंह भेजा गया, जिसने उनको सख्त सजा देकर सीधा किया।

वि० स० १९०८ लुहारी के मीनो ने सरकारी डाक लूट ली, जिसकी गवर्नमेन्ट की तरफ से शिकायत होने पर महाराणा सरूपसिंह ने उनका दमन करने के लिये मेहता शेरसिंह के पौत्र (सवाईसिंह के पुत्र) अजीतसिंह को, जो उस समय जहाजपुर का हाकिम था, भेजा और उसकी सहायता के लिये जालधरी के सरदार अमरसिंह शक्तावत को भेजा। अजीतसिंह ने धावा कर छोटी और वडी लुहारी पर अधिकार कर लिया। मीने भाग कर मनोहरगढ तथा देवका खेडा की पहाडी मे जा छिपे, पर उनका पीछा करता हुआ, वह भी वहाँ जा पहुँचा। मीनों की सहायता के लिये जयपुर, टोक और बून्दी इलाक़ों के ४–५ हज़ार मीने भी वहाँ आ पहुँचे। उनके साथ की लडाई मे कुछ राजपूत मारे गये और कई घायल हुये, जिससे महाराणा ने अपने प्रधान मेहता शेरसिंह को अलग कर उसके स्थान पर मेहता गोकुलचन्द को नियत किया, परन्तु सिपाही-विद्रोह के समय नीमच की सरकारी सेना ने भी बागी होकर छावनी जलादी और खजाना लूट लिया। डा० मरे आदि कई अंग्रेज यहाँ से भागकर मेवाड के सुन्दा गाँव मे पहुँचे। वहाँ भी बागियो ने उनका पीछा किया। कप्तान शावर्स

ने यह खबर पाते ही महाराणा की सेना सहित नीमच की तरफ़ प्रस्थान किया। महाराणा ने अपने कई सरदारों को भी उक्त कप्तान के साथ करदिया। इतनाही नहीं, किन्तु ऐसे नाजुक समय में कार्यकुशल मन्त्री का साथ रहना उचित समझ कर महाराणा ने उस शेरसिंह को प्रधान की हैसियत से उक्त पोलिटिकिल एजेंट के साथ कर दिया और जब तक विद्रोह शान्त न हुआ, तब तक वह उसके साथ रहकर उसे सहायता देता रहा।

नींबाहेडे के मुसलमान अफ़सर के बागियों से मिल जाने की खबर सुन कर कप्तान शावर्स ने मेवाडी सेना के साथ वहाँ पर चढाई की, जिसमें मेहता शेरसिंह अपने पुत्र सवाईसिंह सहित शामिल था। जब नींबाहेडे पर कप्तान शावर्स ने अधिकार कर लिया, तब वह (शेरसिंह) सरदारों की जमीयत सहित वहाँ के प्रबन्ध के लिये नियत किया गया।

महाराणा ने शेरसिंह को पहले ही अलग तो कर दिया था, अब उससे भारी जुर्माना भी लेना चाहा। इसकी सूचना पाने पर राजपूताने का एजेण्ट जनरल (जॉर्ज लारेन्स) वि० सं० १९१७ मार्गशीर्ष वदि ३ (ई०स० १८६० ता० १ दिसम्बर) को उदयपुर पहुँचा और शेरसिंह के घर जाकर उसने उसको तसल्ली दी। जब महाराणा ने शेरसिंह के विषय में उस (लारेन्स) से चर्चा की, तब उसने उस (महाराणा) की इच्छा के विरुद्ध उत्तर दिया। उसी तरह मेवाड के पोलिटिकिल एजेन्ट मेजर टेलर ने भी शेरसिंह से जुर्माना लेने का विरोध किया। इससे महाराणा और पोलिटि-

वारिया गाँव लाँबा वालों को दिलाना निश्चय हुआ, परन्तु रूपा हेली वालों ने महाराणा शम्भुसिंह की आज्ञा न मानी, जिस पर गोकुलचन्द की अध्यक्षता में तसवारिये पर सेना भेजी गई। वि० सं० १९३१ (ई० स० १८७४) महाराणा शम्भुसिंह ने मेहता पन्नालाल को क़ैद किया, तब उसके स्थान पर गोकुलचन्द मेहता और सहीवाला अर्जुनसिंह महकमा खास के कार्य पर नियुक्त हुये। उसमें अर्जुनसिंह ने तो शीघ्र ही इस्तीफा दे दिया और गोकुलचन्द मेहता कुछ समय तक इस कार्यको करता रहा, फिर वह माँडलगढ चला गया और वहीं उसकी मृत्यु हुई †।

मेहता पन्नालाल—

"वि० स० १९२६ (ई० स० १८६९) में महाराणा शम्भुसिंह ने खास कचहरी के स्थान में 'महकमा खास' स्थापित किया, तो पण्डित लक्ष्मणराव ने अपने दामाद मार्तण्डराव को उसका सेक्रेटरी बनाने का उद्योग किया, परन्तु उससे काम न चलता देखकर महाराणा ने मेहता पन्नालाल ‡ को, जो पहिले खास कचहरी में

† रा पू का इ चो मा पृ० १३२०।

‡ मेहता पन्नालाल मेहता अगरचन्द के छोटे भाई हँसराज के ज्येष्ठ पुत्र दीपचन्द के द्वितीय पुत्र प्रतापसिंह का पौत्र (मुरलीधर का बेटा) था। जब हडपया खाल की लड़ाई में होल्कर की राजमाता अहिल्याबाई के भेजे हुए तुलाजी सिंधया और श्री भाऊ के साथ की मरहटी सेना से मेवाडी सेना की हार हुई और मरहटों से छीने हुये स्थान सब छूट गये, उस समय दीपचन्द ने जावद पर एक महिने तक उनका अधिकार न होने दिया। अन्त में तोप आदि लड़ाई के सारे सामान तथा अपने सैनिकों को साथ लेकर वह मरहटी सेना को चीरता हुआ मान्डलगढ चला आया।

असिस्टेंट (नायब) के पद पर नियत था, योग्य देखकर सेक्रेटरी बनाया। कुछ समय पश्चात् प्रधान का काम भी महकमा खास के सेक्रेटरी के सुपुर्द हो गया और प्रधान का पद उठ गया । जब महाराणा को कितने एक स्वार्थी लोगों ने यह सलाह दी, कि बडे बडे अहलकारो से १०–१५ लाख रुपये इकट्ठे कर लेने चाहियें, तब महाराणा ने उनके बहकाये में आकर, कोठारी केसरीसिंह, छगनलाल तथा मेहता पन्नालाल आदि से रुपया लेना चाहा । पन्नालाल से १२०००० रु० का रुक्का लिखवा लिया, परन्तु श्यामलदास (कविराजा) तथा पोलिटिकिल एजेण्ट कर्नल निम्सन के कहने से उनके बहुत से रुपये छोड दिये। और पन्नालाल से सिर्फ ४०००० रु० वसूल किये। मेहता पन्नालाल ने अपनी प्रबन्ध कुशलता के परिश्रम और योग्यता से राज्य-प्रबन्ध की नींव दृढ करदी और खानगी मे वह महाराणा को हरएक बात का हानि लाभ बताया करता था, इसलिये बहुत से रियासती लोग उसके शत्रु हो गये। उसे हानि पहुँचाने के लिये उन्होंने महाराणा से शिकायत की, कि वह खूब रिश्वत लेता है और उसने आप पर जादू कराया है। महाराणा बीमार तो था ही, इतने मे जादू कराने की शिकायत होने पर मेहता पन्नालाल वि०सं० १९३१ भाद्रपद वदि १४ (ई० स० १८७४ ता० ९ सितम्बर) को कर्णविलास में क़ैद किया गया, परन्तु तहक़ीक़ात होने पर दोनों बातों म वह निर्दोष सिद्ध हुआ, तो भी उसके इतने दुश्मन हो गये थे, कि महाराणा की दाह-क्रिया के समय उसके प्राण लेने की कोशिश

नाथजी का वंश

मेहता थिरुशाहः—

इस वंश के पहले सोलंकी राजपूत थे। जैनधर्म के उत्कर्ष के समय सं० ११०० विक्रमी के आस पास जैनधर्म के स्वीकार करने पर इनकी गणना भंडसाली गोत्र के ओसवालों मे हुई। भण्ड सालियो मे थिरूशाह भण्डसाली वहुत प्रसिद्ध हो गया है। इस गोत्र के लोग मारवाड के खिमल गाव मे विशेष कर रहते हैं। इस गोत्र की माता खिमल माता और नगारा 'रणजीत' है। शास्त्रोक्त गोत्र भारद्वाज और माध्यन्दिनी शाखा है।

मेहता चीलजीः—

किसी समय चीलजी नाम के इस वंश में प्रसिद्ध पुरुष हुए है, जिनको राज्य-सम्वन्धी महत् कार्यों के करने के कारण 'महता' पदवी मिली। इसलिए इनका वश चीलमहता के नाम से प्रसिद्ध है। इस वंश के उदयपुर मे ७ तथा मेवाड में करीव १० कुटुम्ब होगे। इससे मालूम होता है कि मारवाड से मेवाड मे आनेवाला एक ही महापुरुष होना चाहिए जिनके ये वशज हैं।

मेहता जालजी—

इतिहास मे पता लगता है कि महाराणा हमीर के समय मे इस वश के महता जालजी (जलसिह) सोनगरे मालदेव की पुत्री के साथ महाराणा का विवाह होने के कारण उनके कामदार (प्राईवेट सेक्रेटरी) वन कर सव से पहले मेवाड में आये। इन्होंने

यहाँ आने पर राज्य की बडी सेवा की है, जिसका वर्णन टॉड साहब ने अपने इतिहास में किया है।

मेहता नाथजी:—

नाथजी का इनके वश मे होना सेवगो की वहियो से मालूम होता है, उदयपुर के प्रसिद्ध खान्दान मेहता रामसिंहजी के वशज मेहता जलसिह के पासी वशज बतलाये जाते हैं। जो बहुत अर्से से राज्य के प्रतिष्ठित ओहदों पर चले आ रहे हैं। जिनको कि १९७५ मे गाँव आदि जागीर मे मिले जिनका वर्णन ओझाजी ने किया है।

नाथजी के वश मे स० १९७३ के पहले से जागीरी चली आ रही थी, जिसका पता उनके पुत्र मेहता लक्ष्मीचद के खाच-रोल के घाटे मे लडाई में काम आने पर मेहता देवीचदजी के नाम श्री दरबार के एक रुक्के से चलता है, जिसमे गाव आदि बहाल रखने का हुक्म दिया है।

नाथजी मेहता जो पहले उदयपुर के पास देवाली नामक गाँव मे रहते थे, परंतु कारण से कोटे चले गये। वहा उन्होने राज्य का काम किया, जिसकी खिदमत में कुछ खेत कुए आदि मिले बतलाये जाते हैं। स० १९०७ के आस पास कोटे से माडलगढ़ चले आये। ये वीर और साहसी थे। जमाना लडाइयों का था ही, अत माड-लगढ के किले पर उन्हें फौज की अफसरी दी गई और इनकी एवज मे नवलपुरा गाँव जागीर मे मिला।

इन्होंने किले की कोट पर एक बुर्ज बनवाई, जो अब भी

Maldas Mehta was civil member with Manjnam as his Deputy, both men of talent and energy.

मेहता मालदासजी का बड़े बडे सरदार और सिन्धियों का सेनापति एवं अध्यक्ष बनाया जाना और वीरता के साथ लड कर मारा जाना, इस वंश के लिये बडे ही गौरव की बात है।

मेहता मालदास का घराना उदयपुर में आज भी चला आ रहा है जो ड्योढी वाला मेहता के खान्दान से मशहूर है†।



† मेहता जोधसिंहजी बी ए, एल एल बी द्वारा लिखित और मास्टर भल्ल मन्तसिंहजी की कृपा से प्राप्त।

सोमचन्द गांधी—

राजपूताने के इतिहासमें लिखा है कि "रावत भीमसिंह आदि चूडावत सरदारो ने महाराणा (भीमसिंह इ० स० १७६८ ता० १० मार्च राज्य-प्राप्ति) को अपने कब्जे मे कर लिया था। जब कभी महाराणा को रुपयोंकी आवश्यकता होती तब वे खजाने में रुपया न होनेके कारण कोरा जवाब दे देते थे। एकदिन राजमाता ने चूण्डावतो से कहा कि महाराणाके जन्मोत्सव के लिये खर्च का प्रबन्ध करना चाहिये। इस अवसर पर भी वे टाल मटूल करगये इन बातों से राजमाता चूण्डावतों से बहुत अप्रसन्न होगई इधर सोमचन्द गांधी ने जो जनानी ड्योढी पर काम करता था, राम-प्यारी के द्वारा राजमाता से कहलाया कि यदि मुझे प्रधान बनादें तो मैं रुपयो का प्रबन्ध करदु। राजमाता ने उसे प्रधान बनादिया। वह बहुत योग्य और कार्यकुशल कर्मचारी था। उसने शक्तावतों से मेलजोल बढाया और उनकी सहायता से थोडे ही दिनों में कुछ रुपये इकट्ठे कर राजमाता के पास भेजदिये। इसपर चूण्डावत सरदार सोमचन्द और उसके सहायकों को सताने तथा हानि पहुँचाने लगे। सोमचन्द ने चूण्डावतों को नीचा दिखानेके लिऐ भिंडर और लावा के शक्तावत सरदारो को राजमाता से सिरोपाव आदि दिला कर अपनी ओर मिला लिया और कोटे के झाला जालिमसिंह को भी जिसकी चूण्डावतों से शत्रुता थी अपना मित्र तथा सहायक बनालिया। इसके बाद उस (सोमचन्द) ने राजमाता से मिलकर यह स्थिर किया कि महाराणा भींडर जाकर मोहकमसिंह शक्तावत

को (जो बीस वर्ष से राज वंश से विरुद्ध होरहाहै) अपने साथ उदयपुर ले आवें प्रधान सोमचन्द और भींडर के महराज मोहकमसिंह आदि ने यह निश्चय किया कि मरहटों से मेवाड राज्य का वह भाग, जिसे उन्होने दवा लिया है छीन लेना चाहिये। इस कार्य में पूरी सफलता पानेके लिये चूण्डावतों की सहायता आवश्यक समझ उन्होंने रामप्यारी को सलूंवर भेजकर वहा से रावत भीमसिंह को जो शक्तावतोंके ज़ोर पकडने के कारण उदयपुर छोडकर चलागया था बुलवाया था। इस प्रकार सोमचन्द ने घरेलू झगडे को दूरकर जयपुर जोधपुर आदि राज्यों के स्वामियों को मरहटो के विरुद्ध ऐसा भडकाया कि वे भी राजपूताने को मरहटों के पंजों से छुडाने के कार्य में महाराणा का हाथ बटाने के लिये तैयार होगये।"

वि० स० १८४४ (ई० स० १७८८) में लालसोट की लड़ाई में मारवाड़ और जयपुर के सम्मिलित सैन्य से मरहटों की पराजय होने के कारण राजपूताने में उनका प्रभाव कुछ कम हो गया था। इस अवसर को अच्छा देख कर सोमचन्द आदि ने शीघ्र ही मरहटों पर चढाई करने का निश्चय किया" पृ० ९८४-८७।

"चूण्डावतों ने प्रकट रूप से तो अपने विरोधियों से प्रेम करलिया था परन्तु अन्त करण से वे उनके शत्रु बने रहे और सोमचन्द गाधी को मारने का अवसर ढूढरहे थे। अपनी अचल राजनिष्ठा एव लोकप्रियताके कारण वह (सोमचन्द)चूण्डावतों की

आँखोंमें बहुत खटकताथा,पर वहबडाही दूरदर्शी और नीतिकुशल था जिससे उन्हें उससे बदला लेने का कभी अवसर ही नहीं मिलता था, वि० स० १८४६ कार्तिक सुदी ६ (ई० स० १७८९ ता० २४ अक्टूबर) को जब कुरावड़ का रावत अर्जुनसिंह और चावड का रावत सरदारसिंह महलों में गये उस समय सोमचन्द प्रधान भी वहीं था। उसे मारनेका यह उपयुक्त अवसर पाकर उन्हों ने सलाह करने का बहाना किया और उसे अपने पास बुलाया तथा उससे यह पूछते हुये कि "तुम्हें हमारी जागीर जब्त करने का साहस कैसे हुआ "दोनों तरफ से उसकी छाती में कटार घुसेड दिया जिस से वह तत्काल मरगया। जब सोमचन्द के इस प्रकार मारे जाने का समाचार उसके भाई सतीदास तथा शिवदास को मिला, तब वे तुरन्त महाराणा के पास—जो उस समय बदनौर के ठाकुर जेतसिंह के साथ सहेलियों की वाडी मे था—पहुँचे और अर्ज किया 'हम लोगो को आप शत्रु के हाथ से क्यो मरवाते हैं? आप अपने ही हाथ से मार डालिये।" उनके चले जाने के बाद रावत अर्जुनसिंह सोमचन्द के खून से भरे हुए अपने हाथों को बिना धोये ही महाराणा के पास पहुँचा। उस को देखते ही महाराणा का क्रोध भड़क उठा, पर असमर्थ होनेके कारण अर्जुनसिंह की इस ढिठाई के लिये उसे कोई दण्ड तो न दे सका, परन्तु केवल यही कहा —दगाबाज मेरे सामने से चलाजा, मुझे मुह मत दिखला "। महाराणा को अत्यन्त क्रुद्ध देखकर अर्जुनसिंह ने वहाँ ठहरना उचित न समझा और तुरन्त वहा से लौट गया।

महाराणा की आज्ञा से सोमचन्द का दाहकर्म पीछोले की बडी पाल पर किया गया जहां उसकी छत्री अब तक विद्यमान है।" (पृ० ९८९)

सतीदास गांधी

"सोमचन्द के पीछे उसका भाई सतीदास प्रधान और शिवदास उसका सहायक बनाया गया। इधर सतीदास और शिवदास ने अपने बडे भाई के वध का शत्रुओं से बदला लेने के लिये भींडर के सरदार मोहकमसिंह की सहायता से सेना एकत्र कर चित्तौड की ओर कूंच किया। उधर उनका सामना करने के लिये अपनी सेना सहित कुरावड के रावत अर्जुनसिंह की अध्यक्षता मे चूडावत चित्तौड से रवाना हुए। अकोला के पास लडाई हुई जिसमे सतीदास की जीत हुई और रावत अर्जुनसिंह ने भाग कर अपनी जान बचाई साह सतीदास ने अपने भाई सोमचन्द के कातिल को मारडाला (पृ० १०११)।

१ जुलाई सन ३३

राणाओं के समकालीन जैन मंत्री

वर्तमान शिशोदिया राज-वंश का चित्तौड में अधिकार होने (वि०स०की आठवीं शताब्दी) से पूर्व मेवाड की परिस्थिति बताने मे इतिहास के पृष्ठ मौन हैं। फिर भी मेवाड की राजधानी चित्तौड होने से पूर्व नागदा और आहडमे रही हो, ऐसे प्रमाण मिलते हैं। इन दोनो स्थानो पर बडे बडे विशाल प्राचीन जैनमन्दिर अभीतक विद्यमान हैं, जिनसे कि प्रकट होता है कि उस काल मे जैनो का वहाँ पर उत्कर्ष रहा होगा।

चित्तौडगढ भी उक्त राजवंशों के आधिपत्य से पूर्व और कुछ बीच में जैनधर्मी राजाओ के अधिकार मे रहा है, मेवाड मे उक्त राजवश के उत्कर्ष मे जैनो का क्या स्थान है, आगे इसी पर विवेचन करना है।

मेवाड के उक्त राणाओ का सिलसिलेवार प्रामाणिक इतिहास रावल तेजसिह से मिलता है, अत प्रस्तुत निबन्ध का श्री गणेश भी यहीं से किया जाता है। रावल तेजसिह "परम भट्टारक" उपाधि से सुशोभित थे, यह उपाधि पहले किसी अर्थ में रही हो, किन्तु प्राय यह विरुद आज तक जैनियों के यहाँ ही प्रचलित है। इन्हीं रावल तेजसिह की पटराणी जयतल्लदेवी प्रकट रूप में जैनधर्मी हुई है। जिसने कि चित्तौड पर श्याम पार्श्वनाथ का मन्दिर बनवाया था। रावल तेजसिंह ने चैत्रगच्छ के आचार्य रत्नप्रभसूरि का अत्यन्त सम्मान किया था।

रावल तेजसिह के पुत्र वीरवर समरसिंह ने अपने राज्य में जैनाचार्य्य के उपदेश से प्रभावित होकर जीवहिंसा रोक दी थी।

उक्त ऐतिहासिक प्रमाणो से ध्वनित होता है कि यह शायद जैनधर्मी रहे हो।

राजपूतानांतरगत रियासतो के मंत्री, सेनापति प्राय जैनी होते आये हैं किन्तु आज उन सब का परिचय तो क्या नाम तक भी उपलब्ध नहीं होते। यहाँ संक्षेप में मेवाड के राणाओं के समकालीन जैन मंत्रियों आदि के नाम दिये जाते हैं :—

१ महाराणा लाखा के समय मे नव लाखा गोत्र के रामदेव का मत्री होना पाया जाता है। (देवकुल पाटक प्रशस्ति)

२ महाराणा हमीर के समय में जालसिंह हुये हैं। परिचय के लिये देखो प्रस्तुत पुस्तक पृ० १४८।

३ महाराणा कुँभा के समय मे वेला भण्डारी, गुणराज, जीजा बघेरवाल,(जिसने जैन कीर्तिस्तम्भ बनवाया) रत्नसिंह, (जिस ने राणपुरा का मन्दिर बनवाया) आदि कई प्रधान पुरुष हुये।

४ महाराणा साँगा के मित्र कर्माशाह के पिता तोलाशाह थे। राणा की अभिलाषा इनको मत्री बनाने की थी। किन्तु अत्यन्त धर्मनिष्ठ होने के कारण तोलाशाह ने प्रधानपद स्वीकार नहीं किया। परिचय पृ० ७१।

५ महाराणा रत्नसिंह के मंत्री कर्माशाह थे, जिन्होंने करोडों रुपये लगाकर शत्रुजय का उद्धार कराया और आदिनाथ की मूर्ति स्थापित की। परिचय पृ० ६८।

६ महाराणा विक्रमादित्य के समय में कुम्भलगढ का क़िलेदार‡ आशाशाह था, जिसने महाराणा उदयसिंह के शरणागत होने पर अभयदान दिया था। परिचय पृ० ७४।

७ महाराणा उदयसिंह के मंत्री भारमल कावडिया थे। परिचय पृ० ८०।

८ महाराणा प्रतापसिंह के मंत्री भामाशाह थे। परिचय पृ० ८३। इसके सिवाय उक्त राणा की ओर से हल्दीघाटी के युद्ध में ताराचन्द, मेहता जयमल बच्छावत, मेहता रत्नचन्द खेतावत आदि के लडने का उल्लेख मिलता है।

९ महाराणा अमरसिंह का मंत्री भामाशाह और भामाशाह की मृत्यु के बाद उसका पुत्र जीवाशाह रहा। परिचय पृ० १००।

१० महाराणा कर्णसिंह का मंत्री अक्षयराज था। पृ० १०१।

११ महाराणा राजसिंह का मत्री दयालशाह था। परिचय पृ० १०२

१२ महाराणा सग्रामसिंह (द्वितीय) वीर प्रकृति के पुरुष थे। इन्हों ने ऋषभदेवजी के मन्दिर को एक गाँव भेट किया।

१३ महाराणा भीमसिंह के मंत्री सोमदास गाँधी मेहता मालदास और मेहता देवीचन्द रहे।

महाराणा भीमसिंहजी से लगाकर महाराणा फतहसिंहजी तक (जिनका कि सन् ३१ मे स्वर्गवास हो गया) उदयपुर राज्य के

---

‡ सनिक सेवा की दृष्टि से क़िलेदारी पद राजपूताने में अत्यत महत्व का समझा जाता है। क़िले आदि पर हमला होने पर किलेदार युद्ध करने में स्वतन्त्र होता है। यह भी एक जिम्मेदारी का पद है।

मन्त्री जैनी रहते आये हैं। यह लोग तलवार के धनी, बात के पूरे और सच्चे देशभक्त हुये हैं। उदयपुर-राज्य में नगर सेठ भी जैनी ही होता है। जिसका प्रभाव सब जातियो पर रहता है। अभी गत वर्ष जब लोगो ने राज्य-कर विशेष बढाये जाने के कारण हडताल करदी थी, तब भी नगर के सेठ के कहने एव समझाने पर, राज्य के हिन्दु-मुसलमान दुकानदारो ने अपनी दुकाने खोली थी। पहले समय मे नगर सेठ का बडा प्रभाव रहा है। नगर सेठ राज्य की ओर से चुना जाता है और उसका बड़ा सम्मान रहता है।

नोट—मेवाड में उदयपुर राज्य के अलावा बाँसवाडा, डूगरपर और प्रतापगढ रियासतें और हैं। उदयपुर-राज्य के सिवा उक्त तीन रियासतो के वीरो के सम्बन्ध में अभी तक मुझे कुछ भी विदित नहीं हो सका है। अत वीरो का परिचय उपलब्ध न होने से यहाँ उक्त रियासतो के मन्दिरादि का परिचय भी स्थानाभाव के कारण रोक लिया है। विद्वान् पाठको ने भविष्य मे यदि यहाँ के सम्बन्ध मे कुछ बतलाने की कृपा की तो फिर देखा जायगा।

नहिं चाहत साम्राज्य-सुख, नाहिं स्वर्ग निर्वान।
जन्म-जन्म निज धर्म पै, हरषि चढ़ायो प्रान॥

—श्री० वियोगीहरि

२१ मार्च सन् ३३

मारवाड़

Here in Jodhpur the rose—red fort stands a romantic and picturesque sentinal over plains of Marwar Its massive architecture reflects the stubborn spirit of its builder and every stone speaks of the brave deeds of your highness ancestors in the wars which fill so many pages in the history of this country side

Lord Erwin

अर्थात्—मारवाडके प्रत्येक शिलाखड से राजपूतो की वीरता का वह गौरवमय राग निकलता है, जो प्रत्येक दर्शक को सहज ही मे अपनी ओर आकर्षित कर लेता है। —लार्ड अरविन

था यहाँ हँगामा उन सहरा नशीनों का कभी।
बहर बाज़ीगाह था, जिनके सफीनों का कभी॥

जलजले जिन से शहन्शाहो के दरबारों मे थे।
बिजलियों के आशियाने जिनकी तलवारों में थे॥

—"इक़बाल"

मारवाड़-परिचय

मारवाड़-राज्य राजपूताना प्रान्त के पश्चिमी भाग में है। इस के उत्तर में बीकानेर, उत्तर-पूर्व में जयपुर का शेखावाटी परगना, पूर्व में मेवाड़ राज्य और अंग्रेजी अमलदारी का अजमेर मेरवाड़ा ज़िला, दक्षिण में सिरोही और पालनपुर रियासतें, पश्चिम मे कच्छ का रन, (समुद्र की खाडी) और सिन्ध प्रान्त का थरपारकर ज़िला। उत्तर-पश्चिम में जैसलमेर है। यह २४ अंश, ३७ कला, और २७ अंश, ४२ कला उत्तराँश तथा ३० अंश, ५ कला और ७५ अंश २२ कला पूर्व रेखांश के बीच फैला हुआ है। इसकी लम्बाई उत्तर पूर्व से दक्षिण-पश्चिम तक ३२० मील और चौडाई १७२ मील है। मारवाड़-राज्य की सीमा पहले बहुत विस्तृत थी। अब इस राज्य का क्षेत्रफल ३५, ०१६ वर्ग मील है। इसमें १६० वर्गमील का साँभर झील का हिस्सा भी शामिल है। किन्तु अंग्रेजी इलाका अजमेर-मेरवाड़े की सरहद पर बसे हुये मारवाड राज्य के २२ गाँवों की ५० वर्गमील भूमि और सिन्ध का उमरकोट शामिल नहीं है जो मारवाड-राज्य के होने पर भी स० १८८० और १८९४ वि० से क्रमश अंग्रेज सरकार के प्रबन्ध में है और उनके बदले ३ हज़ार तथा १० हज़ार रुपये वार्षिक

क्रमशः मिलते हैं। इस जमीन में ३०, १८६ और सालसा ४८३ वर्गमील है।

क्षेत्रफल के लिहाज से मारवाड-राज्य तमाम राजपूताने के चौथाई हिस्से से भी अधिक विस्तार में फैला हुआ है। यह अफ्रीका के नेटाल देश से कुछ छोटा किन्तु यूरोप के स्काटलेण्ड, आयरलेण्ड या पुरुतगाल से बड़ा है। भारतवर्ष के निज़ाम हैदराबाद और काश्मीर राज्यों को छोडकर इसका विस्तार अन्य सब देशी राज्यों से बड़ा है†।

मारवाड-प्रदेश अपने यथा नाम तथा गुण के अनुसार अनउपजाऊ, रेतीला और बंभड है। मारवाड़ में वर्षा बहुत कम होती है, पानी की बड़ी तकलीफ़ रहती है। अधिकाँश जमीन की सिंचाई कुओं के ज़रिये होती है। बारह महिने लगातार बहने वाली यहाँ एक भी नदी या नहर नहीं है। इस प्रदेश में इधर-उधर बिखरे हुये अनेक पहाड हैं। यहाँ की आबोहवा खुश्क है किन्तु तन्दुरस्ती के लिये बहुत लाभदायक है।

मारवाड-राज्य की वर्तमान राज्यधानी जोधपुर में है, जो राठौड राजपूत जोधाजी ने जेठ सुदी ११ वि० सं० १५१६ शनिवार तदनुसार १२ मई सन् १४५९ ई० को पुरानी राजधानी मंडोर से ५ मील दूरी पर बसाया था। मारवाड-राज्य को इसी से जोधपुर राज्य भी कहते हैं। मारवाड शब्द "मरुवार" का अपभ्रंश है जिसको प्राचीन काल में 'मरुस्थान' भी कहते थे। मरुस्थान शब्द

† मारवाड राज्य का इति० पृ० १–२।

का वास्तविक अर्थ मृत्यु का स्थान है और इसी कारण से इस शब्द का रेगिस्थान के लिये उपयोग किया जाता है ‡।

मारवाड की कुल जन-सख्या (आबादी) सन् १९३१ की मनुष्य-गणना के अनुसार २१२६४२९ है । जिसमें जैनियों की सख्या १,१३,६६९ है।

मारवाड-प्रदेश पर राज्य करने वाले प्रसिद्ध कन्नोजपति राठौड राजपूत जयचन्द के वशधर हैं। सन ११९४ में शहाबुद्दीन गौरी से परास्त होने पर जयचद भागते हुये गगा मे डूब गया। इसी का पौत्र सीहाजीराव सन १२१२ मे राजपूताने मे आकर बसा और मारवाड-राज्य की नीव डाली, तभी से उसके वशधर इस प्रदेश पर राज्य करते आरहे हैं। मारवाड में अनेक रमणीय स्थान देखने योग्य हैं, किन्तु स्थानाभाव के कारण "राजपूताने के प्राचीन जैन स्मारक" से (जो कि सरकारी गजेटियरो और रिपोर्टों मे अनुदित किया गया है) केवल कुछ प्राचीन जैन-मन्दिरो का विवरण दिया जाता है —

१. भिनमाल:—

जिला जसवन्तपुरा, इस को श्रीमाल या भिल्लमाल भी कहते हैं। यह आबूरोड स्टेशन से उत्तर पश्चिम ५० मील व जोधपुर से दक्षिण पश्चिम १०५ मील है, यह छठी से नवी शताब्दी के मध्य मे गूजरों की प्राचीन राज्यधानी थी। A S R W I of 1908 मे विदित हुआ कि यह श्रीमाल जैनियो का प्राचीन स्थान है।

‡ मारवाड राज्य का इति० पृ० ३।

ऐसा श्रीमाल महात्म्य में है। यहाँ जाकव तालाव के तट पर उत्तर मे गजनीखां की कव्र है। इस की पुरानी इमारत के ध्वशों में एक पड़े हुये स्तम्भ पर एक लेख अंकित है, जिस में लेख है कि वि० सं० १३३३ राज्य चाचिगदेव पारापद गच्छ के पूर्णचन्द्र सूरि के समय श्री महावीर की पूजा को आश्विन वदी १४ को १३ द्रुम्मा व ८ विसोपाक दिये। एक पुरानी मिहराव में एक जैनमूर्ति अंकित है। जाकव तालाव की भीत मे एक लेख है, जिस में आरम्भ में है कि श्री महावीर स्वामी स्वयं श्रीमाल नगर में पधारे थे।

२. माँडोरः—

जोधपुर नगर से उत्तर ५ मील। यह सन १३८१ तक परिहार वंशी राजाओ की राज्यधानी थी। यहाँ वहुत प्राचीन मन्दिरों के शेष हैं। इनमें वहुत प्रसिद्ध एक दो खन की जैन-मन्दिर की इमारत उत्तर मे है। इसमें वहुत कोठरियाँ हैं। मन्दिरमें जाते हुये द्वार के आले मे चार जैन-तीर्थंकर मूर्तियाँ हैं व आठ भीतर वेदी मे कोरी हैं। यहाँ एक वडा शिलालेख था जो दवा पडा है। इस के स्तम्भे १० वीं शताब्दी के पुराने हैं।

३. नाडोलः—

जिला देसूरी जवाली स्टेशन से ८ मील यह ऐतिहासिक जगह है। ग्राम के पश्चिम में पुराना क़िला है। इस क़िले के भीतर वहुत सुन्दर मन्दिर श्री महावीर स्वामी का है। यह मन्दिर हलके रंग वाले चुनई पाषाण से वना है और इस मे वहुत सुन्दर कारीगरी है। यह चौहान राजपूतो का स्थान है। जैन-मंन्दिर मे

तीन लेख १६०९ ई० के हैं व ८ बडे पाषाण स्तम्भ है। जिन को खेतला का स्थान कहते हैं।

४. माँगलोद:—

नागौर से पूर्व २० मील यहाँ प्राचीन मन्दिर है, जिस में संस्कृत लेख सन् ६०४ का है। इस में लिखा है कि इस मन्दिर का जीर्णोद्धार धुहलाना महाराज के राज्य में हुआ था। यह लेख जोधपुर मे सब से प्राचीन है।

५. पोकरन नगर:—

जिला साकरा—जोधपुर नगर से उत्तर-पश्चिम ८५ मील। सातलमेर ग्राम के बाहर दो मील तक ध्वंश स्थान है। यहाँ एक बड़ा जैन-मन्दिर है।

६. राणपुर (रैनपुर):—

जि० देसूरी—फालना स्टेशन से पूर्व १४ मील व जोधपुर से दक्षिण-पूर्व ८८ मील। यहाँ प्रसिद्ध जैन-मन्दिर है। जो मेवाड के राणा कुम्भा के समय में १५ वीं शताब्दी में बना था। यह बहुत पूर्ण है। मन्दिर का चबूतरा २००×२२५ फुट है। मध्य मे बडा मन्दिर है, जिस मे चार वेदी हैं। प्रत्येक में श्री आदिनाथ विराजमान हैं। दूसरे खनपर चार वेदी हैं। आगन के चार कोने पर ४ छोटे मन्दिर हैं। सब तरफ २० शिखिर हैं जिसको ४२० स्तम्भ आश्रय दिये हुये हैं। संगमर्मर का खुदा हुआ मानस्तम्भ द्वार पर है, उस में लेख है। जिन में मेवाड के राजाओं के नाम

बापा रावल से राणा कुम्भा तक हैं। इस मन्दिर के हर एक शिखर के समुदाय जो जो मध्य शिखर है, वह तीन खन का ऊँचा है। जो खास द्वार के सामने है, वह ३६ फुट व्यास का है, उसे १६ खम्भे थामे हुये हैं। १९०८ की पश्चिम भारत की रिपोर्ट में है कि इस बडे मन्दिर को—जो चौमुखा मन्दिर श्री आदिनाथजी का है—पोडवाड महाजन धरणक ने सन् १४४० में बनवाया था। दो और जैन-मन्दिर हैं, उन में एक श्रीपार्श्वनाथजी का १४ वीं शताब्दी का है।

७. सादड़ी नगर:—

जि० देसूरी। प्राचीन नगर जोधपुर से दक्षिण पूर्व ८० मील, यहाँ बहुत से जैन-मन्दिर हैं।

८. कापरदा:—

जिला हुकूमत, यहाँ एक जैन-मन्दिर है जो इतना ऊँचा है कि ५ मील से दिखता है। यह १६वीं शताब्दी के अनुमान का है। यह जोधपुर से दक्षिण-पूर्व २२ मील है। विशालपुर से ८ मील है

९. वरलई:—

देसूरी से उत्तर-पश्चिम चार मील। यहाँ सुन्दर दो जैन-मन्दिर हैं—एक श्रीनेमीनाथजी का सन् १३८६ का व दूसरा श्रीआदिनाथजी का सन् १५४१ का।

१०. जसवन्तपुरा:—

आबूरोड स्टेशन से उत्तर-पश्चिम ३० मील, पर्वत के नीचे

एक नगर है। इसके पश्चिम में एक सुन्दर पहाडी है। यह पहाडी ३२८२ फुट ऊँची है। यही रतनपुर ग्राम में श्रीपार्श्वनाथजी का जैन-मन्दिर सन् ११७१ का है, इस मे दो लेख सन् ११९१ और १२९१ के है।

११. ओसिया:—

जोधपुर से उत्तर ३० मील। यह ओसवाल महाजनों का मूल स्थान है। यहाँ एक जैन-मन्दिर है, जिस में एक विशाल मूर्ति श्री महावीर स्वामी की है। यह मन्दिर मूल मे सन् ७८३ के करीब परिहार राजा वत्सराज के समय मे बनाया गया था। इस के उत्तर-पूर्व मानस्तम्भ है, जिसमें सन ८९५ है। सन् १९०७ की पश्चिम भारत की प्रोग्रेस रिपोर्ट से विदित है कि यह तेवरी से उत्तर १४ मील है। इस का पूर्व नाम मेलपुर पट्टन था। ऊपर कहे हुये प्राचीन मन्दिर सहित यहाँ १२ मन्दिर हैं। हेमाचार्य के शिष्य रत्नप्रभाचार्य ने यहाँ के राजा और प्रजा सब को जैनी बना लिया था।

१२. बाड़मेर:—

जि० मैलानी—जोधपुर शहर से दक्षिण-पश्चिम १३० मील। यहाँ से क़रीब ४ मील। उत्तर-पश्चिम जूनावगरमेर के ध्वंस हैं। २ मील दक्षिण जाकर ३ पुराने जैनमन्दिर हैं। सब से बडे मन्दिरजी के एक स्तम्भ पर एक लेख सन १०५५ का है, जो कहता है कि, उस समय बाहुड़मेरु मे महाराजकुल सामन्त-

सिंहदेव राज्य करते थे। एक दूसरा लेख संवत् १३५६ का है, श्री आदिनाथ भगवान का नाम है। यह जूना वारमेर हतमा से दक्षिण पूर्व १२ मील है।

१३. पालीनगर:—

(माड़वाड़ पाली) जोधपुर रेलवे पर वान्दी नदी के तट पर जोधपुर नगर से दक्षिण ४५ मील। यहाँ एक विशाल जैन-मन्दिर है, जिसको नौलखा कहते हैं। यह अपने बड़े आकार, सुन्दर सुदाई व किले के समान दृढ़ता के लिये प्रसिद्ध है। इसमे बहुतसा काम चारो तरफ बना है। जिस में भीतर से ही जाया जा सकता है। केवल बाहर एक ही द्वार है, जो ३ फुट चौडा भी नहीं है। भीतर आगन में एक मसजिद भी है जो शायद इसी लिये बनाई गई है, कि इस मन्दिर को मुसलमान ध्वंश न कर सकें। इस नौलखा जैन-मन्दिर में प्राचीन मूर्तियें वि० स० ११४४ से १२०१ तक की हैं।

१४. साचारे:—

नगर, जोधपुर से दक्षिण-पश्चिम १५० मील। यहाँ एक पुरानी मसजिद है, जो पुराने जैन-मन्दिर को तोड फोडकर बनाई गई है। यहाँ तीन पाषाण के खम्भों पर ४ लेख है उनमें से दो सस्कृत में हैं। जिनका भाव यह है कि (१) सवत् १२९७ मडप बनाया, सघ पति हरिश्चन्द्र ने, (२) संवत् १३२२ वैशाख वदी १३ सत्यपुर महास्थान के भीमदेव के राज्य में श्रीमहावीर स्वामी के जैन-मदिर में जीर्णोद्धार किया, श्रोसवाल भंडारी छाया द्वारा।

१५. नाणा:—

रेलवे स्टेशन नाणा से २ मील। यहाँ श्रीमहावीर स्वामी का जैन-मन्दिर है। उसमे लेख है कि विलहरा गोत्र के ओसवाल डूडा ने स० १५०६ माघ वदी १० श्री शान्तिसूरि द्वारा मन्दिर के द्वार पर एक लेख सं० १०१७ का है। आले के भीतर एक लेख सं० १६५९ का है, कि राणा श्री० अमरसिंह ने मन्दिर को दान दिया।

१६. बेलार:—

नाणा से उत्तर-पश्चिम ३ मील। यहाँ एक श्रीपार्श्वनाथ का जैन-मन्दिर है, उसके खम्भे पर एक लेख स० १२६५ का है, कि नाणा के राजा धाँधलदेव के राज्य में किसी ओसवाल ने जीर्णोद्धार कराया।

१७. सेवाड़ी:—

बीजापुर से उत्तर-पूर्व ६ मील। यहाँ श्रीमहावीर स्वामी का जैन मन्दिर है, कुछ मूर्तियाँ जैनाचार्यों की हैं। उनके आसन पर वि०स० १२४५ संदेरक गच्छ है। मन्दिर के द्वार पर कई लेख हैं।

१८. घाणेराव:—

सेवाडी से उत्तर-पूर्व ६ मील। पहाडी के नीचे श्री महावीर स्वामी का जैन मन्दिर ११ वी शताब्दी का है।

१९. बरकाना:—

जि० देसूरी, यहाँ श्री पार्श्वनाथ का जैन-मन्दिर १६ वी शताब्दी का है।

२०. सांडेरायः—

यह यशोभद्रसूरि द्वारा स्थापित सद्रक जैनगच्छ का मूल स्थान है। यहां श्रीमहावीर स्वामी का जैन-मन्दिर है। जिसके द्वार पर एक लेख है कि सं० १२२१ माघ वदी २ को केल्हणदेव राजा की माता आणलदेवी ने राजा की सम्पत्ति में से श्रीमहावीरस्वामी की पूजा के लिये दान किया था। यह राष्ट्रकूटवंशी सहुला की पुत्री थी। सभा-मंडप के खम्भे पर चार लेख हैं—१ है, सं०१२३६ कार्तिक वदी २ बुधे कल्हणदेव के राज्य मे थंथा के पुत्र रल्हाका और पल्हा ने श्रीपार्श्वनाथजी के लिये दान दिया।

२१. कोरटाः—

सांडेराय से दक्षिण-पश्चिम १६ मील। यहाँ ३ जैन-मन्दिर है, जो १४ वीं शताब्दी के हैं।

२२. जालोरः—

नगर जि० जालोर, जोधपुर से दक्षिण ८० मील। यहाँ एक किला है, उसमे तोपखाना तथा मसजिद है, जो जैन और हिन्दू मन्दिरों के ध्वसो से बनाई गई है। यहाँ बहुत से लेख हैं व तीन जैन-मन्दिर श्री आदिनाथ, महावीर व पार्श्वनाथ के हैं।

२३. केकिंदः—

मेडता से दक्षिण-पश्चिम १४ मील। शिव-मन्दिर के पास एक जैन-मन्दिर श्री पार्श्वनाथ का है। इसके खभे पर लेख है।

२४. बाड़लूः—

बागोदिया से उत्तर ४ मील, यहाँ १३ वीं शताब्दी का एक श्री पार्श्वनाथ का जैन-मन्दिर है।

२५. उनोतराः—

वाडलू से पश्चिम ४ मील, यहाँ भी १३ वीं शताब्दी का एक जैन-मन्दिर है।

२६. सुरपुराः—

वाडलू से उत्तर-पूर्व ३ मील। यहाँ श्री नेमिनाथ का जैन-मन्दिर है। लेख १२३९ का है।

२७. नदसरः—

सुरपुरा से उत्तर-पूर्व ६ मील। यहाँ एक प्राचीन जैन-मन्दिर है। १० वीं शताब्दी के आश्चर्यजनक स्तम्भ हैं।

२८. जसोलः—

जि०मल्लानी जोधपुर से दक्षिण-पूर्व ६० मील। यह लूणी नदी पर है। एक जैनमन्दिर है और एक हिन्दु मन्दिर है, जो जैनमन्दिर के पुराने सामान से बनाया गया है। एक पाषाण जो सभा-मंडप की भींत पर लगा हुआ है, वह खेड के जैन-मन्दिर से लाया गया है। उस पर लेख सं०१२४६ है। इस जैन-मन्दिर मे दो मूर्तियें श्री सम्भवनाथ की हैं, जिनकी प्रतिष्ठा सहदेव के पुत्र सोनीगर ने कराई थी। यह भानु देवाचार्य गच्छ के श्री महावीर स्वामी के मन्दिर की हैं, जो खेतला पर है। इस जैन-मन्दिर को देवी देहरा कहते हैं। इसमें एक लेख स० १६५९ रौला विक्रमदेव के राज्य का है।

२९. नगरः—

जासौल से दक्षिण ३ मील। यहाँ तीन जैन-मन्दिर हैं—१ नाकोडा पार्श्वनाथ का, २ लासीवाई ओसवाल कृत श्री ऋषभ-

देव का, ३ जैसलमेर के पटवा वंश के सेठ मालासा कृत शान्ति नाथ का यह १३ वीं शताब्दी का है। ऋषभदेव के मन्दिर में ३ लेख हैं।

३०. खेड़:—

नगर से उत्तर ५ मील। यह मल्लाना की राज्यधानी थी। यहाँ रणछोड़जी के मन्दिर में हाते की भीत पर दो जैन मूर्तियाँ लगी हैं, जिनमें एक बैठे व दूसरी खड़े आसन है।

३१. तिवरी:—

ओसिया से दक्षिण १३ मील। यहाँ बहुत से ध्वंस मन्दिर हैं, उनमें एक बड़ा जैन-मन्दिर श्रीमहावीर स्वामी का है। मन्दिर के सामने मानस्तम्भ है। उसके मध्य मे ८ जैन तीर्थंकरों की मूर्तियाँ पद्मासन हैं। नीचे चार खड़े आसन मूर्तियाँ हैं। उसके नीचे ४ बैठे आसन हैं। इस स्तम्भ पर लेख है।

३२. फलौदी:—

यहाँ प्राचीन श्री पार्श्वनाथ का मन्दिर है। यहाँ की मूर्ति एक वृक्ष के नीचे मिली थी। जहाँ एक जैनी की गाय नित्य दूध की धार डाला करती थी।

संक्षेप मे प्राचीन जैन मन्दिरों का उल्लेख किया गया है विशेष 'दिगम्बर जैन डिरेक्टरी', 'श्वेताम्बर जैनतीर्थगाइड' और राजपूताने के प्राचीन जैन-स्मारक' आदि पुस्तको में मिलेगा।

नवम्बर सन् ३२

मारवाड के जैन राजा

मंडोर के प्रतिहार

मान्य ओझाजी लिखते हैं —"मण्डोर (जोधपर से ४ मील) के प्रतिहारों के कितने एक शिलालेख मिले हैं जिनमें से तीन में उनके वश की उत्पत्ति तथा वशावली दी है । उनमें से एक जोधपुर शहर के कोट (शहर पनाह) मे लगा हुआ मिला, जो मूल में मडोर के किसी विष्णुमन्दिर में लगा था। यह शिलालेख वि० सं० ८९४ (ई० स० ८३७) चैत्र सुदि ५ का है। दूसरे दो शिलालेख घटियाले (जोधपुर से २० मील उत्तर मे) मे मिले हैं, जिनमें से एक प्राकृत (महाराष्ट्री) भाषा का श्लोकबद्ध और दूसरा उसीका आशय रूप सस्कृतमें है। ये दोनों शिलालेख वि० स० ९१८ (ई० स० ८६१) चैत्र सुदी २ के हैं। इन तीनों लेखों मे पाया जाता है कि "हरिश्चन्द्र" नामक विप्र (ब्राह्मण) जिसको रोहिलद्धि भी कहते थे, वेद और शास्त्रों का अर्थ जानने में पारगत था। उसके दो स्त्रियाँ थीं, एक द्विज (ब्राह्मण) वश की और दूसरी क्षत्रिय कुल की बड़ी गुणवती थी । ब्राह्मणी से जो पुत्र

उत्पन्न हुये वे ब्राह्मण प्रतिहार कहलाये और क्षत्रिय वर्ण की रानी भद्रा से जो पुत्र जन्मे वे मद्य पीने वाले हुये। इस प्रकार मंडोर के प्रतिहारों के उन तीनों शिलालेखों से हरिश्चन्द्र का ब्राह्मण एवं किसी राजा का प्रतिहार होना पाया जाता है। उसकी दूसरी रानी भद्रा को राज्ञी लिखा है, जिससे संभव है कि हरिश्चन्द्र के पास जागीर भी हो। उसकी ब्राह्मण वंश की स्त्री के पुत्र ब्राह्मण प्रतिहार कहलाये। जोधपुर-राज्य मे अब तक प्रतिहार ब्राह्मण हैं, जो उसी हरिश्चन्द्र प्रतिहार के वंशज होने चाहिये। उसकी क्षत्रिय वर्ण वाली स्त्री भद्रा के पुत्रों की गणना उस समय की प्रथा के अनुसार मद्य पीने वालों अर्थात् क्षत्रियों में हुई। मंडोर के प्रतिहारों की नामावली उनके उपर्युक्त शिलालेखों में नीचे लिखे अनुसार मिलती है —

१. हरिश्चन्द्र (रोहिल्लद्धि)

प्रारम्भ मे किसी राजा का प्रतिहार था। उसकी राणी भद्रा से, जो क्षत्रिय वंश की थी, चार पुत्र भोगभट, कक्क, रज्जिल और दद हुए, उन्होंने अपने बाहु बल से माँडव्यपुर (मंडोर) का दुर्ग (किला) लेकर वहाँ ऊँचा प्राकार (कोट) बनवाया।

२ रज्जिल

(स० १ का ज्येष्ठ पुत्र)

३. नरभट

(स०२ का पुत्र) इसकी वीरता के कारण इसको 'पेल्लापेल्लि' कहते थे।

४. नागभट

(स० ३ का पुत्र) इसको नाहड भी कहते थे। इसने मेडंतकपुर (मेड़ता, जोधपुर राज्य मे) में अपनी राजधानी स्थिर की। उसकी राणी जज्जिकादेवी के दो पुत्र तात और भोज हुए।

५. तात

(स० ४ का पुत्र) इसने जीवन को बिजली के समान चचल जान कर अपना राज्य अपने छोटे भाई को दे दिया और आप माँडव्य के पवित्र आश्रम मे जाकर धर्माचरण में प्रवृत्त हुआ।

६. भोज

(स० ५ का छोटा भाई)

७. यशोवर्द्धन

(स० ६ का पुत्र)

८. चंदुक

(स० ७ का पुत्र)

९. शीलुक

(स० ८ का पुत्र) इसने त्रवणी और वल्ल देशों में अपनी सीमा स्थिर की, अर्थात् उनको अपने राज्य में मिलाया और वल्ल मडल (वल्लदेश) के स्वामी भट्टिक (भाटी) देवराज को पृथ्वी पर पछाड कर उसका छत्र छीन लिया।

१०. भोट

(स० ९ का पुत्र) इसने राज्य-सुख भोगने के पीछे गंगा म मुक्ति पाई।

११. मिल्लादित्य

(सं० १० का पुत्र) इसने युवावस्था में राज्य किया, फिर अपने पुत्र को राज्य-भार सौंप कर वह गगा-द्वार (हरिद्वार) को चला गया जहाँ १८ वर्ष रहा और अन्त में उसने अनशन व्रत से शरीर छोडा।

१२. कक्क

(स० ११ का पुत्र) इसने मुग्दगिरि (मुँगेर, बिहार में) में गोंडों के साथ की लडाई में यश पाया। वह व्याकरण, ज्योतिष, तर्क (न्याय) और सर्व भाषाओं के कवित्व में निपुण था। उस की भट्टि (भाटी) वंश की महारानी पद्मिनी से बाउक और दूसरी राणी दुर्लभदेवी से ककुक का जन्म हुआ। इसका उत्तराधिकारी बाउक हुआ। कक्क रघुवशी प्रतिहार राजा वत्सराज का सामंत होना चाहिये, क्योंकि गौडों के साथ की लडाई में उसके यश पाने के उल्लेख से यही पाया जाता है कि जब वत्सराज ने गौड देश के राजा को परास्त कर उसकी राज्यलक्ष्मी और दो श्वेत छत्र छीने, उस समय कक्क उसका सामन्त होने से उसके साथ लडने को गया।

१३. वाउक

(स० १२ का पुत्र) जब शत्रुओ का अतुल सैन्य नदावल्ल को मार कर भूअकूप में आगया और अपने पक्ष वाले द्विज नृपकुल के प्रतिहार भाग निकले, तथा अपना मंत्री एव छोटा भाई भी छोड भागा, उस समय उस राणा (राणा वाउक) ने घोडे से उतर कर अपनी तलवार उठाई। फिर जब नवों मडलो के सभी समुदाय भाग निकले और अपने शत्रु राजा मयूर को एव उसके मनुष्य (सैनिक) रूपी मृगो को मार गिराया, तब उसने अपनी तलवार म्यान में की। वि० स० ८९४ की ऊपर लिखी हुई जोधपुर की प्रशस्ति उसी ने खुदवाई थी।

१४. ककुक

(स० १३ का भाई) घटियाल से मिले हुये वि० स० ९१८के दानों शिलालेख इसी के हैं। जिनमे पाया जाता है कि उसने अपने सच्चरित्र से मरु, माड, वल्ल तमणी (त्रवणी), अज्ज, (आर्य) एव गुर्जरत्रा के लोगो का अनुराग प्राप्त किया, वडणाणय मडल मे पहाड पर की पल्लियों (पीलो, भीलों के गाँवों) को जलाया, रोहिन्सकूप (घटियाले) के निकट गाँव मे हट्ट (हाट, बाजार) बनवा कर महाजनों को बसाया और मड्डोअर (मडोर) तथा रोहिन्सकूप गाँवों मे जयस्तम्भ स्थापित किये। ककुक न्यायी, प्रजापालक एवं विद्वान् था† "।

† राजपूताने का इतिहास पहली जिल्द पृ० १४७-१५२।

यद्यपि मान्य ओझाजी के उक्त लेख से स्पष्टतया इन प्रतिहार राजाओं का जैनधर्मी होना प्रकट नहीं होता, अपितु वेद-पाठी हरिश्चन्द्र ब्राह्मण इन राजाओं का मूल पुरुष था, इससे तो यह सब जैनेतर ही प्रकट होते हैं किन्तु विद्वद्रत्न प्रख्यात् पुरातत्त्व वेत्ता प० रामकरणजी ने (जिन्होंने कि उक्त शिलालेखों का वाचन किया है) मार्च सन् १९१४ में जोधपुर में होने वाले जैन-साहित्य-सम्मेलन मे "मारवाड के सब से प्राचीन शिलालेख" शीर्षक निबन्ध पढ़ा था, उससे प्रकट होता है कि कक्कुक (१४वाँ) राजा जैन था। इससे पहिले के राजा किस धर्म के अनुयायी थे। इसका स्पष्टीकरण प० रामकरणजी के लेख से भी नहीं होता। क्योंकि आपने केवल कक्कुक के सम्बन्ध में ही लेख पढा था। फिर भी अनशन व्रत करने और राज्य त्यागने का कई राजाओं का उक्त लेख में वर्णन मिलने से मालूम होता है कि इस वंश ने किसी जैनाचार्य द्वारा जैनधर्म की दीक्षा लेली होगी। पाठकों के अवलोकनार्थ विद्वद्वर्य्य पं० रामकरणजी के उक्त लेख को यहाँ ज्यो का त्यों उद्धृत किया जाता है —

"जैन सम्बन्धी सब से प्राचीन शिला-लेख गाव घटियाला में, जो जोधपुर से पश्चिम की ओर है, विक्रमी संवत् ९९८ (ई० स० ८६१) का मिला है। इस शिलालेख की भाषा प्राकृत है, इस के उन्नीसवें पद्य मे नक्षत्र वारादि सहित संवत् लिखकर, उस के आगे, जिन-मन्दिर बनाने वाले प्रतीहार कक्कुक महाराज के कई उत्तम कार्यों का कथन कर, कक्कुक का जिन-मन्दिर बनाना

और उसको धनेश्वर गच्छ के समर्पण करना लिखा है। यह कक्कुक, नाहडराव इस नाम से प्रसिद्ध नागभट का वशज था, जिस का समय सातवीं शताब्दी होना चाहिये। कक्कुक के शिला-लेख में सवत्सर और जिनचैत्य विषयक ये गाथा है —

†"वरिमसएसु अ णवसु अट्ठारहसमग्गलेसु चेत्तम्मि।
णक्खत्ते विहुहत्थे बुहवारे धवलबीआए ॥ [१९]"
तेश सिरिकक्कुएणं जिणस्स देवस्स दुरिअणिद्दलणं।
कारविअं अचलमिम भवण भत्तीए सुहजणंय ॥ [२२]"
अप्पिअमेअं भवणं सिद्धस्स धणेसरस्स गच्छमि ॥ "

भावार्थ —विक्रम सवत् ९१८ (ई०सन् ८६१) के चैत्र सुदी द्वितीया बुधवार को हस्तनक्षत्र में जिनराज का यह कल्याण-कारी दृढ मन्दिर श्री कक्कुक महाराज ने भक्तिभाव से करवाया, जिस मे पाप का नाश हो।

यह शिला-लेख प्रतीहार (पडिहार कक्कुक ने अपनी कीर्ति चिरस्थायनी रहने के लिये जिनराज के मन्दिर मे लगवाया था। इसी कक्कुक महराज का दूसरा शिला-लेख उसी सवत् का उसी स्थान

† " वर्षशतेषु च नवसु अष्टादशसमग्रेषु चैत्रे।
नक्षत्रे विधुहस्ते बुधवारे धवल द्वितीयायाम्॥
तेन श्रीकक्कुकेन जिनस्य देवस्य दुरितनिर्दलनम।
कारापितमचलमिदं भवन भक्त्या शुभजनकम्।
अर्पितमेतद्भवन सिद्धस्य धनेश्वरस्य गच्छे ॥

में मिला है, उस से पाया जाता है कि यह राजा जैनी ही नहीं था, किन्तु विद्वान् भी था। क्योंकि इस शिला-लेख के अन्त मे एक श्लोक लिखकर उसके आगे लिखा है कि यह श्लोक स्वय कक्कुक महाराज ने बनाया है —

"यौवने विविधैर्भोगैर्मध्यम चन्वयः श्रिया।
वृद्धभावश्च धर्मेण यस्य याति स पुण्यवान् ॥"

भावार्थ —जिसकी युवा अवस्था नाना प्रकार के भोग भोगने मे, और मध्यम वय धनउपार्जन करने मे तथा वृद्धावस्था धर्मध्यान में व्यतीत होवे, वही पुण्यवान् पुरुष है। यह श्लोक श्री कक्कुक ने स्वय रचा है।

पहला शिला-लेख प्राकृत भाषा मे है, जिस से यह सूचित होता कि उस समय के विद्वान् केवल प्राकृत भाषा के ही पण्डित नहीं थे, किन्तु उनको जैन-धर्म का पूर्ण अभिमान भी था। और दूसरे शिलालेख के अन्तिम श्लोक से यह बोधित होता है कि महाराज कक्कुक केवल विद्वान ही नहीं थे, किन्तु नीतिनिपुण और धर्मानुरागी भी थे।"

[१५ जनवरी सन् ३३]



मारवाड़ के जैन राठौड़ राजा

कन्नौज के अन्तिम राजा गहड़वाल राजा जयचन्द के वशजो के राजपूताने में आने के पहले भी हस्तिकुण्डी (हँथूड़ी, जोधपुर राज्य) में और धनोप (शाहपूर राज्य) में राष्ट्रकूटों के राज्य होने के प्रमाण मिलते हैं। वि० सं० १०५३ (ई० सन् ९९७) का एक लेख बीजापुर से मिला है। यह स्थान जोधपुर राज्य के गोड़वाड के परगने मे है। इस शिलालेख का वाचन भी विद्वद्वर्य प० रामकरणजी ने किया है और वह शुद्ध करके उन्होने "एपिग्राफिकाइण्डिका" में दुबारा छपवा दिया है। आप लिखते हैं.—

१. हरिवर्मनः—

"यह शिलालेख कहता है कि हस्तिकुडीनगरी मे हरिवर्मन के पुत्र

२. विदग्धराजः—

ने विक्रमी सवत ९७३ (ई० स० ९१६) में केशवसूरि की सन्तान में जो वासुदेवाचार्य हुए, उनके उपदेश से जिनराज का मन्दिर बनवाया और पूजा का निर्वाह होने के लिये कई लागें लगादीं। इस विषय के उसमें ये पद्य हैं—

(पं०३) "रिपुवधुवदनेन्दुहृतद्युतिः समुदपादि विदग्धनृपस्ततः[५*]
स्वाचार्यैर्यो रुचिरनच [नैर्व्वा] सुदेवाभिधानै-
र्यो (र्यो) ध नीतो दिनकर करै र्नोरजन्माकरो ध।
पूर्व्वं जैनं निजमिव यशोऽकार्यद्धस्तिकुण्डयां।
रम्य हर्म्यं गुरुहिमगिरेः शृङ्गशृङ्गारहारी ॥ [६ *]

भावार्थः—राष्ट्रकूट (राठौड) विदग्धराज ने श्री वासुदेवाचार्य के उपदेश से हस्तिकुण्डी नगरी में जिनराज का मन्दिर करवाया।

इस जिन-मन्दिर के निमित्त जो दान दिया गया था, उसके वर्णन के अनन्तर ३० वीं पंक्ति में दान का समय कहा है —

(पं ३०) "रामगिरिनन्दकलिते विक्रमकाले गते तु शुचिमासे।
श्री मन्दलभद्रगुरोर्व्विग्धराजेन दत्तमिदम् ॥ "

भावार्थः—विदग्धराज ने वि० सं० ९७३ मे श्रीबलभद्र आचार्य को उक्त दान दिया।

३. मम्मटः—

फिर वि० स० ९९६ (ई०सन् ९३९) में उसके पुत्र मम्मट ने उस दान का समर्थन करदिया कि पीछे से उस में कुछ हानि न हो। इस विषय का यह पद्य है —

(प ३१) "नवसु शेतपु गतेपु तु पण्णवतीसमधिकेषु माघस्य ।
कृष्णैकादश्यामिह समर्थितं मम्मटनृपेण ॥"

भावार्थ :—वि० स० ९९६ के माघवदि ११ को मम्मट राजा ने उक्त दान का समर्थन किया।

४. धवल:—

मम्मट के पुत्र धवलराज ने वि० सं० १०५३ (ई० स० ९९६) में उक्त मन्दिर का जीर्णोद्धार किया और मन्दिर में श्रीऋषभदेव की नई मूर्ति स्थापित की और महाध्वज चढाया। और मन्दिर की आमदनी मे कुछ और वृद्धि कर अन्त में अपने पुत्र बालाप्रसाद को युवराज पदवी दे, आप विरक्त हो राजकार्य मे अलग होगया।"

उक्त शिलालेख में १० काव्यो में धवलराज के यश और शौर्यादि गुणों का वर्णन किया गया है। १०वें श्लोक मे उल्लेख है कि मालवा के परमार राजा मुञ्ज ने जिस समय मेदपाट (मेवाड) राज्य के आघाट स्थान पर आक्रमण किया, उस समय यह उससे लड़ा था और साम्भर के चौहान राजा दुर्लभराज से नाडौल के चौहान राजा महेन्द्र की रक्षा की थी, तथा अनहिलवाडा (गुजरात) के सोलकी राजा मूलराज द्वारा नष्ट होते हुये धरणीवराह को आश्रय दिया था। यह धरणीवराह शायद मारवाड का पड़िहार राजा होगा।

(पं०३) "रिपुवधुवदनेन्दुहृतद्युतिः समुदपादि विदग्धनृपस्ततः[५*]
स्वाचार्यैर्यो रुचिरमच [नैर्ऋा] सुदेवाभिधानै-
र्यो (र्यो) ध नीतो दिनकर करै र्भोरजन्माकरो व
पूर्वं जैनं निजमिव यशोऽकारयद्धस्तिकुण्डयां
रम्य हर्म्यं गुरुहिमगिरेः शृङ्गशृङ्गारहारी ॥ [६ *

भावार्थः—राष्ट्रकूट (राठौड) विदग्धराज ने श्री वासुदेवा
चार्य के उपदेश से हस्तिकुण्डी नगरी में जिनराज का मन्दि
करवाया।

इस जिन-मन्दिर के निमित्त जो दान दिया गया था, उसे
वर्णन के अनन्तर ३० वीं पंक्ति में दान का समय कहा है —

(पं ३०) "रामगिरिनन्दकलिते विक्रमकाले गते तु शुचिमासे
श्री मङ्गलभद्रगुरोर्विग्धराजेन दत्तमिदम् ॥ "

भावार्थः—विदग्धराज ने वि० स० ९७३ मे श्रीबलभ
आचार्य को उक्त दान दिया।

३. मम्मटः—

फिर वि० स० ९९६ (ई०सन् ९३९) में उसके पुत्र मम्मट
उस दान का समर्थन करदिया कि पीछे से उस में कुछ हानि
हो। इस विषय का यह पद्य है —

(५ ३१) "नवसु शतेषु गतेषु तु पण्णवतीसमधिकेषु माघस्य ।
कृष्णैकादश्यामिह समर्थित मम्मटनृपेण ॥"

भावार्थ :—वि० स० ९९६ के माघवदि ११ को मम्मट राजा ने उक्त दान का समर्थन किया।

४. धवल:—

मम्मट के पुत्र धवलराज ने वि० स० १०५३ (ई० स० ९९६) में उक्त मन्दिर का जीर्णोद्धार किया और मन्दिर में श्री ऋषभदेव की नई मूर्ति स्थापित की और महाध्वज चढाया। और मन्दिर की आमदनी मे कुछ और वृद्धि कर अन्त में अपने पुत्र बालाप्रसाद को युवराज पदवी दे, आप विरक्त हो राजकार्य मे अलग होगया।"

उक्त शिलालेख में १० काव्यो में धवलराज के यश और शौर्यादि गुणों का वर्णन किया गया है। १०वें श्लोक में उल्लेख है कि मालवा के परमार राजा मुञ्ज ने जिस समय मेदपाट (मेवाड) राज्य के आघाट स्थान पर आक्रमण किया, उस समय यह उससे लड़ा था और साम्भर के चौहान राजा दुर्लभराज से नाडौल के चौहान राजा महेन्द्र की रक्षा की थी, तथा अनहिलवाड़ा (गुजरात) के सोलकी राजा मूलराज द्वारा नष्ट होते हुये धरणीवराह को आश्रय दिया था। यह धरणीवराह शायद मारवाड़ का पड़िहार राजा होगा।

वणोत छाजूजी की कन्या से किया, जिससे सम्पत्ति सेन (सप-
न) जी उत्पन्न हुये।

सम्पत्तिसेनजी ने भी अपने पिता के तुल्य संवत् १३५१ के
र्तिक सुदी १३ को जैनधर्म का उपदेश लिया, उनके वश के
ूणोत ओसवाल कहलाते हैं। जिनका संक्षेपतया विवरण
ा लिखित है —

मेहता, महाराजजीः—

यह मोहणजी की ९ वीं पीढी मे उत्पन्न हुये। राव जोधाजी
साथ संवत् १५१५ में मंडोर से जोधपुर आये; दीवानगी तथा
ानगी का कार्य किया। संवत १५२६ मे महाराजा ने प्रसन्न हो
इनके रहने के लिये फतहपोल के समीप एक हवेली बनवादी।

मेहता रायचन्द्रजीः—

मोहणजी की २० वीं पीढी मे उत्पन्न हुये। मरुधराधीश राजा
रसिंहजी के कनिष्ट भ्राता कृष्णसिंहजी को जागीर में सोजत
गने के दूदोड आदि १३ गाँवों का पट्टा मिला और संवत
५२ में इन्होंने अपने पट्टे के गाँव दूदोड मे रिहास अख्तियार
ली। फिर सवत् १६५४ मे अजमेर के सूबेदार नव्वाब मुराद-
ली के द्वारा वादशाह अकवर की सेवा में पहुँचे। वादशाह ने
सन्न होकर सवत १६५५ में हिंडोन आदि सात परगने प्रदान
ये। सवत् १६५८ में महाराज कृष्णसिंहजी ने अपने नाम से
नूतन नगर वसाकर उसका नाम कृष्णगढ़ रक्खा। जब महा-

राज कृष्णसिंहजी ने जोधपुर से प्रस्थान किया तब मेहता रायचन्द्र जी तथा उनके कनिष्ट भ्राता शंकरमणिजी भी उनके साथ थे। इन दोनों भाइयों के कार्यों से प्रसन्न होकर महाराजा साहब ने मेहता रायचन्द्रजी को अपना मुख्य मन्त्री नियत किया और दोनों भाइयों के रहने के लिये दो बड़ी बड़ी हवेलियाँ बनवादीं, जो कि बडी पौल और छोटी पौल के नाम से अभी तक प्रसिद्ध हैं।

मेहता रायचन्द्रजी ने एक जैन-मन्दिर श्री चिन्तामणि पार्श्व-नाथ का सवत् १६७० में बनवाना प्रारम्भ किया और सवत् १६७२ मे उसकी प्रतिष्ठा कराई। वह मन्दिर कृष्णगढ में अब तक विद्य-मान है।

कृष्णगढाधीश महाराज मानसिहजी अपने कुल क्रमागत वृद्ध तथा अनुभवी मुख्य मन्त्री मेहता रायचन्द्रजी से अत्यन्त प्रसन्न थे। संवत् १७१६ के एक महोत्सव पर इनकी हवेली मे पधार कर महाराज ने भोजन करके इनका गौरव बढाया था और इसके एक वर्ष पश्चात् पालडी नामक ग्राम पारितोषक रूप में दिया था। सवत् १७२३ में मेहताजी का स्वर्गवास हुआ।

३. मेहता वृद्धभानजीः—

(मोहणजी की २१ वीं पीढी मे उत्पन्न) यह महाराज श्री-मानसिंहजी के तन दीवान (प्राईवेट सेक्रेटरी) थे। इस कारण हर समय उनके साथ रहते थे। सवत १७६५ मे स्वर्गासीन हुए।

४. मेहता कृष्णदासजीः—

(मोहणजी की २२ वीं पीढी मे उत्पन्न) यह महाराज मान

सिंहजी के मुख्य मंत्री थे । महाराजा तो विशेषतया देहली रहते थे, इस कारण राज्य के सब कार्य इन्हीं के अधिकार मे थे। सं० १७५० मे "वुहारू" गाँव इनको मिला। सं० १७५६ में नव्वाब अब्दुल्लाखाँ जब कृष्णगढ में बादशाही थाना जमाने को फौज ले कर चढ़ आया, तब इन्होंने उसके साथ युद्ध करके उसे पराजित किया। सं० १७६३ में स्वर्गासीन हुये।

५. मेहता आसकरणजी:—

(मोहणजी की २३ वी पीढी मे उत्पन्न) यह महाराज राजसिंहजी के समय सं० १७६५ मे मुख्य दीवान नियत किये गये।

६. मेहता देवीचन्द्रजी:—

(मोहणजी की २४ वी पीढ़ी मे उत्पन्न) यह रूपनगर के महाराज सरदारसिंहजी के समय उस राज्य के मुख्य दीवान थे।

७. मेहता चैनसिंहजी:—

(मोहणजी की २५ वीं पीढी में उत्पन्न) यह महाराज प्रतापसिंहजी के समय आषाढ शुक्ला ७ संवत् १८५३ में कृष्णगढ-राज्य के मुख्य दीवान नियत हुये और महाराज कल्याणसिंहजी के शासनकाल में आजीवन दीवान रहे। यह सच्चे स्वामी तथा देश भक्त थे। एक वार महाराजा प्रतापसिंह ने प्रसन्न होकर कहा था "चैन विना सब चोर मुसद्दी" यह कहावत उस राज्य में अब तक प्रसिद्ध है। इनकी दीवानगी के समय मे मरहटों ने उक्त राज्य पर अनेक आक्रमण किये। किन्तु इनकी वीरता और राजनीति के

सामने उन्हें हमेशा मुँह की खानी पडी। स० १८६१ में स्वर्गासीन हुये।

८. मेहता अचलोजी:—

(मोहणजी की १८ वीं पीढी में उत्पन्न महता अर्जुनजी के बड़े भाई) राव चन्द्रसेनजी पौष सुदी ६ स० १६१९ को जोधपुर के राज्य-सिंहासन पर बैठे। तब इन्होंने राज्य का काम किया। अनेक युद्धों में जोधपुर नरेश के साथ रहे। महाराजा साहब के डूगरपुर से जोधपुर आते समय सोजत परगने के सवराड़ गाँव में मुगलो से लडाई हुई, इस युद्ध में भी यह साथ थे। श्रावण वदी ११ सं० १६३५ में युद्ध में लडते हुये वीर-गति को प्राप्त हुये। इन की पवित्र स्मृति में राज्य की ओर से छत्री बनवाई गई जो कि अब तक मौजूद है।

९. मेहता जयमल्लजी:—

(अचलोजी के पौत्र) सवत् १६७१ व स० १६७२ मे महाराज सूरसिंहजी के राज्य में गुजरात में बडनगर के सूबेदार रहे। सं० १६७२ मे ही फलौदी पर अधिकार होने पर वहाँ के हाकिम नियत हुये। सं० १६७४ में जहाँगीर बादशाह ने बीकानेर के राजा सूरतसिंह को फलौदी का परगना (जो जोधपुर के अधिकार में था) दे दिया। तब अपना अधिकार जमाने के लिये जो बीकानेर-राज्य ने सेना भेजी थी, उससे इन्होने युद्ध करके उसे भगादिया और फलौदी पर उनका अधिकार नहीं होने दिया। स० १६७९ के भाद्रपद सुदी १० को महाराज गजसिंहजी ने जालोर परगने पर अपना अधि-

कार किया, उस समय यह भी उनके साथ थे। अतएव जालोर की हूकूमत प्रथम इन्हीं को मिली। स० १६८१ में जालोर, शतरुँजा, साचारे, मेडता और सिवाना में इन्होंने जैनमन्दिर बनवाये। इसी वर्ष महाराज गजसिंहजी जब जहाँगीर की सहायता के लिये हाजीपुर पटना की ओर गये थे, तब यह उनके साथ फौजमुसाहिब होकर गये थे। स० १६८६ से १६९० तक दीवान पद पर प्रतष्ठित रहे। संवत् १६८७ में एक वर्ष तक अकाल पीड़ितों का १ वर्ष तक भरण-पोषण किया। स० १६८९ में सिरोही के राव अखेराजजी पर एक लक्ष पीरोजो (एक प्रकार की मुद्रा) की पेशकशी (दण्ड) ठहराई, जिसमें ७५००० तो रोकड़ा लिये और २५०००) बाकी रक्खे।

१०. मेहता नैणसी:—

श्रद्धेय ओझाजी लिखते हैं —"जयमल की दो स्त्रियाँ बडी सरूपदे और छोटी सुहागदे थीं। सरूपदे से नैणसी, सुन्दरदास, आसकरण, और नरसिंहदास ये चार पुत्र हुए, और सुहागदे से जगमाल।

नैणसी का जन्म सवत् १६६७ मार्गशीर्ष सुदी ४ शुक्रवार को हुआ था। वि० सं० १७१४ में जोधपुर के महाराज जसवन्तसिंह (प्रथम) ने नैणसी को अपना दीवान बनाया था। कई वर्षों तक राज्य की सेवा करके विशेष अनुभव प्राप्त किये हुए बुद्धिमान पुरुष का जोधपुर जैसे बड़े राज्य का दीवान बनाया जाना उचित

ही था। इसलिये दीवान बनने के समय नैणसी की अवस्था ४७ वर्ष की थी।

मेहता नैणसी भी जोधपुर राज्य की सेवा में रहा, और वीर प्रकृति का पुरुष होने के कारण, वि० सं० १६८९ में मगरा के मेरों का उपद्रव बढता देखकर महाराज गजसिंह ने मेरों को सजा देने के लिये उसको सेना सहित भेजा। उसने मेरों को सजा दी और उनके गाँव जलाये। वि० स० १७०० में महेचा महेसदास बागी होकर राडधरे के गाँवों में बिगाड़ करता रहा, जिस पर महाराज जसवन्तसिंह ने नैसणी को राडधरे भेजा। उसने राडधरे को विजय कर वहाँ के कोट (शहरपनाह) और मकानो को गिरवा दिया, तथा महेचा महेसदास को वहाँ से निकाल कर राड़धरा अपनी फ़ौज के मुखिया रावत जगमाल भारमलोत (भारमल के पुत्र) को दिया। स० १७०२ में रावत नराण (नारायण) सोजत की ओर के गाँवों को लूटता था, जिससे महाराज ने मुहणोत नैणसी तथा उसके भाई सुन्दरदास को उस पर भेजा। उन्होंने कूकडा, कोट, कराणा, माकड आदि गाँवों को नष्ट कर दिया। वि० सं० १७१४ में महाराज जसवतसिंह (प्रथम) ने मियाँ फिरासत की जगह नैणसी को अपना दीवान बनाया। महाराज जसवन्त-सिंह और औरगजेब के बीच अनबन होने के कारण वि० स० १७१५ में जैसलमेर के रावल सबलसिंह ने फलोदी और पोकरण जिलों के १० गाँव लूटे, जिससे महाराज ने अहमदाबाद जाते हुए, मार्ग से ही मुहणोत नैणसी को जैसलमेर पर चढ़ाई करने की

आज्ञादी। इसपर वह जोधपुर आया और वहाँ से सैन्य सहित चढकर उसने पोहकरण में डेरा डाला। इसपर सवलसिंह का पुत्र अमरसिंह, जो पोहकरण ज़िले के गावों में था, भाग कर जैसलमेर चला गया। नैणसी ने उसका पीछा किया और जैसलमेर के २५ गाँव जला कर, जैसलमेर से तीन कोस की दूरी के गाँव वासणपी में वह जा ठहरा। परन्तु जब रावल क़िला छोड कर लडने को न आये, तब नैणसी आसणी कोट को लूटकर लौट गया।

वि० स० १७११ में पचोली वलभद्र राघोदासोत (राघोदास का पुत्र) की जगह नैणसी का छोटा भाई सुन्दरदास महाराज-जसवन्तसिंह का खानगी दीवान नियत हुआ। वि० सं० १७१३ मे सिंघलवाघ पर महाराज जसवतसिंह ने फौज भेजी। उस समय वाघ ४०१ राजपूतों के साथ लडने को सुसज्जित होकर बैठा था। महाराज की फौज में ६९१५ पैदल थे, जिनके दो विभाग किये गये। एक विभाग का, जिस में ३५४३ सैनिक थे, अध्यक्ष राठौड लखधीर विट्ठलदासोत (विट्ठलदास का बेटा) था। दूसरे विभाग के, जिस में ३३७२ सैनिक थे, अध्यक्षो में मुख्य मुहणोत सुन्दरदास था। सिंगलों से लडाई हुई, जिसमें बहुत से आदमी मारे गये, और महाराज की विजय हुई। वि० स० १७२० में महाराज जसवन्त-सिंह की सेना ने बादशाह औरगज़ेब की तरफ से प्रसिद्ध मराठा वीर शिवाजी के आधीन के गढ कुँडाँणे पर चढाई कर गढ पर मोरचे लगाये। इस चढाई मे सुन्दरदास जयमलोत मरना निश्चय कर लडने को गया था, परन्तु गढ वालों के अरावो की मार से

महाराज को अपनी फौज वापिस लेनी पडी।

संवत् १७२३ मे महाराज जसवन्तसिह औरगाबाद में थे और मुहणोत नैणसी तथा उसका भाई सुन्दरदास दोंनों उसके साथ थे। किसी कारण वशात् महाराज उनसे अप्रसन्न हो रहे थे, जिससे पौष सुदी ९ के दिन दोनो को कैद कर दिया। महाराज के अप्रसन्न होने का ठीक कारण ज्ञात नहीं हुआ। परन्तु जन-श्रुति से पाया जाता है कि नैणसी ने अपने रिश्तेदारो को बडे २ पदों पर नियत कर दिया था और वे लोग अपने स्वार्थ के लिये प्रजा पर अत्याचार किया करते थे। इसी बात के जानने पर महाराज उससे अप्रसन्न होरहे थे।

वि० स० १७२५ मे महाराज ने एक लाख रुपये दण्ड लगाकर उन दोनो भाइयों को छोड़ दिया, परन्तु इन्होंने एक पैसा तक देना स्वीकार नहीं किया। इस विषय के नीचे लिखे हुये दोहे राजपूताने मे अब तक प्रसिद्ध हैं —

लाख लखारा नीपजे, बड पीपल री साख।
नटियो मूंतो नैणसी, तामो देण तलाक ॥१॥

लेसो पीपल लाख, लाख लखारा लावसो।
तामो देण तलाक, नटिया सुन्दा नैणसी ॥२॥ *

नैणसी और सुन्दरदास के दण्ड के रुपये देना अस्वीकार

* लखारा=लखेरों के यहा, साख=शाखा, नटिया=नटगाया, तामा=तावा का एक पैसा देण=देना, तलाक=अस्वीकार किया, लेसो=लोगे, लावसो=लाओगे

करने पर वि० सं० १७२६ माघ वदी १ को फिर वे दोनों कैद कर दिये गये और उन पर रुपयो के लिये सख्तियाँ होती रहीं। फिर कैद की ही हालत में इन दोनो को महाराज ने औरंगाबाद से मारवाड को भेज दिया। दोनो वीर प्रकृति के पुरुष होने के कारण इन्होंने महाराज के छोटे आदमियो की सख्तियाँ सहन करने की अपेक्षा वीरता से मरना उचित समझा। वि० सं० १७२७ की भाद्रपद वदी १३ को इन्होंने अपने२ पेट मे कटार मारकर मार्ग मे ही शरीरात करदिया। इस प्रकार महापुरुष नैणसी की जीवन लीला का अंत हुआ और महाराज की बहुत कुछ बदनामी हुई।

नैणसी के पुत्र और पौत्र

नैणसी और सुन्दरदास के इस प्रकार वीरता के साथ प्राणोत्सर्ग करने की खबर जब महाराज को हुई, तब उन्होंने नैणसी के पुत्र करनसी और उसके अन्य बालबच्चों को जो कैद किये गये थे, छुडवा दिया। महाराज के अत्याचार को स्मरण कर वे लोग जोधपुर छोडकर नागौर के स्वामी रामसिंह के पास चले गये। जो जोधपुर के महाराज गजसिंह के पौत्र और बादशाह शाहजहा के दरबार मे सलावतखाँ को मारने वाले प्रसिद्ध वीर राठौर अमरसिंह के पुत्र थे। रामसिंह ने अपने ठिकाने का सारा काम करमसी के सुपुर्द करदिया। इस पर महाराज ने मुहणोतो को जोधपुर राज्य की सेवा में नियत न करने की शपथ खाई। परन्तु उनकी प्रतिज्ञा का पीछे से पालन न हुआ। क्योंकि पीछे भी महाराज जसवतसिंह

मानसिंह आदि के समय में मुहणोत वंशी मुसाहिब रहे हैं।

महाराज रायसिंह वि०सं० १७३२ आषाढ बदी १२ को दक्षिण के गाँव सोलापुर मे दो चार घडी बीमार रहकर अचानक मरगये। तब उनके मुत्सद्दियो आदि ने उनके गुजराती वैद्य से पूछा कि रायसिंह अचानक कैसे मरगये? इस पर उसने गुजराती भाषा में उत्तर दिया—"करमा नो दोष छे" (भाग्य का दोष है) जिस का अर्थ रायसिंह के मुसाहिबों ने यह समझा कि "करमा"(करमसी) ने इनको मारा है" फिर उस (करमसी) पर विष देने का झूठा सन्देह कर उसको वहीं जिन्दा दीवार मे चुनवा दिया गया, और नागौर लिखा गया कि इसके जो कुटम्बी वहा हैं, उन सब को कोल्हू मे डालकर कुचल डालना। इस हुक्म के पहुँचने पर करमसी पुत्र परतापसी अपने कई रिश्तेदारो के साथ मारा गया और करमसी की दो स्त्रियों ने अपने पुत्र सावतसिंह के साथ भाग कर किशनगढ (कृष्णगढ, राजपूताना) मे शरण ली। फिर वहाँ से वे लोग बीकानेर मे जा रहे।

नैणसी के ग्रन्थ

मुहणोत नैणसी जैसा वीर प्रकृति का पुरुष था, वैसा ही विद्यानुरागी, इतिहास प्रेमी और वीर कथाओ पर अनुराग रखने वाला नीति निपुण पुरुष था। उसका मुख्य ऐतिहासिक ग्रन्थ "ख्यात"* नाम से प्रसिद्ध है। यह ग्रन्थ रायल अठपेजी हजार

* राजपूताने की भाषा में 'ख्यात' (ख्याति) का अर्थ 'इतिहास' है।

पृष्ठ से अधिक बडा और राजपूताने, गुजरात, काठियावाड़, कच्छ, बघेलखंड, और मध्यभारत के इतिहास के लिये विशेष उपयोगी है।

ख्यात-सामग्री

नैणसी की इतिहास पर बड़ी रुचि होने के काण उसने चारणो, भाठो अनेक प्रसिद्ध पुरुषों, कानूनगो आदि से जो कुछ ऐतिहासिक वृतान्त मिल सका, उससे तथा उस समय से मिलने वाली ख्यातो आदि सामग्री से अपनी ख्यात का संग्रह किया। जोधपुर के दीवान नियत होने के पहिले से ही उसको ऐतिहासिक बातों के संग्रह करने की रुचि थी। और ऐसी प्रतिष्ठित राज्य का दीवान होने के पीछे तो उसको अपने काम में और भी सुभीता रहा होगा। उसने कई जगह पर, जिन जिन से जो कुछ वृत्तांत प्राप्त हुआ, उसका संवत् मास सहित उल्लेख भी किया है॥

नैणसी की ख्यात मुख्यत राजपूताने और सामान्य रूप से ऊपर लिखे हुए अन्य देशो के इतिहास का एक बडा संग्रह है। उक्त ख्यात में चौहानों, कछवाहो, और भाटियो का इतिहास तो इतने विस्तार के साथ दिया गया है, कि जिसका अन्यत्र कहीं मिलना सर्वथा असम्भव है। वंशावलियों का तो ख्यात मे इतना सग्रह है, जो अन्यत्र मिल ही नही सकता। उसमें अनेक लडाइयों के वर्णन, उनके निश्चित् सवत्, तथा सैंकडों वीर पुरुषों के जागीर पाने या लडकर मारे जाने का सवत् सहित उल्लेख देखकर यह कहना अनुचित न होगा कि नैणसी जैसे वीर प्रकृति के पुरुष ने

अनेक वीर पुरुषों के स्मारक अपनी पुस्तक में सुरक्षित किये हैं। वि० संवत् १३०० के बाद से नैणसी के समय तक के राजपूतों के इतिहास के लिये तो मुसलमानों की लिखी हुई फारसी तवारीखों से भी नैणसी की ख्यात कहीं— विशेष महत्व की है। राजपूताने के इतिहास में कई जगह जहाँ प्राचीन शोध से प्राप्त सामग्री इतिहास की पूर्ति नहीं कर सकती, वहाँ नैणसी की ख्यात ही कुछ २ सहारा देती है। यह इतिहास एक अपूर्व संग्रह है। स्वर्गीय मुंशी देवीप्रसादजी तो नैणसी को 'राजपूताने का अब्बुलफज़ल' कहा करते थे, जो अयुक्त नहीं है। ख्यात की भाषा लगभग २५० वर्ष पूर्व की मारवाड़ी है, जिस का इस समय ठीक २ समझना भी सुलभ नहीं है। नैणसी ने जगह २ राजाओं के इतिहास के साथ कितने ही लोगों के वर्णन के गीत, दोहे, छप्पय, आदि भी उद्धृत किये हैं, जो डिंगल भाषा में है। उनमें से कुछ ३८० वर्ष से भी अधिक पुराने हैं। उनका समझना तो कहीं २ और भी कठिन है॥

नैणसी के पौत्र प्रतापसिंह के मारेजाने पर उसके दो भाई सावतसिंह और संग्रामसिंह अपनी दोनों माताओं सहित किशनगढ और वहाँ से बीकानेर जा रहे। नैणसी की लिखी ख्यात भी वे अपने साथ बीकानेर लेगये और सुना जाता है कि नैणसी के वंशजों ने वह मूल पुस्तक (या उसकी नक़ल) बीकानेर को भेंट करदी। कर्नल टॉड के समय तक उस पुस्तक की प्रसिद्धि न हुई। यदि उनको वह पुस्तक मिल जाती, तो अवश्य उनका 'राजस्थान'

दूसरे ही रूप में लिखा जाता। कर्नल टॉड के स्वदेश लौट जाने के बाद आज से अनुमान ८०, ९० वर्ष पूर्व उसकी सुन्दर अक्षरों में लिखी एक प्रति बीकानेर राज्य की तरफ से महाराणा उदयपुर के यहाँ पहुँची, जो वहाँ के राजकीय 'वाणीविलास' नामक पुस्तक में विद्यमान है। उदयपुर के वृहत इतिहास 'वीरविनोद' के लिखे जाने के साथ उक्त पुस्तक का उपयोग कई स्थानों में हुआ। जब मैंने उस का महत्व देखा, तो, अपने लिये उसकी एक प्रति तैयार करने का विचार किया। परन्तु ऐसी बड़ी पुस्तक की नक़ल करना कई महीनों का काम था, और इतने समय के लिये राज्य की ओर से उसका मिलना असम्भव देखकर मैंने जोधपुर के कविराजा मुरारीदानजी को लिखा—"नैणसी की ख्यात की मुझे बड़ी आवश्यकता है। यदि आप कहीं से उसकी प्रति नक़ल करवा भेजें तो बड़ी कृपा होगी।" इसके उत्तर में उन्होंने लिखा—"नैणसी की ख्यात की मूल प्रति बीकानेर दरबार के पुस्तकालय में थी, जहाँ से कर्नल पाउलैट (रेजिडेंट जोधपुर) उसे ले आये। और जिस समय वे स्वदेश लौटने लगे, उस समय मैंने वह प्रति उनसे माँगी, तो कृपाकर उन्होंने वह मुझे बख्शदी, जो मेरे यहाँ विद्यमान है। उसकी नक़ल कराकर मैं आपके पास भेज दूँगा।" फिर उन्होंने अपने ही व्यय से उसकी नक़ल कराना शुरू किया और ज्यों २ नक़ल होती गई, त्यों २ उसका थोड़ा २ अंश वे मेरे पास भेजते रहे। इस प्रकार जब सारी पुस्तक सं० १९५९ में मेरे पास पहुँच गई, तब मैंने उसका 'वाणी विलास' की प्रति से मिलान

किया, तो दोनों पुस्तकें ठीक मिल गईं। फिर मैंने उसका सूचीपत्र बनाकर उसकी जिल्द बँधवाली। दूसरे वर्ष जब कविराज जी का उदयपुर आना हुआ, तब मैंने वह पुस्तक उनको दिखलाकर उन की इस बड़ी कृपा के लिये उन्हें धन्यवाद दिया।"

(मेहता मोहणोत नेणसी की ख्यात से)

११. मेहता सुन्दरदासजी:—

(जयमलजी के पुत्र) यह महाराज जसवन्तसिंह के तन दीवान (प्राईवेट सेक्रेटरी) स० १७११ से १७२३ तक रहे।

१२. मेहता कामसीजी:—

(नैणसीजी के पुत्र) महाराज जसवन्तसिंह और औरंगजेब का जो उज्जैन के पास मौजे चोरनारायण में इतिहास प्रसिद्ध युद्ध हुआ था ‡, उस में इन्होंने अत्यन्त वीरता से युद्ध किया और वहाँ यह घायल हुये।

---

‡ इस इतिहास प्रसिद्ध युद्ध की एक घटना को लेकर जून सन् २८ में एक छोटीसी कहानी लिखी थी जो "क्षत्राणी का आदर्श" शीर्षक से आगरे के "वीर-सन्देश" भाग २ अंक ११ में प्रकाशित हुई थी। यद्यपि उक्त कहानी का इस पुस्तक के विषय से कोई सम्बन्ध नहीं है उस में वर्णित पात्र जैन नहीं है, फिर भी यहाँ प्रसंगवश और शिक्षाप्रद समझ कर दी जा रही है—

शाहजहाँ के दारा, शुजा, औरंगजेब और मुराद ये चार लड़के और जहाँनारा तथा रोशनारा यह दो लड़कियाँ थीं। शाहजहाँ के बीमार पड़ते ही शोणित-लोलुप क्षुभित व्याघ्र की तरह चारो भाई आपस में कट मरे। वह शाहजहाँ के अन्तिम काल तक मयूर-

१७. मेहता सवाईरामजी:—

(नं० १६ सुरतरामजी के पुत्र) सवत् १८३१ में इनके पिता का देहान्त होने पर उनका सारा अधिकार (मुसाहिबी तथा पट्टा) इन को मिला जो कि सं० १८४९ तक बना रहा।

१८. मेहता सरदारमलजी:—

(नं १७ सवाईरामजी के पुत्र) वैसाख सुदी ११ सवत् १८५६ में इनको दीवानगिरी मिली और आपाढ सुदी २ स० १८५७ को २०००) की रेख का गॉव काकेलाव मिला।

१९. मेहता ज्ञानमलजी:

(नं० १६ सुतरामजी के पुत्र) यह महाराजा मानसिंहजी के दीवान रहे और गींगोली की लडाई तथा घेरे मे उक्त महाराज की सेवा की।

आते। अस्तु, जो होना था सो हो चुका। किन्तु ठहर, मैं तेरा जीवन समाप्त कर देना चाहती हूँ। बहू कायरपत्नी नहीं कहलाना चाहती, तो मैं भी कायर पुत्र को जीवित रखना नहीं चाहती।"

क्रोध के आवेश में वीर-माता कटार निकाल कर मारना ही चाहती थी, कि यशवन्तसिंह रोकर पैरों पर गिर पड़े। फिर तलवार निकाल कर प्रतिज्ञा की "माता! जब तक मैं जीवित रहूँगा युद्ध में रहूँगा, युद्ध से कभी विमुख न हूँगा। जब तक शत्रुओं का नाश नहीं कर लूगा कभी सुख से न बैठूगा।" —गोयलीय

२०. मेहता नगमलजी :—

(नं० १९ ज्ञानमलजी के पुत्र) इन्होंने संवत् १८६१ में सिरोही फ़तह की और अल्पावस्था में ही इनका देहान्त होगया"।

नोट:—इस मोहणोत ओसवाल वंश में अनेक प्रतिष्ठित नर-रत्न हुये हैं। जो राज्य के प्रारम्भ से ही वंशपरम्परागत दीवान पद पर प्रतिष्ठित होते रहे हैं। मेहता सरदारसिंह जी (मोहनजी की २८ वीं पीढी में उत्पन्न) अपने जीवन के अन्त समय तक अर्थात आषाढ सुदी ४ संवत् १९५८ तक दीवानगिरी का कार्य करते रहे, उनके इस मिती को स्वर्गासीन होने पर जोधपुर राज्य में यह औहदा ही तोड दिया गया। इस वंश का विस्तृत विवरण "राय-बहादुर मेहता विजयसिंहजी के जीवनचरित्र" में मिलता है। इसी पुस्तक से उक्त अवतरण संकलन किये गये हैं। उक्त "जीवन-चरित्र" की पुस्तक से प्रकट होता है कि अब इस वंश में जैनधर्म की मान्यता नहीं रही है। अत इस वंश में कब तक जैनधर्म की प्रतिष्ठा रही, यह उक्त पुस्तक के लेखक मेहता किशनसिंहजी (मोहनजी की २९वीं पीढ़ी में उत्पन्न) से दर्याफ्त करने पर, उन्होंने अपने ता० १ जनवरी सन् ३३ के पत्र में लिखा था कि, "हमारे वंश में श्रीचैनसिंहजी तक तो जैनधर्म रहा जैसा कि 'जीवनचरित्र' की पुस्तक से प्रकट होता है। बाद में वैष्णवधर्म अंगीकार कर लिया। लेकिन जैनधर्म पर हमारी पूर्ण श्रद्धा है।"

अत प्रस्तुत पुस्तक में उक्त वंश का परिचय मेहता चैनसिंह जी (मोहनजी की २५ वीं पीढ़ी में उत्पन्न) के समय तक (संवत्


१८६१) का दिया गया है जो प्रकट रूपसे जैनधर्मी रहे। यद्यपि उक्त लेखक महोदय के कथनानुसार अब भी इस वंश की जैन-धर्म पर पूर्ण श्रद्धा है, परन्तु पुस्तक का विषय केवल जैनधर्मनिष्ठ व्यक्तियों का चरित्र सकलन करना है, इसी लिये संवत् १८६१ के पश्चात् होनेवाले महानुभावों का यहाँ उल्लेख नहीं किया गया है।

—गोयलीय

[१६ जनवरी सन् ३३]



चौहान वंशीय जैन-वीर



जोधपुर के भण्डारी

जोधपुर के भण्डारी ओसवाल जैन हैं। इनका मारवाडी समाज में एक विशेष स्थान है। जोधपुर में इनके लगभग ३०० घर हैं। ये लोग अपनी उत्पत्ति अजमेर के चौहान राजवंश से बताते हैं। इनके पूर्वज राव लक्ष्मण (लखमसी) ने अजमेर के राज्यवश से पृथक होकर नाडौल में एक स्वतंत्र राज्य स्थापित कियाथा। इस कुल में कितने ही राजा हुये। सब से अन्तिम राजा अल्हणदेव था। जिसने सन् ११६२ ईस्वी में नाडौल के जैनमन्दिर की सहायतार्थ बहुतसी सम्पत्ति अर्पण की † और महिने के कुछ

---

† टॉड साहब ने अल्हणदेव द्वारा मन्दिर के लिये सहायता देने का जो उल्लेख किया है, उसके सम्बन्ध में महात्मा टाड साहब को एक ताम्रपत्र मिला था, जिसका कुछ अश निम्न प्रकार है —

"सर्व शक्तिमान् जैन के ज्ञानकोष ने मनुष्य जाति की विषय-वासना और ग्रन्थि मोचन करदी। अहकार आत्मश्लाघा, भोगेच्छा, मोह और लोभ स्वर्ग, मर्त्य और पाताल को विभिन्न करदेते हैं। महावीर (जैनधर्म के चौवीसवें तीर्थंकर) आपको सुरसे रक्खें"। अति प्राचीन काल में महान चौहान जाति समुद्र के तट तक राज्य करती और नादौल लक्ष द्वारा शासित होती थी। उन्हीं की

दिनो में पशुवध न करने का आज्ञापत्र जारी किया। इसमें सन्देह नहीं कि भण्डारियों का पूर्वज राव लाखा एक महापुरुष था। वीरता और देशभक्ति में कोई उसका सानी न था। उसने अण-हिलवाड़ा से कर और चित्तौड के राजा से खिराज वसूल किया था।‡

बारहवीं पीढी में उत्पन्न अलनदेव ने कुछ काल राज्य करके इस ससार को असार, शरीर को अपवित्र समझकर, अनेक धर्मशास्त्रों का अध्ययन करके वैराग्य ले लिया। इन्होंने ही महावीर स्वामी के नाम पर मंदिर उत्सर्ग किया और वृत्ति निर्धारित की और यह भी लिखा कि "यह धन सुन्दर गाछा (ओसवाल जैनियों की ८४ शाखाओं में से एक) लोगों की वश परम्परा को बराबर मिलता रहे। जबतक सुन्दरगाछा लोगों के वश में कोई जीवित रहेगा तबतक के लिये मैंने यह वृत्ति निर्धारित की है। इस का जो कोई स्वामी होगा मैं उसका हाथ पकड कर कहता हूँ कि यह वृति वश परम्परा तक चली जावे। जो इस वृत्ति को दान करेगा वह साठ सहस्र वर्ष तक स्वर्ग में बसेगा और जो इस वृत्ति को तोडेगा वह साठ सहस्र वर्ष तक नर्क में रहेगा।" "स० १२२८ में यह दानपत्र लिखा गया। प्राग्वशीय धरणीधर ओसवाल के पुत्र करमचन्द इनके मत्री थे।"

(टा० रा० प्रथमभाग द्वि० स० अ० २७ पृ० ७४७)—गोयलीय

‡ इस की वीरता के सम्बन्ध में टाडराजस्थान में लिखा है "जिस समय गज़नी बादशाह भारतवर्ष लूटने के लिये आया, तब वह चौहान जाति की प्रधान वासभूमि अजमेर पर अधिकार करने के लिये गया। वहाँ चौहान लोगों ने उचित शिक्षा देकर इस युद्ध में पराजित और घायल किया। इस लिये वहाँ से भागकर नादोल होता हुआ सोमनाथ गया। नादोल के अधिकारी लाखा (लखमसी) ने उसके साथ बडी वीरता से युद्ध किया। यही लाखा उस समय चित्तोड के अधीश्वरों से कर लेता था। इसके समय में जैनधर्म का विशेष प्रभुत्व रहा।"

(टा० रा० प्र० मा० द्वि० स० अ० २७ पृ० ७४८)—गोयलीय

अब भी कोई यात्री वहाँ जाता है, तो उसे नाडौल का क़िला दिखाया जाता है। कहते हैं कि इसे लाखा ने ही बनवाया था। लाखाबड़ा ही सौभाग्यशाली पुरुष था। उसके चौबीस पुत्र-रत्न थे उनमें से एक का नाम दादराव (दूदा) था, वही भण्डारीकुल का जन्मदाता है। कहा जाता है कि राजघराने के भण्डार का प्रबन्ध दादराव के हाथ मे था। इसी कारण से इसकी सन्तान भण्डारी नाम से प्रसिद्ध हुई। विक्रम स० १०४९ अथवा ई० स० ९९२ में यशोभद्रसूरि ने दादराव को जैनधर्म में दीक्षित किया और उसके कुल को ओसवाल जाति में मिलाया था।

भण्डारी लोग राव जोधाजी के समय मे अर्थात् ई० स० १४२७ से १४८९ तक मारवाड मे आकर बसे और उन्होंने राव जोधा की काफी सेवा की। अपने सेनापति नारोजी और समरोजी भण्डारी की आधीनता में ये लोग मारवाड़ की सहायतार्थ मेवाड की सेना से भिलवाडे मे लडे थे और उसपर विजय प्राप्त की थी। जब से ये लोग जोधपुर मे आये उसी समय से राज्य-दरबार में इन की बडी मान्यता रही और यह राज्य के बडे२ उच्च पदों पर नियुक्त रहे। संघवियोंकी भान्ति येभी असि, मसि अर्थात तलवार और क़लम के धनी थे तथा जोधा घराने (वर्तमान मारवाड राज्य-वंश) के सच्चे भक्त और उपासक थे। ये लोग अब भी राज्य के सच्चे सेवक समझे जाते हैं। ये लोग न केवल राजनीतज्ञ और योद्धा ही प्रसिद्ध थे, अपितु इमारत बनवाने में और लेखन कला मे भी काफी ख्याति पाई थी।

अब हम पाठकों को उन भण्डारियों का संक्षिप्त परिचय कराते हैं, जिन्होंने युद्ध में नाम पैदा किया था।

१. भाना भण्डारी:—

यह मारवाड में राजा गजसिंह के मातहत था और जैतारण का रहने वाला था। इसके पिता का नाम अमर था। वि०सं०१६७८ में इसने कापरदा में पार्श्वनाथ का एक विशाल मन्दिर बनवाया। उसकी शिलारोपण रस्म खरतरगच्छ के आचार्य जिनसेनसूरि से कराई। मूर्ति का लेख यह बतलाता है कि यह राय लखन के पीछे हुआ था।

२. रघुनाथ भण्डारी:—

यह महाराजा अजीतसिंह के समय में (१६८०–१७२५ ईस्वी) में हुआ। महाराज ने दीवान के पद पर नियुक्त करके राज्य-सम्बन्धी सम्पूर्ण कार्यों को सौंप दिया था। राज्यप्रबन्ध और सिपाहगिरी दोनों कार्यों में इस का अनुभव बहुत बढ़ा चढ़ा था। कर्नल वाल्टर साहब का कथन है कि जब महाराजा अजीतसिंह देहली में विराजमान थे, तब रघुनाथ भण्डारी ने अपने स्वामी के नाम से मारवाड़ में कितने ही वर्ष शासन किया था। यह बात नीचे लिखे हुये पद से भी प्रकट होती है, जो जन साधारण में बहुत प्रसिद्ध है।

'कोड़ा द्रव्य लुटायो, हौदा ऊपर हाथ।
"अजि दिलीरो पातशो राजा तौ रघुनाथ"।

अर्थात्— जब अजीतसिंह दिल्ली पर शासन कर रहे थे,

उस समय रघुनाथ भण्डारी मारवाड़ पर राज्य कर रहा था।

३. खिमसी भण्डारी:—

यह दीपचन्द का पौत्र और रायसिंह का पुत्र था। यह भी महाराजा अजीतसिंह के समय में दीवान पद पर नियुक्त था। इसने दिल्ली के अधिपति से गुजरात के सूबेदारी की सनद प्राप्त करली थी। मारवाड का इतिहास इसबात का साक्षी है कि भण्डारी खिमसी ने जजिया कर जिसे औरगजेब ने पुन हिन्दुओ पर लगा दिया था—चन्द करा दिया था। यह यश भण्डारी खिमसी को ही प्राप्त है।

४. विजय भण्डारी:

महाराजा अजीतसिंह जब गुजरात के सूबेदार नियुक्त हुये, तब उन्होंने अपने वहाँ आने तक इसको सूबेदारी का कार्य-भार दिया।

५. अनूपसिंह भण्डारी:—

यह दीवान रघुनाथसिंह का पुत्र था। सवत् १७६७ मे महाराजा अजीतसिंह के समय में यह जोधपुर का हाकिम नियुक्त हुआ। उस समय की हुकूमत आजकल जैसी शान्तिमय नहीं थी। आन्तरिक इन्तजामी मामलो के साथ साथ उस समय के हाकिम को बाह्य आक्रमणो से सावधान रहना पड़ता था और अवसर आने पर युद्ध भी करना पड़ता था। अर्थात् यू कहिये कि सिविल और मिलिटरी मामलों का उत्तरदायित्व उस समय के हाकिम पर

होता था। यह निपुण राजनीतज्ञ, अपने समय का एक वीर योद्धा और सिपहसालार था। संवत् १७७२ में जब महाराजा कुमार अभयसिंह को देहली से नागौर का मंसब अता हुआ, तब महाराज ने इसे और मेड़ता के हाकिम पोमसिंह भण्डारी को इन्द्रसिंह राठौड से नागौर छीन लेने के लिये नियुक्त किया। वीर इन्द्रसिंह राठौड भी लड़ने के लिये सजधज कर तैयार हो गये, तब ज्येष्ठ सुदी १३ को गाँव नागौर व अषाढ़ सुदी पूर्णिमा को नागौर में दोनों पक्षों में घमासान युद्ध हुआ। दोनों बार इन्द्रसिंह की सेना भागी और अन्त में नागौर का अधिकार महाराज को मिला।

६. पोमसिंह भण्डारी :—

यह सवत् १७६७ में जालौर, साचौर का हाकिम नियुक्त हुआ। संवत् १७७६ में जब बादशाह फर्रुखसियर मारा गया, तब महाराजा अजीतसिंह ने इसे फौज देकर अहमदाबाद भेजा था।

७. सूरतराम भण्डारी:—

ई०स०१७४३ अक्टूबर को जयसिंह की मृत्यु के बाद महाराजा अभयसिंह ने मेडता से भण्डारी सूरत राम को, अलीनिवास के ठाकुर सूरजमल और रूपनगर के शिवसिंह को अजमेर पर अधिकार करने के लिये भेजा और इन्होंने युद्ध करके अजमेर पर क़ब्जा जमा लिया।

८. गगाराम भण्डारी:

यह विजयसिंह के समय (ई० स० १७५२-९२) में हुआ। यह

केवल राजनीतज्ञ ही नहीं था, वरन् बहादुर सिपाही भी था। यह मेड़ता के युद्ध में भी गया था। जो सन् १७९० ईस्वी में मरहटों और राठौड़ों के बीच में हुआ था।

९. रतनसिंह भण्डारी:

ओसवाल वंश के एक प्रतिष्ठित घराने में उत्पन्न हुआ था। यह तलवार का धनी, व्यवहारकुशल, राजनीतज्ञ, स्वाभिमानी और कर्तव्य-परायण सेनापति था।

मुगल बादशाह की ओर से सन् १७३० में मारवाड का राजा अभयसिंह अजमेर और गुजरात का गवर्नर नियुक्त हुवा। तीन वर्ष पश्चात् अभयसिंह, रतनसिंह भण्डारी को यह कार्य-भार सौंपकर देहली चला आया। तब रतनसिंह भण्डारी ने सन् १७३३ से १७३७ तक अजमेर और गुजरात की गवर्नरी का सचालन किया। गवर्नर का कार्य करते हुये इन चार वर्षों में रतनसिंह को अनेक युद्ध करने पड़े। मुगल साम्राज्य का पतन हो रहा था, घरेलू झगड़ों ने उसे डावाँडोल कर दिया था। इस लिये कितने ही विद्रोही खड़े हो गये थे, मरहठों का जोर दिन पर दिन बढ़ता जा रहा था, तब ऐसी विकट परिस्थिति में गुजरात का गवर्नर बने रहना रतनसिंह जैसे वीर योद्धा का ही काम था। अन्त में एक युद्ध में यह वीर-गति को प्राप्त हुआ।

१०. लक्ष्मीचन्द्र भण्डारी:

यह महाराजा मानसिंह के राज्य काल में (सन् १८०३ ४३)

में दीवान पद पर आसीन रहा। इसको अनुमान २००० रुपये आय का जागीर में एक गाँव मिला था।

११. पृथ्वीराज भण्डारी:—

यह महाराजा मानसिंह के राज्य-समय जालौर का हाकिम था। जिसको प० गौरीशकर हीराचन्द ओझा ने शिरोही के इतिहास में लिखा है।

१२. बहादुरमल भण्डारी:—

यह महाराजा तख्तसिंह के समय (सन् १८४३-७३) में हुआ। सम्भवतया मुत्सद्दी वंश मे यह सब से अन्तिम था। इसका महाराजा के ऊपर ऐसा प्रभाव पडा हुआ था कि यथार्थ में लोग इसी को मारवाड का राजा मानते थे। यह बात इसकी और भी कीर्ति बढाती है कि राजा और प्रजा दोनों की भलाई करने में—जिनका प्रेम इसकी नस नस में भरा हुआ था—इसने कोई भी बात उठा नहीं रक्खी। इसी कारण से वहाँ की प्रजा इससे बहुत ही प्रसन्न आह्लादित रहती थी। नमक के ठेके के काम में इसने जो कुछ सेवा की थी, उसके लिये मारवाडी प्रजा चिरकाल तक इसका आभार मानती रहेगी। सन् १८८५ में सत्तर वर्ष की अवस्था में इसका स्वर्गवास होगया।

१३. किशनमल भन्डारी:—

यह महाराजा सरदारसिंह के पूर्व तथा उनके शासन काल में राज्य का कोषाध्यक्ष रहा। यह आर्थिक विषयो में बडा निपुण था

रही है। सब बातों को जान बूझकर भी भारत-सन्तान किस लिये आपस में लडामिडा करते हैं, इस मर्म को भगवान् ही जानें ? भारत-भूमि ने किसी समय भी फूट से निस्तार नहीं पाया। इसके माया मोह में पड कर न जाने अब तक कितने भारत-सन्तान अकाल मे इस लोक से चले गये हैं। मतवाले होकर अपना ही सत्यानाश कर बैठे हैं, इसकी गिन्ती कोई भी नही कर सकता, इसका शोकदायक आदर्श आज तक स्वर्णप्रसू भारतवर्ष में चमक † रहा है ‡"।

यहाँ एक ऐसे ही अनर्थकारी गृह-कलह का वर्णन किया जाता है, जिसके कारण व्यर्थ ही सिंघवी इन्द्रराज जैसे देशभक्त नीति-निपुण वीर सेनापति को अपने प्राण गँवाने पड़े।

महाराज मानसिंह के ई०स० १८०४ में मारवाड़ के राज्यासन पर बैठते ही गृह-कलह का स्रोता फूट निकला। जो राठौड सरदार और सामन्त किसी समय मारवाड की आन के लिये मिटने को प्रस्तुत रहते थे, वही वीर बाँकुरे मारवाडी राजपूत मारवाड के गौरव को धूलधूसरित करने लिये कटिबद्ध हो गये। इस गृह-कलह ने उनका यहाँ तक पतन किया कि वे मारवाड के शासन की बागडोर विजातीय और विदेशीय व्यक्ति तक को सौंपने

---

† अपनों के सर पै वार है गैरों के बूट का।
फल पा रहा है मुल्क यह आपस की फूट का॥
—अज्ञात्

‡ टाड राजस्थान प्रथम भाग द्वि० ख० अ० ८ पृ० ११७।

सिंघवी इन्द्रराज

ऐ फूट तैंने हिन्द की तुर्कों तमाम की।
लोगो का चैन खोदिया राहत हराम की॥

—अज्ञात्

भारत के फूट और वैर दो प्रसिद्ध मेवे हैं। इनको यहाँ फलते फूलते देख कर महात्मा टाड साहब ने दुःखी होकर लिखा था — "हाय! किस कुघड़ी में अभागी भारत-सन्तान ने स्वजाति भाइयों के हृदय-रुधिर का बहाना सीखा था, उसी कुदिन से भारत के उजाड होने का आरम्भ होने लगा। विश्राम स्थान भारतवर्ष असीम दुःख का कारागार और अनन्त यन्त्रणा में अन्धनरकवूप की भान्ति हो गया है। कुरुक्षेत्र की भयकर श्मशानभूमि आर्य-गणो की गृह-फूट † का रुधिर मय नमूना दिखा

† भारत की इस "गृह फूट" पर भारतेन्दु बाबू हरिश्चन्द्र जी क्या खूब भावपूर्ण गीत लिख गये हैं —

जग में घर को फूट बुरी।
घर की फूटहिं सो बिनसाई सुवरन लंकपुरी॥ टेक॥
फूटहिं सों सब कौरव नासे भारत-युद्ध भयौ।
जाकौ घाटो या भारत में अबलौं ना हि पूजयौ॥
फूटहिं सों जयचन्द बुलायौ जवनत भारत धाम।
जाकौ फल अबलौं भोगत सब आरज होइ गुलाम॥
जो जग में धन, मान और बल आपुन राखन होय।
तौ अपुने घर में भूले हूँ फूट करौ मत कोय॥

रही है। सब बातों को जान बूझकर भी भारत-सन्तान किस लिये आपस में लडाभिडा करते हैं, इस मर्म को भगवान् ही जानें ? भारत-भूमि ने किसी समय भी फूट से निस्तार नहीं पाया। इसके माया मोह में पड कर न जाने अब तक कितने भारत-सन्तान अकाल में इस लोक से चले गये हैं। मतवाले होकर अपना ही सत्यानाश कर बैठे हैं, इसकी गिन्ती कोई भी नहीं कर सकता, इसका शोकदायक आदर्श आज तक स्वर्णप्रसू भारतवर्ष में चमक † रहा है ‡"।

यहाँ एक ऐसे ही अनर्थकारी गृह-कलह का वर्णन किया जाता है, जिसके कारण व्यर्थ ही सिंघवी इन्द्रराज जैसे देशभक्त नीति-निपुण वीर सेनापति को अपने प्राण गँवाने पड़े।

महाराज मानसिंह के ई०स० १८०४ में मारवाड के राज्यासन पर बैठते ही गृह-कलह का स्रोता फूट निकला। जो राठौड सरदार और सामन्त किसी समय मारवाड की आन के लिये मिटने को प्रस्तुत रहते थे, वही वीर बाँकुरे मारवाडी राजपूत मारवाड के गौरव को धूलधूसरित करने लिये कटिबद्ध हो गये। इस गृह-कलह ने उनका यहाँ तक पतन किया कि वे मारवाड के शासन की बागडोर विजातीय और विदेशीय व्यक्ति तक को सौंपने

---

† अपनों के सर पै वार है गैरों के बूट का।
फल पा रहा है मुल्क यह आपस की फूट का॥
—अज्ञात्

‡ टाड राजस्थान प्रथम भाग द्वि० खं० अ० ८ पृ० ११७।

के लिये अनेक प्रकार के षड्यन्त्र रचने लगे। भाग्य से उन्हें इस दुरेच्छा को कार्यरूप में परणित करने का अनायास अवसर भी हाथ आगया।

उदयपुर के राणा भीमसिंह की अत्यन्त रूपवती कन्या कृष्ण-कुमारी का विवाह जोधपुर के महाराजा भीमसिंह से होना निश्चित हुआ था, परन्तु उनके स्वर्गासीन हो जाने के कारण, जोधपुर के एक षड्यन्त्रकारी ने इस कन्या से विवाह करने का प्रस्ताव, जयपुर के महाराज जगतसिंह द्वारा कराया, जिसे उदयपुर के राणा ने सहर्ष स्वीकार कर किया। इधर जोधपुर-नरेश मानसिंह को यह कहकर भडकाया गया कि "उदयपुर-राजकुमारी का विवाह सम्बन्ध पहले जोधपुर के महाराज से निश्चित हुआ था, यदि जयपुर-नरेश के साथ यह सम्बन्ध होगया तो, सदैव को जोधपुर-राज्य को कलंक लग जायगा, क्या सिंह के होते हुये उसके शिकार को लोनडी छीन सकेगी? यह सम्बन्ध तो जोधपुर के राज्यसिंहासन के साथ हुआ था, अत जब आप उस पर आसीन हैं तो उस कुमारी को वरण करने का आपको ही अधिकार है।।

बुद्धू महाराज उक्त बातों में आगये और यह सम्बन्ध न लेने के लिये जोधपुर के महाराज को एक पत्र लिखा। जयपुर-नरेश तो पहिले से ही भर दिये गये थे, फिर भला, उन्हें इस पत्र को मानने की क्या आवश्यकता थी ? परिणाम इसका यह हुआ कि महाराज मानसिंह ने जयपुर पर आक्रमण कर दिया। किन्तु समर-भूमि में जाते ही मानसिंह के आश्चर्य और दुःख की

कोई सीमा न रही, जब उन्होंने देखा कि, अपनी ओर के सामन्त मारवाड़ की सजी हुई सेना को लेकर जयपुर-सैन्य में जा मिले हैं, और तो और, अपने कुटुम्बी बीकानेर-नरेश को भी जब शत्रु-पक्ष से मिला हुआ देखा, तो वह दुःख से अधीर हो उठे †। वह अकेले ही उस महा विपत्ति में फँस गये और इस प्रकार अपने ही हितैषियों द्वारा विश्वासघात करने पर जोधपुर-नरेश मानसिंह को युद्ध-क्षेत्र से भागना पड़ा। इस से पूर्व कभी मारवाड़ी वीरों ने युद्ध में पीठ नहीं दिखाई थी, तब अपनों ही के विश्वासघात के कारण उन्हें यह दुर्दिन देखना पड़ा। इस घटना का वर्णन करते हुये महात्मा टाड कैसी भेदभरी बात लिख गये हैं ‡—

"जातिगत पतन जाति के द्वारा ही होता है। जातीय गौरव के सूर्य अस्त होने को यदि जाति स्वयं अग्रसर न हो तो, कभी अन्य जाति के द्वारा यह कार्य सिद्ध नहीं हो सकता"।

---

† बहुत उम्मीद थीं जिनसे, हुये वह महरबाँ क़ातिल।
हमारे क़त्ल करने को बने खुद पासबाँ क़ातिल॥
× × —अज्ञात्

बाग़बाँ ने आग दी जब आशियाने को मिरे।
जिन पै तकिया था वही पत्ते हवा देने लगे॥
—अज्ञात्

‡ इस घर को आग लग गई घर के चिराग़ से।
दिल के फफोले जल उठे सीने के दाग़ से॥
—अज्ञात्

जो महाशक्ति जाति की प्राण- प्रतिष्ठा का देती है, जाति की नस-नस मे अपना अन्यर्थ तेज भर देती है, उस महाशक्ति का जिस दिन से जाति ने अपमान किया तथा आलस्य और विलासिता के वशीभूत होकर जातीय भ्रातृभाव की जड़ मे कुठाराघात किया कि वह जाति उसी रोज से पतन के दल-दल मे फँस जाती है *।"

राजा मानसिंह सेना के साथ भागकर सब से पहिले जालौर का आश्रय लेने के लिये वीसलपुर में आ पहुँचे। चैनमल सिंघवी नामक राजकर्मचारी ने मानसिंह को जालौर में आश्रय लेने के लिये उद्यत देखकर कहा—"महाराज! यहाँ से दाहिनी ओर नौ कोस की दूरी पर राजधानी जोधपुर और ४० कोस की दूर पर जालौर का किला स्थित है। जालौर की अपेक्षा जोधपुर में बडी सरलता से पहुँचा जा सकता है। आप यदि अपने बाहुबल से राजधानी की रक्षा करने मे समर्थ न होंगे, तो अन्यत्र स्थान में रहकर सिंहासन के अधिकार की आशा कहाँ है? आप जब तक राजधानी में रहकर सिंहासन के रक्षा की चेष्टा करते रहेंगे, तब तक सम्पूर्ण सर्वसाधारण प्रजा अवश्य ही आपके पक्ष का अवलम्बन करेगी।" महाराज मानसिंह इस कर्मचारी के उपदेश को न्यायसगत जानकर कुछ घण्टो में जोधपुर के किले में आकर अपनी तथा राज्यासन की रक्षा का उपाय करने लगे।

* टाड राजस्थान दू० भा पृ० २५३–५४।

किन्तु ठीक उतरे के मुक़े पर उनके सरदार और सामन्तो ने उनके प्रति विश्वासघात और द्रोह किया था, अत वह अपने रहे सहे अनुयाइयों को भी शंकितदृष्टि से देखने लगे। जहाँ जान और माल की बाज़ी लगी हुई हो, वहाँ अपनी ओर के खिलाड़ी ही प्रतिद्वन्दी से मिले हुये हों, रक्षा के लिये बान्धी हुई तलवार ही जब अपना रक्त चाटने को उद्यत हुई हो अथवा शोभा के लिये पहना हुआ गले का हार ही जब नाग बनकर डस रहा हो, ‡ तब कैसे और क्योंकर किसी पर विश्वास किया जा सकता है? व्याघ्र इतना भयानक नहीं जितना कि गोमुखी व्याघ्र, शत्रु से चौकन्ना रहा जा सकता है, पर मित्ररूप-शत्रु से बचना ज़रा टेढी खीर है। अतु, मानसिंह के जो सच्चे हृदय से शुभेच्छु थे, उन्हें भी वह कपटी और द्रोही समझने लगे। शरीर के किसी अंग के सड़जाने पर जब औपरेशन किया जाता है, तब दूषित रक्त के साथ कुछ स्वच्छ रक्त भी शरीर से पृथक होजाता है। इसी नीति के अनुसार मारवाड़ के चार सामन्त जो महाराज मानसिंह की जाति के थे और हृदय से देश-भक्त थे, उन्हें महाराज मानसिंह ने शत्रु से मिला हुआ समझ कर क़िले से बाहर निकाल दिया। टॉड साहब के कथनानुसार इन्द्रराज सिंघवी जो मानसिंह के पहले मारवाड़ के दो राजाओं के शासन समय में दीवान पद

---

‡ जिसे हम हार समझे थे गला अपना सजाने को।
वह काला नाग बन बैठा हमारे काट खाने को॥
—अज्ञात

पर नियुक्त था, वह भी इनके साथ था।

शुद्ध हृदय से शुभेच्छु और जाँनिसार होने पर भी जब उक्त चार सामन्त और इन्द्रराज सिंघवी "द्रोही" जैसे घृणित और महापातक लाञ्छन लगाकर पृथक किये गये तब लाचार यह लोग चुपचाप क़िले के बाहर पड़ी हुई शत्रु-सैन्य से आ मिले।

मारवाड राज्य के प्रलोभन में जयपुर-नरेश जगतसिंह अपनी सैन्य को लेकर ५ माह तक जोधपुर के क़िले को घेरे हुए पड़े रहे, फिर भी वह इतने लम्बे समय में मारवाड के राज्यासन को प्राप्त न कर सके। अत' इनको अपने पक्ष में मिलता हुआ देख कर जगतसिंह को और उसके उन अनुयाइयों को जो मारवाड़ी होते हुए भी मारवाड पर जयपुर-नरेश को चढ़ाकर लाये थे, अपार हर्ष हुआ। पर, इनके मिलने में और औरों के मिलने में पृथ्वी आकाश का अन्तर था।

यह अपमानित होने पर भी विभीषण†, जयचन्द और शक्तसिंह की भाति प्रतिहिंसा की आग से अपने ही घर को जलाने के लिए उन्मत्त नहीं हो उठे थे। व्यक्तिगत मनमुटाव के कारण वह अपनी मातृभूमि को सदैव के लिये परतन्त्रता की बेडी में जकड़वा देने को प्रस्तुत नहीं थे, और न वह अपनी प्रतिहिंसा की आग को निर्दोष व्यक्तियों के रक्त से बुझाने को तैयार थे। यदि

† भयौ विभीषण-पुंजतें, यह भारत ब्रह्माण्ड।
क्यों न होय गृह-भेद तें, गृह-गृह लंकाकाण्ड॥
—वियोगीहरि

अत्युक्ति न समझी जाय तो कहना पडेगा कि इन्द्रराज सिंघवी का भौतिक शरीर उस मिट्टी से नहीं बना था, जिससे कि विभीषण, जयचन्द‡ और शक्तसिंह आदि का शरीर बना था। अपितु देश-प्रेम और सहृदयता के परमाणु जो एक स्थान पर इकट्ठे हो गये थे, उसी पुंज का नाम शायद इन्द्रराज सिंघवी रख दिया गया था। मारवाड-नरेश के इस दुर्व्यवहार से इन्द्रराज सिंघवी क्रोधित नहीं हुआ। बल्कि इस विपदावस्था में पड जाने से जोधपुर-नरेश को अपने पराये का जो ज्ञान तक नहीं रहा था, इस पर उसे तरस ही आया। "तब क्या मारवाड अब मारवाडियो का न रहकर कछवाहों का होगा ? नहीं, यह शरीर मारवाड का है, अत जब तक इसमें एक रक्तकी बूद भी बाकी रहेगी, हम मारवाडियों के सिवा यहाँ किसी का आधिपत्य न होने देंगे"। यह पागल का प्रलाप और शेखचिल्ली की बड़ नहीं, अपितु इन्द्रराज सिंघवी और उन चार सामन्तों का भीषण संकल्प था। अतएव उन्होंने शत्रु-दल में रहते हुए भी किसी प्रकार शत्रु-पक्ष के सबसे प्रबल शक्तिशाली

---

‡ खोलि विदेसिन्कों दियौ, देस-द्वार मतिमन्द।
स्वारथ-लगि कीनों कहा, अरे अधम जयचन्द॥
स्वर्ग-देस लुटवाय, सठ। कियौ कनक में छार।
फूट बीज इत ब्वै गयो, जयचन्द जाति-कुठार॥
दियौ विदेसिन् अरपि, धन धरती धरम स्वछद।
हमैं फूट अब देत तू, धिक दानी जयचन्द॥
— दियोलीगढ़

अमीरखाँ को फोड़ लिया और चुपचाप शत्रु-सैन्य में से निकल कर जयपुर पर आक्रमण कर दिया।

इधर महाराज जगतसिंह जो मारवाड के राज्य पाने का सुख-स्वप्न देख रहे थे, जब उन्होने जयपुर विध्वंस होने और अपनी पराजय का दु खद समाचार सुना तो भौंचक्के रह गये। मारवाड का राज्य तो क्या, उन्हें अपने ही राज्य की चिन्ता ने आ घेरा। अत वह जोधपुर का घेरा छोडकर जयपुर की ओर शीघ्रता से ससैन्य चल दिये। मार्ग में इन्द्रराज सिंघवी ने इनकी सेना को भी ठीक किया और उनसे मारवाड़ का लूटा हुआ माल सब छीन लिया। जोधपुर की इस प्रकार रक्षा और जयपुर-राज्य के विध्वस के समाचार, जब महाराज मानसिंह ने सुना तो वह अवाक् रह गये, वह इन्द्रराज के इस देश प्रेम, स्वामिभक्ति और नीति-निपुणता से अत्यन्त ही प्रसन्न हुये।

विजयी इन्द्रराज जब जोधपुर आया तब मानसिंह ने उसका अत्यन्त प्रेम पूर्वक स्वागत किया और अभिनन्दन स्वरूप एक कविता भी बनाकर कही, जिसके तीन पद्य निम्न प्रकार हैं —

पैड़िया घेरा जोधपुर, आविया दला अरख।
आव दिगंन्ते इन्दरा, थे दीवा भुजथभ॥
इन्दाघे असवारिया, जिन चौहट्टे अम्बेर।
धन मत्री जोधा नरा, थै जैपुर कीधी जेर॥
आभ पड़तो इन्दरा, तें दीना भुजदंड।
मारवाड़ नो कोटिरो, राख्यो राज अखंड॥

टॉड साहब के कथनानुसार इस विजयोपलक्ष में इन्द्रराज सिंघवी मारवाड के प्रधान सेनापति-पद से विभूषित किया गया।

राज्य की व्यवस्था ठीक कर लेने पर महाराज मानसिंह ने अपने कुटम्बी बीकानेर-नरेश से बदला लेने के लिए बारह हज़ार सेना के साथ प्रधान सेनापति इन्द्रराज तथा अन्य सरदारों के साथ युद्ध के लिए प्रस्थान किया। बापरी नामक स्थान में दोनों सेनाओं का युद्ध हुआ। बीकानेर के महाराज इस युद्ध मे परास्त होकर अपनी रक्षा करने के लिए राजधानी को चले आये। बीकानेर महाराज के भागते ही महाराज मानसिंह के प्रधान सेनापति इन्द्रराज आदि उनका पीछा करते हुए गजनेर नामक स्थान में जा पहुँचे, अन्त में विवश होकर बीकानेर महाराज को सन्धि करनी पडी और युद्ध की हानि के पूर्ति स्वरूप दो लाख रुपया तथा फलौदी का वह परगना जिसे उन्होंने जयपुर महाराज की सहायता करके अधिकार कर लिया था लौटाना पडा।

सिंघवी इन्द्रराज की सेवाओं से प्रसन्न होकर महाराजा मानसिंह ने उसे राज्य के सम्पूर्ण अधिकार सौंप दिये थे। जैसा कि महाराजा मानसिंहजी द्वारा रचित मारवाडी भाषा के निम्न पद से प्रकट होता है —

बैरी मारन मीरखा, राज काज इन्द्रराज।
महतो शरणो नाथ रे, नाथ सँवारे काज॥

इन्द्रराज की इस उन्नति से उनके पुराने शत्रु और भी जलभुन कर खाक हो गये। वे सिंघीजी की इस उन्नति को न देख सके।

उन्होंने इसके खिलाफ षड्यन्त्र रचना शुरू किया, इसके लिये उन्हें अच्छा मौक़ा भी हाथ लग गया। नवाब अमीरखाँ ने (जो उस समय महाराज मानसिंह का मुँह चढ़ा हुआ था और जो अपने मायाचार पूर्ण व्यवहारों से एक अत्यन्त शक्तिशाली था) मुँडवा, कुचेरा आदि अपने जागीरके गाँवोंके अलावा मेड़ता और नागौर पर भी अधिकार करने का विचार किया था। यह बात, इन्द्रराज सिंघवी को बुरी लगी। उसने इस पर बड़ी आपत्ति प्रकट की। बस इस अवसर से लाभ उठाकर इन्द्रराज सिंघवी के शत्रुओं ने नवाब अमीरखाँ को भड़का दिया। वि० सं० १८७३ की चैत्र सुदी ८ को नवाब ने अपनी फौज के कुछ अफसरों को किले पर भेजा। उन्होंने वहाँ पहुँच कर अपनी चढ़ी हुई तनख्वाह माँगी। वेतन का तो बहाना था, बस बात ही बात में झगड़ा होगया और अफगान सरदारों ने हमला बोल कर इन्द्रराज सिंघवी का प्राणनाश कर दिया। महाराज मानसिंह को इस बात से वज्रपात का सा दुःख हुआ, वे विह्वल हो गये, उनके हृदय में घोर विषाद छा गया और संसारसे उन्हें विरक्ति सी होगई। उन्होंने राज्य करना छोड दिया और एकान्त वास करने लगे। इन्द्रराज के इस बलिदान को सुन कर महाराज मानसिंह ने जो कवित्त कहा था, वह इस प्रकार है—

पोड़िया किन पोशाकसूँ केड़ी जागां जोय।
ठौर कटे हुये जीवता होड़ न मरना होय॥

[२८ जनवरी-सन्-३३]

बीकानेर-परिचय

बीकानेर-राज्य की चौहद्दी इस प्रकार है —उत्तर-पश्चिम बहावलपुर, दक्षिण-पश्चिम जैसलमेर, दक्षिण-मारवाड, दक्षिण-पूर्व जयपुर, शेखावाटी, पूर्व में लाहोर-हिसार। यहाँ २३३१५ वर्गमील स्थान है। इस शहर को राठौडवंशी राजा बीका ने सन् १४३९ई० में बसाया था। बीकानेर, राजपूताने में प्रसिद्ध देशी रजवाडे की राजधानी मरुभूमि (रेतीली जमीन) में है, यह शहर पत्थर के साडे तीन मील लम्बे परकोटे से घिरा है, जिस में ५ फाटक हैं और तीन ओर खाई है।

बीकानेर के कूए ३०० से४०० फुट तक गहरे हैं, यहाँ वर्षा बहुत कम होती है, लोग वर्षा का पानी कुडों में (एक प्रकार का छोटासा तालाब) भरलेते हैं, जो प्राय प्रत्येक मकान मे बने हुये हैं और सालभर तक इसी पानी को काम मे लाते हैं। बीकानेर-राज्य भर में एक भी नदी नहीं है, परन्तु अब एक नहर वर्तमान बीकानेर-नरेश ने बहुत रुपया खर्च करके पजाब के दरिया से बीकानेर राज्य में निकलवाई है। मनुष्य सख्या के अनुसार बीकानेर राजपूताने में चौथे नम्बर का शहर है। सन १९३१ की मर्दुमशुमारी में बीकानेर-राज्य की जैन जन-सख्या २९७७३ रही। बीकानेर-राज्य में भी कितने ही जैन-मन्दिर हैं, जिनका उल्लेख स्थानाभाव के कारण नहीं किया गया है।

वीरे की सन्तान, मान पर जो मरते थे,
करते थे शुभ कर्म, धर्म धीरज धरते थे ।

भरते थे नव भाव, दीन का दुख हरते थे,
कभी स्वप्न में भी, न टेक से जो टरते थे ॥

—"कण्टक"

सिंह जो कि अपुत्र था, मृत्यु को प्राप्त होगया, तथा मरने के समय वह सगर को अपना उत्तराधिकारी बना गया। अतएव राणा भीमसिंह की मृत्यु के पश्चात् १४० ग्रामों सहित सगर देलवाड़े का स्वामी हुआ और उसी दिन से वह राणा कहलाने लगा, उसका श्रेष्ठ तपस्तेज चारों ओर फैल गया, उस समय चित्तौड के राणा रतनसी पर मालवपति मुहम्मद बादशाह की फौज चढ आई, तब राणा रतनसी ने सगर को शूरवीर जानकर उसे अपनी सहायता को बुलाया। युद्ध-आमत्रण सुनतेही सगर अपनी सेना को लेकर राणा रतनसी की सहायता को पहुँच गया। बादशाह, सगर के सामने न ठहर सका और प्राण बचाकर भाग निकला, तब मालवा देश को सगर ने अपने कब्जे में करलिया। कुछ समय के पश्चात् गुजरात के मालिक बहिलीम जात अहमद बादशाह ने राणा सगर को कहला कर भेजा कि "तू मुझको सलामी दे और हमारी नौकरी को मंजूर कर, नहीं तो मालवा देश को मैं तुझ से छीन लूगा" स्वाभिमानी सगर भला यह बात कैसे स्वीकार कर सकता था? परिणाम यह हुआ कि सगर और बादशाह में घोर युद्ध हुआ, आखिरकार बादशाह हारकर भाग गया और सगर ने समस्त गुजरात को अपने अधिकार में करलिया। इस तरह पराक्रमकारी सगर मालवा और गुजरात का अधिपति होगया। कुछ समय के बाद पुन किसी कारण से गोरी बादशाह और राणा रतनसी में परस्पर विरोध उत्पन्न होगया और बादशाह चित्तौड पर चढ आया, उस समय राणाजी ने शूरवीर सगर को बुलाया और

बच्छावतों का उत्थान
और
पतन

टपक ऐ शमा! आँसू बनके परवाने की आँखों से।
सरापा दर्द हूं हसरत भरी है दास्ता मेरी॥

—"इक़बाल"

१. सगर:—

"श्री जालोर महादुर्गाधिप देवड़ावंशीय महाराजा श्री सामन्तसीजी थे, तथा उनके दो रानियाँ थीं, जिनके सगर वीरमदे और कान्हड नामक तीन पुत्र और उमा नामक एक पुत्री थी। सामन्तसीजी के बाद उनका दूसरा पुत्र वीरमदे जालोराधिपति हुआ और सगर नामक बड़ा पुत्र देलवाड़े में आकर वहाँ का स्वामी हुआ। इस का कारण यह था कि सगर की माता देलवाडे के भालाजात राणा भीमसी की पुत्री थी और वह किसी कारण से अपने पुत्र सगर को लेकर अपने पिता के यहाँ चली गई थी। अत सगर अपने नाना के घर में ही बडा हुआ था, जब सगर युवावस्था को प्राप्त हुआ, उस समय सगर का नाना भीम-

सिंह जो कि अपुत्र था, मृत्यु को प्राप्त होगया, तथा मरने के समय वह सगर को अपना उत्तराधिकारी बना गया। अतएव राणा भीमसिंह की मृत्यु के पश्चात् १४० ग्रामो सहित सगर देलवाडे का स्वामी हुआ और उसी दिन से वह राणा कहलाने लगा, उसका श्रेष्ठ तपस्तेज चारों ओर फैल गया, उस समय चित्तौड के राणा रतनसी पर मालवपति मुहम्मद बादशाह की फौज चढ आई, तब राणा रतनसी ने सगर को शूरवीर जानकर उसे अपनी सहायता को बुलाया। युद्ध-आमत्रण सुनतेही सगर अपनी सेना को लेकर राणा रतनसी की सहायता को पहुँच गया। बादशाह, सगर के सामने न ठहर सका और प्राण बचाकर भाग निकला, तब मालवा देश को सगर ने अपने कब्जे मे करलिया। कुछ समय के पश्चात् गुजरात के मालिक बहिलीम जात अहमद बादशाह ने राणा सगर को कहला कर भेजा कि "तू मुझको सलामी दे और हमारी नौकरी को मजूर कर, नहीं तो मालवा देश को मैं तुझ से छीन लूगा" स्वाभिमानी सगर भला यह बात कैसे स्वीकार कर सकता था? परिणाम यह हुआ कि सगर और बादशाह में घोर युद्ध हुआ, आखिरकार बादशाह हारकर भाग गया और सगर ने समस्त गुजरात को अपने अधिकार में करलिया। इस तरह पराक्रमकारी सगर मालवा और गुजरात का अधिपति होगया। कुछ समय के बाद पुन किसी कारण से गोरी बादशाह और राणा रतसी में परस्पर विरोध उत्पन्न होगया और बादशाह चित्तौड़ पर चढ़ आया, उस समय राणाजी ने शूरवीर सगर को बुलाया और

सगर ने आकर उन दोनो का आपस में मेल करा दिया तथा बादशाह से दण्ड लेकर उसने मालवा और गुजरात देश पुनः बादशाह को वापिस दे दिये, उस समय राणाजी ने सगर की इस बुद्धिमत्ता को देखकर उसे मन्त्रीश्वर का पद दिया और वह (सगर) देलवाडे में रहने लगा तथा उसने अपनी बुद्धिमत्ता से कई एक शूरवीरता के काम कर दिखाये।

२. बोहित्थः—

सगर के बोहित्थ, गङ्गदास और जयसिंह नामक तीन पुत्र थे, इनमे से सगर के पाटपर उसका बोहित्थ † नामक ज्येष्ठ पुत्र मंत्रीश्वर होकर देलवाड़े में रहने लगा, यह भी अपने पिता के समान बडा शूरवीर तथा बुद्धिमान था।

बोहित्थ की भार्या बहरगदे थी, जिस के श्रीकरण, जैसे, जयमल्ल, नान्हा, भीमसिंह, पदमसिंह, सेमजी, और पुण्यपाल नामक आठ पुत्र थे और पद्मावाई नामक एक पुत्री थी।

३. श्रीकरणः—

के समधर वीरदास हरिदास और उधरण नामक चार पुत्र थे। यह (श्रीकरण) बडा शूरवीर था, इसने अपनी भुजाओं के बल से मन्धेन्द्रगढ को फ़तह किया था, एक समय का प्रसंग है कि—बादशाह का खजाना कहीं को जारहा था, उसको राणा श्रीकरण ने लूट

† बोहित्थ ने चित्तौट के राणा रायमल्ल की सहायता में उपस्थित होकर बादशाह से युद्ध किया, और उसे भगा दिया था।

लिया, जब इस बात की खबर बादशाह को पहुँची, तब उसने अपनी फौज को लड़ने के लिये मच्छेन्द्रगढ पर भेज दिया, राणा श्रीकरण बादशाह की उस फौज से खूब ही लडा परन्तु आखिरकार वह अपना शूरवीरत्त्व दिखाकर उसी युद्ध में काम आया।

४. समधर:—

राणा के काम आजाने से इधर तो बादशाह की फौज ने मच्छेन्द्रगढ़ पर अपना क़ब्जा कर लिया, उधर राणा श्रीकरण को काम आया हुआ सुनकर राणा की स्त्री रतनादे कुछ द्रव्य (जितना साथ में चल सका) और समधर आदि चारों पुत्रों को लेकर पीहर (खेड़ीपुर) को चली गई और वहीं रहने लगी तथा अपने पुत्रों को अनेक प्रकार की कला और विद्या सिखलाकर निपुण कर दिया। विक्रम सवत् १३२३ के आषाढ वदि २ पुष्य नक्षत्र गुरुवार को खरतरगच्छाधिपति जैनाचार्य श्रीजिनेश्वरसूरिजी महाराज विहार करते हुये वहाँ (खेडीपुर मे) पधारे। इनके धर्मोपदेश से रानी के चारों पुत्रों ने जैन शास्त्रोक्त विधि से श्रावकों के बारह व्रतों को ग्रहण किया, तथा आचार्य महाराज ने उनका महाजन वशा और बोहित्थरा (बोथरा) गोत्र स्थापित किया। जैनधर्म में दीक्षित होने के बाद उक्त चारों कुमारो ने धर्मकार्यों मे द्रव्य लगाना शुरू किया। तथा उक्त चारों भाई संघ निकाल कर और आचार्य महाराज को साथ लेकर सिद्धिगिरी की यात्रा को गये। इस यात्रा में उन्होंने एक करोड द्रव्य लगाया। जब लौटकर वापिस आये तब सबने मिलकर समधर को सघपति का पद दिया।

५. तेजपालः—

समधर के तेजपाल नामक एक पुत्र था, समधर स्वयं विद्वान् था, अत उसने अपने पुत्र तेजपाल को भी छ वर्ष की अवस्था में ही पढाना शुरु कर दिया और दश वर्ष तक उससे विद्याभ्यास मे उत्तम परिश्रम करवाया। तेजपाल की बुद्धि बहुत ही तेज थी, अत वह विद्या में खूब निपुण होगया तथा पिता के सामने ही गृहस्थाश्रम का सब काम करने लगा।

समधर का जब स्वर्गवास हुआ, तब तेजपाल की अवस्था लगभग १५ वर्ष की थी। तेजपाल गुजरात के राजा से गुजरात खरीद कर उसका राजा बन गया। वि० स० १३७७ ज्येष्ठ वदी ११ के दिन, तीन लाख रुपया लगाकर दादा साहिब जैनाचार्य श्री जिनकुशलसूरिजी महाराज का नन्दी (पाट) महोत्सव पाटन नगर में किया तथा उक्त महाराज को लेकर शत्रुजय का सघ निकाला और बहुतसा धन शुभ मार्ग में लगाया। पीछे सब संघने मिलकर तेजपाल को माला पहिनाकर संघपति का पद दिया। इस प्रकार अनेक शुभ कार्यों को करता हुआ अपने पुत्र वील्हाजी को घर का भार सौंप कर अनशन करके स्वर्गासीन हुआ।

६. वील्हाजीः—

के कडूवा और धरण नामक दो पुत्र हुए, वील्हाजी ने भी अपने पिता के समान अनेक धर्म कृत्य किये।

७. कडूवाः—

वील्हाजी की मृत्यु के पश्चात् उनके पाटपर उनका बडा पुत्र


कडूवा बैठा। इसका नाम तो अलबत्ता कडूवा था, परन्तु वास्तव में यह परिणाम में अमृत के समान मीठा निकला। एक बार यह मेवाड देशस्थ चित्तौडगढ देखने के लिये गया। उसका आगमन सुन कर चित्तौड के राणाजी ने उसका बहुत सम्मान किया। थोड़े दिन के बाद मॉडवगढ का बादशाह किसी कारण से फौज लेकर चित्तौड़गढ़ पर चढ आया। इससे सभी चिन्तित हुये, तब राणा ने कडुवा से कहा—"पहिले भी तुम्हारे पूर्वजों ने हमारे पूर्वजों के अनेक बडे बडे काम सुधारे हैं, इसलिये अपने पूर्वजों का अनुकरण कर, आप भी हमारे इस काम को सुधारो।" यह सुनकर कडूवाजी ने बादशाह के पास जाकर अपनी बुद्धिमता से उसे समझा कर परस्पर में मेल करा दिया और बादशाह की सेना को वापिस लौटा दिया। इस बात से नगरवासी जन बहुत प्रसन्न हुये और राणाजी ने भी प्रसन्न होकर कडुवाजी को अपना प्रधान मन्त्री बनाया। उक्त पद को पाकर कडूवाजी ने अपने सद्वर्ताव से वहाँ उत्तम यश प्राप्त किया। कुछ दिनों के बाद कडुवा राणाजी की आज्ञा लेकर अण-हिलपत्तन मे गये, वहाँ भी गुजरात के राजा ने इनका बड़ा सम्मान किया तथा इन के गुणों से सन्तुष्ट होकर पाटन इन्हें सौंप दिया, कडूवाजी ने अपने कर्तव्य को विचार कर सात क्षेत्रों में बहुत सा द्रव्य लगाया, गुजरात देश में जीव-हिंसा को बन्द करवा दिया, तथा विक्रम संवत् १४३२ के फाल्गुण वदी छट्ठ के दिन खरतरग-च्छाधिपति जैनाचार्य श्रीजिनराजसूरिजी महाराज का नन्दी(पाट) महोत्सव सवालाख रुपये लगाकर किया, इसके सिवाय इन्होंने

घोर वैर था, परन्तु इस बात से तो राजा और भी चिढ गया।

करमचंद ने अपने धर्म और जाति की जो सेवा की है उसको शब्दों में कदापि प्रकट नहीं किया जा सकता। अब तक वह संघ का उपकारी समझा जाता है। सन १५५५ ईस्वी में बीकानेर में उसने खरतरगच्छ के आचार्य जिनचंद्रसूरि के शुभागमन के समय बडे समारोह के साथ उत्सव किया था। जो कवि आचार्य महाराज के आगमन के शुभ समाचार करमचंद के पास लाया था, उसको करमचंद ने बहुत बड़ा इनाम दिया था।

१५७८ (वि० सं० १६३५ के अकाल में उसने अन्न बटवाने के मुफ्त केन्द्र स्थापित करके भूखी प्रजा का दुःख दूर करने का प्रयत्न किया।

करमचंद बडा दानी था, परन्तु बईभाटों के साथ जो उसने विरोध किया था, उससे हम इतना अवश्य कहेंगे कि वह आलसी लोगों को दान नहीं देता था। जब वह दिल्ली में था, तो उसने अकबर के सरल निष्पक्ष स्वभाव को देखकर उसके हृदय में जैन धर्म और जैनशास्त्रों से रुचि उत्पन्न करा दी थी। उसी की सलाह से अकबर ने उस समय के प्रसिद्ध विद्वान् हीरविजयसूरि और जिनचन्द्रसूरि जैनाचार्य्यों को अपने दरबार में बुलाया था और उनको अपने साथ रक्खा था। सन् १५६२ ईस्वी में करमचन्द ने जिनसेनसूरि को गद्दी पर बैठालने का जल्सा बड़े समारोह के साथ लाहौर में किया। उसने मुसलमानों से जैनियों की बहुतसी मूर्तियाँ लीं जो उनके हाथ लग गई थीं और उन सबको बीकानेर के मंदिर



अकबर बादशाह से जैनसाधु हीरविजय का स्वागत कर रहे हैं।

में विराजमान किया। करमचंद ने बादशाह से जैनियों के
अनेक प्रकार के स्वत्व और दस्तूर प्राप्त करलिए थे। उसने ओ
वाल जाति में भी बहुत से उपयोगी और आवश्यक सुधार किये

अकबर सन् १६०५ ईस्वी में मर गया और करमचंद भी उस
मृत्यु के बाद बहुत दिनों तक जीवित नहीं रहा। जब रायसिंह नव
सम्राट् (जहाँगीर) को आदाब बजा लाने के लिए देहली गया
उस समय करमचन्द घर मे पड़ा हुआ मृत्यु के सन्निकट थ
रायसिंह करमचन्द को देखने के लिए गया। उसे मरने देख
उसने उसके लिए बाहरसे बड़ी सहानुभूति दिखलाई। करमचन
लड़के भागचन्द और लक्ष्मीचन्द उसकी सहानुभूति-दर्शक चिक
चुपड़ी बातो मे आगये और उन्होंने अपने पिता करमचन्द से क
कि देखा पिता जी, महाराजा कैसे हितैषी और दयालु है। मृत्
शय्या पर पड़े हुए बाप ने क्रोध की दृष्टि से अपने लड़को
ओर देखा और अस्पष्ट शब्दों में उनसे कहा कि—"लटको, तु
अभी छोटे हो, तुमको अभी कुछ भी अनुभव नहीं है। खबरदा
खूब होशयार रहना। ऐसा न हो कि इसके झूठे आँसुओं को दे
धोखा खाजाओ और बीकानेर जाने पर राजी हो जाओ। इ
समय मैं गौरव के साथ मर रहा हूँ, यह देखकर ही राजा को दु
हो रहा है।" इन शिक्षाप्रद और चेतावनी के शब्दो को कह क
करमचन्द की अजर-अमर आत्मा ने स्वर्गलोक को प्रस्थान किया
राजा ने करमचंद के घराने के लिए बहुत ही शोक और सहानु
भूति प्रगट की और उसके लड़कों को बीकानेर लेजाने के लिए

हर प्रकार की कोशिशें की, परन्तु वे सब वेकार हो गईं।

१५. भागचन्द १६. लक्ष्मीचन्द—

रायसिंह को अपने कुटिल और मायापूर्ण इरादे के पूरा न होने से वडा दु ख हुआ और वह किसी न किसी दिन वदला लेने के लिए इच्छा करता रहा। सन् १६११ ईस्वी में वह वहुत विमार होगया और उसके रोग ने भयकर रूप धारण कर लिया। जव उसने अंत समय निकट समझा, तव अपने पुत्र सूरसिंह को अपने पलग के पास वुलाकर कहा "वेटा, मैं हताश होकर मरता हूँ। मेरी अतिम शिक्षा तुम्हारे लिए यही है कि, तुम करमचंद वच्छावत के लडको को वीकानेर वापिस लाकर उनको उनके वाप के अपराध का दण्ड देना।" इन शब्दों को कहते ही रायसिंह का परलोक होगया। रायसिंह के मरने के वाद दलपतसिंह राज्य का अधिकारी हुआ, परन्तु वह केवल दो वर्ष तक राज्य कर पाया। सन् १६१३ मे सूरसिह राज्यसिंहासन पर वैठा। उसको अपने वापके मरते समय के शब्द याद थे और वह अपने कुटिल इरादे को पूरा करने के लिए उचित समय देख रहा था। राज्यसिंहासन पर वैठते ही वह दिल्ली गया। उसके दिल्ली जाने के दो अभिप्राय थे, एक तो मुगल-सम्राट को प्रणाम् करने के लिए, दूसरे वच्छावत कुलको वीकानेर लाने के लिए। उसका मतलव अच्छी तरह हल हो गया। वह वहाँ भगवानचंद और लक्ष्मीचंद से मिला और उनको उसने अनेक आशाये और विश्वास दिलाने के वाद अपने साथ वीकानेर चलने के लिए राजी कर लिया।

अपनी आत्मरक्षा के लिए सूरसिंह के झूठे वाक्यों से और अपने पुराने अधिकारों को पुन प्राप्त कर लेने की झूटी आशा से धोखा खाकर, बच्छावत भाइयों ने कुटुम्ब सहित अपनी जननी जन्मभूमि को प्रस्थान किया। उनको यह बात जानकर बड़ा आनन्द हुआ कि उनके देश-परित्याग के दिन अब समाप्त होगये हैं। अब वे शीघ्र अपने देश और देशबन्धुओं को देखेंगे। उनके हृदय में सूरसिंह के प्रति जो इस समय उनका झूठा और कल्पित उपकारी बन रहा था, बडे बड़े विचार उत्पन्न हो रहे थे। बेचारे अभागे नवयुवकों को स्वप्न में भी इस बात का विचार न आया कि जितने वायदे किये गये हैं वे सब झूठे हैं और उनको यमलोक पहुँचाने वाले हैं। सूरसिंह ने अपने षड्यन्त्र के गुप्त रखने में बडी सावधानी रक्खी। उसने अपने वर्तमान दीवान को निकाल दिया और जनसाधारण में इस बात की घोषणा करदी कि, अब इस पद पर उन्हींको नियुक्त करूँगा, जिनका इस पर हक है और जो इसके अधिकारी हैं। कुछ समय के बाद वे बीकानेर पहुँचे और प्रत्यक्ष मे राजा ने उनके साथ बड़ी भलमनसीका व्यवहार किया, पर यथार्थ में उनका मरण अवश्यम्भावी हो गया था। उनको वहाँ आये हुए पूरे दो मास भी नहीं हुए थे कि एकाएक उनको एक दिन प्रातकाल यह देखकर बड़ा आश्चर्य हुआ कि उनका मकान सूरसिंह के तीन हजार सिपाहियों ने घेर लिया है। अब इस समय उनको अपनी दशा का पूरा पूरा पता लग गया। अत उन्होंने शत्रु के वश में पडना नीच कर्म समझ कर वीरता के साथ मरना ही उत्तम

समझा। उनके राजपूत नौकरों का छोटा सा समूह—जिसकी संख्या केवल पाँचसौ थी—अपने मालिको के लिए चारों तरफ खडा होगया और अपनी कमर कसकर उनकी रक्षा करने को तैयार हो गया। प्रत्येक राजपूत लडाई की चोटों को सहने के लिए तैयार था और मरने के लिए साहस और धैर्य रखता था। बच्छावत और उनके साथी वीरोंकी भाति खडे रहे, परन्तु यथार्थ मे पूछा जाय तो कहना पडेगा कि यह न्याय की लडाई नहीं थी। यह केवल अन्याय था और आक्रमण करने वालो का बडा ही नीच और घृणित कर्म था। जब बचाव की सब आशायें निराशा में परिणत हो गईं तब दोनो भाइयो ने जो अपनी जैन जाति के सच्चे वीर थे, अपने वश का नाम क़ायम रखने के लिए प्रण ठान लिया। उन्होने हताश हो कर अपनी भयकर परन्तु प्राचीन प्रथा जौहर की शरण ली। प्राणनाशक चिता तैयार की गई और उसमे तमाम स्त्रियाँ जल कर भस्म हो गईं। स्त्रियों, बच्चों, बूढों, बीमारो सभी ने अपने प्राण दे दिये। कितने ही तलवार से कट कर मर गये और कितने ही अग्नि की ज्वाला में कूद पडे। ज्यों ही धुवें के गुब्बारे घेरा बनाते हुए ऊपर को उठे, त्यो ही रक्त की नदियाँ बह निकलीं। एक भी मरने से नहीं हिचकता था। समस्त बहुमूल्य पदार्थ नष्ट कर दिये गये और कुए मे फेंक दिये गये। इसके पश्चात् बच्छावत भाइयों ने अर्हत्परमेष्ठी को नमस्कार किया और अन्त समय केशरिया बाना पहिन कर एक दूसरे को छाती से लगाया। तदनतर उन्होने हवेली के द्वार खोल दिये और

तलवार हाथ में लेकर बाहर निकल पडे। वे बडी वीरता से लडे और मर गये। उनके मरने के बाद उनके घर गिराकर धराशायी कर दिये गये। राजा ने बच्छावत कुल का समूल नाश करने की बड़ी कोशिश की, परन्तु प्रकृति ने इसके प्रतिकूल ही किया। बच्छावत-वंश की एक महिला इस कत्ले आम में से बडी चालाकी से भाग निकली और अपने बाप के यहाँ किशनगढ़‡ जा पहुँची। वहाँ पर उसके एक पुत्र उत्पन्न हुआ और इस प्रकार वीर बच्छावत वंश की रक्षा हुई †।

सूरा सो पहिचानिये लड़े आन के हेत।
पुरजा पुरजा कट मरे तोऊ न छोड़े खेत॥

—अज्ञात

[१ जनवरी ३३]

ऊपर जिन बीकानेर नरेश रायसिंह का जिक्र आया है उनके एक भाई अकबर बादशाह के यहाँ रहते थे। उनकी एक घटना को लेकर सन् २८ मे एक छोटीसी कहानी लिखी थी, जो "वीर-सन्देश" (आगरा) और "जैन प्रकाश" (बम्बई) में प्रकाशित हुई थी। यद्यपि वह कहानी प्रस्तुत पुस्तक के विषय से कोई सम्बन्ध नहीं रखती है फिर भी प्रसंगवश यहाँ दी जा रही है।

‡ यह महिला उदयपुरके भामाशाह की पुत्री थी, और उस लड़ाई के अवसर पर वह पहले से ही उदयपुर गई हुई थी, और गर्भवती होने के कारण इसने वहीं पुत्र प्रसव किया, इससे आगे का वृत्तांत "भामाशाह की पुत्री का घराना अथवा बच्छावतोंका अंतिम वंश" शीर्षक से मेवाड के खण्ड में देखिये—गोयलीय।

† जैन हितैषी भाग १२ अं० २ ३ से।

वीर-नारी

युवती ने क्रोध के वेग को रोक कर कहा—'कवीजी! कविता फिर भी रची जायगी, इस समय अपनी बहन की इज्जत बचाओ"

यह कवि बीकानेर महाराज रायसिंह के भाई थे। जब बीकानेर-नरेश ने अपनी लडकी अकबर को दी, तो इन्होंने उनका तीव्र प्रतिवाद किया और वे लडने के लिए तैयार हो गये। इस पर वे आगरे में नजर क़ैद कर लिये गये। इन्हें कविता करने का व्यसन था। अकबर बादशाह इनकी कविता चाव से सुनता था। हर समय इन्हें यही एक धुन रहती थी। इनका नाम पृथ्वीराज था। अन्यमनस्क भाव से बोले "क्यों क्या हुआ? प्राणप्रिये! इस समय मुझे क्षमा करो, मुझे एक समस्या पूर्ति करनी है, इसलिये"

युवती—(बात काटकर) तो साफ क्यों नहीं कहते, कि इस समय चली जा, नहीं तो कविता अच्छी न बन सकेगी।

पृथ्वी—अच्छा यही समझ लो।

युवती—मैं खूब समझ चुकी हूँ। यदि यही अकर्मण्यता न होती, तो आपको इस प्रकार दासत्व-वृत्ति स्वीकार नहीं करनी पडती देश के ऊपर आपत्ति की घनघोर घटा छाई हुई है, सगी बहन का सतीत्व नष्ट हो रहा है और आप कविता करने बैठे हैं। धिक्कार है आपकी कविता को, फटकार है आपकी बुद्धि को, लानत है आपके

सूझ को।

पृथ्वी—तो क्या कविता करना छोड दूं ?

युवती—अवश्य !

पृथ्वी—ध्यान रहे ससार में सब वस्तु मिट सकती हैं, परन्तु कृति नहीं मिटती !

युवती—मैं सौगन्द पूर्वक कहती हूँ कि ससार में सब कुछ मिट सकता है, परन्तु कुल में लगा हुआ कलक कभी नहीं मिटता।

पृथ्वी—कविता से सैनिकों के हृदय में वीर-भाव उत्पन्न होते हैं। चन्दवरदाईका नाम उसकी कविताके कारण अमरहोगयाहै।

युवती—हाँ, यदि कविता में हृदयके भाव हों, और स्वय कवि भी अपने कथनानुसार कर्मवीर हो तब न ? जब लोगो को यह मालूम होगा कि यह कृति उस अकर्मण्य की है, जो परतत्रता के बन्धन में जकड़ा हुआ था, जो अपनी बहन का सर्वनाश आँखो से देखता रहा, तब वह आपकी कृति का उपहास करेंगे। चन्द वरदाई का नाम कविता के कारण नहीं, उसकी वीरता के कारण अमर है।

पृथ्वी—साहित्य और सगीत से रहित मनुष्य पशु है।

युवती—लेकिन यदि किसी घर में आग लगी हो, तो उसके निवासियों को गाते बजाते देखकर तुम क्या कहोगे ?

पृथ्वी—मूर्ख कहूँगा और क्या ?

युवती—क्यों ? गाना तो कोई बुरी चीज नहीं।

पृथ्वी—बुरी चीज नहीं, किन्तु उस समय उसकी आवश्यकता

नहीं। समय पर ही सब कार्य अच्छे लगते हैं।

युवती—बस आपके कथनानुसार फैसला हो गया। कविता करना बुरा नहीं, किन्तु इस समय उसकी आवश्यकता नहीं।

पृथ्वी—इसका तात्पर्य ?

युवती—यही कि आप क्षत्री हैं। भारतमाता को इस समय वीर-पुत्रों की आवश्यकता है। आप ही सोचलें यदि आज वी राजपूत समस्या-पूर्ति में लगे रहें, तो फिर देश की समस्या को कौ हल करेगा ?

पृथ्वी—तो तुम क्या चाहती हो ?

युवती यही कि देश सेवा के व्रत में केशरिया बाना पहन क शत्रुओं का संहार करो। आज इनके अत्याचारों से भारतमा रुदन कर रही है, स्त्री बच्चों की गर्दनों पर निर्दयता पूर्वक छु चलाई जा रही है, वीर ललनाओं का बलपूर्वक शील नष्ट कि जा रहा है। अतएव इस समय कविता करना योग्य नहीं। प्र का साथ दो, प्राणनाथ ! प्रताप जैसे बनो !

कहते कहते युवती का गला रुँध गया वह अब अपने अधिक न सम्हाल सकी। लज्जा, घृणा, मानसिक सन्ताप आ ने उसे बोलने में असमर्थ कर दिया। वह अपने पति के पाँवों पड़कर फूट २ कर रोने लगी। युवती के रुदन में कुछ बेब का ऐसा अश था, कि पृथ्वीराज का कठोर हृदय भी पिघल ग और उत्सुकता से उसके दुःख का कारण पूछने लगे।

❀ ❀ ❀

जिस समय यवन बादशाह अकबर के हाथ में भारतवर्ष के शासन की बागडोर थी, उस समय वीर-चूड़ामणि प्रताप को छोड़कर सभी राजे अपनी स्वाधीनता खोकर, पूर्वजों की मान मर्यादा को तिलाजली देकर दासत्व-वृति स्वीकार कर चुके थे। जोधपुर का राजा उदयसिंह अपनी बहन जोधाबाई और आमेर का राजा मानसिंह अपनी बहन का सम्बन्ध बादशाह से करके राजपूत जैसे उज्वल कुल में कलंक लगा चुके थे। महाराणा प्रताप के छोटे भाई शक्तसिंह भी घरेलू झगडों के कारण अकबर से आ मिले थे। इन्हीं शिशोदिया-वीर शक्तसिंह की कन्या बीकानेर के राजकुमार पृथ्वीसिंह को ब्याही थी। शक्तसिंह यद्यपि इस समय "घर का भेदी लंका ढावे" इस कहावत के निशाने बन रहे थे, किन्तु उनकी कन्या के हृदय में मातृभूमि के प्रेम का अंकुर फूट निकला था। वह क्षत्राणी थी, उसे अपने कुल की मानमर्यादा का पूरा ध्यान था। उसके कुल की असख्य वीरांगना जीते जी आग में कूद कर मरी हैं, रण-क्षेत्र में शत्रुओ का रक्त बहा कर राजपूती शान दिखा गई हैं, इत्यादि बातों का उसे पूरा ज्ञान था। वह भी अपने पति के साथ आगरे में रहती थी। अकबर अपनी काम वासनायें तृप्त करने के लिये अनेक राक्षसी यत्न करता रहता था। अपनी विलासिता के लिये वह आगरे के क़िले में महिने में एक बार मीना बाज़ार लगवाता था। उसमे केवल स्त्रियो के जाने की आज्ञा थी। राजपूत और मुसलमान व्योपारियो की स्त्रियाँ अनेक देशो के शिल्पजात पदार्थ लाकर उस मेले में कारबार किया करती थीं।

और राज-परिवारों की स्त्रियाँ वहाँ जाकर मनमानी सामग्री मोल लिया करती थीं। पाखण्डी अकबर भी भेष बदले हुये वहाँ जाता था और किसी न किसी सुन्दर युवती को अपने षड्यंत्र में फांस लिया करता था। एक समय पृथ्वीराज की पत्नी किरन भी उस मीना बाज़ार की सैर करने गई। अकबर ने इसे धोखे से भुलावा देकर महलों में बुला लिया। किरन अकबर के पैशाचिक भाव को ताड गई, लपक कर उखेड मे बैठ बादशाह को दे मारा और कमर से एक छुरा निकाल बादशाह की छाती पर बैठ सिंहनी की तरह गरज कर बोली "ईश्वर के नाम से शपथ करके कह, कि और किसी अबला के शील नष्ट करने की इच्छा नही करूँगा। कह शपथ कर, नहीं तो यह तीक्ष्ण छुरी अभी तेरे हृदय के रुधिर से स्नान करेगी।" कायर अकबर प्राणों की भिक्षा मांगने लगा, उसने तत्काल वीर बाला की आज्ञा का पालन किया। वीर-नारी किरन ने भी अकबर को जीवन दान दिया।

इसी घटना से घायल सिहनी की तरह जब किरन अपने मकान पर आई, तब वहां पृथ्वीराज को कविता करते देख, वीर बाला का क्रोधरूपी समुद्र उमड आया और उसी आवेश में अपने पति को उसके क्षत्रियोचित कर्त्तव्य का ज्ञान कराने के लिये झूठ मूठ अपनी ननद का नाम ले दिया। शिशोदिया राज-कन्याओं ने हमेशा धर्म के लिये जान दी है। उन्होंने कभी अपने उज्वल कुल में कलङ्क नहीं लगने दिया, यही करण है कि उस समय जिसको शिशोदिया राजकुमारी ब्याही जाती थी, वह मारे गर्व के फूल उठता


था, लोग उसके भाग्य को सराहना करते थे। चित्तौड़-राजकुमारी पटरानी रहेगी, उसी की सन्तान राज्य की उत्तराधिकारिणी होगी, इन शर्तों पर वे ब्याही जाती थीं। इसी वीर-बाला किरन ने महाराणा प्रताप का सन्धिपत्र जो अकबर के पास आया था, उसके उत्तर में अपने पति पृथ्वीराज से एक वीरोचित शब्दों में पत्र लिखवाया था, जिसे पढकर महाराणा प्रताप फिर अपने खोए हुये धैर्य को प्राप्त कर सके थे†। हे भगवान्! क्या अब भी हिन्दू ललनायें उक्त वीर बाला के समान अपनी शील-रक्षा करने को उद्यत रहेंगी ‡?

(मई सन् २८)



† अकबर के पास राणा प्रताप के सन्धि पत्र भेजने की घटना को मान्य जी ने कल्पित लिखा है।

‡ जिस समय पृथ्वीराज की रानी ने अकबर को ऐसी शिक्षा दी, उन्हीं के उक्त बीकानेर के राजा रायसिंह की स्त्री अकबरके दिये हुये लालच में फँस और उसने अपना अनूल्य सतीत्व अकबर के हाथ बेच डाला। पृथ्वीराज ने भाई से इस घटना का वृत्तान्त बड़े मर्मभेदी शब्दों में कहा था।



जैसलमेर-परिचय



राजपूताने के पश्चिमी भाग में जोधपुर से १४० मील से अधिक दूरी पर जैसलमेर कस्बा है। जैसलमेर की राज्य की चौहद्दी इस प्रकार है — उत्तर में बहावलपुर, उत्तर-पूर्व में बीकानेर, पश्चिम में सिन्ध, दक्षिण व पूर्व जोधपुर।

जैसलमेर का राजकुल "यदुवंशी" राजपूत है। रावल जैसल ने जैसलमेर सन् ११५६ में बसाया था। यहाँ पर वर्षा बहुत कम होती है। पृथ्वी रेतीली और उजाड है। लोग वर्षा के रक्खे हुये पानी से गुजारा करते हैं। जैसलमेर की आबो-हवा सूखी है। जैसलमेर नगर बार्मेर स्टेशन से ९० मील है। पहाड़ी पर बने हुये किले के अन्दर ८ जैन-मन्दिर हैं, जो अत्यन्त सुन्दर हैं। इसमें खुदाई का काम अच्छा है। कई मन्दिर १००० वर्ष पुराने हैं। श्री पार्श्वनाथका मन्दिर अत्यन्त मनोज्ञ है, जिसको जैसिंह चोलाशाह ने सन् १३३२ में बनवाया था।

साहित्य-भण्डार

जब जान को लोग हथेली पर लिये फिरते थे, और सुकुमार बालकों, विलखती हुई युवतियो और डकराती हुई माओं को छोड़कर, प्राणो का तुच्छ मोह त्याग, युद्ध में जूझ मरने को सदैव प्रस्तुत रहते थे, तब हमारे उन्हीं वीर पुरुषाओ ने अपने सोने से लगाकर जैन-ग्रथो की रक्षा की थी। आज हम अकर्मण्य और कापुरुषों के कारण भले ही वह चूहे और दीमकों की उदरपूर्ति का साधन बन रहे हों, पर हमारे पूर्वज जान और माल से अधिक साहित्य का महत्व समझते थे, यह अब भी उन बचे हुये ग्रंथो से ध्वनित होता है। ‡

---

‡ श्रद्धेय प० महावीरप्रसादजी द्विवेदी ने एक बार लिखा था —"जैनधर्मावलम्बियों में सैकडों साधु महात्माओं और हजारो विद्वानो ने ग्रन्थ रचना की है। ये ग्रन्थ केवल जैनधर्म ही से सम्बन्ध नहीं रखते, इनमें तत्त्व-चिन्ता, काव्य नाटक, छन्द, अलंकार, कथा कहानी, इतिहास से सम्बन्ध रखने वाले ग्रन्थ हैं। जिनके उद्धार से जैनेतर जनों की भी ज्ञान वृद्धि और मनोरंजन हो सकता है। भारतवर्ष में जैनधर्म ही एक ऐसा धर्म है, जिसके अनुयायी साधुओं और आचार्यों में से अनेक जनो ने धर्मोपदेश के साथ ही साथ अपना समस्त जीवन ग्रन्थ रचना और ग्रंथ-संग्रह में खर्च कर दिया है। इनमें कितने ही विद्वान् बरसात के चार महिने बहुधा केवल ग्रन्थ लिखने में ही बिताते रहे हैं। यह

ये ग्रंथ केवल जैनों के ही लाभ के लिये नहीं, अपितु इनमें भारतवर्ष के इतिहास की भी बहुत अधिक सामग्री बिखरी हुई पड़ी है†। पूज्य ओझाजी के इतिहास से सूचित होता है कि मेवाड़ के प्राचीन इतिहास की शोध एवं सत्यासत्य का निर्णय विशेष कर इन्हीं जैनग्रन्थों से हुआ है। मेवाड के रावल जैत्रसिंह, तेजसिंह, आदि के समयादि निर्णय में पूज्य पं० ओझाजी को मेवाड में उस समय के बने हुये "ओघनिर्युक्त" तथा "पाक्षिक सूत्र वृत्ति" आदि ग्रन्थों से सहायता मिली है। ये ग्रंथ इस समय गुजरात में खम्भात के मन्दिर में हैं। इनके अलावा पूज्य ओझाजी ने अपने इतिहास में निम्न जैन-ग्रंथों से खोज सम्बन्धी सहायता मिलने का उल्लेख किया है :—

१ हम्मीर महा काव्य, २ हम्मीर मद-मर्दन, ३ तीर्थकल्प, ४

उनकी इस प्रवृत्ति का फल है, जो बीकानेर, जैसलमेर, नागोर, पाटन और खंभात आदि स्थानों में हस्तलिखित पुस्तकों के गाडियों बस्ते अब भी सुरक्षित पाये जाते हैं।"

इतिहास तिमिरनाशक में लिखा है कि "एक अंग्रेज विद्वान ने एक बार जैनग्रन्थों की सूची बनाने का प्रयत्न किया तो, उसकी संख्या लाखों और करोड़ों तक पहुँची।"

† टॉड साहब लिखते हैं —"यदि ध्यान से जैनधर्म की पुस्तकों को बांचा जाय, जिनमें कि उन सब विद्या सम्बन्धी बातों का वर्णन है, जिनको प्राचीन समय के लोग जानते थे, तो हिंदु-जाति के इतिहास की बहुतसी त्रुटियां पूर्ण हो सकती हैं। (टाड राजस्थान प्र० भा० भू० पृ० ६)

श्रावक प्रतिक्रमण सूत्र चूर्णिका, ५ मेहता नैणसी की ख्यात †, ६ कितने ही जैनशिला-लेख।

सेठ लोलाक ने "उन्नत शिखर पुराण" नामक दिगम्बर जैन पुस्तक बीजोल्यॉ (मेवाड) के पास एक चट्टान पर वि० स० १२२६ में खुदवाई थी, सो अब तक सुरक्षित है।

प्राचीन जैनों ने वीरता, धीरता, कला-कौशल, शिल्पचातुर्यता, चित्रकारी, संगीत आदि के समान साहित्य के—आध्यात्मिक, नीति, ज्योतिष, व्याकरण, न्याय, काव्य, वैद्यक, इतिहास—प्रत्येक विषय के ग्रन्थों का निर्माण करके अपनी अलौकिक प्रतिभा का परिचय दिया है। ये ग्रन्थ-रत्न भारत के भिन्न-भिन्न जैन-भण्डारों में भरे पडे है। राजपूतानान्तरगत जैसलमेर के भण्डार मे भी जैन-ग्रन्थों का अच्छा संग्रह किया गया है। यहॉ अनेक प्रकार के सस्कृत, प्राकृत, मागधी, अपभ्रंश शौरसेनी, पाली, गुजराती, मारवाडी और हिन्दी भाषा के प्राचीन ग्रन्थ मौजूद हैं, कितने ही ऐसे अजैन ग्रन्थ यहाँ संग्रहीत हैं, जो अन्यत्र कहीं उपलब्ध नहीं होते। हजारो माइल दूर से यूरोपियन और भारतीय विद्वान् यहाँ आकर ग्रन्थों का अवलोकन करते हैं और प्रशस्ति, ग्रन्थ, ग्रन्थ-

† मेहता नेणासी को स्वर्गीय मुशी देवीप्रसादजी "राजपूताने का अबुल फजल" कहा करते थे। ओझाजी ने लिखा है कि "टाडसाहब को नेणसी की ख्याति देखने का मौका मिला होता, तो आज, टाडराजस्थान किसी और ही रूप में होता" मेहता नेणसी का और उनके ग्रन्थों का परिचय पृ० २०० में देखिये।

कर्ता आदि का नाम लिखकर ले जाते हैं और उस पर साहित्य के उत्तमोत्तम लेख लिखते हैं। साहित्यसेवी "ओरियण्टल गायकवाड सीरीज" को भी यह कार्य अत्यावश्यक प्रतीत हुआ इसीलिये इस संस्था ने साहित्य के महान् विद्वान् श्रीयुत श्रावक चिम्मनलाल जी दलाल एम ए को जैसलमेर भेजकर कई एक सुन्दर ग्रन्थों की टिप्पणी कराई थी, और बाद में उनकी अकाल मृत्यु हो जाने पर सेण्ट्रल लायब्रेरी के जैन पण्डित श्रावक लालचन्द भगवानदासजी गान्धी ने उन टिप्पणियों को व्यवस्थित करके उन पर संस्कृत भाषा में इतिहासोपयोगी एक टिप्पण लिखा था, उस टिप्पण को "जैसलमेर-भाण्डागारीयग्रन्थानासूची" नाम से उपर्युक्त सीरीज ने अपने २१ वें ग्रन्थ के तौर पर सन १९२३ में, प्रस्तुत पुस्तक के आकार वाले ३४० पृष्ठों में प्रकट किया था। जैसलमेर के भण्डाराधिकारी कुछ उदार-हृदय होने के कारण वहाँ के ग्रन्थों को प्रकाश में लाने का प्रयत्न किया जा रहा है। किन्तु जैसलमेर के अलावा अन्य जैन-भण्डारों के अधिकारी संकुचित विचार के हैं, वे उन्हें दिखाना तो दर किनार, धूप और हवा भी नहीं लगने देते, जिससे वे बस्ते में बन्ध २ सड रहे हैं। वर्तमान जैनसमाज के धनिक इस ओर से बिलकुल उदास हैं। वे अपने पुत्र और पुत्रियों की शादी में जी खोलकर द्रव्य लुटाते हैं, जिनवाणी माता को रेशमीन वस्त्रों से सजाते हैं, उसकी नित्यप्रति पूजा करते हैं, किंतु उसकी रक्षा के लिये उनके पास एक पैसा भी नहीं है। इसका कारण शायद यही है कि, वर्तमान जैनसमाज सरस्वती (जिनवाणी)


का उपासक न रह कर लक्ष्मी का उपासक बन गया है। और उलूकवाहन लक्ष्मी के उपासक, सरस्वती का अस्तित्व और प्रतिष्ठा देख नहीं सकते। यदि सत्य बात कहना अपराध न समझा जाय, तो मैं कहूँगा कि जहाँ हमारे पूर्वजों ने संसार के प्रत्येक कार्य को सम्पादन करके अपने प्रकाण्ड पाण्डित्य का परिचय दिया है, वहाँ हमारे जैसे कृतघ्नी-पुत्रों को जन्म देकर भारी मूर्खता का भी परिचय दिया है। नहीं तो क्या कारण है कि, जब संसार की सभी जातियाँ अपने पूर्वजों की कृतियों और कीर्तियों के उत्थान का भरसक प्रयत्न कर रही हैं, तब हम हाथ पर हाथ धरे निश्चिन्त बैठे हैं। हमारी इस अकर्मण्यता को लक्ष करके ही शायद स्वर्गीय "चकबस्त" ने कहा था —

मिटेगा दीन भी और आबरू भी जायेगी।
तुम्हारे नाम से दुनियां को शर्म आयेगी॥

[२८ जनवरी सन् ३२]



जैसलमेर के वीर



मेहता स्वरूपसिंह

स्वरूपसिंह जयसलमेर राज्य का एक शक्तिशाली मंत्री था। यह जाति का वैश्य जैनधर्म को मानने वाला और मेहतावश में उत्पन्न हुआ था।

सवत् १८१८ (सन् १७६२ ई०) में जयसलमेर के राज्यसिंहासन पर अभिषिक्त होनेवाले राजा मूलराज का यह मत्री था। राजा मूलराज इस पर अत्यन्त प्रसन्न थे और यह स्वय भी एक नीति-निपुण पराक्रमकारी मत्री था। यही कारण था कि ईर्ष्यालु और स्वार्थी इस से जलने लगे और इसे अनेक प्रकार से बदनाम करने लगे। किन्तु स्वरूपसिंह इन बातो से घबडानेवाला नहीं था, उसने अपने गौरव और रुत्बे से जलने वालो की तनिक भी परवाह नहीं की। किन्तु अन्त मे कुचक्रियों का चक्र चल ही गया।

मेहता स्वरूपसिंह ने युवराज रायसिंह को राज्य की ओर से मिलने वाले जेब खर्च को नियमित कर दिया था, वह नही चाहता था, कि प्रजा को गाढ कमाई से सचित किया हुआ कोष अपव्यय किया जाय। इसलिये युवराज रायसिंह भी मेहता स्वरूपसिंह पर खार खाये रहते थे। मेहता स्वरूपसिंह के ईर्ष्यालुओं ने उन्हें

और भी भड़का दिया। मेहता स्वरूपसिंह को अपने पथ से हटाने का युवराज को यह अवसर अनायास ही मिल गया। और सरे दरबार मेहता स्वरूपसिंह को बैठे हुये अचानक शहीद कर दिया। राजा मूलराज ने अपने पुत्र की यह धृष्टता देखी तो वह क्रोध से अधीर हो उठे किन्तु अपने पुत्र की सहारमूर्ति और सामन्तों की हिंसक अभिलाषा देखकर मूलराज मारे जाने के भय से अन्त पुर में चले गये। अन्त में युवराज रायसिंह ने सामन्तों के परामर्श से अपने पिता को भी काराग्रह में डाल दिया और आप जैसलमेर के राज्यसन पर आरुढ़ हुये।

[३० जनवरी ३३]



मेहता सालिमसिंह

महाराज मूलसिंह तीनमाह चारदिन तक कारागार की यन्त्रणा सहन करने के पश्चात् एक वीर रमणी की सहायता से मुक्त होकर पुन सिंहासनारुढ हुये। महाराज मूलसिंह के सिंहासनारुढ होते ही युवराज रायसिंह और उसके साथी सामन्त निर्वासित कर दिये गये।

पूर्व परम्परा के अनुसार महाराज मूलसिंह ने अपने पुराने मंत्री स्वरूपसिंह के मारे जाने पर उसके सुयोग्य पुत्र सालिमसिंह को अपने मन्त्री पद से विभूपित किया। स्वरूपसिंह की शोक पूर्ण मृत्यु के समय यद्यपि सालिमसिंह केवल ११ वर्ष का था, फिर भी उस अल्पवयस्क के हृदय में प्रतिहिंसा की अग्नि प्रज्वलित हो चुकी थी। वह अपने पिता के निर्दयी घातकों से बदला लेने के लिये समय की प्रतीक्षा करने लगा। एकबार जब सालिमसिंह राजा की आज्ञा से जोधपुर नरेश के राज्यासीन होने पर अभिनन्दन देख कर वापिस लौटरहा था, तब मार्गमें स्वरूपसिंह के शत्रुओं ने इसे भी धोखेसे वध करने के लिये पकड लिया, किन्तु सालिमसिंह अत्यन्त नीतिनिपुण और मितभाषी था। उसने अपनी वाक्यपटुता में शोणित-लोलुप सामन्तों को फँसा लिया और अत्यन्त चतुरता से अपने जीवन की रक्षा की। अन्त में दया के वशीभूत

होकर उन सब निर्वासित सामन्तों को उनके देश व जागीर मेहता सालिमसिंह ने रावल मूलराज से दिलवा दिये।

निर्वासित आज्ञा और देश वापिस दिला देने के बाद भी विद्रोही सामन्त शान्ति से न बैठे रहे। वे रावल मूलराज के पुत्र और पौत्रों को लेकर विद्रोह की अग्नि भड़काने के प्रयन्त में लगे रहे और साथ ही सालिमसिंह के नाश का भी षड्यन्त्र रचने लगे। जब उसने राज्य को और अपने को इस प्रकार खतरे में पड़ा देखा तो उसकी पुरानी प्रतिहिंसा की आग फिर प्रज्वलित होगई। अन्त में उसने लाचार होकर राज्य के और अपने पुराने शत्रुओं को संसार से विदा करके अपने पिता के बध का बदला लिया।

यद्यपि टॉड् साहब ने सालमसिंह के उक्त कार्य की निन्दा की है, पर इस पर यदि तनिक विचार किया जाय तो मालूम होगा कि प्राचीन समय में ऐसा सदैव होता आया है। जो पिता के घातक से बदला नहीं ले सकता था, वह सुयोग्य पुत्र कहलाने का अधिकारी ही नहीं था। इसी सालिमसिंहने अंग्रेजों के साथ संधि करने में बड़ा विरोध किया था।

[३१ जनवरी सन् ३२]



अजमेर-परिचय

अजमेर की चौहद्दी इस प्रकार है—उत्तर-पश्चिम में जोधपुर, दक्षिण में उदयपुर, पूर्व में जयपुर।

बम्बई बड़ौदा एण्ड सैन्ट्रल इण्डिया रेलवे और मालवा शाखा का "अजमेर" जंकशन स्टेशन है। स्टेशन पर सवारी हरवक्त किराये पर मिलती हैं। राजपूताने के मध्य भाग में प्राय चारों तरफ से पहाडियों से घिरा हुआ अजमेर एक प्रसिद्ध शहर है।


प्राचीन काल में मुसलमानो के आने से पूर्व यह शहर दिल्ली सम्राट् पृथ्वीराज चौहान के पूर्वज राजा "अजपाल" ने सवत् २०२ (सन् १४५ ई०) में बसाया था। यह शहर एक पहाडी के नीचे ढालू जमीन पर आबाद है—उत्तर और पश्चिम की तरफ पत्थर की दीवारों से घिरा हुआ है। शहर में जैन, हिन्दुओं आदि के कई मन्दिर व मुसलमानों की मस्जिदें अति सुन्दर बनी हुई हैं। मन्दिरों में विशेष कर सेठ नेमीचन्द टीकमचन्द की बनवाई हुई नशिया बहुत ही मनोज्ञ, मनोहर और दर्शनीय है। यहाँ दिगम्बर जैनियों के शिखरबन्द मन्दिर १३ और २ चैत्यालय हैं। धर्मशाला ७००० के लगभग है। शहर के उत्तर की तरफ एक बडी सुन्दर "अनासागर" नामक झील है। जिसको विशालदेव के पोते राजा "आना" ने बनवाई थी। यह झील ६०० गज लम्बी और १०० गज चौड़ी है, कई नालों का पानी रोककर बनाई गई है। वर्षाऋतु

कर्तव्य करके वीर जो बलिहार हुये हैं।
वह अपनी जाती के लिये शृङ्गार हुये हैं॥

खोया अधर्म, धर्म की रक्षा जिन्होंने की,
सच पूछिये तो बस वही अवतार हुये हैं॥

—राधेश्याम

होगया होगा। मन्दिर के चारो ओर परकोटा है, इस परकोटे का प्राचीनत्व और सरल गठन देख कर मेरा विश्वास है कि प्रथम भारत-विजेता गौरी का सुलतान वश ही इसका निर्माता है। मदिर के उत्तरीय भाग में सिंहद्वार और सोपानावलि (जीना) विद्यमान है। विशेष परीक्षा के द्वारा मैंने निश्चय कर लिया है कि मन्दिर जैनियो ने बनवाया है। प्रवेशद्वार के परकोटे की दीवार पर अरबी अक्षरो में कुरान की आयतें लिखी हैं। तोरण के ऊपर मैंने सस्कृत के अक्षर भी लिखे देखे। वह अरबी अक्षरों के साथ मिश्रित और विकृत हो गये हैं। मन्दिर की बनावट अति श्रेष्ठ और मनोहर है। तोरण देखने के पीछे जैनियो द्वारा बने हुये मूल मन्दिर को देखने के लिये मैं आगे बढा। मन्दिर पुराने जैनमदिरों के समान बना है। मन्दिर का भीतरी भाग सौ लम्बा चौडा है। तीन श्रेणिगों में विभक्त रमणीक स्तम्भो के ऊपर छत स्थापित है। सम्पूर्ण स्तम्भ विशेष दर्शनीय और प्रशसनीय हैं। कमरे के भीतर चालीस स्तम्भ विराजमान हैं, किन्तु यह बडे आश्चर्य की बात है कि सब के बेल बूटे का काम अलग अलग है। मेरा विश्वास है कि तुर्क लोगों ने भारतवर्ष से इस गठन प्रणाली को सीखकर यूरोप में प्रचार किया था ‡।"



‡ टाड-राजस्थान प्रथम भाग द्वि० स० अ० ३, पृ० ८३३।

धनराज सिंघवी

लगादे आग न दिल मे तो आरज़ू क्या है ?
न जोश खाये जो ग़ैरत से वह लहू क्या है ?

"—चकबस्त"

संसार एक रंग भूमि है । वैसे तो यहाँ सभी नानारूप में अभिनय करते हैं, पर उनमे बहुत कम ऐसे होते हैं, जो अपने अभिनय की याद दर्शकों के हृदय-पट पर अंकित कर सकते हों। धनराज सिंघवी ससार-रगभूमि का एक ऐसा चतुर अभिनेता था, जिसने मृत्यु के अभिनय मे लोगों को चकित कर दिया था।

जब मारवाड़ के महाराज विजयसिंह ने सन् १७८७ ईस्वी में अजमेर को पुन मरहठों से जीत लिया, तब उन्होंने धनराज सिंघवी को अजमेर का गवर्नर नियुक्त किया। किन्तु थोड़े दिन के पश्चात् मरहठो ने अपनी खोई हुई शक्ति को बटोर कर चार वर्ष के बाद फिर मारवाड़ पर आक्रमण कर दिया। राठौड़वीर अब की बार भी खुलकर खेले किन्तु विजय महाराष्ट्रों के भाग्य में थी।

इसी मौक़े पर मरहठों के सेनापति डिबाइन ने अजमेर पर आक्रमण कर दिया और उसको चारों ओर से घेर लिया। यह समय धनराज सिंघवी के लिए अत्यन्त विपत्ति का था, फिर भी उस साहसी वीर ने बचे खुचे मुट्ठी भर सैनिकों को लेकर विजयी

और महाशक्तिशाली मरहठों का वडी वीरता से सामना किया और उनको आगे वढने से रोक दिया।

पाटन युद्ध के बुरे परिणाम के कारण मारवाड-नरेश विजयसिंह ने धनराज को हुक्म भेजा कि—"अजमेर मरहठों को सोंप कर जोधपुर चले आओ।" धनराज सिंघवी के लिये यह एक परीक्षा की कसौटी थी, क्योंकि न तो वह अपमान के साथ शत्रु को देश सौंपना चाहता था और न वह अपने स्वामी की आज्ञा का उलघन ही कर सकता था। इस भयकर समय मे वह द्विविधा में पड गया और अन्त में श्री० वादीभसिंह सूरि के "जीवितात्तु पराधीनाज्जीवानां मरणं वरम् *" वाक्य के अनुसार मरना श्रेष्ठ समझकर अफीम खाली। मृत्यु शैय्या पर लेटे हुए इस स्वतन्त्रता प्रिय वीर ने चिल्लाकर कहा था कि—"जाओ और महाराज से कहो कि मैंने प्राण त्याग करके ही स्वामिभक्ति का परिचय दिया है। मेरी मृत्यु पर ही मरहठे अजमेर मे प्रवेश कर सकेंगे पहले नहीं।"

इसी समय से अजमेर चिरकाल के लिये मारवाड से अलग होगया। फिर समय पाते ही महाराष्ट्रो के हाथ से अंग्रेजी सेना ने इस अजमेर पर अधिकार कर लिया और आज तक इस अजमेर के किले पर अंग्रेजों की पताका उड़ रही है।

[२९ जनवरी ३३]

---

* पराधीन जीवन से जीवों का मरण अच्छा है—गुलामी से मौत भली है।

धनराज सिंघवी

लगादे आग न दिल में तो आरजू क्या है ?
न जोश खाये जो ग़ैरत से वह लहू क्या है ?

"—चकबस्त"

संसार एक रंग भूमि है । वैसे तो यहाँ सभी नानारूप में अभिनय करते हैं, पर उनमें बहुत कम ऐसे होते हैं, जो अपने अभिनय की याद दर्शकों के हृदय-पट पर अंकित कर सकते हों। धनराज सिंघवी ससार-रगभूमि का एक ऐसा चतुर अभिनेता था, जिसने मृत्यु के अभिनय मे लोगों को चकित कर दिया था।

जब मारवाड के महाराज विजयसिंह ने सन् १७८७ ईस्वी में अजमेर को पुन मरहठों से जीत लिया, तब उन्होंने धनराज सिंघवी को अजमेर का गवर्नर नियुक्त किया। किन्तु थोड़े दिन के पश्चात् मरहठों ने अपनी खोई हुई शक्ति को बटोर कर चार वर्ष के बाद फिर मारवाड़ पर आक्रमण कर दिया। राठौड़वीर अब की बार भी खुलकर खेले किन्तु विजय महाराष्ट्रों के भाग्य में थी।

इसी मौके पर मरहठों के सेनापति डिवाइन ने अजमेर पर आक्रमण कर दिया और उसको चारों ओर से घेर लिया। यह समय धनराज सिंघवी के लिए अत्यन्त विपत्ति का था, फिर भी उस साहसी वीर ने बचे खुचे मुट्ठी भर सैनिकों को लेकर विजयी

और महाशक्तिशाली मरहठों का बड़ी वीरता से सामना किया और उनको आगे बढने से रोक दिया।

पाटन युद्ध के बुरे परिणाम के कारण मारवाड-नरेश विजयसिंह ने धनराज को हुक्म भेजा कि—"अजमेर मरहठों को सौंप कर जोधपुर चले आओ।" धनराज सिंघवी के लिये यह एक परीक्षा की कसौटी थी, क्योंकि न तो वह अपमान के साथ शत्रु को देश सौंपना चाहता था और न वह अपने स्वामी की आज्ञा का उलंघन ही कर सकता था। इस भयंकर समय में वह दिविधा म पड गया और अन्त में श्री० वाणीभिमिह सूरे के "जीवितात् पराधीनाज्जीवाना मरण वरम *" वाक्य के अनुसार मरना श्रेष्ठ समझकर अफीम खाली। मृत्यु शैय्या पर लेटे हुए इस स्वतन्त्रता प्रिय वीर ने चिल्लाकर कहा था कि—"जाओ और महाराज से कहो कि मैंने प्राण त्याग करके ही स्वामिभक्ति का परिचय दिया है। मेरी मृत्यु पर ही मरहठे अजमेर में प्रवेश कर सकेंगे पहले नहीं।"

इसी समय से अजमेर चिरकाल के लिये मारवाड़ से अलग होगया। फिर समय पाते ही महाराष्ट्रों के हाथ से अंग्रेजी सेना ने इस अजमेर पर अधिकार कर लिया और आज तक इस अजमेर के किले पर अंग्रेजों की पताका उड़ रही है।

[२९ जनवरी ३३]

---

* पराधीन जीवन से जीवों का मरण अच्छा है—गुजराती में भी यही कहा है।

मंत्री मंडन का वीर वंश।

पं० शोभालालजी शास्त्री ने नागरी प्रचारणी पत्रिका भाग ४ अंक १ मे लिखा है.—

भारतवर्ष किसी दिन ज्ञान और विद्या का भांडार था। यहा के राजा महाराजा और उनके मंत्री बड़े२ विद्वान् होते थे। उनका ज्ञान केवल युद्धविद्या और राज्यप्रबन्ध में ही मर्यादित नहीं होता था किंतु काव्य, साहित्य, संगीत आदि अन्य विषयों मे भी वे असाधारण ज्ञान रखते थे।

राज्य के भीतरी प्रबन्ध और बाहिरी सधि-विग्रहादि कार्यों में व्यस्त रहने पर भी ऐसे ऐसे ग्रंथ लिखना उस समय के नरपतियों तथा मत्रियों के प्रौढ विद्यानुराग को सूचित करता है। आज मैं पाठकों के सम्मुख एक ऐसे ही मंत्रि-रत्न के चरित्र को उपस्थित करता हूँ, जो प्राय पौने पांच सौ वर्ष पूर्व भारतवर्ष को उज्वल कर चुका है, और जिसकी अलौकिक प्रतिभा के कुछ नमूने उसके स्मृति-चिन्ह स्वरूप आज भी हमे दृष्टिगोचर होते हैं।

इसका नाम मंडन था और जालौर के सोनगरा (चौहान क्षत्रियों के) वश में इसका जन्म हुआ था।

मंडन का वीर वंश

१. आभूः—

जाबालपत्तन (जाबालिपुर=जालौर) में स्वर्णगिरीय (सोनगरा) गोत्र में, जो श्रीमाल नाम से भी विख्यात था, आभू नामक एक व्यक्ति हुआ। यह बड़ा ही बुद्धिमान था। सोमेश्वर राजा का यह मुख्य मंत्री था और सपूर्ण कार्यों में इसकी बहुत ही कीर्ति थी। ये सोमेश्वर अजमेर के राजा और भारत के सुप्रसिद्ध अंतिम हिन्दू-सम्राट् पृथ्वीराज के पिता सोमेश्वर हों, ऐसा अनुमान होता है, क्योंकि उस समय जालौर नागौर आदि प्रदेश इन्हीं के अधीन थे। सोमेश्वर के समय के ५ शिलालेख वि० स० १२२६, १२२८, १२२९, १२३० और १२३६ के मिले हैं, अत उन के मंत्री आभू का समय भी इसी के आस पास मानना चाहिए।

२. अभयदः—

आभू का पुत्र अभयद नामक हुआ। यह आनद नामक राजा का मत्री था। इसने गुजरात के राजा से विजयलक्ष्मी प्राप्त की थी। यह आनद कौन था, इसका ठीक तरह पता नहीं चलता। संभव है कि यह आनंद सोमेश्वर का पिता अर्णोराज हो, जिसके दूसरे नाम आनल्देव, आनक और आनाक भी थे। पृथ्वीराज विजय मे लिखा है, कि अर्णोराज के दो रानियाँ थीं, एक मारवाड की सुधवा और दूसरी गुजरात के राजा (सिद्धराज) जयसिंह की पुत्री कांचनदेवी। इस कांचनदेवी का पुत्र सोमेश्वर हुआ।

पृथ्वीराजरासो मे सोमेश्वर के पिता का नाम आनन्दमेव लिखा है, इससे अनुमान होता है कि आनद या आनंदमेव अर्णोराज ही के नामांतर हैं। पृथ्वीराज रासो मे यह भी लिखा है कि आनद-मेव (अर्णोराज) ने सोमेश्वर को राज्य दिया, सोमेश्वर ने गुजरात और मालवे पर आक्रमण कर उन्हें अपने आधीन किया।

मालूम होता है कि अभयद ने अपनी युवावस्था में ही जब कि उसका पिता विद्यमान था, आनद के मंत्री का पद प्राप्त कर लिया था, और आनंद के बाद सोमेश्वर के सिंहासनारूढ होने पर भी यह उस पद पर बना रहा, तथा सोमेश्वरने गुजरात पर जो आक्रमण किया, उसमे या तो यह भी साथ था, या सोमेश्वर ने स्वय न जाकर इसे ही गुजरात जीतने को भेजा हो। इसके बाद सोमेश्वर ने इसके पिता अभयद को जो उस समय भी वर्तमान था मत्री बनाया हो।

३. आंबडः—

अभयद का पुत्र आँबड हुआ। इसने स्वर्णगिरि (जालौर के क़िले) पर विग्रहेश को स्थापित किया। यहाँ पर विग्रहेश से शायद सोमेश्वर का बडा भाई विग्रहराज चौथा, जिसका उपनाम वीसलदेव था, निर्दिष्ट किया गया हो, अर्थात् आँबड ने जालौर का क़िला, विग्रहराज के आधीन कराया हो। "ईश" शब्द राजाओं के नाम के अन्त मे भी आता है, जैसे अमरसिंह के लिए अमरेश, और शिव के नामों के अत में भी आता है, जैसे समाधीश, अचलेश आदि। यहाँ यह स्पष्ट प्रतीत नहीं होता है, कि विग्रहेश से

यहाँ विग्रहराज ही से अभिप्राय है, जैसा कि ऊपर बतलाया है अथवा विग्रहराज के नाम से किसी शिवालय के बनवाने का उल्लेख है।

४. सहणपाल:—

आँबड का पुत्र सहणपाल हुआ। यह मोजदीन नृपति के सब प्रधानों में मुख्य था। मोइज़ुद्दीन नाम के दो बादशाह हिंदुस्तान में हुए हैं। एक रज़िया बेगम का भाई मोइज़ुद्दीन बहराम, जिसने ई० सन् १२३९-४० से (वि० स० १२९६-९७) से ई० स० १२४१-४२ (वि० स० १२९८-९९) तक तीन वर्ष छ महीने राज्य किया था। दूसरा गयासुद्दीन बलबन का पोता मोइज़ुद्दीन कैकोबाद था जिसने ई० स० १२८६ (वि० सं० १३४२) से ई० स० १२९० (वि० स० १३४६) तक राज्य किया था। यद्यपि यह ठीक तरह निश्चय नहीं होता, कि सहणपाल किस मोइज़ुद्दीन का प्रधान था, परन्तु समय का हिसाब लगाने से यह मोइज़ुद्दीन बहराम का मन्त्री हो, ऐसा प्रतीत होता है। सहणपाल अभयद का पौत्र था। अभयद सोमेश्वर (वि० स० १२२६-१२३४, ई० स० ११६९ से ११७७) का समकालीन था, जैसा कि ऊपर बतलाया गया है। यदि सहणपाल को बहराम मोइज़ुद्दीन का मन्त्री न मानकर कैकोबाद का माना जाय, तो पितामह और पौत्र के समय में क़रीब ११७ वर्ष का अंतर पड़ता है जो बहुत है। बहराम का मन्त्री मानने में केवल ७० वर्ष का अंतर आता है जो उचित और संभव है। सहणपाल के पुत्र नैणा को जलालुद्दीन फीरोज़ का समकालीन लिखा है।

फीरोज ई० स० १२९० (वि० सं० १३४७) में सिंहासनारूढ़ हुआ था। यह ५० वर्ष का अंतर भी पितापुत्र में असभव नहीं है।

राजा (मोइजुद्दीन) की सेना ने, जब "कन्छपतुन्छ" नामक देशको घेर लिया, तो लोगों को दु ख से चिल्लाते हुये सुनकर सहणपाल को दया आगई। उसने अपने प्रयत्न से उस देश को छुडा दिया। इसने यवनाधिप (मुसलमान बादशाह) को एक सौ एक ताईर्य दिये और बादशाह ने भी खुश होकर उसे सात मुरत्तन बख्शे।

५. नैणाः—

सहणपाल का पुत्र नैणा हुआ। जिसे सुरत्राण (सुलतान) जलालुद्दीन ने सब मुद्राएँ अर्पण कर दी थीं। अर्थात् राज्य का सम्पूर्ण कारबार इसे सौंप रक्खा था। यह सुलतान जलालुद्दीन फीरोज खिलजी था, जो मोइजद्दीन कैकोबाद के अनतर सन् १२९० ईस्वी में तख्तनशीन हुआ था, और छ वर्ष राज्य करने के उपरान्त सन् १२९६ ईस्वी में मकान के नीचे दबकर मर गया था। इस ने जिनचद्रसूरि आदि गुरुओं के साथ, सिद्धाचल और रैवतक पर्वत की यात्रा की थी। इस वंश में सब से प्रथम जैनमत इसी ने स्वीकार किया हो, ऐसा प्रतीत होता है।

६. दुसाजुः—

नैणा का पुत्र दुसाज हुआ। यह चंड राउल के सुविस्तृत राज्य का मुख्य प्रधान था। तुगलकशाह ने इसे आदर पूर्वक बुलाकर "मेरुतमान" देश दिया था। यह तुगलशाह गयासुद्दीन तुग-

लकथा, जिसका उपनाम गाजीबेग भी था। इसने ईस्वीसन् १३२१ में खिलजी वंशीय मलिकखुस्रू से, जिसका उपनाम नसीरुद्दीन भी था, राज्य छीना और ४ वर्ष तक राज्य किया था।

७. वीका:—

दुसाजु का पुत्र बीका हुआ, जो वीतराग का परमभक्त था। वीकाके वर्णन में काव्यमनोहर मे दो श्लोक ऐसे लिखे हैं, जिन में अशुद्धि हो जाने के कारण उनका अर्थ स्पष्ट प्रतीत नहीं होता, तथापि उनका अभिप्राय कुछ ऐसा मालूम होता कि "वीका ने शक्तिशाह को जो पादलक्षाद्रि (सपादलक्ष पर्वत, सांभर के आस-पास का प्रदेश) को उपभोग कर रहा था। सात राजाओं के साथ कैद कर लिया और उसका अधिकार छीन लिया। पातशाह (गयासुद्दीन तुगलक) ने उसके इस कार्य को उचित समझ, उसे दान मान आदि से खुश किया। वीका ने भी बादशाह से बड़ा भारी मान पाने से प्रसन्न हो, उस प्रदेश पर गाजीक्र (गयासुद्दीन) का अधिकार स्थापित कर दिया। यह शक्तिशाह किसी मुसलमान बादशाह का नाम प्रतीत होता है। जिसे सस्कृत मे रूपातर दे दिया गया है। एल्फिंस्टन ने लिखा है कि "गुजरात के बादशाह अहमदशाह ने ईडर, जालौर और खानदेश पर आक्रमण किए थे और एक अवसर पर वह मारवाड के उत्तर में अवस्थित नागौर तक बढ़ आया था, जहाँ उसका चचा देहली के सैयद खिजरखाँ के विरुद्ध उपद्रव कर रहा था"। समव है कि "शक्तिशाह" अहमदशाह या उसके किसी सेनापति का नामातर हो, जिसने सपा-

दलत्त प्रदेश पर कब्जा कर लिया हो, और वीका ने उससे इस प्रदेश का पीछा छुडाया हो।

वीका ने दुर्भिक्ष के समय चित्रकूट (चित्तौड) के अकाल-पीडित लोगों को कई बार, जीवदया को अपने कुल का परम कर्तव्य समझकर अन्न बाँटा था।

८. झंझडः—

वीका का पुत्र झझण हुआ। यह नाद्रीय देश (नादोल, जो गुजरात में है) के राजा गोपीनाथ का मंत्री था। यह देवता और गुरुओं (जैनसाधुओं) का परम भक्त था। इसने प्रह्लादन नामक नगर (प्रह्लादनपुर = पालनपुर) मे शातिनाथ का बिंब (मूर्ति) स्थापित किया, सघपति बनकर यात्राएँ कीं और संघ के सब मनुष्यों को पहिनने को वस्त्र, चढने को घोड़े और मार्गव्यय के लिये द्रव्य अपनी ओर से दिया। कीर्ति प्राप्त करने के लिये इसने कई उद्यापन किये, जैनसाधुओ के रहने के लिये कई पुण्यशालाएँ बनवाईं। और बहुत से देवमंदिर बनवाए।

नांद्रीय (नादोड) से यह मालवे की राजधानी मंडपदुर्ग (माड्) को चला आया था। माडू उस समय मालवे की राजधानी होने से, बडा ही सपत्तिशाली नगर था। अनेक कोटिपति और लक्षाधीश इस नगर को अलंकृत करते थे। कहते हैं कि इस शहर में कोई भी गरीब जैन श्रावक नहीं था, कोई जैन गरीबी की दशा में बाहर से आता, तो वहाँ के धनी जैन उसे एक एक रुपया देते थे। इन धनियों की संख्या इतनी अधिक थी कि वह दरिद्र उस

एक एक रुपए से ही सम्पत्तिशाली बन जाता था।

माडू में उस समय आलमशाह राज्य करता था। इसने पूर्व और दक्षिण के राजाओं तथा गुजरात के नरेशों को हराया था। झझण की बुद्धिमत्ता और राज्यप्रबंध-कुशलता देख आलमशाह ने इसको अपना मंत्री बनाया। फरिश्ता ने मालवा के बादशाहों की जो नामावली दी है, उसमें आलमशाह नामक किसी बादशाह का नाम नहीं है। संभव है कि आलमशाह से अभिप्राय दिलावरखाँ के लड़के हुशंगगोरी से हो, जिसने मालवे का स्वतंत्र राज्य स्थापित किया, माड का किला बनवाया और धार से उठाकर माडू को राजधानी बनाया। मालवे के सिंहासन पर अधिकार करने के पूर्व इसका नाम अल्पखाँ था। संभव है कि अल्पखाँ को आलमखाँ समझ कर उसका संस्कृत रूप पंडितों ने आलमशाह कर दिया हो।

आलमशाह के समय का वि०स० १४८१ का एक जैन-शिलालेख ललितपुर प्रांत के देवगढ़ के पास मिला है। उसमें किसी मंदिर के बनवाने का समय लिखने के प्रकरण में लिखा है कि, "राजा विक्रमादित्य के गताब्द १४८१ और शालिवाहन के शाक १३४६ वैशाखशुक्ल १५ गुरुवार स्वाति नक्षत्र और सिंह लग्न के उदय के समय अपने भुजबल के प्रतापरूपी अग्नि की ज्वाला से गजाधीश (दिल्ली के बादशाह) को व्याकुल कर देने वाला गोरी-वंशी मालवे का राजा श्री शाह आलम्मक विजय के वास्ते जब मंडलपुर (माडू) से निकला, उस समय" और अंत में भी साहि आलम्म का नाम लिखा है और बाद में लिखा है कि "उस समय

साहि आलम का पुत्र गर्जन स्थान (गज़नी) में गर्ज रहा था"। मालवे का बादशाह होना और माडू से विजय के लिये निकलना इस बात के स्पष्ट प्रमाण हैं, कि यह शाहि आलम्मक और हमारे मडन मत्री का आश्रयदाता आलम्मशाह एक ही थे । उपरोक्त शिलालेख के सपादक श्रीयुत राजेंद्रलाल मित्र महोदय का भी मत यही है कि, यह शाहि आलम्म हुशगगोरी ही का नाम है। इसका उपनाम अलपखाँ था और इसी का विद्वानों ने संस्कृत रूप शाहि आलम बना दिया है। मित्र महोदय ने इस का नाम आलम्भक पढा है और इसे मालवा के अतिरिक्त पोलकेश देश का भी राजा माना है, परंतु यह ठीक नहीं है। मंडन के ग्रन्थो तथा महेश्वर के काव्यमनोहर में इसका नाम स्पष्ट आलमसाहि और आलम्मशाहि लिखा है। शिलालेख के बहुत से अक्षर टूटे हुए होने से "म" को "भ" पढ लेने के कारण यह भूल हुई है। आलमशाह (हुशंग-गोरी) को पालकेश देश का राजा मानना भी ठीक नहीं है, क्योंकि "पालकेश" इस नाम के देश का कहीं भी वर्णन नहीं आता। यह भूल ठीक पदच्छेद न कर सकने के कारण हुई है। उन्होंने "मालव-पालकेशक-नृपे" ऐसा पदच्छेद समझ उपरोक्त अर्थ किया है, परतु वस्तुत, पदच्छेद 'मालव-पालकेशक नृपे' है, जिसका अर्थ "मालवा की रक्षा करनेवाले मुसलमान बादशाह के" ऐसा होता है।

उपरोक्त प्रमाणों से स्पष्ट है, कि यह आलम्मसाह हुशगगोरी उपनाम अलपखाँ ही है। हुशगगोरी अपने पिता दिलावरखाँ की मृत्यु के बाद ई० सन १४०५ (वि० सं० १४६२) में मालवे के

सिंहासन पर बैठा और ई० स० १४३२ (वि०स० १४८९) में इसका देहांत हुआ। यह ठीक मालूम नहीं होता कि झांझण किस समय से किस समय तक हुशंगगोरी का मंत्री रहा, परंतु यह अवश्य कहना होगा, कि वह अधिक समय तक नहीं रहा, क्योंकि इसी अल्पखाँ के राजत्वकाल में झांझण का पुत्र वाहड और उसका पुत्र मंडन मंत्री बन चुके थे।

९. चाहड़:—

झांझड के छ पुत्र थे, जिनमें सबसे बड़ा चाहड था। चाहडने संघ के साथ जीरापल्ली (आधुनिक जीरावला जो आबू के समीप है) की यात्रा की और अर्बुद (आबू) पर्वत की भी यात्रा की। संघमें जितने मनुष्य थे, सबों को द्रव्य, वस्त्र और घोडे दिये और संघ-पति की पदवी प्राप्त की। तीर्थस्थानों में बहुतसा धन व्यय किया। इसके दो पुत्र थे, जिन में बडे का नाम चंद्र और छोटे का नाम खेमराज था।

१०. वाहड़:—

झांझण के दूसरे पुत्र का नाम वाहड़ था। इसने भी संघपति बनकर रैवतक पर्वत (गिरनार) की यात्रा की, संघी लोगों को द्रव्य, वस्त्र और घोडे दिए। इसके भी दो पुत्र थे। बडे का नाम समुद्र (समधर) और छोटे का नाम मंडन था। यही मंडन हमारे चरित्रनायक मंत्री मंडन हैं।

११. देहड़:—

झांझण का तीसरा पुत्र देहड था। इसने भी संघपति बनकर

अर्बुद (आबू) पर नेमिनाथ की यात्रा संघ के साथ की। संघ को किसी प्रकार का कष्ट न हो इसका यह बहुत ही विचार रखता था। इसने राजा केशवदास, राजा हरिराज और राजा अमरदास को जो जंजीरों में पड़े थे, परोपकर की दृष्टि से छुड़ाया। इनके सिवाय वराट लूणार और वाहड नाम के ब्राह्मणों को भी बंधन से छुडाया था। इसके धन्यराज नामक एक पुत्र था। इसका दूसरा नाम धनपति और धनद भी था। इसने भर्तृहरिशतक त्रय के समान, नीतिधनद, शृंगारधनद और वैराग्यधनद नामक तीन शतक बनाये थे। ग्रंथ की प्रशस्ति नीतिधनद के अन्त में दी है। इससे विदित होता है कि इसने नीतिधनद सबसे पीछे बनाया था। ये शतक काव्यमाला के १२ वें गुच्छक मे प्रकाशित हो चुके हैं। नीतिधनद के अंत की प्रशस्ति से विदित होता है, कि इसकी माता का नाम गंगादेवी था और इसने ये ग्रंथ मडपदुर्ग (माडू) मे संवत् १४९० वि० मे समाप्त किए थे।

१२. पद्मसिंह:—

भंभण के चौथे पुत्र का नाम पद्मसिंह था। इसने पार्श्वनाथ की यात्रा की और व्यापार से बादशाह को प्रसन्न किया था। इस का भी पद "संघपति" लिखा है। अत इसने भी यह यात्रा संघ के साथ ही की होगी।

१३. आहलू:—

पाँचवे पुत्र का नाम "संघपति आहलू" था। इसने मगलपुर की और जीरापल्ली (जीरावला) में बडे बडे विशाल स्तभ

और ऊँचे दरवाजे वाला मंडप बनवाया और उसके लिए वितान (चंदवा) भी बनवाया।

१४. पाहूः—

झंझण का सब से छोटा पुत्र पाहू था, इसने अपने गुरु जिनभद्रसूरि के साथ अर्बुद (आबू) और जीरापल्ली (जीरावला) की यात्रा की थी।

ये झंझड के छहों पुत्र आलमशाह (हुशंगगोरी) के सचिव थे। ये बड़े समृद्धिशाली और यशस्वी थे। मंडन ने अपने काव्य-मंडन में लिखा है कि "कोलाभच्च राजा ने जिन लोगों को क़ैद कर लिया था, उन्हें इन धर्मात्मा झंझण पुत्रों ने छुड़ाया। यह कोलाभच्च कौन था विदित नहीं होता. शायद कोलाभच्च से मतलब मुसलमान से हो। संस्कृत में "कोल" सूअर को कहते हैं और 'अभच्च" का अर्थ "न खानेवाला" ऐसा होता है। अतः कोलाभच्च का अर्थ सूअर न खानेवाला अर्थात मुसलमान यह हो सकता है। यदि यह अनुमान ठीक है तो "कोलाभच्चनृप" का अर्थ आलमशाह (हुशंग) ही है। ये लोग हुसंगगोरी के मंत्री थे अतः उनके कैदियों को उन से अर्ज कर छुड़ाया हो यह संभव भी है।

१५. मंडनः—

ऊपर बतलाया जा चुका है कि मंडन, झंझण के दूसरे पुत्र बाहड़ का छोटा लड़का था। यह व्याकरण अलंकार संगीत तथा अन्य शास्त्रों का बड़ा विद्वान् था। विद्वानों पर इसकी बहुत प्रीति थी। इसके यहाँ पंडितों की सभा होती थी, जिसमें उत्तम कवि प्राकृत

भाषा के विद्वान्, न्यायवैशेषिक, वेदांत, साख्य भाट्ट प्राभाकर तथा बौद्धमत के अद्वितीय विद्वान् उपस्थित होते थे। गणित भूगोल ज्योतिष, वैद्यक, साहित्य और संगीतशास्त्र के बडे बडे पंडित इसकी सभा को सुशोभित करते थे। यह विद्वानो को बहुतसा धन, वस्त्र और आभूषण बाँटा करता था। उत्तम उत्तम गायक, गायिकाएँ, और नर्तकिएँ, इसके यहाँ आया करती थीं और इसकी संगीत-शास्त्र में अनुपम योग्यता देख कर अवाक् रह जाती थीं। उन्हें भी यह द्रव्य आदि से संतुष्ट करता था। यह जैसा विद्वान् था वैसा ही धनी भी था। एक जगह इसने स्वय लिखा है कि "एक दूसरे की सौत होने के कारण महालक्ष्मी और सरस्वती में परस्पर वैर है, इस लिए इस (मंडन) के घर में इन दोनो की बडी जोरो से बदावदी होती है, अर्थात् लक्ष्मी चाहती है कि मै सरस्वती से अधिक बढू और सरस्वती लक्ष्मी से अधिक बढने का प्रयत्न करती है।

मालवे के बादशाह का इस पर बहुत ही प्रेम था। ऐसे ऐसे विद्वानों की संगति से बादशाह को भी संस्कृत साहित्य का अनुराग हो गया था। एक दिन सायकाल के समय बादशाह बैठा था। विद्वानो की गोष्ठी हो रही थी। उस समय बादशाह ने मंडन से कहा कि "मैंने कादवरी की बहुत प्रसंशा सुनी है और उसकी कथा सुनने को बहुत जी चाहता है। परन्तु राजकार्य मे लगे रहने से इतना समय नहीं कि ऐसी बड़ी पुस्तक सुन सकूँ। तुम बहुत बडे विद्वान् हो, अत यदि इसे संक्षेप में बनाकर कहो, तो बहुत ही अच्छा हो"। मडन ने हाथ जोडकर निवेदन किया कि "बाण ने

स्वयं ही कादंबरी की कथा सक्षेप से कही है, परतु यदि आपकी आज्ञा है, तो मैं इसकी कथा आपसे संक्षेपमें निवेदन करूँगा" यह कह कर इसने "मंडन-कादंबरी-दर्पण" नामक अनुष्टुप् श्लोकों में कादंबरी का सक्षेप बनाया।

एक बार पौर्णिमासी के दिन सायंकाल के समय मडन पहाडों के आँगन मे बैठा हुआ था। सरस साहित्य की गोष्ठी हो रही थी। इतने में चद्रोदय हुआ। चद्रमा कवियों की परम प्रिय वस्तुओं में से एक है। कदाचित् ही ऐसा कोई काव्य होगा, जिसमें चन्द्रमा उपेक्षा की दृष्टि से देखा गया हो। चद्रमा की अमृतमयी रश्मियो ने मडन के हृदय को विद्रुत कर दिया। उसने कई श्लोक चद्रमा के वर्णन के बनाये। ऐसा मालूम होता है कि चद्रमा की रमणीयता देखने में उसे सोने का भी स्मरण न रहा हो। चद्रमा के उदय से अस्त तक की भिन्न भिन्न दशाओं का उसने अनेक ललित पद्यों में वर्णन किया। धीरे धीरे चंद्रमा के अस्त होने का समय आया। मंडन का चित्त अत्यत खिन्न हुआ। जिसके लिए वह सारी रात बैठा रहा था, उसे इस प्रकार अस्त होते देख वह कहने लगा। "हाय जिस मार्ग पर चलने से पहले सूर्य का अध पात हो चुका था, दुर्दैव-वश चद्रमा भी उसी मार्ग पर चला और उसका भी अत में अध पात हुआ। जब पतन होने को होता है तो जानते हुये का भी ज्ञान नष्ट हो जाता है। चंद्रमा को पहले पूर्व दिशा प्राप्त हुई थी, पर उसे छोड़ वह पश्चिम दिशा के पास गया। पहले तो उसने राग (अनुराग और रक्तता) प्रकाशित कर उसे अपनाया पर वेश्या की

तरह थोडे ही समय में सर्वस्व हरण कर उसको दुतकार कर निकाल दिया ?"

मंडन ने देखा कि सूर्य की किरणों से ताड़ित होकर चंद्रमा भाग रहा है। उन्हो ने उसे कातिहीन कर पश्चिम समुद्र में गिरा दिया है। उसे सूर्य के ऊपर बहुत ही क्रोध आया। अपने प्रीतिपात्र चंद्रमा की विजय के लिये उसने "चंद्रविजय" नामक एक प्रबंध ललित कविता मे बनाया, जिसमे चंद्रमा का सूर्य के साथ युद्धकर उसे हराना और पीछे उदयाचल पर उदय होने का वर्णन है।

मंडन जैन सप्रदाय के खरतरगच्छ का अनुयायी था। उस समय खरतरगच्छ के आचार्य जिनराजसूरि के शिष्य जिनभद्र-सूरि थे। मडन का सारा ही कुटुम्ब इन पर बहुत ही भक्ति रखता था और इनका भी मडन के कुटुम्ब पर बड़ा ही स्नेह था। "पाहू" के जिनभद्रसूरि के साथ यात्रा करने का वर्णन ऊपर आ चुका है। ये बडे भारी विद्वान् थे। इनके उपदेश से श्रावकों ने उज्जयंत (गिरनार) चित्रकूट (चित्तौड) माडव्यपुर (मंडोवर) आदि स्थानों में विहार बनाए थे। अणहिल्लपत्तन आदि स्थानों में उन्होंने बड़े२ पुस्तकालय स्थापित किए थे और मडप दुर्ग (माडू) प्रला-दनपुर (पालनपुर) तलपाटक आदि नगरो में इन्होंने जिन-मूर्तियों की प्रतिष्ठा की थी।

जिनमाणिक्यसूरी (वि० स० १५८३-१६१२) के समय की लिखी हुई पट्टावली और बीकानेर के [illegible] की बनाई हुई पट्टावली से विदित

पर पहले जिनवर्द्धनसूरि को स्थापित किया था, परंतु उनके विषय में यह शंका होने पर कि उन्होंने ब्रह्मचर्य भंग किया है, उनके स्थान पर जिनभद्रसूरि को स्थापित किया गया था। महेश्वर ने अपने काव्यमनोहर में जिनभद्रसूरि की वंशपरंपरा इस प्रकार दी है— १ जिनवल्लभ, २ जिनदत्त, ३ सुपर्वसूरि, ४ जिनचंद्रसूरि, ५ जिनसूरि, ६ जिनपद्मसूरि, ७ जिनलब्धिसूरि, ८ जिनराजसूरि ९ जिनभद्रसूरि।

पाटण के भांडार में भगवतीसूत्र की एक प्रति है। उसके अंत की प्रशस्ति से विदित होता है कि जिनभद्रसूरि के उपदेश से मंडन ने एक वृहत् सिद्धांत ग्रंथों का पुस्तकालय "सिद्धांत कोश" नामक तय्यार करवाया था। यह भगवतीसूत्र भी उसी में की एक पुस्तक है।

मंडन ने अपने ग्रन्थो के अंत की प्रशस्ति में अथवा महेश्वर ने अपने काव्यमनोहर में मंडन के पुत्रों के विषय में कुछ नहीं लिखा, परन्तु उपरोक्त भगवतीसूत्र के अंत की प्रशस्ति से विदित होता है कि मंडन के पूजा, जीजा, संग्राम और श्रीमाल नामक ४ पुत्र थे। मंडन के अतिरिक्त सं० धनराज, स० खीमराज और स० उदयराज का भी नाम इसमें लिखा है। खीमराज चाहड का दूसरा पुत्र खेमराज है और धनराज देहड का पुत्र धन्यराज। उदयराज कौन था यह ज्ञात नहीं होता। महेश्वर ने झंझण के छ पुत्रों में से तीनों के पुत्रों का वर्णन किया है, परन्तु पद्म, आल्ह और पाट्ट की संतति के विषय में कुछ नहीं लिखा। संभव है कि उदयराज

इन्हीं में से किसी एक का पुत्र हो।

मंडन यद्यपि जैन था और वीतराग का परम उपासक था, परन्तु उसे वैदिकधर्म से कोई द्वेष नहीं था। उसने अलंकारमंडन में अनेक ऐसे पद्य उदाहरण में दिए हैं, जिनका संबंध वैदिकधर्म से है। जैसे—

श्रीकृष्णस्य पदद्वंद्वमधमाय न रोचते

अल० म० परि० ५ श्लोक ३३९

अर्थात् जो नीच होते हैं उन्हें श्रीकृष्ण के चरण युगल अच्छे नहीं लगते।

किं दुःखहारि हरपादपयोजसेवा
यद्दर्शनेन न पुनर्मनुजत्वमेति

तत्रैव ९७

अर्थात् दुख को हरण करने वाला कौन है? महादेव के चरण कमलों की सेवा, जिनके दर्शन से फिर मनुष्यत्व प्राप्त नहीं होता (मोक्ष हो जाता है)।

मंडन के जन्म तथा मृत्यु का ठीक समय यद्यपि मालूम नहीं होता तथापि मंडन ने अपना मंडपदुर्ग (माडू) में वहाँ के नरपति आलमशाह का मन्त्री होना प्रकाशित किया है। यदि उपरोक्त अनुमान के अनुसार आलमशाह हुशंगगोरी ही का नाम है, तो कहना होगा कि मंडन ईसा की १५वीं शताब्दी के प्रारंभ में हुआ था, क्योंकि हुशंग का राज्यकाल ई० स० १४०५ से ई० स० १४३२

है। वि० सं० १५०४ (ई० स० १४४७) की लिखी मंडन के ग्रन्थों की प्रतियाँ पाटण के भंडार में वर्तमान हैं। इससे प्रतीत होता है कि ईस्वी सन् १४४७ के पूर्व वह ये सब ग्रन्थ बना चुका था। मुनि जिनविजयजी के मतानुसार ये प्रतियाँ मंडन ही की लिखवाई हुई हैं। वि० स० १५०३ में मंडन ने भगवतीसूत्र लिखवाया था, यह ऊपर वर्णन हो चुका है। इससे स्पष्ट है कि मंडन वि० स० १५०४ (ई० स० १४४७) तक वर्तमान था।

महेश्वर ने काव्यमनोहर के सर्ग ७ श्लो० २० में लिखा है कि "संघपति भंभण के ये पुत्र अजयी हैं" इस वर्तमान प्रयोग से विदित होता है कि काव्यमनोहर के बनने के समय भंभण के छहों पुत्र वर्तमान थे।

मंडन के ग्रन्थ

पाटण (गुजरात) की हेमचंद्राचार्य सभा ने महेश्वरकृत काव्यमनोहर और मंडनकृत (१) काव्यकदंबरीमंडण (२) चंपू मंडन (३) चंद्रविजय और (४) अलंकार मंडन ये चारों ग्रन्थ एक जिल्द में और (५) काव्य मंडन तथा (६) शृंगार मंडन दूसरी जिल्द में प्रकाशित किये हैं। प्रथम जिल्द की भूमिका से विदित होता है कि इन उपरोक्त ग्रन्थों के सिवाय (७) संगीत मंडन और (८) उपसर्गमंडन नाम के दो ग्रन्थों की प्रतियाँ भी उक्त सभा के पास हैं। उक्त सभा ने ये प्रतियाँ पाटण के वाड़ी पार्श्वनाथजी के मंदिर से प्राप्त की हैं।

मंडन ने चंपूमंडन को सारस्वतमंडन का अनुज और काव्य-मंडन के भ्रातृत्व (भाईपन) से सुशोभित कहा है और शृंगारमंडन के अंत में अपने को "सारस्वत-मंडन-कवि" कहा है। इससे सिद्ध है कि सारस्वतमंडन नामक एक और ग्रंथ मंडन ने बनाया है।

आफ्रेट साहब ने अपने "केटलोगस केटलोगरम" नामक पुस्तक में मंडन मन्त्री और मंडन कवि इन दो भिन्न२ व्यक्तियों का वर्णन लिखा है। मंडन मंत्री के लिए लिखा है कि "ईस्वी सन् १४५६ में "कामसमूह" नामक ग्रंथ के बनाने वाले अनंत का पिता था।" और मंडन कवि के लिए लिखा है कि "यह उपसर्ग मंडन, सारस्वत मंडन और कविकल्पद्रुम स्कंध नामक ग्रंथों का कर्ता था। जैसा कि ऊपर बतलाया जा चुका है, सारस्वतमंडन आदि ग्रन्थ हमारे चरित्रनायक बाहड के पुत्र मन्त्री मंडन ही के बनाए हुए हैं। अत सिद्ध है कि आफ्रेट साहिब जिसे मंडन कवि कहते हैं वह बाहड का पुत्र मन्त्री मंडन ही है। कामसमूह के कर्ता अनंत का पिता मन्त्रिमंडन इस मन्त्रिमंडन से बिलकुल ही भिन्न है। दोनों के नामों की समानता दोनों का मन्त्री होना और समय भी प्राय समान ही होना यद्यपि इस बात का भ्रम उत्पन्न करता है कि अनंत माडू के मंत्रिमंडन ही का पुत्र हो, परन्तु अनंतकृत कामसमूह और भगवती सूत्र के अंत की प्रशस्ति देखने पर यह भ्रम नहीं रहता।

पाठकों को विदित है कि माडू का मंत्रि मंडन सोनगरा गोत्र का क्षत्रिय था परंतु अनंत क्षत्रिय नहीं था, किंतु अहमदाबाद का

रहने-वाला वड़नगरा नागर ब्राह्मण था यथा—

नागरज्ञातिजातेन मंत्रिमडनसूनुना
अनतेन महाकाव्ये सतीवृत्त प्रकाशितम्।

कामसमूह सतीवृत्त प्रकरण श्लो० २९

अहमदनिर्मितनगरे विहितावसतिश्च वृद्धनागरिकः
मंडनसूनुरनतो रचयति सेवाविधिनार्याः

कामसमूह-स्त्री-सेवा-विधी प्रकरण श्लो० १९

भगवतीसूत्र के अत में जो मंडन के पुत्रों के नाम दिए हैं उनमें अनत नाम नहीं है।

"केटलोगस केटलोगरम" से मालूम होता है कि ऊपर लिखित ग्रथों के सिवाय मंडन ने कविकल्पद्रुम स्कध नामक एक और भी ग्रन्थ बनाया था। इस प्रकार मंडन के बनाये हुए कुल १० ग्रंथ अब तक विदित हुए हैं, जो नीचे लिखे अनुसार हैं।

(१) कादवरीदर्पण
(२) चंपूमंडन
(३) चद्रविजयप्रबंध
(४) अलंकारमडन
(५) काव्यमंडन
(६) शृगारमडन
(७) संगीतमडन

अब लुप्त सी जो हो गई रक्षित न रहने से यहाँ,
सोचो, तनिक, कौशिल्य की कितनी कलाएँ, थी यहाँ?
प्रस्तर विनिर्मित पुर यहाँ थे और दुर्ग बड़े बड़े,
अब भी हमारे शिल्प-गुण के चिन्ह कुछ कुत्र हैं खड़े॥
अब तक पुराने खण्डहरों में, मन्दिरों में भी कहीं,
बहु मूर्तियाँ अपनी कला का पूर्ण परिचय दे रहीं॥
प्रकटा रही हैं भग्न भी सौन्दर्य्य की परिपुष्टता,
दिखला रही हैं साथ ही दुष्कर्मियो की दुष्टता॥

—मैथिली शरण गुप्त


आबू-परिचय



वर्तमान आबू पर अंग्रेजी अमलदारी है, किन्तु इससे पूर्व यहाँ गुजरात के राजा शासन करते थे। गुजरात के कितने ही प्रतापी राजा और मन्त्री, सेनापति आदि जैनधर्मी हुये हैं। जिनका विस्तृत परिचय "गुजरात के जैन-वीर" में दिया जायगा।

किन्तु इनके बनवाये हुये कई रमणीक दर्शनीय मन्दिर आबू पर अपनी भव्य छटा दिखला रहे हैं, और आबू राजपूताने में सम्मिलित है, इस लिये यहाँ केवल आबू का परिचय कराया जाता है।

जोधपुर-राज्य के पुरातत्वविभाग के आफीसर साहित्याचार्य पं० विश्वेश्वरनाथ रेउ ने, मार्च सन् १४ में जोधपुर के जैन साहित्य सम्मेलन के लिये "आबू पर्वत के प्रसिद्ध जैनमन्दिर" नामक विद्वतापूर्ण एक निबन्ध लिखा था, जिसे यहाँ उद्धृत किया जा रहा है —



* आबू का देलवाडा-मन्दिर—"हिन्दुस्तान भर में यह मन्दिर सर्वोत्तम है। सिवाय ताजमहल के कोई भी स्थान इसकी बराबरी नहीं कर सकता" -कर्नल जेम्स टॉड

"उत्तङ्गशृंगे भीमे वशिष्ठो नन्दिवर्द्धनम् ।
किंनाद्रे स्थापयामास भुजङ्गार्बुदसञ्ज्ञया ॥"

जिनप्रभसूरि विरचित 'अर्बुदकल्प' में भी इस विषयका उल्लेख है —

"नन्दिवर्द्धन इत्यासीत्प्राक्शैलोऽयं हिमाद्रिजः ।
कलिनार्बुदनागाधिष्ठानात्त्वर्बुद इत्यभूत ॥२५॥

अर्थात्—अर्बुद नाम के सर्प द्वारा लाया जाने के कारण यही शिखर अन्त में आबू (अबुद) नाम से प्रसिद्ध हुआ। प्राचीन लेखों में लिखा है कि, इसी पर्वत पर वशिष्ठ ने अग्निकुण्ड से परमार, पडिहार, सोलङ्की और चाहमान (चौहान) नामके चार वीरों को उत्पन्न किया था। इन चारों ने अपने नाम से चारवंश प्रचलित किये।

यद्यपि इस प्रकार की उत्पत्ति पर ऐतिहासिकदृष्टि से विश्वास नहीं किया जा सकता और इस लेख के विरुद्ध भी कई लेख मिल गये हैं—जैसे अजमेर के ढाई-दिन के झोंपडे में एक शिला मिली है, इसमें चाहमान की उत्पत्ति सूर्यवंश में होनी लिखी है—तथापि इस समय इस विषय पर विशेष वादविवाद न करके हम अपने प्रस्तुत विषय को ही लिखते हैं।

यह पर्वत प्राचीन समय से ही शैव, शाक्त, वैष्णव, और जैनों द्वारा पूज्य दृष्टि से देखा जाता है। तथा वहाँ पर इन मतों के मन्दिरादिक होने से प्रतिवर्ष बहुत से यात्री भी दर्शनार्थ जाया करते हैं।

आबू पर्वत परके प्रसिद्ध जैनमन्दिर.

"आबू पर्वत सिरोही राज्यके अग्निकोण में है। यद्यपि यह पर्वत आडावला (अर्वली) पर्वत के सिलसिले से हट करके स्थित है, तथापि इसकी कई शाखाए आडावला पर्वत से मिली हुई हैं। आबू पर्वत के उपरि भाग की लम्बाई १२ माइल और चौडाई २ से ३ माइल तक है। इस पर्वत के सबसे ऊँचे शिखर का नाम गुरु शिखर है। यह शिखर समुद्रतल से ५६५० फीट ऊँचा है। आबू पर्वत की समतल भूमि (अधित्यका) की ऊँचाई ४००० फीट है।

इस पर्वत की उत्पत्ति के विषय में इस तरह लिखा है —

पहले इस स्थानपर उतङ्क मुनि का खोदा हुआ एक बडा खड्डा था। इसी के आसपास वशिष्टऋषि का आश्रम था। एक समय वशिष्ठ की गाय इस खड्डे में गिर गई। इससे वशिष्ठ को बहुत खेद हुआ। तथा वशिष्ट ने उस खड्डे को भर देने के लिये अर्बुद नाम के सर्प द्वारा हिमालय पर्वत का नन्दिवर्धन नामक शिखर मगवाकर उस जगह स्थापन कर दिया। वि० स० ११८७ का एक लेख पाटनारायण के मन्दिर में लगा है। उसमें भी इस विषय का एक श्लोक है। यथा —

"उत्तङ्कसुपिरे भीमे वशिष्ठो नन्दिवर्द्धनम् ।
किनाद्रे स्थापयामास भुजङ्गार्बुदसञ्ज्ञया ॥"

जिनप्रभसूरि विरचित 'अर्बुदकल्प' में भी इस विषयका उल्लेख है.—

"नन्दिवर्द्धन इत्यासीत्प्राक्शैलोऽय हिमाद्रिजः ।
कलिनार्बुदनागाधिष्ठानात्त्वर्बुद इत्यभूत ॥२५॥

अर्थात्—अर्बुद नाम के सर्प द्वारा लाया जाने के कारण यही शिखरअन्त में आबू (अबुद) नाम से प्रसिद्ध हुआ। प्राचीन लेखों में लिखा है कि, इसी पर्वत पर वशिष्ठ ने अग्निकुण्ड से परमार, पडिहार, सोलङ्की और चाहमान (चौहान) नामके चार वीरों को उत्पन्न किया था। इन चारों ने अपने नाम से चारवश प्रचलित किये।

यद्यपि इस प्रकार की उत्पत्ति पर ऐतिहासिकदृष्टि से विश्वास नहीं किया जा सकता और इस लेख के विरुद्ध भी कई लेख मिल गये हैं—जैसे अजमेर के ढाई-दिन के झोंपडे में एक शिला मिली है, इसमें चाहमान की उत्पत्ति सूर्यवंश में होनी लिखी है—तथापि इस समय इस विषय पर विशेष वादविवाद न करके हम अपने प्रस्तुत विषय को ही लिखते हैं।

यह पर्वत प्राचीन समय से ही शैव, शाक्त, वैष्णव, और जैनों द्वारा पूज्य दृष्टि से देखा जाता है। तथा वहाँ पर इन मतों के मन्दिरादिक होने से प्रतिवर्ष बहुत से यात्री भी दर्शनार्थ जाया करते हैं।

विक्रम संवत् १५०६ (ई० स०१४४९) के राणा कुम्भा के लेख से पाया जाता है कि, उस समय घोडों और बैलों द्वारा वहाँ से व्यापार आदि किया जाता था, क्योंकि वहाँ पहुँचने के लिए केवल पहाड़ी मार्ग ही था। परन्तु इस समय यह पर्वत राजपूताने के एजेण्ट गवर्नर जनरल का निवासस्थान और सेनिटोरियम (स्वास्थ्यप्रद स्थान) बनगया है। तथा राजपूताना मालवा रेलवे के आबूरोड (खराडी) स्टेशन से यहाँ तक १८ माइल लम्बी सडक भी बनादी गई है।

वहीं पर देलवाडा नामक एक स्थान है। यह स्थान अर्बुदादेवी (अधरदेवी) से क़रीब एक माइल ईशानकोण में है। यह स्थान देवालयों के लिये विशेष प्रसिद्ध है। यद्यपि यहाँ पर अनेक मन्दिरहैं। तथापि यहाँ के आदनाथ और नेमिनाथ के जैनमन्दिर की कारीगरी संसार में अनुपम है। ये दोनो मन्दिर सङ्गमरमर के बने हुये हैं। इन दोनों मन्दिरों में भी पोरवाड महाजन का बनवाया हुआ विमलवसही नामक आदिनाथ का मन्दिर विशेषतर सुन्दर और पुराना है। यह मन्दिर वि० सं० १०८८ (ई० स० १०३१) में बना था। यह बात उसमें से मिली हुई वि० सं०१३७८ (ई० स० १३२२) की प्रशस्ति से प्रकट होती है। जिनप्रभसूरि की तीर्थकल्प नामक पुस्तक से भी इस मन्दिर का रचनाकाल वि० सं० १०८८ ही प्रकट होता है।

खरतरगच्छ की पट्टावली में लिखा है —

पोरवाड वंशोत्पन्न

को तोड़ कर उस स्थान पर चन्द्रावती नगर बसाया, और वहाँ पर ऋषभदेव का मन्दिर बनवाया। इस मन्दिर की प्रतिष्ठा वि० सं० १०८८ में वर्धमानसूरि द्वारा की गई।

प्रोफेसर वेबर के Catalogue of the Berlin Mss.) बर्लिन नगर की प्राचीन पुस्तकों की सूची के, दूसरे भाग के १०३६ और १०३७ वें पृष्ठों मे उपर्युक्त कथा के साथ ही यह भी लिखा है कि, विमल ने जिस समय यह मन्दिर बनवाने के लिये यहाँ की भूमि ब्राह्मणों से खरीदी, उस समय उसको उतनी पृथ्वी पर सुवर्ण मुद्राएँ बिछाकर पृथ्वी के बदले ब्राह्मणों को देनी पड़ी। उसने इस मन्दिर के बनवाने मे १८ करोड़ और ५३ लाख व्यय किये।

यह मन्दिर परमार धन्धुक के समय में बनवाया गया था। यह धन्धुक गुजरात के सोलंकी भीमदेव का सामन्त था। किसी कारणवश भीम और धन्धुक के बीच मनोमालिन्य हो गया। इस से धन्धुक आबू को छोड कर के मालवे के परमार राजा भोज के पास चला गया। भीम ने अपनी तरफ से विमलशाह को वहाँ का दण्डनायक (सेनापति) नियत किया। उसने कुछ समय बाद धधुक और भीम के बीच का विरोध दूर कर इन दोनों के बीच सुलह करवादी। उसी समय उसने यह मन्दिर बनवाया था।

जैनसमाज में ऐसी प्रसिद्धि है कि इस मन्दिर के बनाने के लिए हाथियों और बैलों द्वारा पत्थर पहुँचाये गये थे।

यहाँ पर मुख्य मन्दिर के सामने एक विशाल सभा मण्डप है। इसके चारों तरफ अनेक छोटे छोटे जिनालय हैं। यहाँ पर मुख्य

मूर्ति ऋषभदेव (आदिनाथ) की है। इसके दोनों पार्श्वों में एक एक मूर्ति खडी है। इनके सिवाय यहाँ पर और भी अनेक पाषाण और पीतल की मूर्तियाँ विद्यमान हैं। परन्तु ये सब पीछे की बनी हुई प्रतीत होती हैं। हम ऊपर लिख चुके हैं कि मुख्य मन्दिर के चारों तरफ अनेक छोटे छोटे जिनालय हैं। इन पर के लेखों से प्रकट होता है कि इनमें की मूर्तियाँ भिन्न भिन्न समय में भिन्न भिन्न पुरुषों द्वारा स्थापन की गई हैं। मन्दिर के सामने हस्तिशाला है। यह साढे पाषर से बनाई गई है। इसमें दरवाजे के सन्मुख विमलशाह की अश्वारूढ पत्थर की मूर्ति बनी है। परन्तु चूने की पलई ठीक तौर से न होने से उसमें भद्दापन आगया है। इस मूर्ति के मस्तक पर गोल मुकुट है। तथा पास ही में एक काठ का बना हुआ पुरुष छत्र लिये खडा है। हस्तिशाला में पत्थर के बने हुए १० हाथी खडे हैं। इनमें ६ हाथी वि० सं० १२०५ (ई० स० ११४९) फाल्गुण सुदि १० के दिन नेढक, आनन्दक, पृथ्वीपाल, धरिक, लहरक और मीनक नाम के पुरुषों ने बनवाकर रक्खे थे। इन सबों के नामों के साथ महामात्य खिताब लगा है। बाकी के ४ हाथियों में से एक परमार ठाकुर जगदेव ने और दूसरा महामात्य धनपाल ने वि० सं० १२३७ (ई०स० ११८०) आषाढ सुदि ८ को बनवाकर रक्खा था। तीसरा हाथी महामात्य धवल ने बनवाया था। इसका संवत् चूने के नीचे आजाने से पढा नहीं जाता। तथा चौथे हाथी का सारा लेख चूने के नीचे दब गया है। यद्यपि पहले इन सब हाथियो पर पुरुषों की मूर्तियाँ बनी हुई थीं। तथापि

समय केवल तीन मूर्तियाँ मौजूद हैं। ये मूर्तियाँ चतुर्भुज हैं। इतिहासवेत्ता रायबहादुर प० गौरीशंकरजी का मत है कि शाह की मूर्ति और हस्तिशाला, मन्दिर के साथ की बनी हुई है, पीछे से बनवाई गई हैं। हस्तिशाला के बाहर चौहान राव लुढा (लुभा) के दो लेख लगे हैं। इनमें का प्रथम लेख सं० १३७२ (ई० स० १३१६) चैत्र वदि ८ का है और दूसरा सं० १३७३ (ई० स० १३१७) चैत्र वदि का, सिरोही के राव के वंशज है।

जिनप्रभसूरिके तीर्थकल्प नाम की पुस्तक में लिखा है — म्लेच्छों ने विमलशाह और तेजपाल के बनवाए हुए आदिनाथ नेमिनाथ के मन्दिरों को तोड डाला था। शक स० १२४३ ० स० १३७८) में महणसिंह के पुत्र लल्ल ने आदिनाथ के र का और चण्डसिंह के पुत्र पीथड ने नेमिनाथ के मन्दिर पीछे से जीर्णोद्धार करवाया।

वि० स० १३७८ के आदिनाथ के मन्दिर के लेख से प्रकट है कि, विमल को स्वप्न में अम्बिका ने आदिनाथ का मन्दिर ाने की आज्ञा दी थी। उस के अनुसार विमल ने यह मन्दिर ाया था। तथा राव तेजसिंह के राज्य समय वि० स० १३७८ ० स० १२२१) में लल्ल और वोजड नाम के साहूकारों ने का जीर्णोद्धार करवाया। जिस समय यह लेख लिखा गया उस समय लुभा का देहान्त हो चुका था। ऐसा इस लेख से ात होता है।

श्री रत्नमन्दिरगणि की बनाई हुई उपदेशतरङ्गिणी में, जो विक्रम सवत् की सोलवीं शताब्दी में बनाई गई थी, इस मन्दिर के बनवाने की कथा इस प्रकार लिखी है —

गुजरात के राजा भीम को दुश्मनों द्वारा भड़काया हुआ देखकर उसका सेनापति विमल वहाँ से पाँचसौ सवार और पाँच करोड़ सोने से लदे ऊँट लेकर चन्द्रावती में चला गया। उसके इस प्रकार आगमन से चन्द्रावती राजा धारावर्ष भयभीत होकर सिन्धु देश की तरफ भाग गया। विमल ने उसके स्थान पर पहुँच उसे अपना निवास नियत किया। तथा वहाँके मांडलिको (जागीरदारों) ने विमल को अपना राजा बना लिया। तदनन्तर उसने अपनी सेना द्वारा साभर, मेवाड़, जालोर, आदि नगरो के सौ राजाओं को जीता।

एक समय सोते हुए १२ सुलतानों को उसने जा घेरा। तथा उनको भी अपने आधीन करलिया। उसके प्रबल प्रताप से डरकर स्वयं भीमने अपने मंत्री द्वारा विमल के पास एक करोड़ रुपये नज़र के तौर पर भेजे। परन्तु विमल ने अपने स्वामी और जन्मभूमि का विचार करके उस मंत्री को बहुत कुछ आदर सत्कार सहित पीछा भेज दिया। एक दिन श्री धर्मघोषसूरि के मुख से विमल ने एक शास्त्र वाक्य को सुना, इससे अपनी संग्राम में की हुई हिंसा पर उसको बड़ा दुःख हुआ। तथा श्रीधर्मघोषसूरि से उसने इसके प्रायश्चित्त की व्यवस्था करने की प्रार्थना की। उक्त सूरि ने उसे देवमन्दिर बनवाने आदि पुण्य कर्म करने की आज्ञा

दी। उसके बाद विमल ने अम्बादेवी की आराधना की, जिस से प्रसन्न होकर अम्बा ने वर मागने की आज्ञा दी। विमल ने देव-मन्दिर के बनने और पुत्र होने की प्रार्थना की। इस पर अबा ने कहा कि दोनों मे से एक के लिये कह, क्योंकि दो बाते नहीं हो सकती हैं। तब विमल ने अपनी स्त्री से पूछा। उसने उत्तर दिया कि, पुत्र प्राप्ति तो पशु, पक्षि-योनि में भी हो सकती है। इस लिये मन्दिर का वर मागो। विमल ने भी ऐसा ही किया। अम्बिका वर देकर आबू पर चली गई। विमल ने उसके कुकुम से शोभित पृथ्वी पर उल्लिखित पदचिन्ह को खोदा, वहाँ से उसको ७२ लाख का द्रव्य मिला। इसको प्राप्त कर विमल ने मन्दिर बनवाना प्रारम्भ करदिया। परन्तु यह मन्दिर दिन में बनाया जाता था और रात को स्वयं ही गिर पड़ता था। इसी तरह ६ महिने बीत गए। तब विमल ने देवी का आह्वाहन किया। देवी ने प्रकट होकर कहा कि, यह काम इस पृथ्वी के मालिक वालीनाह नाग का है। अत तू तीन दिन तक उपवास करके उसीकी पूजा कर और पवित्र बलि दे। परन्तु यदि वह मद्य मास मागे तो खड्ग निकालकर उन-को धमका देना। यह कह कर देवी चली गई। विमल ने वैसा ही किया। तथा खड्ग में अम्बिका को देखकर वालीनाह भाग गया और उस दिन से वहाँ पर केवल क्षेत्रपाल की तरह रहने लगा। मन्दिर निर्विघ्न समाप्त हुआ। सवत् १०८८ में आदिनाथ की मूर्ति स्थापन की गई। तथा वहीं पर अम्बिका की कृपा सूचित करने के लिये खड्ग क्षेत्रपाल सहित एक अम्बिका की मूर्ति भी स्थापन

की। उस मन्दिर के कार्य की समाप्ति पर विमल ने इतना दान किया कि, जैन लोग अब तक 'विमलशी सुप्रभात' कहकर आशीर्वाद देते हैं।

इस कथा मे कहाँ तक ऐतिहासिक सत्यता है इसको पाठक स्वयं विचार सकते हैं। इसपर विवाद करना व्यर्थ है।

इस मन्दिर में एक लेख वि० सं० १३५० (ई० स० १२९४) माघ सुदि १ का सोलकी राजा सारंगदेव के समय का भी लगा हुआ है।

इस मन्दिर की जितनी प्रशसा की जाय थोडी है। इससे इस समय की शिल्प-निपुणता का भी बोध होता है।

इतिहास लेखक कर्नल टॉड साहब ने इस मन्दिर के विषय में लिखा है —

"हिन्दुस्तान भर में यह मन्दिर सर्वोत्तम है। सिवाय ताजमहल के कोई भी स्थान इसकी बराबरी नहीं कर सकता।"

इस मन्दिर के पास ही दूसरा लूणवसही नामक नेमिनाथ का प्रसिद्ध मन्दिर है। इसको वस्तुपाल, तेजपाल का मन्दिर कहते हैं। यह मन्दिर वस्तुपाल के छोटे भाई तेजपाल का बनवाया हुआ है। जिस प्रकार ताजमहल अपनी स्त्री की यादगार में शाहजहाँ बादशाह ने बनवाया था, उसी प्रकार तेजपाल ने अपनी स्त्री अनुपमदेवी और पुत्र लूणसिंह का नाम चिरस्थायी करने और उनके कल्याण के निमित्त यह नेमिनाथ का मन्दिर बनवाया था। इसी मन्दिर में वि० स० १२८७ (ई० स० १२३०) फाल्गुण वदि ३

रविवार का एक लेख मिला है। उसमें लिखा है —

वस्तुपाल और उसका छोटा भाई तेजपाल ये दोनों पोरवाड महाराज अश्वराज के पुत्र थे। यह अश्वराज अनहिलवाडे का रहने वाला था। वस्तुपाल और तेजपाल ये दोनों भाई गुजरात के सोलकी राजा वीरधवल के मन्त्री थे। तेजपालने कृष्णराज के पिता सोमसिंहदेव के राज्य समय अपने पुत्र और स्त्री के कल्याणार्थ आबू पर यह नेमिनाथ का मन्दिर बनवाया। आगे चलकर इस लेख में मन्दिर का वर्णन किया गया है। इस शिला-लेख के रचयिता का नाम सोमेश्वरदेव लिखा है। यह सोमेश्वर सोलङ्की वीरधवल का पुरोहित और कीर्तिकौमुदी तथा सुरथोत्सवका कर्ता था। इसी लेखसे यह भी प्रगट होता है कि इस मन्दिर की प्रतिष्ठा नागेन्द्र गच्छ के विजयसेनसूरि ने की थी।

इस मन्दिर की बनावट भी विमलशाह के मन्दिर की सी है। इसमें मुख्य मन्दिर (गभारा) के सामने गुबजदार सभा मण्डप है। और उसके इर्दगिर्द छोटे छोटे जिनालय बने हैं। तथा इसके पीछे हस्तिशाला है। इसके मुख्य मन्दिर में नेमिनाथ की मूर्ति है। तथा पास के जिनालयों में भी अनेक मूर्तियाँ हैं। इनके द्वारों पर भी अलगर लेख खुदे हैं। इनमें तेजपाल के ५२ सम्बधियोंके नाम हैं। इससे प्रगट होता है कि प्रत्येक जिनालय किसी न किसी सम्बन्धि के नाम पर बनवाया गया था। मुख्य मन्दिर के दरवाजे के दोनो पार्श्वों में बडे ही सुन्दर दो ताक हैं। इनको लोग 'देराणी जेठाणी के आले' कहते हैं। कहा जाता है कि इसमें का एक ताक तेजपाल

की स्त्री ने और दूसरा वस्तुपाल की स्त्री ने स्वयं अपने खर्च से बनवाया था। शान्तिविजयजी की 'जैनतीर्थ गाइड' नामक पुस्तक में भी ऐसा ही लिखा है। परन्तु यह बात विश्वास योग्य नहीं हो सकती, क्योंकि उन दोनो ताकों पर एक ही प्रकार के लेख हैं। उनका आशय इस प्रकार है —

वि० स० १२९० वैशाख वदि १४ बृहस्पतिवार के दिन अपनी दूसरी स्त्री सुहडादेवी के कल्याणार्थ ये ताक और अजितनाथ का चित्र तेजपाल ने बनवाया।

यद्यपि इस समय गुजरात में पोरवाड और मोढ जाति के महाजनो के बीच विवाह सम्बन्ध नहीं होता है। तथापि यह संबध बारहवीं शताब्दी में होता था। ऐसा इस लेख से प्रकट होता है।

इस मन्दिर की हस्तिशाला में संगमरमर की १० हथनियाँ एक पंक्ति मे खडी हैं। इन पर चण्डप, चण्डप्रसाद, सोमसिंह, अश्वराज, लूणिग, मल्लदेव, वस्तुपाल, तेजपाल, जैत्रसिंह और लूणसिंह (लावण्यसिंह) की मूर्तियें बैठाई गई थीं। परन्तु इस समय उनमे से एक भी विद्यमान नहीं हैं। इन हथनियो के पीछे की तरफ पूर्व की दीवार में १० ताक हैं। इनमें भी इन्हीं दस पुरुषों की सस्त्रीक मूर्तियें बनी हुई हैं। इनके हाथों मे पुष्पमालाएँ हैं। तथा वस्तुपाल के मस्तक पर छत्र भी बना हुआ है। प्रत्येक स्त्री पुरुषों की मूर्ति के नीचे उनका नाम खुदा हुआ है।

इनका सक्षिप्त वर्णन पूर्वोक्त वि० स० १२८७ के लेख में भी किया गया है।

प्रथम ताक में चार मूर्तियें हैं। पहली आचार्य उदयप्रभ की, दूसरी आचार्य विजयसेन की तथा तीसरी और चौथी चण्डप और उसकी स्त्री चाँपलादेवी की है।

इस मन्दिर के बनाने वाले इञ्जीनियर का नाम शोभनदेव था। इस तरह अपने सारे कुटुम्ब का स्मारक चिन्ह बनाकर उनके नाम को अमर करने वाला तेजपाल के सिवाय शायद ही कोई दूसरा पुरुष हुआ हो।

इसी मन्दिर मे वि० स० १२८७ फाल्गुण वदि ३ रविवार का एक दूसरा शिलालेख लगा है। इसमे यहाँ के वार्षिकोत्सव आदि की व्यवस्था का वर्णन है। तथा साथ ही उसमे सहायता देनेवाले महाजनों के नाम और गाँव भी लिखे हैं।

पूर्वोक्त उपदेशतरङ्गिणी मे इस मन्दिर के रचना का वृतान्त इस तरह लिखा है –

एक समय बहुत से साथियों सहित वस्तुपाल और तेजपाल धवलक्कक (धौलका) गाँव से हडाला में आए। वहाँ पहुँचने पर जब उनको विदित हुआ कि आगे रास्ते मे लुटेरों का भय है, तब उन्होने अपने विश्वासी पुरुषों सहित आपस में विचार कर रात्रि के समय अपने धन को तावे के कलसों मे भर दिया और उन कलसों को पृथ्वी में गाडने के लिये तालाब के निकट एक गेहू के खेत मे ले आए तथा वहाँ पहुँचकर एक खेजडी के वृक्ष के नीचे खोदना आरम्भ किया। वहाँ पर वस्तुपाल के भाग्य से बड़ा भारी खजाना निकला। इसको देखकर सारे पुरुष विस्मित हो गये।

अलाउद्दीन खिलजी की फौज ने जालोर के चौहान राजा कान्हड़-देव पर चढ़ाई की, शायद उसी समय ये मन्दिर तोड़े गये हों।

जीर्णोद्धार में बना हुआ काम सुन्दरता में पुराने कार्य की बराबरी नहीं कर सकता है। पुराने समय का कार्य बहुत ही सुन्दर है।

अब हम इसकी प्रशंसा में अपनी तरफ से कुछ न कहकर हिन्दुस्तानियों के पूर्व पुरुषों को असभ्य समझनेवाली सभ्याभिमानी यूरोपियन जाति के कुछ सहृदय विद्वानों की सम्मति उद्धृत करते हैं।

भारतीय शिल्प के भिज्ञ लेखक फर्गुसन साहब ने अपनी 'पिक्चर्स इलस्ट्रेशन्स ऑफ एनशियेन्ट आर्किटेक्चर इन हिन्दुस्थान' नामक पुस्तक में लिखा है —


"इस संगमरमर के बने हुए मन्दिर में अति कठोर परिश्रम सहनशील हिन्दुओं की टाकी से फीते के समान बारीकी से ऐसी मनोहर आकृतियें बनाई गई हैं, जिनका नकशा कागज पर बनाने में बहुत परिश्रम और समय नष्ट करने पर भी मैं समर्थ नहीं हो सकता।"

कर्नल टॉड ने यहाँ के गुम्बजकी कारीगरी के लिये लिखा है —

"इसका चित्र तैयार करने में क़लम थक जाती है। अत्यन्त परिश्रमी चित्रकार की कलम को भी इसके चित्रमें बहुत श्रम पड़ेगा।"

रासमाला के लेखक प्रसिद्ध ऐतिहासिक फार्बस साहब ने इन दोनों आदिनाथ और नेमिनाथ के मन्दिरों के विषय में लिखा है —

"इस मन्दिरों की खुदाई में केवल स्वाभाविक निर्जीव पदार्थों के चित्र ही नहीं बनाए गए हैं, किन्तु सांसारिक जीवन के दृश्य



आबू के देलवाड़ा मन्दिर का एक दृश्य
"इसका नक्शा कागज पर भी बनाने मे बहुत परिश्रम
और समय नष्ट करने पर भी मैं समर्थ नहीं हो सकता।
—फर्गुसन (साहब)

के व्यापार और नौका सम्बन्धी चित्र तथा संग्राम सम्बंधी चित्र भी अङ्कित किये गये हैं इसके अलावा इसकी छतों में जैनधर्म से सम्बन्ध रखनेवाली कथाओं के चित्र भी खोदे गए हैं।"

कर्नल टॉड को, जिस समय वे विलायत को लौट गए थे, मिसेज विलिय हण्टरवेर ने तेजपाल के मन्दिर के गुम्बज का एक चित्र बनाकर दिया था। इससे टॉड साहब उन मेमसाहब के इतने कृतज्ञ हुए कि, आपने अपनी बनाई हुई 'ट्रेवल्स इन वैस्टर्न इण्डिया' नाम की पुस्तक उन्हें अर्पण (Dedicate) करदी।

ये दोनों मन्दिर बहुत ही सुदर और एक दूसरे की बराबरी के हैं। इनसे उस समय के इञ्जीनियरों की शिल्प-निपुणता, तथा उस समय के लोगों की सभ्यता, धर्म-निष्ठता, धनाढ्यता और उदारता साफ झलकती है।

तेजपाल के मन्दिर से थोड़ी ही दूर पर भीमासाह का बनवाया हुआ मन्दिर है। इसको अन लोग भैंसासाह कहते हैं। इसमें १०८ मन वज्रन पीतल की आदिनाथ की मूर्ति है। (इसको सर्व धातु की मूर्ति भी कहते हैं) यह मूर्ति वि०स०१५२५ (ई०स०१४६९) फाल्गुन सुदि ८ को गूर्जर श्रीमालजाति के मन्त्री सुन्दर और गदा ने स्थापित की थी। ये दोनों मन्त्री मण्डन के पुत्र थे।

इन मन्दिरों के सिवाय वहाँ पर श्वेताम्बर जैनों के दो मन्दिर और भी हैं। एक शान्तिनाथ का और दूसरा चौमुखजी का। यहाँ पर एक दिगम्बर जैन-मन्दिर भी है।

राजस्थान जैन जन-संख्या

(सन् १९३१)

१	जोधपुर (मारवाड)	११३,६६९
२	बीकानेर (जाँगल)	२९७७३
३	जैसलमेर (माड)	९१७
४	जयपुर (ढूढाड)	२९४९२
५	उदयपुर (मेवाड)	६६००१
६	कोटा (हाडौती)	५१९४
७.	अलवर	३९०९
८	टोंक	६९६९
९	बून्दी (हाड़ौती)	४०१९
१०	भरतपुर	२३९०
११.	सिरोही	१५५०९
१२	बासवाड़ा	४५९७
१३.	डूगरपुर	५९०१
१४	करौली	४४९
१५	धौलपुर	१७९९
१६.	प्रतापगढ	४४४५
१७	किशनगढ	२२३१
१८	झालवाड़	२६३०
१९	शाहपुरा	१४१९
२०.	कुशलगढ़	५९३
२१	लावा	१३५
२२.	आबू	२१
२३	अजमेर (मेरवाड़ा)	१९४९७
	कुल संख्या	३२०५५९

सिंहावलोकन

नेक और बद में है क्या फ़र्क़ बताने वाले,
जो हैं गुमराह उन्हें राह पै लाने वाले,
रहमोउल्फ़त का सबक़ सब को सिखाने वाले,
हैं ज़माने में हमीं धाक बिठाने वाले,
बेख़बर जो थे उन्हें, हमने ख़बरदार किया।
ख़्वाबेग़फ़लत से हरइक शख़्श को हुश्यार किया॥

—"दास"

संक्षेप में राजपूताने के जैन-वीरों का यही परिचय है। नहीं मालूम ऐसे-ऐसे कितने नर-रत्न संसार-सागर के अन्तस्थल में मूल्यवान मोती की भाति छिपे हुये पड़े हैं, बक़ौल "इक़बाल" साहब,—

अपने सहरा मे अभी आहू बहुत पोशीदा हैं।
बिजलिया बरसे हुये बादल म भी खाबीदा है॥

इन्हीं नर-रत्नों में से कुछ को इतिहास के उदर-गह्वर से निकाल कर प्रकाश में लाने का यह असफल प्रयत्न किया है। इससे अधिक साधनाभाव, समयाभाव आदि के कारण नहीं लिखा जा सका है। यद्यपि समस्त राजपूताना जैन-वीरों की क्रीड़ा स्थली रहा है, वहाँ का चप्पा-चप्पा उनके पवित्र बलिदान से दैदीप्यमान है, किन्तु प्रस्तुत पृष्ठों में इनीगिनी रियासतों के कुछेक वीरों का परिचयमात्र ही दिया जा सका है। अस्तु जितना भी सकलन किया जा सका है।, वह भला है या बुरा, शुष्क है या नीरस, जैसा भी है पाठकों के करकमलों में है।

एक बार राजपूताने के एक प्रसिद्ध नेताने वहाँ के वर्तमान राजाओं की शासन प्रणाली और स्वच्छन्द वृत्ति का जिक्र करते

नेक और बद में है क्या फ़र्क़ बताने वाले,
जो हैं गुमराह उन्हें राह पै लाने वाले,
रहमोउल्फ़त का सबक़ सब को सिखाने वाले,
हैं ज़माने में हमीं धाक बिठाने वाले,
बेख़बर जो थे उन्हें, हमने ख़बरदार किया।
ख़्वाबेग़फलत से हरइक शख़्स को हुश्यार किया॥

—"दाम"

धर्मावलम्बी राज्य के भिन्न धर्मी होते हुये भी सेनापति, मन्त्री आदि होते रहे हों, राजपूताने के सिवाय संसार के किसी भी भाग में ऐसे उदाहरण शायद ही मिलें।

प्रस्तुत पुस्तक में कुछ इने गिने मत्री और सेनापतियों का उल्लेख किया गया है, पर इनको इस पद तक पहुँचाने में, इनकी प्रतिष्ठा बढाने मे, और इनको विजयमाल पहनानेमें इनके असंख्य अनुयाइयो को अपनी आहुति देनी पड़ी होगी, क्योंकि जब तक कोई जाति अपने को मिटाकर खाक में मिला नहीं देती, तब तक उसे उपयुक्त फल की प्राप्ति नहीं होती ‡।

उस जमाने में राजपूताने के जैनियों का सैनिक जीवन था। वह अपने देश, धर्म और स्वामी के लिये मिटना अपना धर्म समझते थे। किसी ने भी देश-द्रोह या विश्वासघात किया हो, अथवा युद्ध से पीठ दिखाई हो, सौभाग्य से ऐसा एक भी उदाहरण नहीं मिलता। जैन-वीरो ने अपनी प्रखर प्रतिभा अद्भुत साहस अलौकिक वीरता से अनेक लोकोपयोगी कार्य किये है।

आज भी राजपूताने के वर्तमान जैनों के पास उनके सुयोग्य पूर्वजों को उनकी सेवाओं के उपलक्ष में मिले हुये राज्य की ओर से पट्टे (सनद, प्रमाण पत्र) आदि मौजूद हैं। जिनसे प्रकट होता

---

‡ जब मिटाकर अपनी हस्ती सुर्मा बन जायेगा तू।
अहले आलम की निगाहों में समा जायेगा तू॥
—"दास"

हुऐ दुख भरे शब्दों में कहा था कि "राजपूताने की रियासतों के निर्माण में जैनियों का पूर्ण सहयोग रहा है, यदि इनका इस में हाथ न रहा होता, तो इन रियासतों का आज से कई सौ वर्ष पहिले अस्तित्व ही मिट गया होता। उस वक्त इन रियासतों के अस्तित्व बनाये रखने में उन जैनों के भाव भले ही श्रेष्ठ रहे हों, पर आज तो हमें उनकी इस करनी के कडवे फल चखने पड रहे हैं।" उस समय मैंने उनके इन शब्दों को अत्युक्ति समझ कर उपहास में उडा दिया था, किन्तु अब मैं उक्त शब्दों की सार्थकता समझ पाया हूँ।

जो महानुभाव राजपूताने मे रहते हैं अथवा जिन्होंने राजपूताने के इतिहास का अध्ययन किया है, वह भली भान्ति जानते हैं, कि राजपूतानान्तरगत प्राय सभी रियासतों के जैन-धर्मावलम्बी सदियों पुश्तानपुश्त मंत्री, सेनापति, कोषाध्यक्ष आदि होते रहे हैं।

राज्य की बागडोर, सैन्य-सचालन और राजकोष हस्तगत करने से पूर्व किसी जाति को, उस देश के प्रति कितना अधिक अनुराग, बलिदान, आत्म-त्याग करना पडता है और सदाचारपूर्ण जीवन व्यतीत करते हुये सब धर्मों और सब क़ौमों के लिये कितना उदार-हृदय होना पड़ता है। यह विज्ञ पाठकों से ओझल नहीं। फिर सदियों जिस जाति के अधिकार में यह महत्व पूर्ण गौरवास्पद रहे हों, उस जाति की महानता, वीरता, त्याग, शौर्य आदि का अन्दाज़ा लगाने के लिये, सिवाय अनुमान की तराजू पर तोलने के और क्या उपाय हो सकता है? सदियों एक

धर्मावलम्बी राज्य के भिन्न धर्मी होते हुये भी सेनापति, मन्त्री आदि होते रहे हों, राजपूताने के सिवाय संसार के किसी भी भाग में ऐसे उदाहरण शायद ही मिलें।

प्रस्तुत पुस्तक मे कुछ इने गिने मत्री और सेनापतियों का उल्लेख किया गया है, पर इनको इस पद तक पहुँचाने में, इनकी प्रतिष्ठा बढ़ाने में, और इनको विजयमाल पहनानेमे इनके असख्य अनुयाइयो को अपनी आहुति देनी पडी होगी, क्योंकि जब तक कोई जाति अपने को मिटाकर खाक में मिला नहीं देती, तब तक उसे उपयुक्त फल की प्राप्ति नहीं होती ‡।

उस जमाने में राजपूताने के जैनियों का सैनिक जीवन था। वह अपने देश, धर्म और स्वामी के लिये मिटना अपना धर्म समझते थे। किसी ने भी देश-द्रोह या विश्वासघात किया हो, अथवा युद्ध से पीठ दिखाई हो, सौभाग्य से ऐसा एक भी उदाहरण नहीं मिलता। जैन-वीरों ने अपनी प्रखर प्रतिभा अद्भुत साहस अलौकिक वीरता से अनेक लोकोपयोगी कार्य किये हैं।

आज भी राजपूताने के वर्तमान जैनों के पास उनके सुयोग्य पूर्वजो को उनकी सेवाओं के उपलक्ष में मिले हुये राज्य की ओर से पट्टे (सनद, प्रमाण पत्र) आदि मौजूद हैं। जिनसे प्रकट होता

---

‡ जब मिटाकर अपनी हस्ती सुर्मा बन जायेगा तू।
अहले आलम की निगाहों में समा जायेगा तू॥
—"दास"

है कि, राजपूताने की रियासतों का अस्तित्व यवन-शासनकाल में उन जैन-वीरों के ही बाहु-बल से ही रह सका था। किन्तु आज उन वीरों के वंशधर उन सनदों को प्रकाशित करना तो दरकिनार अपने राजाओं के क्षोभ के भय से दिखाना भी नहीं चाहते।

पृ० ११५ पर उल्लिखित राणा राजसिंह की ओर से निकली हुई विज्ञप्ति ‡ को ही लीजिये। यह उनका पुराना हक़ क्यों है? यह हक़ कैसे कब और क्योंकर प्राप्त किया गया? "जैनस्थान के शरणागत होने पर राजद्रोही भी न पकड़ा जाय" इतना अधिकार प्राप्त करलेना क्या साधारण बात है? राजपूताने के इन जैन-वीरों के सिवा और किसी ने भी ऐसी सनद प्राप्त की हो, ऐसा अभी तक देखने में नहीं आया। आज भी इस सभ्यता के युग में बड़े बड़े देशभक्त, राजभक्त, धर्मभक्त मौजूद हैं, पर क्या किसी भी धार्मिक सम्प्रदाय को यह अधिकार प्राप्त है? राणा राजसिंह ने यह विज्ञप्ति जैनियों के किस बलिदान से प्रभावित होकर लिखी, इसका उत्तर देने में इतिहास के पृष्ठ असमर्थ हैं, केवल अनुमान करने से ही सन्तोष किया जा सकता है।

राणा कुम्भा ने गुजरात और मालवे के दो बादशाहों को परा जित करने की स्मृति में नौ मंजिला जयकीर्ति-स्तम्भ बनवाया था। उसपर उन्हें कितना अभिमान होगा यह लिखने की चीज़ नहीं।

---

‡ राजद्रोही, चोर, लुटेरा भी जैन-उपाश्रय से गिरफ्तार नहीं किये जाँय वध के लिये बना हुआ पशु यदि जैनउपाश्रय के आगे से निकले तो, वह फिर न मारा जाय-यह उनका पुराना हक़ है आदि।

फिर उसी के समान उसी के मुकाबिले में राणा कुम्भा के दि० जैन मन्त्री द्वारा जैन-कीर्तिस्तम्भ का बनवाया जाना कुछ अभिप्राय रखता है। भले ही उस अभिप्राय का हमें पता न लगे, पर यह बात भी ध्यान देने योग्य है, कि राणा कुम्भा ने तो, दो बादशाहों से विजय लाभ प्राप्त करने में उस अपूर्व कृति का निर्माण कराया, तब उसके मन्त्री ने ऐसा कौनसा महान् कार्य किया था, जिसके कारण उसे भी राणा कुम्भा की हिर्स करनी पड़ी। पूर्व काल में तो क्या वर्तमान रियासतों मे अब भी कोई कितना ही सम्पन्न क्यों न हो, राजाओं की नक़ल नहीं कर सकता। राणा कुम्भा का मंत्री ही राणा जैसी स्मृति बनवाता है और राणा कुछ नहीं कहते हैं, तब उस मंत्री का उस समय कैसा प्रताप होगा और उसके कैसे२ साहस युक्त कार्य होंगे, सहज में ही अनुमान किया जा सकता है। आज भी वह कीर्तिस्तम्भ चित्तौड़दुर्ग में जैन-वीरों की पवित्र स्मृति स्वरूप सीना ताने हुये खड़ा है।

मेवाड राज्य में एक समय सूर्यास्त के बाद भोजन करने की आज्ञा नहीं थी। इसका उल्लेख श्री० ओझाजी द्वारा अनुदित टाड् राजस्थान, जागीरी प्रथा पृ० ११ में मिलता है। यदि यह आज्ञा भी ऐतिहासिक मानी जाय, तो इससे भी प्रकट होता है कि उस समय सर्व साधारण में जैनधर्म का काफी प्रचार था। राजा प्रजा दोनों ही जैनधर्म से प्रभावित थे।

इसीप्रकार मेवाड़-राज्य में जब जब क़िले की नींव जाय, तब तब राज्य की ओर से जैनमन्दिर

है कि, राजपूताने की रियासतों का अस्तित्व यवन-शासनकाल में उन जैन-वीरों के ही बाहु-बल से ही रह सका था। किन्तु आज उन वीरों के वंशधर उन सनदों को प्रकाशित करना तो दरकिनार अपने राजाओं के क्षोभ के भय से दिखाना भी नहीं चाहते।

पृ० ११५ पर उल्लिखित राणा राजसिंह की ओर से निकली हुई विज्ञप्ति ‡ को ही लीजिये। यह उनका पुराना हक क्यों है? यह हक कैसे कब और क्योंकर प्राप्त किया गया? "जैनस्थान के शरणागत होने पर राजद्रोही भी न पकड़ा जाय" इतना अधिकार प्राप्त करलेना क्या साधारण बात है? राजपूताने के इन जैन-वीरों के सिवा और किसी ने भी ऐसी सनद प्राप्त की हो, ऐसा अभी तक देखने में नहीं आया। आज भी इस सभ्यता के युग में बड़े बड़े देशभक्त, राजभक्त, धर्मभक्त मौजूद हैं, पर क्या किसी भी धार्मिक सम्प्रदाय को यह अधिकार प्राप्त है? राणा राजसिंह ने यह विज्ञप्ति जैनियों के किस बलिदान से प्रभावित होकर लिखी, इसका उत्तर देने में इतिहास के पृष्ठ असमर्थ हैं, केवल अनुमान करने से ही सन्तोष किया जा सकता है।

राणा कुम्भा ने गुजरात और मालवे के दो बादशाहों को पराजित करने की स्मृति में नौ मंजिला जयकीर्ति-स्तम्भ बनवाया था। उसपर उन्हें कितना अभिमान होगा यह लिखने की चीज नहीं।

---

‡ राजद्रोही, चोर, लुटेरा भी जैन-उपाश्रय से गिरफ्तार नहीं किये जाँय अथ के लिये बना हुआ पशु यदि जैनउपाश्रय के आगे से निकले तो, वह फिर न मारा जाय यह उनका पुराना हक है आदि।

फिर उसी के समान उसी के मुकाबिले में राणा कुम्भा के दि० जैन मन्त्री द्वारा जैन-कीर्तिस्तम्भ का बनवाया जाना कुछ अभिप्राय रखता है। भले ही उस अभिप्राय का हमें पता न लगे, पर यह बात भी ध्यान देने योग्य है, कि राणा कुम्भा ने तो, दो बादशाहों से विजय लाभ प्राप्त करने में उस अपूर्व कृति का निर्माण कराया, तब उसके मंत्री ने ऐसा कौनसा महान् कार्य किया था, जिसके कारण उसे भी राणा कुम्भा की हिर्स करनी पड़ी। पूर्व काल में तो क्या वर्तमान रियासतों मे अब भी कोई कितना ही सम्पन्न क्यों न हो, राजाओं की नक़ल नहीं कर सकता। राणा कुम्भा का मंत्री ही राणा जैसी स्मृति बनवाता है और राणा कुछ नहीं कहते हैं, तब उस मंत्री का उस समय कैसा प्रताप होगा और उसके कैसे२ साहस युक्त कार्य होंगे, सहज में ही अनुमान किया जा सकता है। आज भी वह कीर्तिस्तम्भ चित्तौड़दुर्ग में जैन-वीरों की पवित्र स्मृति स्वरूप सीना ताने हुये खड़ा है।

मेवाड़ राज्य में एक समय सूर्यास्त के बाद भोजन करने की आज्ञा नहीं थी। इसका उल्लेख श्री० ओझाजी द्वारा अनुदित टाड् राजस्थान, जागीरी प्रथा पृ० ११ में मिलता है। यदि यह आज्ञा भी ऐतिहासिक मानी जाय, तो इससे भी प्रकट होता है कि उस समय सर्व साधारण में जैनधर्म का काफी प्रचार था। राजा प्रजा दोनों ही जैनधर्म से प्रभावित थे।

इसीप्रकार मेवाड़-राज्य में जब जब किले की नींव रखी जाय, तब तब राज्य की ओर से जैनमन्दिर बनवाये जाने की

रीति भी जैनियो के प्रभुत्त्व की परिचायक है।

राजाओं द्वारा जैनाचार्यों का सन्मान‡, जीव-हिंसा-निषेध

† इस विज्ञप्ति की नकल मेहता बलवन्तसिंहजी की कृपा से प्राप्त हुइ है, जो ज्यों की त्यो उद्धृत की जाती है —

स्वस्ति श्री एकलिंगजी परसादातु महाराजाधिराज महाराणाजी श्री कुभाजी आदेसातु मदपाट रा उमराव थाणा दार कामदार समस्त महाजन पचा कस्य अप्र॥ आपणे अठे श्री पूज तपागछ का तो देवेन्द्रसूरिजी का पथ का तथा पुनम्या गच्छ का हेमाचारजजी को परमोद है। धरम ज्ञान बतायो सो अठे अणां को पथ को होवेगा जणीने मानागा पूजागा। परथम (प्रथम) तो आगे सु ही आपण गढ कोट में नींव दे जद पहीला श्री रिषभदेवजी रा देवरा की नींव देवाडे है पूजा करे रे अबे अजु ही मानागा। सिसोदा पग को होवेगा ने सरेपान (सुरापान) पीवेगा नहीं और धरम मुरजाद में जीव राखणो या मुरजादा लोपेगा जणी ने म्हासत्रा (महासतियों) की आण है और फेल करेगा जणी ने तलाक हे स० १४७१ काती सुद ५

‡ इस सम्बन्ध की भी मुझे दो विज्ञप्ति मेहता बलवन्तसिंहजी की कृपा से प्राप्त हुई हैं, एक गुजराती में (जो जैनग्रन्थप्रकाश में प्रकाशित हुई है) और दूसरी मेवाडी भाषा में। यहा गुजराती विज्ञप्ति का हिन्दी अनुवाद दिया जाता है और मेवाडी भाषा का रसास्वादन कराने के लिये दूसरी विज्ञप्ति ज्यों की त्यों दे दी गई है।

१—उदयपुर के महाराणा जगतसिंहजी ने आचार्य विजयदेवसूरि के उपदेश से प्रतिवर्ष पोष सुदी १० को वरकाणा (गोडवाड) तीर्थ पर होने वाले मेले में आगन्तुक यात्रियों पर से टेक्स लेना रोक दिया था और सदैव के लिये इस आज्ञा को एक शिला पर खुदवाकर मन्दिर के दरवाजे के आगे लगवा दिया था, जो कि अभी तक मौजूद है। राणा जगतसिंह के प्रधान झाला कल्याणसिंह के

विज्ञप्ति, उपाश्रयों और जैन मन्दिरों को अब तक रियासतों द्वारा सहायता मिलती रहना, उस अतीत काल में की गई जैनियों की सुकृतियों का द्योतक है।

निमत्रण पर उक्त आचार्य ने उदयपुर में चातुमास किया। चतुमास समाप्त होने के वक्त एक रात दलथादल महल में विश्राम किया, तब महराणा जगतसिंह जी नमस्कार करने को गये और आचार्य के उपदेश से निम्नलिखित चार बातें स्वीकार कीं।

(क) उदयपुर के पीछोला सरोवर और उदयसागर में मछलियों को कोइ न पकडे।

(ख) राज्यभिषेक वाले रोज जीव हिंसा बन्द

(ग) जन्म-मास और भाद्रपद में जीव हिंसा बन्द।

(घ) मचीददुर्ग पर राणा कुम्भा द्वारा बनवाये गये जैन चैत्यालय का पुनरुद्धार।

इन्हीं विजयदेवसूरि को जहाँगीर बादशाह ने 'महातया" पदवी प्रदान की थी।

२—दूसरी मेवाडी विज्ञप्ति निम्न प्रकार है —

स्वस्त श्री मगसुदा नम्र म्हा सुभ सुथाने सरव औपमालाअक भटारकजी महाराज श्री हीरवजेसूरजी चरण कुमला अेण स्वस्त श्री वजे कटक चावटरा डेरा सुथाने महाराजाधिराज श्री राणा प्रतापसिंघजी ली पो लागणो बचसी अठारा समाचार भला है आपरा सदा भला छाइजे आप बडा हे पूजणीक हे सदा करपा रावे जीसु समट (श्रेष्ठ) रखावगा अप ? आपरो पत्र अणादना म्हे आया नहीं सो करपा कर लखावेगा। श्री बडा हजूर री वगत पदार वो हुवो जीमें अठासु पाछा पदारता पातसा अकब्र जी ने जेनाबाद म्हे आन रा प्रतिबोद दी दो जोरो चमत्कार मोटो बताया जीव हसा (हिंसा) छरकली (चिडिया) तथा नाम पखेरु

जिन महानुभावों ने राजपूताने के इतिहास का सूक्ष्म रीति से अवलोकन किया है, वे जानते हैं कि राजपूताने के प्रत्येक गौरव युक्त कार्य में जैनों का हाथ रहा है। जैनेतर क्षत्रियों और जैन-वीरों का चान्द-चान्दनी जैसा सम्बन्ध रहा है। जब जैन धर्मनिष्ठ थे, उनकी भुजाओं में बल, व्यवहार में नम्रता, आँखों में ओज, गले में मधुरता, चेहरे पर कान्ति, शरीर सुडोल, हृदय में साहस

(पक्षी) वेती सो माफ कराइ जीरो मोटो उपगार कीदो सो श्री जैनरा धर्म में आप असाहीज अदोतकारी अवार की से (समय) देखता आपजु पेर वे नहीं आवी पूरब, हीद सथान अत्रवेद गुजरात सुदा चारु दसा म्हे धरमरो वडो अदोतकार देखाणो, जठा पछे आपरो पदारणो हुवो नही सो कारण कही वेगा पदारसी आगेसु पटा प्रवाना काणे रा दफ्तर माफक आप्रे हे जी माफक तोल मुरजाद सामो आवो सावत रेगा श्री बडा हजूर री वखत आवी मुरजाद सामो आवारी कसर पटी सुणी सो काम कारण लेखे मूल रही वेगा जी रो अदेसो नहीं जणेगा, आगे सु श्री हेमा आचारजी ने श्री राज म्हे मान्या हे जीरो पटो कर देवाणो जी माफक अ रो पगरा भटारष गादी प्र आवेगा तो पटा माफक मान्या जावेगा श्री हेमाचारजो पेला श्री बडगछरा भटारषजी ने बडा कारण सु श्री राज म्हे मान्या जी माफक आपने आपरा पगरा गादी प्र पाटवी तपगछरा ने मान्या जावेगा री सुवाये देस म्हे आप्रे गछरो देवरो त्या उपासरो वेगा जीरो मुरजाद श्री राजसु वा दुजा गछरा भटारष आवेगा सो राषेगा श्री समरण ध्यान देवजात्रा करे जठे आद करावसी भुलसी नहीं ने वेगा पदारसी प्रवानगी पचोली गोरो समत् १६३५ रा वर्ष आसोज सुद ५ गुरुवार।

और दुखी निराश्रितों के लिये पहलू में दर्द, कलेजे में तडप थी, तब उनका राजपूताने मे क्या जहाँ भी वह रहते थे, उनका अलौकिक चमत्कार था, उनके पुण्यशील परमाणुओं का राजा-प्रजा सभी पर असर पडता था। उन्होंने अपने अलौकिक चमत्कार से कितने ही चिरस्मरणीय कार्य सम्पन्न किये, उनकी सदाचार वृत्ति और वीर-प्रकृति से प्रभावित होकर कितने ही राजा और सरदार उनके धर्म के अनुयायी बने। यही कारण है कि उस काल में करोड़ों राजपूत जैनधर्म मे दीक्षित होगये, जो कि अब ओसवाल कहलाते हैं।

जहाँ राजपूताने के जैन-वीरों ने युद्ध और राजनीति में साहस एव बुद्धि का परिचय दिया है, वहाँ आबू आदि जैसे दुर्गम स्थानो पर मन्दरादि बनवाकर उन्होंने शिल्प-चातुर्यता का भी अधिकार प्राप्त किया है। इस मेशीनरीयुग में भी बड़े२ इंजीनियर उन भव्य इमारतों के बनवाने में असमर्थ हैं, तब उन्होंने उस साधन हीन युग में उन मन्दिरों का निर्माण करके सफलता प्राप्त की है।

इसी प्रकार जब जान, माल, और आबरू की बाजी लगी हुई थी। उस युद्ध काल के दूषित और दुर्गन्धमय वातावरण में स्वच्छन्द और स्वतन्त्र स्वास लेना दूभर हो रहा था। नित्यप्रति धार्मिक स्थान धराशायी और पुस्तकालय भस्मीभूत किये जाते थे, तब ऐसी विकट परिस्थिती मे रहते हुये भी उन जैनों ने अनेक ग्रन्थों की रचना की है और प्राचीन पुरातन ग्रन्थों को सीने मे लगा कर नागौर जैसलमेर आदि स्थानों पर सुरक्षित रक्खा है।

प्रस्तुत पुस्तक में जैन वीरागनाओं का उल्लेख साधना-भाव
कारण नही किया जा सका है किन्तु इस से यह न समझ ले
चाहिये कि वह विलासिता की मूर्ति बनी रहती थीं। नहीं, वह
वीर-दुहिता थीं। वे ही उक्त वीरों की जननी-भगनी और प
थीं। जब पति, भाई और पुत्र धर्म के लिये युद्ध में जूझ मरते
तब जैन महिलाएँ भी अपने कर्तव्य-पालन में पुरुषों से पीछे न
रहती थीं। आज भी राजपूताने मे विशेष कर मारवाड़ में मुह
मुहल्लों में जैन सतियो के करकमलो के पवित्र चिन्ह विद्यमान हैं

यह माना कि आज हमारे उक्त पूर्वज इस भौतिक शरीर
नहीं हैं, तौभी उनकी सुकीर्ति ससार में अभीतक स्थायी बनी
है। ऐसे ही स्वर्गीय वीरों को सम्बोधन करके किसी सहृदय क
ने क्या खूब लिखा है —

तुम्हें कहता है मुर्दा कौन, तुम जिन्दों के जिन्दा हो।
तुम्हारी नेकियाँ बाकी, तुम्हारी खूबियाँ बाकी ॥



सहायक ग्रन्थ सूची

प्रस्तुत पुस्तकके निर्माण में निम्न लिखित लेखकों, सम्पादकों और कवियों की कृतियों से विशेषतया सहायता मिली है, और कई स्थलों पर उनके अवतरण और मत उद्धृत किये गये हैं, अतएव मैं उनकी मूल्यवान रचनाओं का हृदय से आभारी हूँ।

—गोपलीय

रा० ब० प० गौरीशंकर हीराचन्द ओझा कृत—
राजपूताने का इतिहास भाग चार

पं० बलदेवप्रसाद द्वारा अनुवादित—
टॉड राजस्थान प्रथम भाग सन् १९२५ द्वितीय भाग १९०५

मुनि जिनविजय द्वारा सम्पादित—प्राचीन जैन-लेख-संग्रह द्वि० भाग

कुँवर जगदीशसिंह गहलोत कृत—मारवाड राज्य का इतिहास

ज्ञान मण्डल काशी से प्रकाशित—भारतवर्ष का इतिहास

ब्र० शीतलप्रसाद द्वारा सम्पादित—राजपूताने के प्राचीन जैन-स्मारक

प्रो० बनारसीदास एम ए कृत और प० देवीसहाय द्वारा अनुवादित—जैन इतिहास सीरीज प्र० भा०

बा० उमरावसिंह टाँक कृत—Some Distinguished Jains
और जैन हितैषी में प्रकाशित लेख

नागरी प्रचारणी सभा से प्रकाशित—
मुहणोत नैणसी की ख्यात प्रथम भाग

मुँशी देवीप्रसाद मुन्सिफ कृत—राज रसनामृत प्रथम भाग

मेहता कृष्णसिंह कृत—रा० व० मेहता विजयसिंह जीवन-चरित्र
बम्बई से प्रकाशित—दि० जैन डायरेक्टरी
मुनि शान्तिविजय कृत—श्वेताम्बर जैन-तीर्थ-गाइड
यति श्रीपाल कृत—जैनसम्प्रदायशिक्षा
महामहोपाध्याय प० रामकर्ण और साहित्याचार्य प्रो० विश्वेश्वरनाथ रेउ, द्वारा लिखित—जैनसाहित्यसम्मेलन-विवरण में प्रकाशित, लेख
कवि रवीन्द्रनाथ कृत और बा० महावीरप्रसाद द्वारा अनूदित—स्वदेश
बा० सूरजमल द्वारा सङ्कलित—जैनधर्म का महत्व प्रथम भाग
प० झावरमल्ल शर्मा द्वारा लिखित—हिन्दू समार में प्रकाशित १ लेख
प० शोभालाल शास्त्री द्वारा लिखित—नागरी प्रचारणी पत्रिका में,, ,,
अज्ञात विद्वानों द्वारा लिखित—चाँद, त्यागभूमि ओसवाल आदि
में प्रकाशित कई लेख
सर डा० मुहम्मद "इक़बाल" कृत—बाँगेदरा
श्रीवियोगीहरि कृत—वीर-सतसई
बा० मैथिलीशरण गुप्त कृत—भारत भारती

पं० अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध", प० लोचनप्रसाद पाण्डेय, प० ठाकुरप्रसाद शर्मा, श्री सोहनलाल द्विवेदी, भारतेन्दु बाबू हरिश्चन्द्र, लाला शेरसिंह साहब "नाज", प० राधेश्याम कवि रत्न, श्रीछैलविहारी "कण्टक" महाकवि "हाली" तथा कई अज्ञात कवियों की सामयिक पत्रों में प्रकाशित कविताएँ।



लोकमत

श्री अयोध्याप्रसाद गोयलीय कृत "मौर्य-साम्राज्य के जैनवीर" दिसम्बर सन् ३२ मे प्रकाशित हुआ था। इन दो-तीन महिनों मे ही उसका काफी आदर हुआ है। उस पर अनेक विद्वान् और समाचार पत्रो ने अपनी सम्मति प्रगट की हैं, जिनमे से कुछ सम्मतियाँ सक्षेप में इस प्रकार है —

भूमिका-लेखक साहित्याचार्य प० विश्वेश्वरनाथ रउ, जोधपुर:—

"इस पुस्तक की भाषा मनको फड़कानेवाली, युक्तियाँ सप्रमाण और ग्राह्य तथा विचारशैली साम्प्रदायिकता से रहित, समयोपयोगी और उच्च है। हमे पूर्ण विश्वास है कि इसे एक बार आद्योपान्त पढ लेने से केवल जैनो के ही नहीं, प्रत्युत भारतवासी मात्र के हृत्पट पर अपने देश के अतीत गौरव के एक अश का चित्र अकित हुये बिना न रहेगा। ऐसा कौन अभागा भारतवासी होगा, जो अयोध्याप्रसादजी गोयलीय की लिखी भारत की क़रीब साढेबाईससौ वर्ष पुरानी इस सारगर्भित और सच्ची गौरव-गाथा को सुनकर उत्साहित न होगा। पुस्तक हर पहलू से उपादेय और सप्रमाण है"।

प्रोफेसर हीरालाल एम. ए. एल. एल-बी. अमरावती:—

"इतिहास और साहित्य दोनो दृष्टियो से पुस्तक उपयोगी है। कठिन परिस्थिति में पड कर भी गोयलीयजी उत्तम साहित्य-सेवा

कर रहे हैं, इसके लिये समाज को उनका बहुत कृतज्ञ होना चाहिये"।

श्री० ए.एन. उपाध्याय एम.ए.प्रो० राजाराम कालेज कोल्हापुरः—

"श्री गोयलीयजी धन्यवाद के पात्र हैं कि उन्होंने अपनी प्रवाह युक्त भाषा में यह पुस्तक लिखकर इक सार्वजनिक आवश्यकता को पूरा कर दिया है। इस पुस्तक को पढ कर मुझे निश्चय है, कि जैन लोग जो अपने इतिहास की ओर से उदासीन प्रसिद्ध हैं, अपने अतीत को अपने सामने जगा हुआ देखेंगे"।

बा० बूलचन्द एम. ए. प्रो० हिन्दू कालेज देहलीः—

"पुस्तक को भली प्रकार देखने के बाद मै यह कहने को तैयार हूँ कि पुस्तक एक ऐतिहासिक ग्रन्थ और प्रचार का साधन दोनो रूप में ही उपयोगी होगी।

बा० त्रिलोकचन्द प्रोफेसर हिन्दू यूनिवर्सिटी बनारसः—

"इस पुस्तक से जैनपाठशालाओं मे पाठ्यक्रमोपयोगी ऐतिहासिक पुस्तको का अभाव दूर होगा, तथा विचारशील निष्पक्ष जनता पर भी इससे जैनधर्म के प्राचीनत्व की छाप पडेगी। पुस्तक की भाषा उत्तम है, शैली भी समयोपगी है। गोयलीयजी का परिश्रम अत्यन्त प्रशसनीय है। आशा है वे इस दिशा मे अपनी प्रगति अविछिन्न रखकर भविष्य मे विशेष रूप से समाज को लाभान्वित करेंगे"।

बा० पूर्णचन्द नाहर, एम.ए., एल.एल.बी. कलकत्ताः—

"गोयलीयजी की लेखनकला ऐसी चित्ताकर्षक है कि, पाठक

को स्वत पढने की इच्छा प्रबल हो जाती है। मैं उनकी लेखन पद्धति, अगाध परिश्रम और इतिहास-प्रेम की मुक्तकंठ से प्रशसा करता हूँ।"

बा० उमरावसिंह टांक, बी.ए. एल.एल.बी. प्लीडर देहली:—

"श्रीयुत गोयलीय कृत "मौर्य साम्राज्य के जैन-वीर" नामक निबन्ध मैंने देखा। वास्तव मे निबन्ध शिक्षाप्रद, चित्ताकर्षक वीर रस पूर्ण है। मौर्य साम्राज्य के ऊपर अनेक पुस्तकें लिखी गई हैं, परन्तु प्रिय गोयलीय ने जिस भाव को लेकर यह पुस्तक लिखी है, वह अपने ढग की अनूठी बेजोड और प्रथम है।"

बा० कीर्तिप्रसाद बी.ए. एल.एल.बी. अधिष्ठाता आत्मानन्द गुरुकुल गुजरानवाला (पंजाब):—

"पुस्तक इतिहास का अच्छा अवलोकन करने के बाद लिखी गई है। श्रीचन्द्रगुप्त के सम्बन्ध में अजैन होने के भ्रम को दूर करने का सार्थक प्रयत्न किया गया है।"

जैन पुरातत्व-वेत्ता पं० जुगलकिशोर मुख्तार:—

"अनेक उपवनों से फूल चुनकर जो आपने इतिहास का यह सुन्दर गुलदस्ता तय्यार किया है, उसका मै अभिनन्दन करता हूँ। इसकी तैयारी मे जो परिश्रम किया गया है और जिस प्रेम रूपी सुदृढ शब्द-डोरी से इसे बान्धा गया है वह सब प्रशंसनीय है। पुस्तक की विचारसरणी उत्तम है और उसमें चन्द्रगुप्त का धर्म वाला अश अधिक महत्व रखता है। चन्द्रगुप्त के जैनत्व-सम्बन्ध मे सत्यकेतुजी की यदि वे ही आपत्तियाँ हैं, जिनका आपने उल्लेख

किया है †, तो मैं समझता हूँ आप उनका निरसन करने मे बहुत कुछ सफल हुये हैं। हाँ, आपके लेखकीय वक्तव्य मे निराशामय जिस परिस्थिति का उल्लेख हुआ है, उसे पढकर चित्त को चोट लगी और दु ख पहुँचा। वास्तव मे जैनसमाज की हालत बडी ही शोचनीय है, वह इतिहास और रिसर्च (शोध-खोज) के महत्व को कुछ भी नहीं समझता और इसलिये उससे ऐसे कामो में सहयोग, सहायता और प्रोत्साहन की अधिक आशा रखना ही व्यर्थ है"।

न्याय-व्याकरणतीर्थ प० बेचरदास प्रो० गुजरात पुरातत्व-मन्दिर अहमदाबाद:—

"पुस्तक लिखने मे आपने जो परिश्रम किया है वह स्तुत्य है"।

विद्वद्वर्य्य प० नाथूराम प्रेमी, बम्बई:—

"पुस्तक अच्छी है और प्रचार होने योग्य है"।

मेहता किशनसिंह दीवान हाउस जोधपुर:—

"आपका परिश्रम सराहनीय है, आपने भारतवर्ष के प्राचीन गौरव को भली प्रकार प्रकाशित किया है।"

प० कन्हैयालाल मिश्र "प्रभाकर" विद्यालंकार एम.आर.ए.एस:-

"पुस्तक पढकर लेखक के सम्बन्ध में बहुत अच्छी राय

---

† चन्द्रगुप्त के जैनत्व के विरोध म श्रीसत्यकेतुजीने जो भी युक्तियाँ अपने "मौर्य साम्राज्य के इतिहास" में दी है, वे सब की सब ज्यों की त्यों अक्षरश मैंने "मौर्य साम्राज्य के जैनवीर" में उद्धृत की है। और पुस्तक प्रकाशित होत ही सब से प्रथम रजिष्ट्री द्वारा सत्यासत्य निर्णय के लिये सौजन्यता के नाते उनके पास भिजवा दी गई थी। चार महिने होने आये, मुझे उक्त विद्वान् की अभी तक "मौर्य साम्राज्य के जैनवीर" पर आलोचना प्राप्त नहीं हुइ है, नहीं मालूम इसका क्या कारण है ? —सोयलीय

कायम होती है। समाज यदि सम्मानित जीवन चाहती है तो, उसे ऐसे युवक-रत्नों का सम्मान करना चाहिये और ऐसी पुस्तकों का उचित प्रचार भी"।

मा० चन्द्रराज भण्डारी "विशारद" 'भानपुरा-इन्दौर:—

"पुस्तक पढकर बहुत प्रसन्नता हुई। पुस्तक अत्यन्त परिश्रम और खोज के साथ लिखी गई है। लेखक ने ऐतिहासिक रिसर्च करने में काफी परिश्रम किया है। जैन-इतिहास जो कि अभी तक बहुत अधकार में है—उसको प्रकाश में लाने का यह प्रयत्न अभिनन्दनीय है। भाषा भी इसकी दौडती हुई और मुहावरेदार है। मेरी ओर से लेखक को बधाई दीजिये"।

प० के० भुजबलि शास्त्री अध्यक्ष जैनसिद्धांत-भवन आरा'—

"प्रस्तुत कृति सर्व प्रमाण और सर्वादरणीय है"।

प० अजितकुमार शास्त्री मुलतान:—

"पुस्तक परिश्रम के साथ सजीव लेखनी से लिखी गई है। ऐसी ऐतिहासिक पुस्तकें ही समाज और देश के उत्थान में सहायक होती हैं"।

प० दीपचन्द वर्णी, अधिष्ठाता ऋ०ब्र० आश्रम चौरासी, मथुरा:—

"इसे देखते ही मन इसीको पढने में लग गया, और आद्योपान्त पढे बिना न रहा गया। इसकी भाषा और लेखनशैली ओजस्वनी है"

प० महावीरप्रसाद जैन, देहली :—

"गोयलीयजी ने यह पुस्तक लिखकर जैनसमाज का मस्तक ऊँचा किया है। यह उनकी सवा दो वर्ष की तपस्या का चमत्कार है।"

दैनिक अर्जुन २८-१-३३ देहली :—

"पुस्तक में वीर-रस प्रधान है। भाषा मुहाविरेदार और

रोचक है। लेखक का परिश्रम सराहनीय है"।

रंगभूमि २२-१-३३ देहली :—

"धार्मिक महत्व के अतिरिक्त इसका ऐतिहासिक महत्व भी काफी है। पुस्तक की युक्तियाँ सप्रमाण ग्राह्य है और धार्मिक सकीर्णता से दूर है। भाषा भी ओजस्वी है"

जैन-जगत वर्ष ८ अंक ६ अजमेर :—

"लेखक मे उत्साह खूब है और पुस्तक पढने से पाठको में भी उत्साह का सचार होता है"।

जैन-मित्र २६-२-३३ सूरत :—

"पुस्तक पढने योग्य है। बहुत परिश्रम से लिखी गई है"।

सनातन जैन १६-२-३३ बुलन्दशहर :—

"लेखक एक उत्साही परिश्रमी और विचारशील युवक है। उन्होने इतिहास के कूडे मे से रत्न चुन चुनकर यह मणिमाला तैयार की है। भाषा बडी ओजस्वी और लेखनशैली युक्ति-युक्त सारगर्भित पक्षपात रहित तथा समयोपयोगी है।

दिगम्बर जैन, सूरत :—

"वास्तव मे पुस्तक बड़ी ही महत्वशाली है"।

जैन-ससार (उर्दू) १-२-३३ देहली :—

"पुस्तक तवारीख की हैसियत से इस काबिल है कि, उसे एक उच्च स्थान दिया जाय"

नोट—इसका द्वितीय सस्करण परिवर्द्धित परिवर्तित और सशोधित करके नवीन रूप मे सचित्र प्रकाशित करने की योजना की जा रही है। मूल्य २०० पृष्ठ का केवल एक रुपया होगा।